www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 23 नवम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –217 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



# रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना

शिकायत दर्ज करने के लिए

**https://cms.rbi.org.in**

पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफ़ॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ – 160017 पर शिकायत दर्ज करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.

समय: कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:

- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




जनहित में जारी

**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**RESERVE BANK OF INDIA**

www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं

फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

# देश

**उवाच**

असम में 14 लोकसभा सीटें हैं। कम से कम 12 सीटों पर कांग्रेस की स्थिति दयनीय है। भाजपा उन सीटों पर आसानी से जीत हासिल कर लेगी। कांग्रेस व ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के पास बाकी दो सीटें जीतने की संभावना कम है।

**–पीयूष हजारिका, असम के कैबिनेट मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 14.0 |
| मुंबई | 29.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 17.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# राजस्थान में सियासी दलों ने झोंकी ताकत

■ **उदयपुर व बांसवाड़ा क्षेत्र की 27 सीटों पर जोर आजमाइश में जुटे राजीनतिक दल**
■ **आदिवासी बाहुल्य मानी जाती हैं बांसवाड़ा की 13 व उदयपुर की 14 सीटें**

**जयपुर,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। कहने को तो सभी सियासी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजस्थान के दो इलाकों उदयपुर व बांसवाड़ा क्षेत्र की 27 ऐसी सीटें हैं, जो यहां की सियासत में सरकार बनाने का दमखम रखती हैं।

तमाम सियासी गुणा-भाग के बाद भी सभी राजनीतिक दल इन 27 सीटों पर अपनी जोर आजमाइश में लगे हुए हैं। इन्हीं तमाम सियासी उधेड़बुन के बीच राजस्थान में कांग्रेस-भाजपा ऐसी पार्टियां भी हैं, जो इन 27 सीटों पर अपना सबसे बड़ा दावा ठोंक कर राजस्थान की सियासत का मूड बदलने में लगी हुई हैं। सियासी जानकार भी बताते हैं कि आदिवासी क्षेत्र की ये सीटें राजस्थान की सियासत में हमेशा से ही महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। राजस्थान में सरकार बनाने और बिगाड़ने में आदिवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल न सिर्फ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में अपनी पूरी ताकत लगाकर सियासत को अपने पक्ष में करने की कवायद करते हैं, बल्कि तय संख्या से ज्यादा आदिवासियों को टिकट देकर एक नैरेटिव सेट करने का संदेश देते हैं। यह सियासी कसरत राजस्थान के उदयपुर और बांसवाड़ा इलाके की 27 सीटों पर होती है। ताकि यहां की इन सभी 27 सीटों पर जीतने वाली पार्टी जयपुर में सत्तासीन हो सके। राजस्थान बांसवाड़ा इलाके में 13 सीटें और उदयपुर क्षेत्र में 14 सीटें आदिवासी बाहुल्य मानी जाती हैं। राजनीतिक दलों की सियासी कवायद इन्हीं 27 सीटों पर अपने समीकरण सेट कर सीटों



के जीतने की होती है। राजस्थान की 27 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस हमेशा से बड़े दांव लगाती आई हैं।

**प्रदेश में 13 फीसदी आदिवासी वोटर**

आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में 13 फीसदी आदिवासी वोटर हैं। 2013 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उदयपुर और बांसवाड़ा सीटों पर बड़ी बढ़त बनाई थी और राज्य में सत्तासीन हुई थी। जबकि 2018 में कांग्रेस ने इन्हीं बांसवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र की 27 सीटों में से 21 सीटों पर अपना परचम लहराया था। आदिवासी क्षेत्र में ज्यादा सीटें मिलने का सीधा मतलब यही होता है कि जयपुर में वही पार्टी सत्ता संभालेगी, जिसे यहां सबसे ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसलिए पूरे राजस्थान के सभी सियासी दल इस क्षेत्र में अपनी पूरी ताकत झोंक कर एक नैरेटिव सेट करके जयपुर में अपनी पकड़ मजबूत कर सरकार बनाना चाहते हैं। बांसवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस शुरुआती समय से आदिवासियों की पैरोकार होने का दावा करती हैं। इसी दरमियान 2018 में आदिवासियों के हक में आवाज बुलंद करने का दावा करने वाली भारतीय ट्राइबल पार्टी ने मजबूती से इस इलाके में अपनी पैठ जमाई। नतीजतन 2018 के विधानसभा चुनाव में बीटीपी को दो सीटें भी मिलीं। इस विधानसभा के चुनाव में बीटीपी एक बार फिर से मजबूती के साथ इस क्षेत्र में चुनाव लड़ रही है। जबकि इस इलाके में आदिवासियों की एक और पार्टी भारत आदिवासी पार्टी भी सियासी ताल ठोक रही है। इन दोनों पार्टियों की मजबूती से चुनाव लड़ने के चलते इस इलाके में कई सीटों पर लड़ाई न सिर्फ त्रिकोणात्मक हो गई है, बल्कि कई सीटों पर यह दोनों दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का सियासी खेल बिगाड़ने की स्थिति में भी पहुंच गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बीटीपी और बीएपी की मजबूत लड़ाई में सभी सियासी दल अब नए तरीके से अपनी राजनीतिक फील्डिंग को लगाकर सीट बटोरने की जुगत में लगे हैं। बांसवाड़ा के ऑल इंडिया ट्राइबल नेटिव संगठन से जुड़े गोवर्धन कोसी कहते हैं कि सियासी तौर पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस लंबे समय से उनके समुदाय के लिए राजनीति करते आए हैं। लेकिन बीते कुछ समय से जिस तरीके से उनके समुदाय से सीधे ताल्लुक रखने वाले लोगों की पार्टियों ने राजनीतिक दखल शुरू किया है, तो निश्चित तौर पर दोनों बड़ी पार्टियों के लिए कुछ चुनौतियां तो बढ़ ही गई हैं। गोवर्धन का कहना है कि इस इलाके में अभी भी उनके समुदाय के लोग राजस्थान के अन्य इलाकों की तुलना में न सिर्फ पिछड़े हैं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाने की बहुत दरकार है। उनका मानना है कि उनके हक की जो भी बात करेगा, आदिवासियों का वोट उसके साथ ही जाएगा। इसमें चाहे भाजपा-कांग्रेस हो या भारतीय ट्राइबल पार्टी और भारतीय आदिवासी पार्टी।

## भाजपा ने 30 व कांग्रेस ने 32 आदिवासी उम्मीदवारों पर लगाया दांव

राजस्थान की सियासत में आदिवासियों का कितना महत्व है, इसका अंदाजा भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की ओर से दिए गए टिकट बंटवारे से पता चलता है। सियासी जानकार कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार जहां 30 आदिवासी उम्मीदवार सियासी मैदान में उतारे हैं। वहीं कांग्रेस ने 32 आदिवासी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए मैदान में भेजा है। इन्हीं इलाकों में भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे हैं। भारत आदिवासी पार्टी ने 21 प्रत्याशी इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में किस्मत आजमाने के लिए जनता के बीच भेजे हैं। राजनीतिक विश्लेषक गोविंदा का मानना है कि 2013 और 2018 समेत इससे पहले के चुनावी आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि जिसने आदिवासियों के क्षेत्र में अपना परचम बुलंद किया राजस्थान में सरकार उसी की बनी है। यही वजह है कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दल बांसवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र की 27 सीटों पर अपनी पूरी ताकत लगाकर सियासी मैदान में डटे हैं।

# मध्य प्रदेश विधानसभा में आचार संहिता उल्लंघन के मामले बढ़े




**पिछले चुनाव के मुकाबले आईं ढाई गुना ज्यादा शिकायतें**

**भोपाल,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में इस बार आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में ढाई गुना वृद्धि हुई है। पिछले 2018 के विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तीन हजार 990 शिकायतें सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त हुई थी, जबकि इस बार विधानसभा निर्वाचन 2023 में सी-विजिल एप से अब तक 11 हजार 257 शिकायतें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की मिल चुकीं हैं। आयोग ने जिनका त्वरित निराकरण भी किया है।

**नौ अक्टूबर से लागू है आचार संहिता**

मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू है। इस बीच आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा सके, साथ ही नागरिक भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की त्वरित शिकायत कर सकें, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार कराया गया। प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होने के बाद से अब तक 11 हजार 257 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सी-विजिल एप तैयार कराया गया है। इसके माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत कर सकता है। शिकायत करने के लिए फोटो अथवा वीडियो को एप पर अपलोड करना होता है। इसके बाद आयोग इसे अपने संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करता है। पिछले 2018 के विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 3,990 शिकायतें सी-विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त हुई थी। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू है। इस बीच आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा सके, साथ ही नागरिक भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की त्वरित शिकायत कर सकें, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल ऐप तैयार कराया गया। प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद से अब तक 11 हजार 257 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। सी-विजिल ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से कर सकता है।

## सार संक्षेप

### जयपुर विस क्षेत्र में किए जाएंगे महिला बूथ स्थापित

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए एवं सभी वर्गों के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विधानसभा चुनाव में महिला बूथ, युवा बूथ, दिव्यांग बूथ के साथ-साथ आदर्श बूथ की स्थापना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 महिला बूथ स्थापित किए जाऐंगे। जिनमें मतदान दल की सभी कार्मिक महिलाएं होंगी। इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 युवा मतदाता बूथ स्थापित होंगे जिनकी कमान युवा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हाथों में होगी। वहीं, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग मतदाता बूथ की भी स्थापना की जाएगी जिसमें मतदान प्रक्रिया का संचालन दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा।

### भाजपा किसान विरोधी : राव

**सिद्दीपेट।** तेलंगाना के वित्त और स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों पार्टियां किसानों की 'विरोधी' हैं। राव ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए इस बात की आलोचना की कि कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन ने किसानों को लाभ पहुंचाने के इरादे से यूपीए शासन के दौरान केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि, न तो कांग्रेस और न ही भाजपा ने उस रिपोर्ट को लागू किया। मंत्री ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने तेलंगाना सरकार पर मोटरों पर मीटर लगाने के लिए दबाव डाला था और कृषि मोटरों के लिए मीटर नहीं लगाने पर राज्य को मिलने वाले फंड में कटौती करने की धमकी दी थी। इस दबाव के बावजूद मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख केसीआर मीटर लगाने पर सहमत नहीं हुए।

### फर्जी मतदान करने वाली महिला के खिलाफ केस दर्ज

**उज्जैन।** फाजलपुरा के सरकारी स्कूल में फर्जी मतदान मामले में पुलिस ने फर्जी मतदान करने की आरोपी महिला के खिलाफ धारा 188 में कार्रवाई कर दी है। कोतवाली पुलिस ने पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि फाजलपुरा के सरकारी स्कूल में 17 नवम्बर को महिला को फर्जी मतदान करने के आरोप में पकड़ा गया था। पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट पर उसके खिलाफ धारा 188 में केस दर्ज किया गया है। पीठासीन अधिकारी ने अज्ञात महिला के नाम से शिकायत दी थी। उसी के आधार पर केस दर्ज किया गया है। इसके बाद धारा बढ़ाई जाएगी।

# कांग्रेस में शामिल हुई टीडीपी की पूर्व नेता व अभिनेत्री दिव्यवाणी

■ **माणिकराव ठाकरे ने दिव्यवाणी का किया पार्टी में स्वागत**



**हैदराबाद,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनय से राजनीति में आई दिव्यवाणी बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। टॉलीवुड अभिनेत्री का यहां कांग्रेस के तेलंगाना प्रभारी महासचिव माणिकराव ठाकरे ने पार्टी में स्वागत किया। वह पिछले साल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से इस्तीफा देने के बाद से राजनीति से दूर हैं। हालांकि तेलंगाना विधानसभा चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले सक्रिय हो गई हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। हालाँकि, दिव्यवाणी पार्टी में कौन सी भूमिका निभाएंगी, यह स्पष्ट नहीं है। पूर्व सांसद और अभिनेत्री विजयशांति के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के कुछ दिनों बाद दिव्यवाणी पार्टी से जुड़ी हैं। वह पिछले आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले टीडीपी में शामिल हुई थीं और पार्टी ने उन्हें आधिकारिक प्रवक्ता नियुक्त किया था। हालांकि, चुनावों में टीडीपी को आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के हाथों सत्ता गंवानी पड़ी। पिछले साल उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर उनकी सेवाओं को मान्यता न देने का आरोप लगाते हुए टीडीपी से इस्तीफा दे दिया था। अभिनेत्री ने पार्टी छोड़ने के फैसले के लिए पार्टी में कुछ ताकतों को जिम्मेदार ठहराया था।

# मध्य प्रदेश में बागियों से मुकाबला त्रिकोणीय

■ **जीतने पर बागी जिधर जाएंगे उसका पलड़ा होगा भारी**
■ **प्रदेश में बागियों ने बढ़ाई भाजपा-कांग्रेस में चिंता**

**भोपाल,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब तीन दिसम्बर को मतगणना के साथ ही परिणाम का इंतजार है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के बीच ही मुकाबला बताया जा रहा है, लेकिन इस बार बसपा, सपा, सपा के साथ ही बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इससे कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। कहीं बागी भाजपा का खेल बिगाड़ रहे हैं तो कहीं कांग्रेस का। ऐसी करीब एक दर्जन से ज्यादा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी की धड़कनें बढ़ी हुई हैं तो वहीं, दोनों ही राजनीतिक दलों की टेंशन भी बढ़ गई है। नर्मदापुरम से भाजपा से बागी भगवती चौरे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सीताशरण शर्मा को इससे नुकसान हो सकता है। इस सीट पर कांग्रेस से सीताशरण शर्मा के भाई गिरजाशंकर शर्मा प्रत्याशी हैं। भगवती चौरे के निर्दलीय चुनाव लड़ने से इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय और दिलचस्प हो गया है। सतना में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और



भाजयुमो के दो बार सतना जिला अध्यक्ष रहे चुके रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा बसपा से चुनाव मैदान में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने बसपा की सदस्यता ले ली थी। यहां पर भाजपा ने चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाह मैदान में हैं। बुरहानपुर सीट से भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. नंद कुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा ने पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा प्रत्याशी हैं। सीधी में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर सीधी सीट पर विधायक केदारनाथ शुक्ला निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इससे भाजपा प्रत्याशी रीति पाठक को नुकसान हो सकता है। यहां पर कांग्रेस की तरफ से ज्ञान सिंह प्रत्याशी हैं। मुरैना में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के बेटे राकेश सिंह बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा से रघुराज कंसाना और कांग्रेस से दिनेश गुर्जर प्रत्याशी हैं। टीकमगढ़ में भाजपा से पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव टीकमगढ़ में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

यहां पर भाजपा ने वर्तमान विधायक राकेश सिंह और कांग्रेस ने यादवेंद्र सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। भिंड में बसपा से चुनाव जीत कर भाजपा में शामिल होने पर संजीव कुशवाह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

## बसपा ने 181 व निर्दलीय 1166 प्रत्याशी मैदान में

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने इस चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन किया है। बीएसपी ने 181 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 37 प्रत्याशी उतारे हैं। इसके अलावा प्रदेश में समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, जन अधिकार पार्टी, जनता दल यूनाइटेड पार्टी चुनाव मैदान में है। 2018 के चुनाव में बीएसपी को 6.42 प्रतिशत वोट मिले थे और दो सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछली बार भाजपा को 109 और कांग्रेस को 114 सीटों पर विजय मिली थी।

# छग के जशपुर में ईवीएम मशीनों की प्रत्याशी भी कर रहे रखवाली



**ईवीएम की सुरक्षा में केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान तैनात**

**पत्थलगांव,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में तीन विधानसभा सीटों पर चुनाव के बाद ईवीएम मशीनों की प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा के बाद भी प्रत्याशी रतजगा कर निगरानी में बैठे हुये हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर के बाद अब गड़बड़ी की आशंका को लेकर दोनों पार्टियों के प्रत्याशी खुद ही स्ट्रॉग रूम के बाहर पहरेदारी कर रहे हैं। पत्थलगांव, जशपुर और कुनकुरी सीटों का चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। प्रशासन ने इन ईवीएम को जिला मुख्यालय के मॉडल स्कूल में सुरक्षित रखा गया है और यहां जिला पुलिस बल के अलावा केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान ईवीएम की सुरक्षा में तैनात हैं। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश सचिव हिरुराम निकुंज भी स्ट्रांग रूम के सामने रात भर पहरा दे रहे हैं। दोनों ही दलों के लोग कड़ाके की ठंड में टेंट के नीचे रात गुजारकर आग तापकर दिन रात ईवीएम की रखवाली कर रहे हैं।

## भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों को गड़बड़ी की आशंका

भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशियों को गड़बड़ी की आशंका है और गड़बड़ी के डर से दोनों ही दलों के लोग 24 घंटे स्ट्रॉग रूम के बाहर निगरानी कर रहे हैं। दोनों ही दलों के लोग 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे है। आधी रात तक जशपुर से भाजपा की प्रत्याशी रायमुनी भगत खुद ही स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा देती हैं।

# तेलंगाना के सीईओ ने की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**हैदराबाद,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने राज्य में 30 नवम्बर को होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षी की और निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर चुनाव आयोग (ईसीआई) को सभी रिपोर्ट जमा करने के महत्व को रेखांकित किया। राज ने आभासी माध्यम से चुनाव संबंधी तैयारियों को लेकर 'होम वोटिंग' की विस्तृत समीक्षा की। होम वोटिंग वरिष्ठ नागरिकों और विकलांगों (पीडब्ल्यूडी) को घर पर वोट डालने की अनुमति देने वाली एक नई पहल है। इसमें सावधानीपूर्वक अधिकारियों को प्रशिक्षण देना, वीडियोग्राफी के माध्यम से मतदान की गोपनीयता बनाए रखना, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के साथ दैनिक संचार शामिल है। सीईओ ने खुलासा किया कि अधिकांश जिलों में एक ही दिन घरेलू मतदान हो गया था, जिससे मतदाताओं को एक सकारात्मक अनुभव मिला। उन्होंने मतदाता केंद्रों पर परेशानी मुक्त मतदान की व्यवस्था का आकलन किया, जिसमें चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के लिए परेशानी मुक्त अनुभव पर जोर दिया गया।


**ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION PRIVATE LIMITED
सीआईएन : यू67100टीजैड2014पीटीसी020363
कार्पोरेट कार्यालय :– कोहिनूर स्क्वायर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (वेस्ट), मुंबई–400028
ई–मेल : rajesh.jumani@omkaraarc.com/zuber.khan@omkaraarc.com
फोन : 022–26544000 प्राधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर : +918657969233/+918657969231

[परिशिष्ट – 4–क]
[नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) का परंतुक देखे]
अचल सम्पत्ति की ई–नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("सरफासी ऐक्ट") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है। आगे, ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. (ओएआरपीएल) (ओंकारा पीएस 30/2021–22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत) उपरोक्त कर्जदार/गारंटरों के संबंध में सम्पूर्ण बकाया ऋण का अधिग्रहण समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 30–09–2021 के माध्यम से इंडसइंड बैंक लिमिटेड (समनुदेशनकर्ता बैंक) से अधोवर्णित प्रतिभूति सहित, कर लिया है। तदनुसार ओएआरपीएल ने समनुदेशनकर्ता का स्थान ले लिया है और बकाया राशि वसूल करने तथा प्रतिभूतियां प्रवर्तित करने की अधिकारी बन गई है। ओएआरपीएल के प्राधिकृत अधिकारी ने कर्जदार/बंधकदाता/सह–कर्जदार से नीचे वर्णित प्रतिभूत सम्पत्ति का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है। ओएआरपीएल का प्राधिकृत अधिकारी एतद्द्वारा निम्नवर्णित सम्पत्तियां बकाया राशि की वसूली के लिए करने का इच्छुक है और इसलिए प्रतिभूत सम्पत्तियों के क्रय हेतु सीलबंद लिफाफे मे निविदाएं/बोलियां आमंत्रित करता है। सम्पत्तियों की बिक्री नीचे वर्णित कर्जदार, सह–कर्जदार(रों) से प्रतिभूत लेनदार के रूप में ओएआरपीएल की संबंधित कालम में दर्शित बकाया राशि की वसूली के लिए सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) एवं 13(4) के प्रावधानों क तहत अधिकारों तथा शक्तियों का प्रयोग करते हुए "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है", तथा "जो भी है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर की जाएगी। कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं), प्रतिभूतियों, स्वामी, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत प्रेषित मांग सूचना की तिथि, कब्जा की तिथि, सुरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि मूल्य, धरोहर राशि जमा (ईएमडी) निरीक्षण की तिथि एवं समय का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) का नाम | प्रतिभूत आस्ति का विवरण | सम्पत्ति स्वामी | 30–06–2023 तक बकाया राशि (भारतीय रूपए में) | मांग सूचना तिथि | भौतिक कब्जा तिथि | सुरक्षित मूल्य (भारतीय रूपए में) | बोली वृद्धि मूल्य (भारतीय रूपए में) | ईएमडी (भारतीय रूपए में) | निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 1. मैसर्स गैलेक्सी मार्केटिंग (इसकी स्वामिनी श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा के माध्यम से) 2. श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा 3. श्री रवीश कुमार तलरेजा | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : दुकान नंबर 48, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्याम स्क्वायर, परिमाप निर्मित एरिया 215 वर्ग फीट प्लॉट नंबर 1 का पार्ट, सर्वे/खसरा नंबर 117/2 एवं 136/1 का भाग, देवेन्द्र नगर स्कीम नंबर 32, आरडीए, ग्राम पंडरी तराई, पी.एच. नंबर 109, शहीद हेमू कलानी वार्ड नंबर 35, नगर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ तथा निम्नानुसार परिबद्ध (सेल डीड के अनुसार) : उत्तर : खुला क्षेत्र दक्षिण : कॉरीडोर, पूरब : दुकान नंबर 46, पश्चिम : दुकान नंबर 49 '''सम्पत्ति का अधिक स्पष्ट विवरण श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा पत्नी श्री रवीश कुमार तलरेजा के नाम डीड नंबर 3471 (केएच) दिनांकित 19–08–2015 में दिया गया है। | श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा | रू. 43,04,347.04 (रूपए तेतालीस लाख चार हजार तीन सौ सैंतालीस तथा पैसे चार मात्र) | 23–06–2021 | 28–06–2023 | रू. 40,85,000/– (रूपए चालीस लाख पिचासी मात्र) | रू. 25,000/– | रू. 4,09,000/– (रूपए चार लाख नौ हजार मात्र) | 05–12–2023 अप. 01.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक |

खाता नंबर : 055505010221, लाभार्थी का नाम : ओंकारा पीएस 30/2021–22 ट्रस्ट, बैंक नाम : आईसीआईसीआई बैंक, शाखा : बान्द्रा (ई) मुंबई, आईएफएससी कोड : ICIC0000555

| | |
|---|---|
| प्रतिभागिता का बोली पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी का प्रमाण जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 11–12–2023 अप. 5.30 बजे तक |
| ई–नीलामी की तिथि एवं समय | 14–12–2023 को दोपहर 12.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक |

नीलामी के नियम एवं शर्तें : बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार (ओएआरपीएल) की वेबसाइट ीजजचरूध्ध्वउांतंतबण्बवउध्नबजपवदण्चीच अथवा सेवा प्रदाता की वेबसाइट ीजजचरूध्ध्ूण्इंदाम्नबजपवदण्बवउ में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के तहत बिक्री हेतु कानूनी नोटिस**

यह सूचना उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदार(रों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा 9(1) और वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत न्यूनतम 15 (पंद्रह) दिन की अनिवार्य सूचना भी है कि ई–नीलामी के माध्यम से नीलामी/बिक्री उपरिसंदर्भित तिथि को की जाएगी, इसके साथ ही उनको उपरिवर्णित बकाया राशि 01–07–2023 से आगे ब्याज तथा सभी लागतों प्रभारों और खर्चो के साथ बिक्री की समाप्ति से पूर्व किसी भी समय आस्तियां छुड़ाने की सलाह भी है। भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के विवेकानुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5) के तहत निर्धारित किसी विधि से की जाएगी।

हस्ता./–
तिथि : 23–11–2023
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओंकारा पीएस 30/2021–22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)



**IndusInd Bank**
**इंडसइंड बैंक लिमिटेड**
प्रथम तल, रांगग टावर चर्च रोड, जयपुर – 302001

**सार्वजनिक सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3(1) के तहत)**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना की वैकल्पिक तामील। एतद्द्वारा निम्नवर्णित कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि उन्होंने उनके द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (आईबीएल) से प्राप्त किए गए सम्पत्ति के ऐवज में ऋण के प्रतिभुगतान में चूक की है, उनकी लोन क्रेडिट सुविधा आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की बहियों में अनार्जक आस्ति की श्रेणी में सूचीबद्ध की जा चुकी हैं। तदुपरांत बैंक ने निम्नवर्णित संबंधित कर्जदार/सह–कर्जदार को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं उक्त कर्जदारों के अंतिम ज्ञात पते पर जारी की गई थीं, तद्द्वारा उनसे नीचे दिए गए विवरण के अनसार संबंधित सूचना/ओं में वर्णित राशियां, संबंधित सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर, उक्त मांग सूचनाओं में वर्णित राशि पर संविदात्मक दर पर आगे ब्याज तथा अनुषंगी खर्चो, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित चुकाने की मांग की गई थी। तथापि, हम प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (सरफासी नियमावली) के नियम 3 के अनुसार इस प्रकाशन द्वारा भी सूचना प्रदान कर रहे हैं :

| कर्जदार और सह कर्जदार/रों का नाम और पता | मांग सूचना की तिथि बकाया देय राशि | प्रत्याभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का वर्णन |
|---|---|---|
| 1. मैसर्स गौरव फिलिंग स्टेशन (कर्जदार) 2. श्री राकेश राजाराम अग्रवाल 3. श्री सरिता राकेश कुमार अग्रवाल (सह–कर्जदार) | मांग सूचना दिनांकित : 30–10–2023<br>36,01,795.84 (छत्तीस लाख एक हजार सात सौ पिच्यानवे तथा पैसे चौरासी मात्र) 20–09–2023 तक एवं उस पर आगे ब्याज और अन्य खर्च<br>एनपीए तिथि :– 09–05–2022<br>ऋण खाता संख्या FRV00182N, FRV00603N | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 206, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, कुबेर अपार्टमेंट, सर्वे नंबर 20/4 एवं 20/16 के भाग पर स्थित, वार्ड नंबर 29, पीएच नंबर 110/63, सुभाष चंद्र वार्ड, शंकर नगर, रायपुर (सी.जी.), परिमाप 1074.46 वर्ग फीट |

हम एतद्द्वारा इसमें वर्णित कर्जदार से बकाया राशि, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन जारी संबंधित मांग सूचनाओं में किया गया है, का भुगतान, उस पर आगे ब्याज, लागत, प्रभारों, खर्चों इत्यादि के साथ, इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर हम उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के तहत उपरोक्त प्रतिभूत आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति(यों) के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे, जिसमें प्रतिभूत आस्ति को कब्जे में लेना और बेचना भी शामिल है तथा जो उक्त कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/कानूनी वारिस(सों)/कानूनी प्रतिनिधि(यों) की जोखिम पर आपकी अपनी लागत और परिणामों के तहत होगा।

कृपया नोट करें कि सरफासी ऐक्ट की धारा 13(13) के अनुसार, आप सभी बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियां को बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित करने के संबंध में प्रतिबंधित हैं। उक्त धारा का कोई भी उल्लंघन सरफासी ऐक्ट की धारा 29 तथा/अथवा इस संबंध में किसी अन्य कानूनी प्रावधान के तहत दंडनीय है।

कृपया नोट करें कि ऐक्ट की धारा 13 की उप–धारा (8) के अनुसार, यदि आईबीएल की बकाया राशि आईबीएल द्वारा उपगत सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ आईबीएल को बिक्री या अंतरण के लिए नियत तिथि से पहले चुका दी जाती है, तो आईबीएल द्वारा प्रतिभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी और आईबीएल द्वारा प्रतिभूत आस्ति के अंतरण या बिक्री हेतु आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार/सह–कर्जदार को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उसके संबंध में कोई भी संव्यवहार इंडसइंड बैंक लिमिटेड की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

तिथि : 22–11–2023
स्थान : रायपुर (सी.जी.)
हस्ता./–
वास्ते इंडसइंड बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 23 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक – 218 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





देव उठनी एकादशी आज

■ पनौती और चुनौती
■ रोजमर्रा की जिंदगी में एआई के उपयोग और दुरुपयोग पर ... पृष्ठ 6

■ इजराइल चार दिवसीय युद्धविराम पर सहमत
■ भारत के कैग संयुक्त राष्ट्र के लेखा परीक्षक पैनल के उपाध्यक्ष चुने गए पृष्ठ 7

हर आधे घंटे में याद आता है कि आपने अभी-अभी विश्व कप जीता है : कमिंस पृष्ठ 8

# राजौरी में 2 अफसर सहित 4 फौजी शहीद

■ एक आतंकी को मारने का भी दावा
■ दो से तीन आतंकियों की तलाश जारी
■ भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद



**जम्मू**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बुधवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो अफसर और दो जवान शहीद हो गए। एक आतंकी को भी मारने का दावा किया गया है। भारतीय सेना और जम्म-कश्मीर पुलिस पिछले एक माह से एक ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत कालाकोट के जंगलों में छिपे 2 से 3 आतंकवादियों की तलाश कर रही है।

बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग और गोलाबारी के बीच सेना के दो अधिकारी और दो जवान शहीद हो गए। बताया जाता है कि इन जंगलों में छिपे हुए आतंकियों के पास भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद हैं। खबर लिखे जाने तक सेना-पुलिस का आतंकवादियों को तलाश करने को संयुक्त सर्च ऑपरेशन जारी था।

**कालाकोट में घिरे हुए हैं आतंकी**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी के कालाकोट इलाके में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान पर भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, आतंकवादी घायल हो गए हैं और घिरे हुए हैं और ऑपरेशन जारी है।

**17 नवंबर को भी हुई थी मुठभेड़**

इस बीच देखा जाए तो 17 नवंबर को भी जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ हुई थी। इसमें लश्कर-ए-तैयबा के 5 आतंकवादी मारे गए थे। कुलगाम पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा था कि हमने सेना के साथ मिलकर अभियान चलाया था। सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था. मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों की पहचान समीर अहमद शेख, यासिर बिलाल भट, दानिश अहमद ठोकर, हंजुल्ला याकूब शाह और उबैद अहमद पैडर के रूप में की गई थी।

**श्रीनगर में लश्कर के 2 आतंकी गिरफ्तार**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन, 2 फिलर मैगजीन और 8 ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकियों को 21 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। मुमताज अहमद लोन और जहांगीर अहमद लोन कुपवाड़ा के त्रेहगाम के रहने वाले हैं।

## राहुल ने फिर मोदी पर साधा निशाना

# जेबकतरा कभी अकेला नहीं आता

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम आपका ध्यान भटकाना है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उद्योगपति गौतम अडानी जनता को लूटने के लिए मिलकर काम करते हैं : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**भरतपुर**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवंबर को होने जा रहे असेंबली चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा में जबरदस्त टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर आरोपों के तीर छोड़ने में कोई संकोच नहीं कर रहे हैं। भरतपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बिजनेसमैन अडानी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने उन्हें जेबकतरे बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उद्योगपति गौतम अडानी देश में जनता को लूटने के लिए मिलकर काम करते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, 'पॉकेटमार कभी अकेला नहीं आता, तीन लोग होते हैं. एक सामने से आता है, एक पीछे से और एक दूर से देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम आपका ध्यान भटकाना है। वह सामने से टीवी पर आते हैं और हिंदू-मुस्लिम, नोटबंदी और जीएसटी के विषय उठाकर जनता का ध्यान भटकाते हैं। इसी बीच अडानी पीछे से आते हैं और पैसे ले जाते हैं। अमित शाह तीसरे व्यक्ति हैं। उनकी भूमिका निगरानी करना है. वह सुनिश्चित करते हैं कि किसी को भी पता न चले कि क्या हो रहा है।'

### सचिव के मुद्दे पर साध ली चुप्पी

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार में सचिव स्तर के पदों की नियुक्ति में पिछड़ी जातियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कम भागीदारी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, किसी भी बच्चे से पूछें कि वह बड़े होकर क्या बनना चाहता है तो वह बच्चा कहेगा कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहता है। केंद्र सरकार वहां तैनात सचिवों के जरिए ही चलाई जाती है. जब हमने पूछा कि कितने अधिकारी पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से हैं, तो उन्होंने चुप रहने का विकल्प चुना।' कांग्रेस नेता ने कहा, जब हमने पाया कि केवल 3 ओबीसी केंद्र में सचिव के रूप में काम कर रहे थे तो मैं चौंक पड़ा. इन सभी के पास छोटे-छोटे विभाग हैं। जब हमारी आधी आबादी पिछड़े वर्ग से है, तो यह कैसे संभव है।'

**सार संक्षेप**

### पंजाब में पाक स्थित आतंकी मॉड्यूल से जुड़े तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने आईएसआई नियंत्रित पाकिस्तान स्थित आतंकी मॉड्यूल से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने उनके कब्जे से आठ हथियार, नौ मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी वर्तमान में यूएपीए मामलों के तहत संगरूर जेल में बंद लोगों के संपर्क में थे। बठिंडा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कांग्रेस में शामिल हुईं टीडीपी की पूर्व नेता व अभिनेत्री दिव्यवाणी

**हैदराबाद।** अभिनय से राजनीति में आईं दिव्यवाणी बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। टॉलीवुड अभिनेत्री का यहां कांग्रेस के तेलंगाना प्रभारी महासचिव माणिकराव ठाकरे ने पार्टी में स्वागत किया।वह पिछले साल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से इस्तीफा देने के बाद से राजनीति से दूर हैं। हालांकि तेलंगाना विधानसभा चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले सक्रिय हो गई हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है।

### बिहार के राज्यकर्मियों का 4 प्रतिशत डीए बढ़ा

**पटना।** बिहार में सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। बिहार मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में इसकी मंजूरी दे दी गई। प्रदेश में पहले राज्यकर्मियों को महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत मिलता था जो अब बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रमुख सचिव एस सिद्धार्थ ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक कुल 38 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

### झारखंड विधानसभा ने मनाई 23वीं वर्षगांठ

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विधानसभा राज्य की सबसे बड़ी पंचायत होती है। यहां सिर्फ आम जन के लिए ही नहीं बल्कि राज्य के जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए भी महापंचायत लगती है।

## छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का बढ़ेगा डीए

■ निर्वाचन आयोग ने दी मंजूरी

**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारी का डीए 4त्न बढ़ाया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने इस बढ़ोतरी को स्वीकृति दे दी है। जल्द ही राज्य सरकार के लाखों कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। डीए में बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे लाखों सरकारी कर्मचारियों के बीच खुशी की लहर है। सरकार के प्रस्ताव पर भारत निर्वाचान आयोग ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। अब इसके लिए सरकार के आदेश जारी करने के बाद राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को 4 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ डीए मिलेगा।बता दें कि फिलाहल छत्तीसगढ़ में 42 प्रतिशत डीए मिल रहा है, जबकि, केंद्र सरकार में 46 प्रतिशत मिलता है।

## गहलोत अब मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा, राजस्थान में कांग्रेस की बड़ी हार होगी



**भीलवाड़ा**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में अत्याचार, भ्रष्टाचार और माफिया राज से मुक्ति के लिए कांग्रेस के सफाए ही जरुरत बताते हुए दावा किया है कि प्रदेश में बने माहौल से लग रहा है कि कांग्रेस की बड़ी हार होगी और अब कभी भी अशोक गहलोत मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे।

श्री मोदी भीलवाड़ा के कोटड़ी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राजस्थान में इतनी बड़ी कांग्रेस को हार मिलने वाली है। इस बार बड़े बड़े दिग्गज भी बोरियां बिस्तर लेकर घर जाने को मजबूर हो जाएंगे।

**पिता की सजा भोग रहे पायलट**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व 'वंशवादी' राजनीति में शामिल रहा है।

उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी 1996 में आलाकमान के खिलाफ अपने पिता के विद्रोह के लिए अब उनके बेटे सचिन पायलट को 'दंडित' करने का प्रयास कर रही है।

## बृजमोहन ने भेजा सीएम भूपेश को मानहानि का नोटिस

■ मीडिया में लिखित माफ़ी मांगने दिए 7 दिन



**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। सूबे में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान भले ही समाप्त हो चुके हैं, लेकिन सियासी पर अब भी गर्म है। चुनाव प्रचार के दौरान जुबानी जंग और तीखे आरोपों की भरमार रही है। इस बीच अब रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी और भाजपा सरकार में मंत्री रहे बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मानहानि का नोटिस थमा दिया है। बृजमोहन अग्रवाल ने सीएम भूपेश के अलावा कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला को उनके बयान के लिए मानहानि का नोटिस दिया है।

भाजपा नेता बृजमोहन के वकील राजकुमार शुक्ला ने यह नोटिस भेजा है। नोटिस में ये कहा गया है कि उनके लंबे राजनीतिक जीवन में पहली बार चुनाव प्रचार के दौरान जानलेवा हमला हुआ, जिसकी शिकायत बकायदा पुलिस में उन्होंने दर्ज कराई है। इस मामले पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने इसे नौटंकी कहते हुए, यह कह दिया कि बृजमोहन से बड़ा गुंडा कौन ? नोटिस में इस पर बृजमोहन अग्रवाल की ओर से आपत्ति जताते हुए इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में बयान जारी कर एवं लिखित माफ़ी मांगने कहा गया है। इसके लिए 7 दिनों की समय सीमा तय की गई है।

## सिलक्यारा सुरंग से निकली उम्मीदों की किरण

### आज सुबह तक खुली हवा में सांस लेने की उम्मीद, 39 मीटर तक पाइप पहुंचाया, 30 मीटर की दूरी बाकी





**उत्तरकाशी**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। दीवाली की सुबह से सुरंग में फंसे मजदूरों तक पहुंचने में अब 30-35 मीटर की दूरी रह गई है। रात को चली आगर मशीन ने ड्रिल कर 18 मीटर पाइप सुरंग में डाल दिए है। अब कुल 39 मीटर तक पाइप पहुंच गए हैं। मजदूर लगभग 70 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं। एनएचएआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद ने बताया कि देर रात तक तीन पाइप और डाले गए हैं। कई और भी पाइप सुरंग में डाले जाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि अगर ड्रिलिंग में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आई तो गुरुवार की सुबह तक फंसे मजदूर खुली हवा में सांस लेंगे। सुरंग में यह उम्मीद की किरण को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया को विशेष जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बड़कोट इलाके से भी रेस्क्यू टनल के 7 मीटर से अधिक खुदाई कर दी गयी है।

**70 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं मजदूर**

उन्होंने बताया कि सुरंग में फंसे मजदूरों से ऑडियो संपर्क भी स्थापित कर दिया गया। उन्हें आवश्यक कपड़े, दवा व बना खाना लगातार भेजा जा रहा है।

इसके अलावा मजदूरों के मानसिक मनोबल को बढ़ाए जाने के लिए एक्सपर्ट की सहायता भी ले रहे हैं। यही नहीं, पूरे प्रदेश में फंसे मजदूरों की सुरक्षा व जिंदगी के लिए दुआ और प्रार्थना के लिए हजारों हाथ भी उठे हुए हैं। मजदूर लगभग 70 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं।

प्रेस वार्ता में उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे, सचिव नीरज खैरवाल, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एनएचएआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद, कमांडेंट एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।

**भाजपा सांसद बिधूड़ी की बढ़ी मुश्किलें**

## आचार समिति ने 7 दिसम्बर को किया तलब



**नई दिल्ली**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लोकसभा की आचार समिति ने इस मामले में उन्हें 7 दिसम्बर को तलब कर बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। समिति ने उसी दिन मौखिक मौखिक बयान दर्ज कराने के लिए पहले बसपा सांसद दानिश को बुलाया है,उसके बाद बिधूड़ी अपना पक्ष रखेंगे। मालूम हो कि इससें पहले भी बिधूड़ी को आचार समिति ने तलब किया था, मगर तब वे राजस्थान विधानसभा चुनाव में पहले से तय कार्यक्रमों का हवाला देकर उसके सामने हाजिर होने में असमर्थता जता दी थी। अब एक बार फिर से समिति ने 7 दिसम्बर का दिन मुकर्रर कर उन्हें बुलाया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा के लिए 25 नवम्बर को मतदान होगा। जबकि तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा। 3 दिसम्बर को मतगणना कराई जाएगी। उसके अगले दिन 4 दिसम्बर से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत होगी। बतादें कि बीते 21 सितम्बर को संसद के विशेष सत्र के दौरान चंद्रयान-3 पर चल रही चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद बिधूड़ी लोकसभा में बोल रहे थे,उसी दौरान बसपा सांसद दानिश अली ने टोकाटाकी शुरू कर दी। जिससे नाराज होकर बिधूड़ी ने उनके लिए कई अपमानजनक अपशब्दों का इस्तेमाल किए था।

**नेशनल हेराल्ड के खिलाफ कार्रवाई पर भड़के खड़गे**

## चुनाव में हार के डर से घबराई भाजपा

■ ईडी ने 751 करोड की संपत्ति की है जब्त



**नई दिल्ली**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड पर की गई बडी कार्रवाई और 751 करोड की संपत्ति को जब्त किए जाने के बाद कांग्रेस बेतरह खफा हो गई है।

पार्टी का आरोप है कि पांच राज्यों में हार के डर भाजपा बौखला गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हार रही है। ईडी द्वारा एजेएल की संपत्तियों को जब्त किया जाना बताता है कि भाजपा घबराहट में इस तरह के कदम उठा रही है। बावजूद उसका यह प्रयास सफल नहीं होगा और उसे पांचों राज्यों के चुनाव में करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान एजेंसियों का दुरुपयोग करना भाजपा को कोई नया तरीका नहीं है। अब यह पूरे देश के सामने आ चुका है। नेशनल हेराल्ड ने स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में मुखर आवाज उठाई थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को स्वतंत्रता के आंदोलन में अपनी भूमिका पर गर्व है। खड़गे ने कहा कि उन्हें अखबार पर पंडित जवाहर लाल नेहरू का वह कथन याद है कि स्वतंत्रता खतरे में है, अपनी पूरी ताकत से इसकी रक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगे भी कांग्रेस उन आदर्शों के लिए लड़ना जारी रखेगी,जिसकी बदौलत यह गणराज्य स्थापित हुआ है। पार्टी को भरोसा है कि देश की जनता भाजपा के इस नापाक खेल को समझने की बुद्धिमत्ता रखती है।

## मणिपुर में एमबीबीएस छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

■ घ्परीक्षा में शामिल होने से रोके जाने के बाद हुए नाराज

**इंफाल**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) के तैंतीस एमबीबीएस छात्रों को मंगलवार से शुरू हुई प्रथम वर्ष की परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया, उसके बाद उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। 33 एमबीबीएस छात्रों में से 27 जातीय दंगे के कारण विस्थापित हैं और छह गैर-विस्थापित हैं।

एमबीबीएस छात्रों ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके को संबोधित ज्ञापन चुराचांदपुर के अतिरिक्त उपायुक्त थांगबोई गंगटे को सौंपा। इनमें से 27 विस्थापित आदिवासी एमबीबीएस छात्रों ने कहा है कि उन्होंने अपने परीक्षा फॉर्म भरे और अपनी उचित परीक्षा फीस जमा की और अन्य औपचारिकताएं पूरी कीं, फिर भी उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि उन्हें सूचित किया गया कि प्रवेशपत्र और अन्य परीक्षा सामग्री केवल छह एमबीबीएस छात्रों के लिए भेजी गई थी, इसलिए बाकी विस्थापित छात्रों को बाहर कर दिया गया।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

■ यात्री-केंद्रित मानदंडों की अनदेखी का आरोप लगाया

**नई दिल्ली**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। देश के विमानन नियामक डीजीसीए ने यात्री-केंद्रित नियमों का अनुपालन न करने के लिए टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने कहा कि उसने नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सभी अनुसूचित विमान सेवा कंपनियों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं/मुआवजे से संबंधित दायित्वों के निर्वहन का पता लगाने के लिए के मई और सितंबर में दिल्ली, कोच्चि और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर निरीक्षण किया। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एयरलाइनों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि एयर इंडिया प्रासंगिक नागरिक उड्डयन आवश्यकता (सीएआर) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रहा था। तदनुसार, 3 नवंबर को एयर इंडिया को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसकी प्रतिक्रिया मांगी गई थी। एयर इंडिया द्वारा दिए गए जवाब के बाद यह पाया गया कि उसने सीएआर के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।

## दिल्ली की हवा अब भी 'बेहद खराब'

### वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बरकरार

**नई दिल्ली**, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार को, दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सुबह 9 बजे 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। आनंद विहार 'गंभीर' सीमा को पार कर गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में, पीएम2.5 का स्तर 429 पर 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है और पीएम10 443 पर पहुंच गया है, और सीओ 105 तक गिर गया है, जिसे 'मध्यम' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बवाना स्टेशन पर खतरनाक पीएम2.5 500 पर और पीएम10 452 पर दर्ज किया गया, दोनों 'गंभीर' श्रेणी में थे, हालांकि सीओ स्तर 86 पर 'संतोषजनक' चिह्नित किया गया था। इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे टी3 पर पीएम2.5 का स्तर 429 और पीएम10 का स्तर 346 रहा, जो क्रमशः 'गंभीर' और 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं।

### शाहरुख़ ने गौतम गंभीर को 'परिवार' कहा

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। क्रिकेटर गौतम गंभीर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर बनेंगे, जिसे गंभीर ने दो बार जीत दिलाई है। सोशल मीडिया पर प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान शाहरुख ने गंभीर को परिवार का सदस्य बताया। अपने एक्स अकाउंट पर एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित करते हुए, एक प्रशंसक ने शाहरुख से पूछा, 'सर गौतम गंभीर फिर से हमारी टीम केकेआर में। क्यों।' केकेआर के मालिक एसआरके ने कहा, 'क्योंकि गौतम गंभीर हमारा अपना है। केकेआर का कप्तान है या परिवार है (गौतम गंभीर हमारे अपने हैं और हमेशा रहेंगे। वह केकेआर के कप्तान हैं, और परिवार हैं)।'

# कोविड टीकाकरण ने युवा भारतीयों में मौत के जोखिम को किया कम आईसीएमआर स्टडी

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा मंगलवार को किए गए अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों का खतरा नहीं बढ़ता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित शोध से पता चला है कि लाइफस्टाइल फैक्टर्स जैसे वर्तमान धूम्रपान की स्थिति, अत्यधिक शराब पीना, ड्रग्स/नशीले पदार्थों का सेवन आदि अचानक होने वाली अज्ञात मौतों से जुड़े हैं। अन्य चीजों की तुलना में, शराब के सेवन की आवृत्ति जितनी अधिक होगी, अचानक होने वाली अज्ञात मौत की संभावना उतनी ही अधिक होगी। अनुसंधान निकाय ने भारत के स्पष्ट रूप से स्वस्थ युवा




वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों की वास्तविक रिपोर्टों को देखते हुए एक अध्ययन किया, जो कि कोविड -19 संक्रमण या टीकाकरण से जुड़ा हुआ है। शोधकर्ताओं ने पूरे भारत में 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों से 18-45 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में ऐसी मौतों से जुड़े कारकों का विश्लेषण किया। विश्लेषण में कम से कम 729 मामले और 2,916 नियंत्रण शामिल किए गए। शोधकर्ताओं ने खुलासा किया, 'कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों का खतरा नहीं बढ़ा।' पिछले कोविड-19 अस्पताल में भर्ती होने के बजाय पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली व्यवहारों ने अचानक होने वाली अज्ञात मौतों की संभावना को बढ़ा दिया है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि कोविड-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक लेने से अचानक होने वाली अज्ञात मौत की संभावना कम हो जाती है। शोधकर्ताओं ने कहा, 'हमारे निष्कर्षों ने कोविड-19 टीकाकरण के साथ अचानक होने वाली अज्ञात मौत के संबंध में किसी भी सबूत का संकेत नहीं मिला। ब्लकि वर्तमान अध्ययन दस्तावेज बताते है कि कोविड-19 टीकाकरण ने वास्तव में इस आयु वर्ग में मृत्यु के जोखिम को कम कर दिया है।'

# लगभग 95 प्रतिशत इंटरनेट यूजर सोशल मीडिया पर हैं एक्टिव

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया के तमाम इंटरनेट यूजरों में से लगभग 95 प्रतिशत अब विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं, जो पिछले साल की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इस साल अक्टूबर तक दुनिया भर में 5.3 अरब इंटरनेट यूजर थे जो वैश्विक आबादी का 65.7 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि ओन्लीअकाउंट्स डॉट आईओ के आंकड़ों के अनुसार, इंटरनेट यूजरों की संख्या में एक साल में 18.9 करोड़ या 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, 4.95 अरब या दुनिया की 61.4 प्रतिशत आबादी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर है। दिलचस्प बात यह है कि सोशल मीडिया यूजरों की संख्या इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। एक साल में उनकी वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत (लगभग 21.5 करोड़ यूजर) रही। 2019 के बाद से, हर साल औसतन 35 करोड़ लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं, जिससे कुल यूजरों की संख्या अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इस विपरीत एक तथ्य यह भी है कि यूजरों की संख्या बढ़ने के साथ सोशल मीडिया पर बिताया जाने वाला समय वास्तव में कम हो गया है। डेटा रिपोर्टल सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर तक, इंटरनेट यूजरों ने सोशल मीडिया पर हर दिन




औसतन दो घंटे 24 मिनट खर्च किए, जो पिछले साल की तुलना में चार मिनट कम है। वहीं, इंटरनेट का उपयोग करने में बिताया जाने वाला औसत दैनिक समय चार मिनट बढ़कर छह घंटे 41 मिनट हो गया है। स्टेटिस्टा सर्वेक्षण के अनुसार, अगले पांच साल में 1.1 अरब से अधिक लोग सोशल मीडिया से जुड़ेंगे, जिससे कुल यूजरों की संख्या छह अरब हो जाएगी।

# कार्तिक आर्यन ने पेट डॉग कटोरी के साथ मनाया अपना जन्मदिन



**मुंबई,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन आज अपना 33वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस दिन अभिनेता ने पेट डॉग 'कटोरी' के साथ अपने जन्मदिन का केक काटा। मोमबत्ती की रोशनी में अपने चॉकलेट केक के सामने अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए, वह अपने सफेद पेट डॉग के साथ केक के सामने प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं।

तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन दिया,'सभी के प्यार के लिए आभारी हूं।' अभिनेता, निर्देशक करण जौहर के साथ एक फिल्म को लेकर काम कर रहे हैं।

उनके जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए, निर्देशक करण जौहर ने कहा, उम्मीद है कि हमारा सहयोग यहां से और मजबूत होता जाएगा और बड़े पर्दे पर जादू पैदा करना कभी बंद नहीं करेगा। प्रोजेक्ट का विवरण फिलहाल सामने नहीं आया है।

# 'राम राज्य' पर म्यूजिक एल्बम जल्द होगा रिलीज



**अयोध्या,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही वनवास से लौटने के बाद अयोध्या में भगवान राम के जीवन के 11 प्रसंगों पर केंद्रित एक म्यूजिक एल्बम जारी करेगी। म्यूजिक एल्बम का थीम राम का आदर्श शासन- 'राम राज्य' होगा। मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता वाली अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति एल्बम का निर्माण करेगी। अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव और संत कबीर नगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर समिति के सदस्य हैं। अधिकारियों ने कहा कि लोकप्रिय गायकों के अलावा, संगीत एल्बम पर काम करने की सहमति के लिए प्रसिद्ध संगीतकारों से भी संपर्क स्थापित किया गया है। दयाल ने कहा, 'मेरे कार्यालय में समिति की एक बैठक हुई और भगवान राम के जीवन पर आधारित संगीत एल्बम बनाने के पहले चरण की योजना पर चर्चा की गई। यह एल्बम विभिन्न प्रसिद्ध संगीतकारों के गीतों के साथ, अयोध्या में राजा के रूप में भगवान राम के जीवन से संबंधित 11 प्रसंगों पर केंद्रित होगा।' एल्बम के निर्माण के लिए विभिन्न संगीतकारों के साथ सहयोग के संबंध में भी चर्चा हुई। हम जल्द ही संगीत और गीतों के लिए विभिन्न लेखकों, कवियों और गायकों से संपर्क करेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय आधुनिक लॉजिस्टिक्स एक्सपो 24 से 26 नवम्बर तक

**बीजिंग,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। वर्ष 2023 का पहला दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स उच्च गुणवत्ता विकास फोरम यानी दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया अंतर्राष्ट्रीय आधुनिक लॉजिस्टिक्स एक्सपो 24 से 26 नवंबर तक चीन के युन्नान प्रांत की राजधानी खुनमिंग शहर में स्थित डियेनछी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन तीन दिनों तक चलेगा। इस बार फोरम की थीम बेल्ट एंड रोड की न्यू पीक, कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स वर्ल्डवाइड है। नौ प्रमुख विषयों पर प्रासंगिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसमें 'बेल्ट एंड रोड' पहल पर ध्यान केंद्रित करके विभिन्न देशों की चिकित्सा प्रणालियों में जुड़ाव और सहयोग के मुद्दे, युन्नान-दक्षिण पूर्व एशिया कोल्ड चेन एकीकरण और नेटवर्क वाली व्यापक सेवाएं, युन्नान के लाभकारी उद्योग जैसे कि ताजा कृषि उत्पाद, ठंडा भोजन, ताजे फूल, चावल नूडल्स, तैयार व्यंजन, और बायोमेडिसिन आदि मामलों की चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार एक्सपो का कुल क्षेत्रफल लगभग 10 हजार वर्ग मीटर तक पहुंचेगा। और, आधुनिक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शनी क्षेत्र, प्रशीतन कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स प्रदर्शनी क्षेत्र, एक्सप्रेस उद्योग



प्रदर्शनी क्षेत्र, नई ऊर्जा लॉजिस्टिक्स वाहन प्रदर्शनी क्षेत्र और लॉजिस्टिक्स आपूर्ति श्रृंखला प्रदर्शनी क्षेत्र समेत पांच प्रदर्शनी क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

उनके अलावा प्रदर्शकों और आगंतुकों को कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स उद्योग में नवीनतम विकास और बाजार की मांगों की गहन समझ हासिल करने में मदद देने के लिए साइट पर कई पेशेवर सेमिनार और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित होंगे। चीन व्यापक विकास और परिणाम साझा करने के लिए इस एक्सपो में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए दुनिया भर के उद्यमों, सरकारी एजेंसियों, अनुसंधान संस्थानों और सामाजिक समूहों का गर्मजोशी से स्वागत करता है।

# बॉबी देओल को अपना स्टाइल आइकन मानते हैं रणबीर कपूर



मुंबई, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता अभिनेता रणबीर कपूर, बॉबी देओल को अपना स्टाइल आइकन मानते हैं। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म एनिमल के प्रमोशन के दौरान रणबीर कपूर ने बॉबी देओल को अपना स्टाइल बताया है। रणबीर ने बताया कि वह देओल के वॉर्डरोब के दीवाने हैं खासकर के उन आइकॉनिक सनग्लासेज के जो उन्होंने फिल्म सोल्जर और बरसात में पहना था। फिल्म एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज़, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।

# ब्राजीलियाई कॉन्सर्ट में टेलर स्विफ्ट के प्रशंसकों को करना पड़ा 'सेकेंड-डिग्री बर्न' का सामना

लॉस एंजेलिस, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। गायिका-गीतकार टेलर स्विफ्ट के ब्राजीलियाई एराज कॉन्सर्ट में उनके प्रशंसकों को 'सेकेंड-डिग्री बर्न' का सामना करना पड़ा है।

शो के दौरान स्टेडियम के अंदर स्थिति 'अमानवीय' थी। मिरर यूके की रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर एक ब्राजीलियाई स्विफ्टी नाम के यूजर ने बताया कि दर्शकों में से कई प्रशंसकों को चिकित्सा उपचार की आवश्यकता थी क्योंकि रियो डी जनेरियो में एस्टाडियो ओलम्पिको निल्टन सैंटोस में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ गया था। अन्य प्रशंसकों ने उनके दावों का समर्थन किया और उनके संदेश को दोहराया।

एक अन्य ने कहा कि तीन गंभीर रूप से जल जाने के बाद कार्यक्रम से चले गए क्योंकि 'फर्श को ढकने वाली धातु की प्लेटें 40 डिग्री सेल्सियस की गर्म प्लेटों में बदल गईं।' एक तीसरे ने कहा कि स्टेडियम के अंदर स्थिति 'अमानवीय' थी, भीड़ धक्का-मुक्की कर रही थी। उन्होंने आगे कहा, जब उन्होंने प्रवेश द्वार खोला तो मुझे धक्का लगा और मैं गर्म जमीन पर गिर गया। मुझे जलन हुई । ब्राजील के रियो डी जनेरियो में दूसरे शो के दौरान मंच पर टेलर का गला रुंध गया और उन्होंने अपने



आंसुओं को रोकते हुए कहा कि वह अपने दो युवा प्रशंसकों की मौत से दुखी हैं।

# शाहिद कपूर का फैशन सेंस बहुत कम आंका गया : कृति सैनन

**मुंबई,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री कृति सेनन जल्द ही अभिनेता शाहिद कपूर के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। कृति ने कहा कि शाहिद कपूर के फैशन सेंस को कमतर आंका गया है। इस साल 'मिमी' में अपने अभिनय के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली कृति ने कहा, शाहिद आज सबसे अच्छे कपड़े पहनने वाले पुरुषों में से एक हैं। अभिनेत्री के पास फिल्मों की एक सूची है और एक स्पष्ट बातचीत में उन्होंने काजोल के साथ काम करने के बारे में बात की। फैशन सेंस के बारे में उन्होंने बात करते हुए कहा, ऋतिक वह व्यक्ति हैं जिनसे मैं हमेशा प्यार करती हूं। मुझे टाइगर का फैशन सेंस भी पसंद है। लेकिन, मुझे लगता है कि शाहिद कपूर के फैशन सेंस को बहुत कम आंका गया है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह बहुत अच्छे कपड़े पहनते हैं। वह आज सबसे अच्छे कपड़े पहनने वाले पुरुषों में से एक हैं। वह हर चीज को बहुत सहजता से रखते हैं और यह बात मैंने उन्हें भी बताई है। मुझे अच्छा लगता है कि वह रंग-बिरंगे कपड़े पहनते है। मैं हमारी फिल्म की रिलीज को लेकर बहुत उत्साहित हूं। फिल्म में हमारी केमिस्ट्री बहुत अच्छी है। 'दो पत्ती' में एक बार फिर काजोल के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, जब मैंने 'दिलवाले' में काजोल मैम के साथ काम किया, तो मैं बहुत भोली थी। हमने मुश्किल से एक साथ शूटिंग की। इस बार मैंने उनके साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताया।



# गुजरात के पर्यटन स्थलों की 42,75,952 पर्यटकों ने की यात्रा

**गांधीनगर,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। गुजरात में दिवाली की छुट्टियों के दौरान 10 दिनों में 42,75,952 पर्यटकों ने राज्य के 18 प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की यात्रा की है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गुजरात के पर्यटन स्थलों के प्रति देश और दुनिया के सैलानियों का एक अनूठा आकर्षण है। राज्य मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात के पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर ले जाने तथा पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विभिन्न ढांचागत सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके चलते पर्यटक लगातार बड़ी संख्या में राज्य के अद्वितीय पर्यटन सौंदर्य और विविधता का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं।

**इस वर्ष दिवाली की छुट्टियों के दौरान 11 से 20 नवंबर तक दस दिनों की अवधि में 42 लाख 75 हजार 952 लोगों ने राज्य के 18 पर्यटन आकर्षणों एवं यात्राधामों का रुख किया**



इस वर्ष दिवाली की छुट्टियों के दौरान 11 से 20 नवंबर तक दस दिनों की अवधि में 42 लाख 75 हजार 952 लोगों ने राज्य के 18 पर्यटन आकर्षणों एवं यात्राधामों का रुख किया। इस अवधि के दौरान लोग बड़ी संख्या में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, स्मृति वन, सीमा दर्शन-नड़ाबेट, गिरनार रोप-वे, सासणगिर और देवलिया पार्क, दांडी स्मारक, सूर्य मंदिर, राण की वाव, सोमनाथ मंदिर, अंबाजी मंदिर, पावागढ़ मंदिर, द्वारका मंदिर, साइंस सिटी-अहमदाबाद, अटल ब्रिज, कांकरिया तालाब, वडनगर, डायनासोर पार्क तथा अहमदाबाद मेट्रो रेल जैसे गुजरात के प्रसिद्ध पर्यटन आकर्षणों का आनंद उठाने पहुंचे। पर्यटन स्थल पर्यटकों की संख्या 11 से 20 नवंबर तक: स्टैच्यू ऑफ यूनिटी 3,03,894, स्मृति वन-भुज 36,391, सीमा दर्शन-नड़ाबेट 57,948, गिरनार रोप-वे – जूनागढ़ 59,307, सासणगिर और देवलिया पार्क 70,634, दांडी स्मारक – नवसारी 27,972, सूर्य मंदिर – मोढेरा 31,969, राण की वाव – पाटण 36,659, सोमनाथ मंदिर 4,87,974, अंबाजी मंदिर 6,35,760, पावागढ़ मंदिर 5,25,410, द्वारका मंदिर 6,18,460, साइंस सिटी – अहमदाबाद 83,111, अटल ब्रिज – अहमदाबाद 1,81,692, कांकरिया तालाब – अहमदाबाद 4,45,144, वडनगर – ऐतिहासिक नगर 46,453, डायनासोर पार्क – बालासिनोर 7,678, अहमदाबाद मेट्रो 6,19,496 रही।

पर्यटन क्षेत्र, यात्राधाम और नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास के लिए बजट आवंटन में 346 फीसदी की वृद्धि: राज्य सरकार ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास और इससे जुड़ी गतिविधियों में तेजी लाकर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्य के वर्ष 2023-24 के बजट में पर्यटन, यात्राधाम और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों के बजटीय आवंटन में 346 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। हेरिटेज और इको टूरिज्म के लिए 10 हजार करोड़ रुपए रखे गए हैं।

रायपुर, गुरूवार 23 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## 4 दिन का युद्ध विराम क्या राहत लाएगा

46 दिन बाद ग़ज़ा में हिंसा रुकने की कोई उम्मीद जागी है। 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 12 सौ लोग मारे गए। यह पचास वर्षों में किए गए सबसे भयावह हमलों में से एक था। फिलिस्तीन पर किसी भी तरह कब्जा जमाने की फिराक में लगे इजरायल के लिए यह हमला सुनहरा मौका लेकर आया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना समय गंवाए युद्ध का ऐलान कर दिया। 12 सौ इजरायलियों के बदले 14 हजार फिलिस्तिनियों को मारा जा चुका है। नेतन्याहू शायद इस सदी का सबसे भयावह नरसंहार अपने नाम करवाने में सफल हो गए होंगे। हालांकि रूस और अमेरिका से उन्हें चुनौती मिल रही होगी, लेकिन फिलहाल नेतन्याहू की टक्कर में कोई नहीं दिख रहा है। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी यूक्रेन के साथ जंग छेड़ी हुई है, लेकिन अपने हमलों में वे नैतिकता और लोकतंत्र का पाठ दुनिया को नहीं समझाते हैं, बल्कि साफ-साफ अपने मतलब की बात करते दिखते हैं। वहीं अमेरिका बड़ी चालाकी से अपनी गोटियां रखता है। यूक्रेन से लेकर इजरायल और फिलिस्तीन तक हर युद्धग्रस्त क्षेत्र में अमेरिकी मौजूदगी नजर आएगी, मगर वो कहीं भी युद्ध का सीधे भागीदार नहीं बनता। विश्वशांति से लेकर लोकतंत्र और निरस्त्रीकरण तक सारे दायित्व उसने अपने नाम लिखवा लिए हैं और शातिराना तरीके से ऐसा माहौल बना दिया है कि अब अमेरिका से उसकी जवाबदेही के बारे में कोई सवाल नहीं करता। कभी किसी ने कर भी लिए तो अमेरिका उनका जवाब देना जरूरी नहीं समझता। तो इस तरह नरसंहार की दौड़ में फिलहाल नेतन्याहू सबसे आगे हैं। हिटलर के बाद शायद अब नेतन्याहू की ही मिसालें दी जाएंगी कि किस तरह मासूम लोगों को नफरत का शिकार बनाया गया। संयोग ऐसा है कि हिटलर ने यहूदियों पर जुल्म ढाए और अब यहूदियों को इंसाफ के नाम पर नेतन्याहू उसी राह पर हैं। हालांकि दुनिया भर में लोग इजरायल की क्रूरता के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। कई जगहों से लोगों ने युद्ध को तत्काल रोकने की अपील की है, ताकि निर्दोषों की मौत का सिलसिला रुके। इजरायल के खिलाफ आवाज उठाने वालों में यहूदी भी शामिल हैं। इससे जाहिर है कि अपने नाम पर की जा रही ये हिंसा यहूदियों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। दुनिया में अगर सभी लोग धर्म के नाम पर चलाई जा रही राजनीति और हिंसा को रोकने के लिए उठ खड़े हों, तो काफी हद तक शांति स्थापित हो सकती है।

बहरहाल, फिलहाल अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच इजरायल की कैबिनेट ने 50 बंधकों की रिहाई को सुरक्षित करने के लिए हमास के साथ युद्ध विराम के समझौते को मंज़ूरी दे दी है। इसके तहत लड़ाई में चार दिन के विराम के दौरान बंधक रिहा किए जाएंगे, यह भी कहा गया है कि अतिरिक्त दस बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम को एक और दिन के लिए बढ़ाया जाएगा। हालांकि खबर ये भी है कि कैबिनेट की बैठक से पहले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बंधकों की रिहाई के लिए समझौता होने के बावजूद हमास के साथ युद्ध जारी रहेगा। अब इजरायल की केबिनेट की बात सुनी जाएगी या नेतन्याहू की, ये अगले दो-तीन दिनों में ही साफ हो जाएगा। अगर युद्ध रुका रहा, तो यह बहुत बड़ी राहत होगी। इस समझौते के बाद हमास ने बताया है कि इजरायली बंधकों के बदले इजरायल की जेलों से 150 फ़िलिस्तीनियों को रिहा किया जाएगा। क्या इजरायल वाकई ऐसा करेगा, ये देखना होगा।

इस समझौते के तहत राहत सामग्री और दवाइयां लेकर आने वाले सैकड़ों ट्रकों को ग़ज़ा में दाखि़ल होने की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि ईंधन, भोजन, पानी और दवाओं के अभाव में गज़ा एक बड़े कब्रिस्तान में बदलता जा रहा है। फिलिस्तिनियों के लिए मात्र 10 प्रतिशत ही भोजन उपलब्ध है, अस्पतालों में बिजली और दवाओं के न होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो रहा। ऊपर से इजरायली विमानों ने चुन-चुन कर अस्पतालों को निशाना बनाया है, जबकि वहां आतंकियों के ठिकाने हैं, इसकी कोई पुष्टि नहीं है। जो लोग बमों और गोलियों से न मरें, वे भूख और बीमारी से मर जाएं, कुछ हालात ऐसे बन गए हैं। ऐसे में राहत सामग्री के पहुंचने से कुछ तो मदद मिलेगी।

चार दिनों के युद्ध विराम के इस समझौते को करवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, और सीआईए के प्रमुख खास तौर पर शामिल रहे। अमेरिकी नेताओं ने क़तर और इजराइल के साथ लगातार वार्ताएं कीं ताकि समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। दरअसल इस समझौते में अमेरिका के अपने हित भी जुड़े हैं। 7 अक्टूबर से दस अमेरिकी लापता हैं और ये माना जा रहा है कि उन्हें बंधक बनाकर रखा गया होगा। साफ हो गया कि बिना स्वार्थ के अमेरिका कुछ नहीं करता। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र संघ ने युद्ध विराम की कितनी कोशिशें की, लेकिन अमेरिकी रवैये के कारण वे सफल नहीं हो पाईं। दुख इस बात का है कि भारत भी अमेरिका के पीछे चलता दिखाई दे रहा है। कल ही यानी मंगलवार को ब्रिक्स देशों ने एक असाधारण वर्चुअल सम्मेलन में ग़ज़ा में तुरंत संघर्ष-विराम लागू करने की अपील की थी। इसके सदस्य देशों में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि फ़िलिस्तीनियों की अलग देश की मांग को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है, तो वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस संकट के लिए नाकाम अमेरिकी कूटनीति को ज़िम्मेदार बताया और दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल पर 'युद्ध अपराधों' और नरसंहार के आरोप लगाये हैं। लेकिन भारत की ओर से मोदी इस बैठक में शामिल नहीं हुए, शायद उनकी चुनावी व्यस्तता थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसमें हिस्सा लिया। ब्रिक्स नेताओं ने जहां संघर्षविराम की मांग की वहीं भारतीय विदेश मंत्री ऐसा कहने से बचते नजर आए और केवल इतना कहा कि फ़िलिस्तिनियों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। इससे पहले भी युद्धविराम पर भारत संयुक्त राष्ट्र में हुए मतदान से दूर रहा था, जबकि बाक़ी सभी ब्रिक्स सदस्य देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया था।

प्रधानमंत्री मोदी का इजरायल और अमेरिका के लिए झुकाव अब छिपी बात नहीं है। लेकिन उनकी धारणाओं के कारण देश की विदेश नीति गलत राह पर चले या उसकी साख को धक्का लगे, ये सही नहीं है। बेंजामिन नेतन्याहू तो अपना नाम कैसे दर्ज कराएंगे ये तय है। अब श्री मोदी को विचार करना होगा कि वे भारत का परचम विश्वशांति के लिए लहराते हैं या फिर हिंसा और बदले की जुबान बोलने वालों के साथ खड़े होते हैं।

# पनौती और चुनौती

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

21वीं सदी में विकास के भ्रम में जी रहे भारत में पिछले चार दिनों से पनौती शब्द सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। पनौती एक नकारात्मक और अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाला शब्द है। जब इसे किसी व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है, तो इसका मतलब ये है कि वह व्यक्ति अपने आसपास के लोगों के लिए दुर्भाग्य लेकर आता है और बनते हुए काम बिगाड़ देता है। डायन और टोनही जैसे शब्दों की तरह ही पनौती भी मानवीय गरिमा के खिलाफ गढ़ा गया एक शब्द है, फर्क इतना ही है कि पनौती में लिंगभेद नहीं है, जबकि डायन और टोनही जैसे शब्द मजबूर, बेसहारा महिलाओं को प्रताड़ित करने के लिए किस धृष्टता के साथ इस्तेमाल किए जा चुके हैं, इसकी अनेक मिसालें हैं। इन शब्दों के इस्तेमाल को कानूनन अपराध मानने के बावजूद इनका इस्तेमाल अभी रुका नहीं है, क्योंकि अंधविश्वास की बेड़ियों को काटना एक-दो दिन का काम नहीं है। यह सतत जागरुकता और प्रयास की मांग करता है। इस वक्त जिस तरह पनौती शब्द को ट्रेंड कराया जा रहा है, उससे यही समझ आता है कि भारत में अंधविश्वास की जड़ें बरगद की जड़ों की तरह मजबूती से धंसी हुई हैं। पं.नेहरू और डॉ. अंबेडकर, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ.होमी जहांगीर भाभा ने ऐसे भारत की कल्पना तो बिल्कुल भी नहीं की होगी, जो एक ओर आजादी का अमृतकाल मनाए और दूसरी ओर सत्ता की लड़ाई में पनौती जैसे शब्दों को ले आए। देश में पहले से कई तरह की चुनौतियां सिर उठाए खड़ी हैं, उस पर अंधविश्वास की इस चुनौती से कैसे निपटा जाएगा, यह विचारणीय है।

पनौती शब्द का ताजा सिलसिला इस रविवार से शुरु हुआ। 19 नवंबर 2023 को क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला भारत आस्ट्रेलिया से हार गया। आस्ट्रेलिया छठवीं बार विश्वविजेता बना, जबकि भारत सारे मैचों में विजेता रहकर भी आखिरी मुकाबला जीत नहीं पाया। मैच देखने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर सिनेमा, खेल, व्यापार और धार्मिक कारोबार से जुड़ी कई दिग्गज हस्तियां अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पहुंची हुई थीं। लेकिन भारत मैच हार गया तो कई दर्शकों ने प्रधानमंत्री मोदी को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए कह दिया कि वे पनौती हैं, वो खेल देखने पहुंच गए, इसलिए भारत मैच हार गया। इस विषय पर रविवार को देशबन्धु ने अपने संपादकीय में लिखा भी था कि ऐसी सोच रखना सरासर खेल भावना के विरुद्ध बात है। खेल से तो शारीरिक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छी होती है, इसमें अंधविश्वास जैसी बीमारी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। अफसोस की बात ये है कि रविवार से बढ़ते हुए ये सिलसिला बुधवार तक भी जारी है और शायद अब 30 तारीख तक ये मामला ऐसे ही खिंचे, क्योंकि विधानसभा चुनावों के आखिरी मतदान इसी दिन हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के उनके सलाहकारों ने कभी सोचा नहीं होगा कि क्रिकेट मैच को राजनैतिक हथियार बनाने का ये अंजाम भी हो सकता है। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच करवाना या फिर विश्वकप का फाइनल मुकाबला यहां रखना, इसके पीछे विशुद्ध राजनैतिक कारण था कि क्रिकेट से जुड़ी जनभावनाओं और दीवानगी को भाजपा के लिए वोट में तब्दील करना। भारत-पाक मैच में तो भारत की जीत हुई थी और तब जय श्रीराम के नारे लगा कर भाजपा समर्थकों ने अपने आकाओं के इरादे साफ कर दिए थे कि उनके लिए क्रिकेट केवल राजनैतिक लाभ कमाने का जरिया है। यही सोच फाइनल मुकाबले को लेकर भी थी। भारत मैच जीत जाता तो मीडिया 24 घंटे में एकाधा घंटे अपनी ओर से और जोड़कर मोदीजी की तारीफ में जी-जान लगा देता। फिर भाजपा का प्रचार तंत्र इसे विधानसभा चुनावों से लेकर 2024 के आम चुनावों तक भुनाता। मगर रविवार को भाजपा का दांव फेल हो गया। हालांकि श्री मोदी ने इसके बाद भी आपदा में अवसर तलाशने का जज्बा नहीं छोड़ा। वे ड्रेसिंग रूम तक कैमरों के साथ पहुंच गए, जबकि यह जगह खिलाड़ियों और टीम के बाकी लोगों के लिए ही होती है, यहां बाहरी कोई व्यक्ति नहीं जा सकता। मगर मोदीजी इसे भी मुमकिन बनाने की गरज से वहां पहुंचे और जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वे जबरदस्ती खिलाड़ियों को गले लगा रहे हैं, उनका हाथ पकड़ रहे हैं। भारत कोई पहली बार तो विश्वकप का फाइनल मुकाबला हारा नहीं है। जो खिलाड़ी हैं, वो जानते हैं कि हार-जीत लगी रहती है और कुछ देर की मायूसी के बाद वे फिर से मैदान में अभ्यास करने पहुंच जाते हैं। उन्हें ऐसी जबरिया सहानुभूति या प्रोत्साहन की कोई जरूरत नहीं थी, मगर मोदीजी ने कैमरों की खातिर ऐसा किया, ताकि देश उन्हें देखे और फिर अगले चुनाव में उन्हें वोट दे। क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते मोदीजी को क्या एक बार भी वो महिला पहलवान याद आई होंगी, जो सच में उनके सहयोग और समर्थन की मांग करते हुए कई दिनों तक जंतर-मंतर पर बैठी रहीं।

> **क्रिकेट का चुनावी लाभ लेने की कोशिश भाजपा ने की, तो कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं रही। भाजपा ने टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं तो कांग्रेस ने भी इसके मजे लेते इसे इंडिया की जीत के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस जानती है कि भाजपा इंडिया गठबंधन के कारण इंडिया शब्द बोलने से बचती रहती है, लेकिन क्रिकेट के कारण भाजपा को इंडिया का नाम लेना पड़ा और कांग्रेस ने इस मौके को भुना लिया।**

खैर, क्रिकेट का चुनावी लाभ लेने की कोशिश भाजपा ने की, तो कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं रही। भाजपा ने टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं तो कांग्रेस ने भी इसके मजे लेते इसे इंडिया की जीत के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस जानती है कि भाजपा इंडिया गठबंधन के कारण इंडिया शब्द बोलने से बचती रहती है, लेकिन क्रिकेट के कारण भाजपा को इंडिया का नाम लेना पड़ा और कांग्रेस ने इस मौके को भुना लिया। इसके बाद मंगलवार को एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने भारत की हार का जिक्र किया, सभा में मौजूद लोगों में से कुछ ने पनौती शब्द कहा तो राहुल गांधी ने भी पनौती, पनौती बोलकर बता दिया कि देश में इस हार को लेकर इस नक्त कैसी सोच चल रही है। हालांकि राहुल गांधी ने सीधे तौर पर श्री मोदी का नाम नहीं लिया, लेकिन राहुल पर दिन-रात नजर रखने वाली भाजपा ने अनकहे शब्दों को समझते हुए मान लिया कि राहुल मोदी के लिए ही पनौती कह रहे हैं। इसके बाद मोदी समर्थक तमाम चैनलों में कई घंटों की बहस पनौती शब्द और राहुल की सोच पर हो गई। भाजपा के जुझारू नेतागण नरेन्द्र मोदी के बचाव में अपने-अपने पैंतरों के साथ उतर पड़े। इसे प्रधानमंत्री का अपमान बताया और राहुल से माफी की मांग भी कर दी। जाहिर है अब भाजपा इस मुद्दे को चुनावी रंग देगी और हो सकता है अगली किसी रैली में मोदी इसके लिए सहानुभूति बटोरने की कोशिश में दिखें।

राहुल के बचाव में बहुत से लोग प्रधानमंत्री मोदी के कहे पुराने शब्दों की सूची गिना रहे हैं, जिनमें जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, पचास लाख की गर्लफ्रेंड, पप्पू, मूर्खों का सरदार प्रमुख हैं। निश्चित ये सारे शब्द अनैतिकता और मर्यादाहीनता की ज्वलंत मिसाल हैं, इनकी कड़ी आलोचना होनी चाहिए। लेकिन इनके जवाब में पनौती जैसा शब्द अस्वीकार्य है। राहुल गांधी ने किसी का नाम लेकर पनौती नहीं कहा, लेकिन बेहतर होता वे इस शब्द का जिक्र करके कह सकते थे कि ऐसे अंधविश्वास फैलाने वाले शब्द नहीं कहे जाने चाहिए। असल में राहुल गांधी की राजनीति यही है और इसलिए उनसे ऐसी उम्मीद भी है। जैसे को तैसा वाला अंदाज राहुल की राजनीति का नहीं रहा है, तो अब उन्हें अपनी राह से नहीं भटकना चाहिए। राहुल की बात को अब देश के लाखों लोग गौर से सुनने और मानने लगे हैं। अगर राहुल ऐसे में अंधविश्वास के खिलाफ कोई भी संदेश देते तो निश्चित ही उसका दूरगामी असर होता। अपनी रैलियों में राहुल ने महंगाई, बेरोजगारी, अंधपूंजीवाद, किसान, मजदूर, दलित, ओबीसी, महिलाओं, अल्पसंख्यकों के मुद्दे उठाए हैं। देश को ऐसे ही मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अपने राजनेताओं को बाध्य भी करना चाहिए, क्योंकि आखिर में इसका असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ता है। पनौती जैसे शब्द मूल मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं। भाजपा हमेशा ऐसे भटकाव के मौके तलाशती है, राहुल को ऐसा कोई भी मौका भाजपा को नहीं देना चाहिए।

# रोजमर्रा की जिंदगी में एआई के उपयोग और दुरुपयोग पर गहन बहस

■ कल्याणी शंकर

वर्तमान विधानसभा चुनाव प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) तकनीक का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। इसमें हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित गाने बनाना शामिल है। ये गाने इंटरनेट पर वायरल हो गये हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत संदेश भेजने के लिए एआई-संचालित वॉयस क्लोनिंग टूल का उपयोग किया गया है।

तेलुगू में मोदी के डिजिटल रूप से प्रस्तुत गीतों को 20 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसकी तुलना में, उनकी आवाज़ वाला एक तमिल भाषा का गाना 27 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसके अलावा, मोदी की आवाज वाले एक पंजाबी गाने को 170 लाख से अधिक बार देखा गया है।

इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी गायिका फालू को पीएम मोदी पर फिल्माए गए उनके गीत 'एबंडेंस इन मिलेट्स' के लिए ग्रैमी नामांकन मिला है।

कांग्रेस और भाजपा ने एआई-संचालित वॉयस क्लोनिंग टूल का इस्तेमाल किया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसके लिए उल्लेखनीय हैं। कुछ टेलीविजन चैनलों ने उड़िया, कन्नड़ और हिंदी में एआई टीवी एंकर पेश किये हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। उन्नत निदान, उपचार और रोगी देखभाल उपकरणों ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार किया है।

विश्व आर्थिक मंच की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई पर भारत का खर्च 2025 तक 11.78बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह 2035 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ने में योगदान देगा। प्रधानमंत्री मोदी भारत में एआई विकास को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं।

ये सब हमें इस सवाल पर लाते हैं कि क्या एआई धीरे-धीरे दुनिया पर कब्जा कर रहा है। 1 नवंबर को ऐतिहासिक बैलेचले पार्क में यूके द्वारा आयोजित पहले एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन में, राजनीतिक और उद्योग जगत के नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के खतरों पर चर्चा की। इस बात पर भी ध्यान दिया गया कि प्रौद्योगिकी को सुरक्षित रूप से कैसे विकसित किया जाये। संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ सहित लगभग 28 देशों ने उसमें भाग लिया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया। भारत का प्रतिनिधित्व राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने किया। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि एआई और तकनीक अच्छाई, सुरक्षा और विश्वास का प्रतिनिधित्व करें।'

एआई में तेजी से हो रही प्रगति भय के साथ-साथ उत्साह भी पैदा कर रही है। प्रतिभागियों में विनाशक से लेकर आशावादी तक शामिल थे, जिन्हें आशा थी कि एआई मानवता को बचायेगा। उन्होंने मुद्दे की वैश्विक प्रकृति को संबोधित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर बल दिया।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि वह कंप्यूटर पर मानवता का नियंत्रण खोने से चिंतित हैं। साइबर हमलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर भी चर्चा की गई। एआई ऐसे पैमाने और गति का प्रतिरूपण कर सकता है जिसके बारे में कभी पता नहीं चला। इनसे वैश्विक वित्तीय व्यवस्था चरमरा सकती है और लोकतंत्र को ख़तरा हो सकता है। भारत दिसंबर में एक और बैठक की मेजबानी करने की योजना बना रहा है।

मेजबान देश के रूप में, यूके एआई के उभरते रूपों की सुरक्षा की जांच करने के लिए एक आधिकारिक एआई सुरक्षा संस्थान के गठन की घोषणा करने वाला पहला देश था।

सम्मेलन के अंत में, घोषणा में कहा गया: 'बैलेचले घोषणा सुरक्षित, जिम्मेदार एआई विकास पर जोर देती है, जोखिमों को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आग्रह करती है, और वैश्विक लाभों को बढ़ावा देती है।'

आशंकाओं में से एक है नौकरियां खोना... गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने स्वीकार किया, 'ज्ञानी कार्यकर्ता, लेखक, अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट और, विडंबना यह है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को अपनी नौकरियों पर खतरा होगा।'

जेनेरिक एआई उपकरणों का उपयोग करने वाले आतंकवादी समूहों की चिंता और यह डर कि एआई मनुष्यों द्वारा बेकाबू हो सकता है, अतिरिक्त चिंताएं हैं। आने वाले वर्ष में एआई चिंताओं में वास्तविक समय साइबर सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता, सॉफ्टवेयर विकास त्वरण और ग्राहक सेवा स्वचालन शामिल होंगे।

एआई के नुकसान हैं, जैसे संभावित नौकरी विस्थापन और नैतिक चिंताएं, रचनात्मकता और सहानुभूति जैसे मानवीय गुणों को खोने की संभावना, उच्च लागत और जटिलता, विश्वसनीयता के मुद्दे और प्रौद्योगिकी पर निर्भरता। यह नकारात्मक विचारों को मानवता के नजरिये से नहीं देख सकता या कारण और प्रभाव को नहीं समझ सकता। यह समय को भी नहीं समझ सकता।

> **एआई धोखाधड़ी, हैकिंग प्रयासों और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और उन्हें रोकने के द्वारा चुनाव सुरक्षा बनाये रखने में महत्वपूर्ण है। यह चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान घटनाओं का उपयोग कर सकता है। एआई-संचालित चैटबॉट मतदाताओं को मतदान स्थानों, उम्मीदवार प्रोफाइल और अतिरिक्त महत्वपूर्ण चुनाव संबंधी जानकारी के बारे में सूचित कर सकते हैं।**

दूसरी ओर, समर्थकों का दावा है कि एआई कार्यों को स्वचालित करके, डेटा का विश्लेषण करके, निर्णय लेने, 24/7 कार्य संचालन करने, त्रुटियों को कम करने और सुरक्षा सुनिश्चित करके दक्षता में सुधार करता है। मतदाता पंजीकरण और सत्यापन के लिए एआई का उपयोग किया जा सकता है। मतदाताओं के व्यवहार के पूर्वानुमानित विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग करने से राजनेताओं को लाभ होगा। एआई भावनाओं को मापने और राजनीतिक अभियानों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया का विश्लेषण कर सकता है ताकि उनके संदेशों को तैयार किया जा सके।

इसके अलावा, एआई धोखाधड़ी, हैकिंग प्रयासों और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और उन्हें रोकने के द्वारा चुनाव सुरक्षा बनाये रखने में महत्वपूर्ण है। यह चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान घटनाओं का उपयोग कर सकता है। एआई-संचालित चैटबॉट मतदाताओं को मतदान स्थानों, उम्मीदवार प्रोफाइल और अतिरिक्त महत्वपूर्ण चुनाव संबंधी जानकारी के बारे में सूचित कर सकते हैं।

इस पहले शिखर सम्मेलन ने सफलतापूर्वक इन लोगों को एक साथ मेज पर लाया और एआई पर चर्चा की। इसके फायदे और खतरे पर विचार विमर्श हुआ। इस शिखर सम्मेलन ने सफलतापूर्वक इन विश्व नेताओं को एक मंच पर एक साथ ला दिया। अभी तक एआई के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था नहीं बनी है।

आखि़रकार, हमें इन सवालों का जवाब ढूंढना होगा कि क्या हमें सभी नौकरियां स्वचालित कर देनी चाहिए, जिनमें संतुष्टि देने वाली नौकरियां भी शामिल हैं? क्या हमें ऐसे गैर-मानवीय दिमाग विकसित करने चाहिए जो अंततः संख्या में हमसे आगे निकल जायें, हमसे चतुराई से आगे निकल जायें और हमारी जगह ले लें? क्या एआई एक खतरनाक या स्वागतयोग्य तकनीक है?

फिर भी, एआई को पूरी गति से अपनाने में समय लगेगा। यही एआई मुद्दे की जड़ है। यह अभी भी शुरुआती चरण में है। विश्व नेताओं और उद्योग जगत के नेताओं को नियामक प्रणाली पर अपना दिमाग लगाना चाहिए। दुष्ट उपयोगकर्ताओं को नियंत्रित किया जाना चाहिए। सभी देशों को नियमों और विनियमों को स्वीकार करना होगा।

## पावन प्रसंग

### असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले-'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### वैश्विक देशों का भारत के प्रति तर्कसंगत राजनयिक विश्वास

भारत के पांचवी आर्थिक शक्ति बनने के बाद इजराइल-हमास के विनाशकारी युद्ध हमास का आतंकवादी चेहरा और इजरायल की बदला लेने की सनक के साथ रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन के परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की यूक्रेन तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध धमकी ने अमेरिका, ब्रिटेन,फ्रांस, कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों को चिंता में डाल दिया है। ऐसे में विश्व के देशों ने भारत की ओर आशा लगाकर भारतीय प्रधानमंत्री से यह उम्मीद की जा रही है कि भारत के प्रधानमंत्री इजरायल अमेरिका और फिलिस्तीन के साथ ईरान, इराक, सऊदी अरब के नेताओं के मध्य संवाद करवा कर शांति का रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे, दूसरी तरफ पुतिन को अपने पुराने संबंधों के चलते विश्व शांति का पाठ पढ़ा सकते हैं। भारत की विश्व में नई सामरिक तथा आर्थिक स्थिति अब पहले से ज्यादा कई गुना मजबूत हो गई है। अब भारत अपनी बात हर तरह से मनवाने में सक्षम भी है। दूसरी तरफ इंग्लैंड के प्रधानमंत्री के सामने भारत से अपने मूल रूप से संबंध अच्छे करने की चुनौती भी है।

उज़्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने अपनी नई दमदार विदेश नीति का आगाज किया है। भारत अब वो पुराना भारत नहीं रहा है। इस बात को दुनिया के सामने इस संगठन की बैठक में भारत ने बड़ी मजबूती के साथ रखा है। भारत की विदेश नीति के तहत भारत किसी एक मजबूत राष्ट्र का सहारा न लेकर रूस और अमेरिका को एक ही तराजू में तौल रहा है। भारत की नई कूटनीति तथा विदेश नीति की धमक अब स्पष्ट रूप से इस संगठन की बैठक में दिखाई दी है। भारत में अपनी कूटनीति के चलते बैठक में उपस्थित चीन तथा पाकिस्तान को दरकिनार कर पूरे विश्व को समझा दिया है कि चीन और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। इसी तरह यूक्रेन के मामले में भारत में रूस के व्लादिमीर पुतिन को साफ-साफ शब्दों में वैश्विक शांति की बातें समझाई है। अमेरिका को भी भारत ने समझा दिया है कि रूस और यूक्रेन मामले में वह अमेरिकी दबाव में न आकर वह रूस को मौन समर्थन देना नहीं छोड़ेगा और इसके अलावा रूस से अपने व्यवसायिक रिश्ते बनाकर क्रूड आयल, डीजल तथा पेट्रोल की खरीदी निरंतर जारी रखेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने विगत 3 वर्षों से अपनी विदेश नीति कुछ इस तरह निर्धारित की है कि जिसमें बड़े राष्ट्रों पर केंद्रित न होकर वह हर राष्ट्र से संबंध बनाकर वैश्विक जगत में अपनी नई स्वतंत्र विदेश नीति का आगाज करने जा रहा है। आने वाले समय में भी भारत की विदेश नीति एवं भारतीय गणतंत्र एक नई विदेश नीति लेकर उभरेगा।

भारत को संभवतः शंघाई सहयोग संगठन और जी-20 तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद जैसे महत्वपूर्ण संगठनों में अध्यक्षता का अवसर भी मिलेगा क्योंकि आने वाले वर्ष में भारत वर्ष में ही शंघाई संगठन सहयोग और जी-20 की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने वाली हैं। जी 7 देशों में भी जर्मनी तथा कुछ अन्य देश इस समूह में भारत को शामिल करना चाहते हैं। इस तरह इन देशों के समर्थन से भारत जी 7 का महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन सकता है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अपने को स्वतंत्र विदेश नीति का पोषक बना कर रखा है और विगत वर्षों से भारत ने अपने को एक गुट निरपेक्ष राष्ट्र की तरह वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा ताजा-ताजा चीन-ताइवान तथा अमेरिकी द्वंद में भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के तहत एक अलग मध्यम मार्ग बनाए रखा है।

**संजीव ठाकुर**

## इंडोनेशिया में 6.6 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत उत्तरी मालुकु में बुधवार को 6.6 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, लेकिन देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि इससे सुनामी आने की संभावना नहीं है। सिन्हुआ न्यूज ने मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से बताया कि भूकंप सुबह 9.48 बजे आया, इसका केंद्र पश्चिम हल्माहेरा रीजेंसी से 68 किमी उत्तर पश्चिम में समुद्र में 109 किमी की गहराई पर स्थित था। इसमें कहा गया है कि भूकंप के झटके निकटवर्ती उत्तरी सुलावेसी प्रांत में भी महसूस किए गए।



# इजराइल चार दिवसीय युद्धविराम पर सहमत

- हमास 50 बंधकों को रिहा करने को हुआ तैयार
- 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा इजराइल



**तेल अवीव,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। इजराइली कैबिनेट ने 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में बंधक बनाए गए महिलाओं और बच्चों सहित 50 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए चार दिवसीय युद्धविराम और हमास के साथ एक समझौते पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार देर रात कैबिनेट बैठक में कहा कि देश युद्ध नहीं रोकेगा।

एक बयान में, इजराइली प्रधान मंत्री कार्यालय ने कहा कि समझौते के तहत, प्रत्येक अतिरिक्त 10 बंधकों की रिहाई से लड़ाई में रुकावट एक दिन बढ़ जाएगी।

बुधवार सुबह हमास ने कहा कि समझौते के तहत इजराइली जेलों में बंद 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा।

बयान में कहा गया है कि कैदियों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास के बयान में कहा गया है कि इस सौदे में गाजा के सभी हिस्सों में सहायता राहत, चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन ले जाने वाले सैकड़ों ट्रकों का प्रवेश भी शामिल है। एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, बंधकों के पहले समूह की रिहाई जल्द ही होगी। कतर और अमेरिका युद्धविराम के लिए इजराइल और हमास दोनों के साथ सक्रिय मध्यस्थता वार्ता में शामिल रहे हैं। संघर्ष विराम का विरोध करने वालों ने इज़राइली कैबिनेट को चेतावनी दी कि यह आंशिक बंधक समझौता कैद में रखे गए सभी लोगों को सुरक्षित करने की प्रक्रिया को पटरी से उतार देगा और यह गाजा में आतंकवादी समूह के खिलाफ सैन्य हमले को जटिल बना देगा। हालांकि नेतन्याहू ने कहा, हम युद्ध में हैं और तब तक युद्ध में बने रहेंगे जब तक हमास को नष्ट करने और हमारे सभी बंदियों को रिहा करने सहित हमारे उद्देश्य पूरे नहीं हो जाते। इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि गाजा में कम से कम 236 बंधक हैं।

## भारत के कैग संयुक्त राष्ट्र के लेखा परीक्षक पैनल के उपाध्यक्ष चुने गए



**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू को वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया है।

कैग ने कहा, यह मान्यता बाहरी ऑडिट के उच्चतम मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक ऑडिट परिदृश्य को आकार देने में उसकी सक्रिय भागीदारी को रेखांकित करती है। मुर्मू ने 20-21 नवंबर 2023 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित बाहरी लेखा परीक्षकों के पैनल के 63वें सत्र में भाग लिया था। बाहरी लेखा परीक्षकों का पैनल जिसमें वैश्विक स्तर पर 12 सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (एसएआई) के प्रमुख शामिल हैं, संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, निधियों और कार्यक्रमों और विशेष एजेंसियों के बाहरी लेखा परीक्षा की देखरेख करते हैं। इस स्वतंत्र निकाय में कनाडा, चिली, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, फिलीपींस, रूस, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं के वित्तीय, प्रदर्शन और अनुपालन का ऑडिट करता है। वार्षिक बैठक ने विभिन्न मुद्दों पर सहयोगात्मक चर्चा के लिए एक अद्वितीय मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें पैनल पत्र पर महासचिव की प्रतिक्रिया पर फॉलोअप कार्रवाई और वित्तीय और प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण मसलों का समाधान करना शामिल है। बैठक में मुर्मू ने संयुक्त राष्ट्र संगठनों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण वित्तीय और प्रबंधन मुद्दों पर चर्चा का नेतृत्व किया। एक अलग बैठक में, मुर्मू ने पैनल के सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की, जोखिम प्रबंधन, चुनौतीपूर्ण वित्तीय माहौल और अच्छी तरह से संरचित वित्त पोषण रणनीतियों की अनिवार्यता के क्षेत्रों में विचारों का आदान-प्रदान किया।

## सुडोकू 6384

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 8 | | 6 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 2 | 4 | | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | 1 | 9 |
| | 3 | 9 | 2 | | 8 | 4 | 6 | |
| 8 | 4 | | 5 | | | | | 7 |
| | 8 | 3 | | 1 | | | | 6 |
| | | | 4 | 3 | | 2 | 9 | |
| 9 | | 4 | | 6 | 5 | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 23 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 11

### राशिफल

मेष - शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। सर्दी, कफ, बुखार की पीड़ा सता सकती है। धर्म का काम करने में धन खर्च होने की स्थिति होगी। खर्च बढ़ेगा। लुभावने ऑफरों में न पड़ें।

वृषभ - परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। परिवार और मित्रों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे। आपकी आय और व्यापार- धंधे में वृद्धि होगी। रमणीय स्थल पर पर्यटन का आयोजन होगा। मित्रों से लाभ होगा।

मिथुन - आज आपका सभी काम सरलतापूर्वक पूरे करेंगे। घर, ऑफिस तथा सामाजिक क्षेत्र में अनुकूल वातावरण बनने से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मान- सम्मान में वृद्धि होगी।

कर्क - आज आपके लिए काफी आरामदायक दिन है। हर काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति होने के योग हैं। अधिकारियों से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

सिंह - आज स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य के पीछे धन का खर्च भी हो सकता है। खान-पान में सावधानी बरतें और बाहर के खाने से परहेज करें। वैचारिक स्तर पर नकारात्मकता छाई रहेगी।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ है। यश कीर्ति प्राप्त होने में सरलता रहेगी। व्यापार के क्षेत्र में भागीदारों के साथ संबंधों में सकारात्मकता बढेगी। वस्त्र आभूषणों की खरीदी से मन आनंदित रहेगा।

तुला - आप का स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में लाभ होगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आप समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। वाणी पर संयम बरतें। खर्च पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक - वाद-विवाद से दूर रहना आपके लिए हितकारी है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता प्राप्त होने से उनके उत्साह में वृद्धि होगी। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश न करें।

धनु - मानसिक रुप से आज आपमें उत्साह का अभाव रहेगा, जिससे मन में अशांति बनी रहेगी। परिजनों के साथ अनबन होने से पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। स्थायी संपत्ति के दस्तावेजी कामों में विशेष ध्यान रखें।

मकर - मित्रों और परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेगा। किसी पर्यटन स्थल पर घूमने जा सकते हैं। स्थायी संपत्ति विषयक काम आज पूरे कर पाएंगे। लोगों के लिए समय अनुकूल है। विद्यार्थियों को समय की अनुकूलता रहेगी।

कुंभ - मानसिक रूप से दुविधा का अनुभव होने से निर्णय लेने में परेशानी होगी। निरर्थक खर्च से बचें। वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा परिजनों से अनबन होने की आशंका बनी रहेगी।

मीन - शारीरिक और मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य प्रसन्नता से भरा रहेगा। उत्साहपूर्ण वातावरण होने से नए काम का प्रारंभ करने की प्रेरणा मिलेगी। पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति बनी रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## चीन में शीत लहर के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के कुछ हिस्सों में तापमान में भारी गिरावट के आसार के मद्देनजर शीत लहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया। यहां के मौसम विज्ञान अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार से शुक्रवार तक यांग्त्जी नदी के मध्य और निचले इलाकों तथा उनके उत्तर के क्षेत्रों में तापमान में छह से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। भीतरी मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र, हेबेई प्रांत और पूर्वोत्तर चीन के कुछ हिस्सों में बुधवार सुबह आठ बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक तापमान 20 डिग्री सेल्सियस गिरने के आसार हैं, जिससे कुछ क्षेत्रों में तापमान शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे तक चले जाने के अनुमान हैं।

केंद्र ने कहा कि तापमान में गिरावट के साथ तेज हवाएं और आंधी चलने का अनुमान है। इस दौरान लोगों से गर्म कपड़े पहनने और गर्म स्थान पर रहने की सलाह दी गयी है। इसके अलावा, पशुधन और फसलों की सुरक्षा के लिए उपाय करने का आग्रह किया है।

### जी-20 वर्चुवल बैठक में बोले मोदी

## आतंकवाद अस्वीकार्य नागरिकों की मौत निंदनीय



**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। जी-20 वर्चुवल बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को लेकर बडा बयान दिया है। उन्होंने कहाकि आतंकवाद हम सभी को अस्वीकार्य है,नागरिकों की मौत कहीं भी हों वह निदनीय है। इजरायल-हमास संघर्ष पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहाकि मानवीय सहायता का निरंतर और समय से पहुंचना आवश्यक है। यह सुनिश्चत करना भी जरूरी है कि यह लडाई किसी भी तरह के क्षेत्रीय संघर्ष का रूप न लें। उन्होंने कहाकि आज संकटों के जो बादल वें देख रहे हैं, एक परिवार में यह ताकत है कि लोग शांति से काम कर सकते हैं। मानवीय कल्याण के लिए वे आतंक और हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर सकते हैं। इसके लिए भारत कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहाकि एक साल में जी-20 के नेताओ ने मिलकर इसे नई उंचाई पर पहुंचाया है। अविश्वास और चुनौतियो से भरी इस दुनिया में आपसी विश्वास ही है,जो लोगों को बांधता है और एक-दूसरे से जोडता है। इस एक साल में वन अर्थ, वन फेमिली, वन फ्यूचर में विश्वास जताया है और विवादों से हटकर एकता और सहयोग का परिचय दिया है। उस पल को कतई नहीं भूला जा सकता है,जब दिल्ली में सभी ने सर्वसम्मति से जी-20 में अफ्रीकन यूनियन का स्वागत किया।


भारत के लिए यह गर्व की बात है कि पूरी दुनिया ने एक साल में ग्लोबल साउथ की गूंज सुनी है। गत दिनों ग्लोबल साउथ समिट में 130 देशों ने नइ दिल्ली में लिए गए जी-20 के फैसलों की सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहाकि देश के करोडों नागरिक जी-20 से जुडे,उन्होंने इसे पर्व की तरह मनाया। बतौर अध्यक्ष जब उन्होंने इस वर्चुवल समिट का प्रस्ताव रखा था,तब अनुमान नही था कि आज की वैश्विक स्थिति कैसी होगी। पिछले महीनों में नई चुनौतियां पैदा हुई हैं।

## आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में चार और कर्मचारी बर्खास्त

**कई और पर भी जल्द गिरेगी गाज**


**जम्मू,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने राष्ट्रविरोधी और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में डाक्टर्स एसोसिएशन आफ कश्मीर (डीएके) के अध्यक्ष सहित चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस बीच प्रशासन ने जल्द ही बीसियों और कर्मचारियों पर गाज गिराने की तैयारी की है। सूत्रों ने बताया कि बर्खास्त किए गए लोगों में एक डॉक्टर, एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और उच्च शिक्षा विभाग में एक लैब बियरर शामिल हैं। उन्हें भारत के संविधान के 311 (2) (सी) का उपयोग करके यूटी प्रशासन द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है, जो इसे बिना किसी जांच के ऐसा करने का अधिकार देता है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बर्खास्त किए गए लोगों में डा निसार-उल-हसन (डाक्टर), सलाम राथर (उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला प्रभारी), अब्दुल मजीद भट (कांस्टेबल) और फारूक अहमद मीर (शिक्षक) शामिल हैं। अधिकारियों ने खुलासा किया कि यह आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र और इसके प्रमुख हितधारकों के खिलाफ यूटी प्रशासन के युद्ध का हिस्सा है, जिन्हें अतीत में विभिन्न रंगों के राजनीतिक शासनों द्वारा गुप्त रूप से सरकारी तंत्र में शामिल किया गया था। जानकारी के लिए पिछले 3 वर्षों में, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने राष्ट्रविरोधी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 50 से अधिक ऐसे कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भारत के संविधान की धारा 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया है। इस बीच प्रदेश प्रशासन ने और उन सरकारी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना लिया है जिनके प्रति उसे शक है कि वे आतंकी तथा राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर लिप्त हैं। इसकी खातिर उसने वर्ष 2018 के बाद भर्ती हुए सभी सरकारी कर्मचारियों व अफसरों की सीआईडी जांच करवाने का जिो निर्देश जनवरी में दिया था।

## उत्तरी जाम्बिया में अवैध खनन के 33 आरोपी गिरफ्तार



**लुसाका,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका में स्थित स्थलरूद्ध देश जाम्बिया के उत्तरी हिस्से में स्थित मपिका जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने अवैध खनन गतिविधियों पर छापेमारी कर कम से कम 33 लोगों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस, आव्रजन विभाग और ड्रग प्रवर्तन आयोग के अधिकारियों ने रविवार और मंगलवार के बीच एक संयुक्त अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन को रोकना और अवैध प्रवासियों को पकड़ना था। जाम्बिया पुलिस के प्रवक्ता राय हामूंगा ने एक बयान में कहा कि अवैध खननकर्ता अनियंत्रित हो गए हैं और उन्होंने पुलिस के खिलाफ विद्रोह करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन अवैध प्रवासी शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस अभियान में किसी की जान नहीं गई और पुलिस उपकरणों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन पुलिस एक अवैध खननकर्ता के पास से 23 विस्फोटक और कुल मिलाकर 150 विस्फोटक जब्त करने में सफल रही।

## वर्ग पहेली 6384



**बायें से दायें:-**

१. जलसेना का प्रमुख
४. पवित्रता, शुद्धता (उर्दू)
६. निपुण, दक्ष (उर्दू)
७. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
८. पदार्पण करना
१०. आचरण, प्रकृति
११. वर्षण, वर्षा होना
१३. जिसके बाल खड़े हों
१४. गंभीर, संवेदनशील
१५. नया पैदा हुआ
१७. विद्यमान होना, निवास करना
१९. उदासी
२१. लौंग
२२. कुछ-कुछ लाल रंग का
२८. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवजात छोटे बच्चे (उर्दू)
२. सामान-असबाब (उर्दू)
३. माफी मांगना
४. पासपोर्ट
५. अवश्य (उर्दू)
९. पार लगाना, नौकायन
११. आत्म-रक्षा
१२. चेतनायुक्त
१३. रहमदिल
१४. भरा-पूरा, समृद्ध
१५. नयापन
१६. जादू के खेल दिखानेवाला (उर्दू)
१८. रूपवती
१९. प्रफुल्लित होना
२०. नक्षत्र, सितारा
२३. संग्राम, युद्ध

### वर्ग पहेली-6383

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | ष्य | २ रा | ज | ३ य | ■ | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| ७ दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | ■ | ह | ■ | १० त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ ब | ल | १२ आ | ना | ■ | ■ | १३ घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | १४ पिं | ज | रा | ■ | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | ■ | ज | ■ | १७ ना | १८ का | म |
| त | ■ | रू | ■ | १९ दू | र | २० स्थ | ■ | हि | ■ |
| २१ नि | ष्पा | प | ■ | भ | ■ | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | ■ | २४ म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1705 -निकोलस रोवे का प्ले युलिसेस का लंदन में प्रीमियर किया गया।
1808-टूडेला की लड़ाई-फ्रेंच मार्शल लेंस ने स्पैनिश सेना को हराया।
1810-अंग्रेजी अभिनेत्री सारा बूथ ने अपने हॉलीवुड करियर की शुरुआत थिएटर रॉयल, कोवेन्ट गार्डन में की थी।
1848-महिला मेडिकल शैक्षिक सोसाइटी बोस्टन में स्थापित की गयी।
1857 -कोलिन कैंपबेल की अगुवाई में अंग्रेजों ने लखनऊ को क्रांतिकारियों के कब्जे से मुक्त कराया
1863-पहली बार रंगीन फोटो बनाने की प्रक्रिया के लिए पेटेंट दी गयी।
1876-पोर्फिरियो डीआज़ मेक्सिको के राष्टपति बनाये गये।
1890-नीदरलैंड के राजा विलियम तृतीय की मौत हुई।1890-इटली में पहली बार आम चुनाव हुआ।
1892-लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया। युद्ध में करीब 3000 लोग मारे गये।
1909-राइट बंधुओं ने विमानों के उत्पादन के लिए 10 लाख डॉलर की पूंजी से कंपनी की स्थापना की।
1926-आध्यात्मिक गुरु सत्य साई बाबा का जन्म।
1927-ऑटोमेटेड म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट नाम की कंपनी ने पहला ज्यूक बॉक्स तैयार किया।
1936-फोटो पत्रकारिता में एक अलग पहचान रखने वाली पत्रिका लाइफ का पहला अंक प्रकाशित हुआ।

**रिपोर्ट** भारत को चेतावनी जारी की : रिपोर्ट

## अमेरिका ने सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश को नाकाम किया



**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी किया था इसारा**

**वाशिंगटन,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी अधिकारियों ने अमेरिकी धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया है। मामले से परिचित कई लोगों का कहना है कि इस साजिश में शामिल होने की चिंता के साथ भारत को चेतावनी जारी की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, साजिश का लक्ष्य एक अमेरिकी और कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नून था, जो एक अमेरिकी-आधारित समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का सामान्य वकील है, जो खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र सिख राज्य की मांग करने वाले आंदोलन से जुड़ा हुआ है। मामले से परिचित लोगों ने, जिन्होंने चेतावनी देने वाली खुफिया जानकारी की संवेदनशील प्रकृति के कारण नाम जाहिर न करने का अनुरोध किया, यह नहीं बताया कि क्या नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के कारण साजिशकर्ताओं ने अपनी योजना छोड़ दी या क्या एफबीआई ने हस्तक्षेप किया और पहले से ही एक योजना को विफल कर दिया।

जून में वैंकूवर में मारे गए कनाडाई सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिका ने कुछ सहयोगियों को साजिश के बारे में सूचित किया। सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों के जरिए निज्जर पर गोलीबारी का तार भारत से जुड़े होने का पता चला है।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से वाकिफ एक व्यक्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जून में वाशिंगटन की हाई-प्रोफाइल राजकीय यात्रा के बाद अमेरिका ने विरोध प्रकट किया था। राजनयिक चेतावनी से अलग, अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने न्यूयॉर्क जिला अदालत में साजिश में शामिल कम से कम एक कथित अपराधी के खिलाफ सीलबंद अभियोग दायर किया है। अमेरिकी न्याय विभाग इस बात पर बहस कर रहा है कि क्या अभियोग वाले सीलबंद लिफाफे को खोला जाए और आरोपों को सार्वजनिक किया जाए या कनाडा द्वारा निज्जर की हत्या की जांच पूरी होने तक इंतजार किया जाए। कार्यवाही से परिचित लोगों के अनुसार, माना जाता है कि अभियोग में आरोपित एक व्यक्ति अमेरिका छोड़ चुका है। यह इस मामले को और अधिक जटिल बनाता है। अमेरिकी न्याय विभाग और एफबीआई ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा, अमेरिका ने हमारे सहयोगियों से जुड़े कानून प्रवर्तन मामलों या निजी राजनयिक चर्चाओं पर टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखना सर्वोपरि है।

## दुनिया को जानें

### कोरियाई युद्ध में मारे गए चीनी सैनिकों के अवशेष भेजने की तैयारी

**इंचियोन,** 22 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में 1950-53 के कोरियाई युद्ध में मारे गए 25 चीनी सैनिकों के अवशेषों को उनके वतन वापस भेजने की तैयारी की जा रही है। चीनी सैनिकों के 25 अवशेषों को ताबूतों में रखने का समारोह राजधानी सियोल के पश्चिम में इंचियोन में आयोजित किया गया।वयोवृद्ध मामलों के उप मंत्री चांग झेंगगुओ के नेतृत्व में चीनी प्रतिनिधिमंडल, दक्षिण कोरिया में चीनी दूतावास के अधिकारी, दक्षिण कोरिया में चीनी छात्रों और चीनी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने समारोह में भाग लिया। चीनी पीपुल्स वालंटियर्स के शहीदों के अवशेषों के लिए एक अस्थायी बस्ती में फूलों की टोकरी रखी गई थी। श्री चांग फूलों की टोकरी और रिबन की व्यवस्था करने के लिए आगे बढ़े। चीनी प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने सीपीवी शहीदों को तीन बार नमन किया और फूल भेंट किये। चीनी पक्ष की स्मारक सेवा के बाद दक्षिण कोरियाई पक्ष ने अवशेषों को ताबूतों में रखा। वर्ष 2014 के बाद से चीन और दक्षिण कोरिया ने मानवीय सिद्धांतों का पालन और मैत्रीपूर्ण और व्यावहारिक सहयोग करते हुए, लगातार नौ वर्षों तक दक्षिण कोरिया में 913 सीपीवी शहीदों के अवशेषों को सफलतापूर्वक सौंपा है।

# खेल जगत

## आवेश खान को राजस्थान रॉयल्स से, देवदत्त पडिक्कल को लखनऊ सुपर जाइंट्स से ट्रेड किया गया



मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 संस्करण से पहले ट्रेडिंग विंडो के दौरान आवेश खान को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) से राजस्थान रॉयल्स (आरआर) में ट्रेड कर दिया गया है, जबकि देवदत्त पडिक्कल को आरआर से एलएसजी में ट्रेड कर दिया गया है। आवेश ने अब तक 47 आईपीएल मैच खेले हैं और उनके नाम 55 आईपीएल विकेट हैं। आईपीएल ने एक बयान में कहा, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जिन्होंने 2022 में फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद 22 मैचों में एलएसजी का प्रतिनिधित्व किया और 26 विकेट लिए, उन्हें उनकी मौजूदा फीस के लिए आरआर में ट्रेड किया गया है। इस बीच, देवदत्त पडिक्कल अपनी मौजूदा फीस के लिए आरआर से एलएसजी का नेतृत्व करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज के नाम 57 आईपीएल मैच हैं और उन्होंने एक शतक और 9 अर्धशतकों की मदद से 1521 रन बनाए हैं।

# वनडे रैंकिंग में कोहली तीसरे स्थान पर पहुंचे, गिल टॉप पर बरकरार




- वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का कोहली को मिला फायदा
- गिल और बाबर के बीच में सिर्फ दो अंकों का फासला

**दुबई,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत के बल्लेबाज विराट कोहली वनडे खिलाड़ी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच, उनके साथी शुभमन गिल ने शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। कोहली ने हाल ही में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ 765 रन बनाए और इससे दाएं हाथ के बल्लेबाज को तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद मिली और गिल के केवल 35 रेटिंग अंक के भीतर, जो बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर रहे।

गिल 826 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, वह पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से थोड़ा आगे हैं, जो 824 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हालाँकि, विश्व कप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद कोहली (791 अंक) और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (अब 769 अंकों के साथ चौथे स्थान पर, एक स्थान ऊपर चढ़कर) करीब आ रहे हैं।


कोहली विश्व कप में तीन मौकों पर तिहरे आंकड़े तक पहुंचे और अपने पूर्व साथी सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा, जबकि रोहित ने 597 रन बनाए और भारत की जोड़ी ने टूर्नामेंट को दो प्रमुख रन स्कोरर के रूप में समाप्त किया। कोहली ने 2017 और 2021 के बीच लगभग चार वर्षों के शासनकाल के दौरान लगातार 1258 दिनों तक नंबर 1 रैंकिंग हासिल की, हाल के वर्षों में बाबर ने प्रमुख पद पर अधिकांश समय बिताया, जब तक कि गिल ने विश्व कप के दौरान शीर्ष बिलिंग हासिल की।

भारत की जोड़ी के बढ़ने का मतलब है कि दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान गिरकर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के डेरिल मिशेल विश्व कप में अपने 552 रनों के दम पर पांच स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। सबसे उल्लेखनीय प्रस्तावक ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड हैं, जो विश्व कप फाइनल में अपने उत्कृष्ट शतक और प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद प्रभावशाली 28 स्थानों की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए।

गेंदबाजी चार्ट में, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज शीर्ष पर बने हुए हैं, भारत की जोड़ी मोहम्मद सिराज (तीसरे) और जसप्रीत बुमराह (चौथे) एकदिवसीय गेंदबाजों के लिए शीर्ष 10 में मजबूती से कायम हैं, जबकि टीम के साथी कुलदीप यादव एक स्थान गिरकर छठे स्थान पर आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी अपने सफल विश्व कप अभियान के बाद रैंकिंग में आगे बढे हैं।

अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चार पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर, उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आठ पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस सात पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर हैं। विश्व कप के समापन पर ऑलराउंडरों की वनडे रैंकिंग के शीर्ष 10 में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है, बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर दो स्थान गिरकर सातवें स्थान पर और बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए।

# कैफ के जवाब में वार्नर ने कहा, दिन के अंत में आपको तब प्रदर्शन करना होगा जब यह मायने रखता है



**नई दिल्ली**, 22 नवंबर (एजेंसियां)। मोहम्मद कैफ की टिप्पणी के जवाब में, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने फाइनल में दबाव में प्रदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, आपको तब प्रदर्शन करने की जरूरत है जब यह मायने रखता है।

सोशल मीडिया पर मजाक तब शुरू हुआ जब ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत को छह विकेट से हरा दिया और अपने विश्व कप खिताब के रिकॉर्ड को छह खिताब तक बढ़ा दिया। भारत की हार के बाद कमेंट्री बॉक्स में मौजूद पूर्व भारतीय क्रिकेटर कैफ ने कागजों पर भारत को सर्वश्रेष्ठ टीम बताया।

कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं यह कभी स्वीकार नहीं कर सकता कि सर्वश्रेष्ठ टीम ने विश्व कप जीता है। भारतीय टीम कागज पर सर्वश्रेष्ठ है। हालाँकि, इस टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब ध्यान खींचा। वॉर्नर ने इसका बड़े ही रहस्यमय तरीके से जवाब दिया। वार्नर ने एक्स पर लिखा, मुझे एमके पसंद है, मुद्दा यह है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कागज पर क्या है। दिन के अंत में आपको तब प्रदर्शन करना होगा जब यह मायने रखता है। यही कारण है कि वे इसे फाइनल कहते हैं। यही वह दिन है जो मायने रखता है और यह किसी भी दिशा में जा सकता है, यह खेल है। 2027 हम आ गए।

गंभीर ने सप्ताह की शुरुआत में स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा था कि फाइनल जीतने वाली टीम जाहिर तौर पर विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम है और केवल वे ही इससे इनकार करेंगे जो सच्चाई से दूर जाना चाहते हैं।

मैं आपको स्पष्ट रूप से बताऊंगा। बहुत से लोगों को यह पसंद नहीं आएगा। मैंने कुछ विशेषज्ञों को यह कहते हुए सुना है कि सर्वश्रेष्ठ टीम विश्व कप नहीं जीत पाई। यह बिल्कुल सच नहीं है। यह सबसे विचित्र बयानों में से एक है। गंभीर ने कहा, मैंने सुना है।

# एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस किए जाने के साथ हैरान हूं : हार्दिक



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 22 नवंबर (देशबन्धु)। भरोसेमंद आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह ने भारत की पुरुष हॉकी टीम को फाइनल में जापान पर 5-1 से जीत के साथ हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जिता सीधे 2024 के 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कराने में अहम रोल अदा किया। बदकिस्मती से वह भुवनेश्वर-राउरकेला में हुए 2023 के एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के अधबीच चोट के चलते बाहर हो गए थे और भारत इसमें दक्षिण अफ्रीका को 5-2से हरा अपने ही घर में नौंवे स्थान पर रहा था। हार्दिक सिंह हो एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए नामित किया गया है।

हार्दिक ने कहा, %मैं एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस किए जाने के साथ हैरान भी हूं। एक खिलाड़ी के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ऐसी मान्यता हासिल करना हर खिलाड़ी का सपना होता है। बेशक मैं खुश हूं लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि 2023 का साल यह मेरा सबसे अच्छा साल था। मैं इस साल और बेहतर कर सकता था खासतौर पर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में, जिसमें चोट के चलते मेरा अहम मौके पर मेरा दिल टूट गया। बावजूद इसके कुल मिलाकर यह साल मेरे लिए अच्छा बीता क्योंकि हे एफआईएच प्रो लीग में हमारा अभियान बढिया रहा। हमने चेन्नै में एशियन पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता और हांगजू एशियाई खेलों में हमने स्वर्ण पदक जीता।'

हार्दिक ने टीम में नेतृत्वकर्ता समूह के रूप में अपनी भूमिका की बाबत कहा, %%मैं हमेशा इस मौके और जिम्मेदारी के लिए तैयार है। मैंने सरदार सिंह, पीआर श्रीजेश, श्रीजेश, मनप्रीत सिह और हरनमप्रीत सिंह सरीखे अपने सीनियर साथी खिलाडियों से सीखा अनुकरणीय खेल कैसे दिखाया जाता है। मुझे जिम्मेदारी पसंद है और यह मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ करने और अपनी टीम के साथियों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के जोर अपनी ताकत झोंकने में मदद करती है।

# लाबुशेन का खुलासा, विश्व कप जीत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से पहले उन्हें कई बार ड्राप किया गया



**नई दिल्ली,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। मार्नस लाबुशेन ने खुलासा किया कि 2023 वनडे विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने से पहले चयनकर्ताओं ने उन्हें कई मौकों पर संभावित ड्रॉप के बारे में बताया था। लेकिन भारत पर ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप फाइनल जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद 29 वर्षीय खिलाड़ी को काम में अधिक ताकत दिखाई देती है। यह लाबुशेन की विश्व कप की अनोखी यात्रा थी, जो ऑस्ट्रेलिया की अस्थायी विश्व कप टीम में नहीं थे। एश्टन एगर की पिंडली की चोट के कारण लाबुशेन को अंतिम समय में टीम में शामिल किया गया।

हालाँकि, पूरे ग्रुप चरण में टीम में उनके स्थान पर सवाल उठाए गए क्योंकि फाइनल में छह विकेट से जीत में अविजित 58 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने से पहले उन्होंने नौ पारियों में सिर्फ 304 रन बनाए थे।

मुझे सच में विश्वास है कि इस विश्व कप में कुछ बड़ा दांव पर था और मैं खेलने जा रहा था। मुझे लगता है कि जिस तरह से यह सामने आया। लेकिन इसका निश्चित रूप से यह मतलब नहीं है (कि मैं हटाए जाने के करीब था)। खैर, ऐसे मौके भी आए जब मेरे कंधे पर थपकी लगी और मुझे खेलना नहीं था। लाबुशेन ने एसईएनक्यू मॉर्निंग्स को बताया, लेकिन फिर कोई घायल हो गया या कोई गोल्फ कार्ट से गिर गया। क्या आप जानते हैं मेरा क्या मतलब है? वे घटनाएं वास्तव में हुईं।

लाबुशेन एक बार फिर बाहर होने के करीब थे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास अपने महत्वपूर्ण नॉकआउट मैचों के लिए चुनने के लिए पूरी टीम थी। लेकिन कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्डस और कप्तान पैट कमिंस ने उनके साथ बने रहने का विकल्प चुना, यह देखते हुए कि ऐसे परिदृश्य होंगे जहां ऑस्ट्रेलिया को स्थिर बल्लेबाजी समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, फिर पिछले दो मैचों के लिए यह पहली बार था कि हमारे पास पूरी टीम उपलब्ध थी, पूरे 15। एक बार फिर, मैं चयनकर्ताओं और एंड्र्यू मैकडोनाल्डस और पैट (कमिंस) को मुझ पर भरोसा करने और मेरे साथ बने रहने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। और यह जानते हुए कि यदि ऐसा कोई अवसर आता है (जो फाइनल में आया), तो मैं आगे बढ़ सकता हूं और रन बना सकता हूं।

## हर आधे घंटे में याद आता है कि आपने अभी-अभी विश्व कप जीता है : कमिंस



सिडनी। आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप का खिताब जीतकर बुधवार को स्वदेश पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हर आधे घंटे में याद आता है कि आपने अभी-अभी विश्व कप जीता है और आप फिर से उत्साहित हो जाते हैं। चश्मा पहने कमिंस ने सिडनी हवाई अड्डे पर कहा, हर आधे घंटे या उसके बाद आपको याद आता है कि आपने अभी-अभी विश्व कप जीता है और आप फिर से उत्साहित हो जाते हैं। हम अभी भी चर्चा कर रहे हैं। यह एक बड़ा साल रहा है। इससे भी बढ़कर, यह आश्चर्यजनक रहा है। मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी विरासत बनाई है। एक विश्वकप, आपको हर चार साल में केवल एक मौका मिलता है और विशेष रूप से भारत जैसी जगह पर खेलना कठिन है। उन्होंने कहा, इसके अलावा एक विदेशी एशेज श्रृंखला, एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भी शामिल है। हम इससे बेहतर योजना नहीं बना सकते थे। इसलिए काफी संतुष्ट समूह है। कमिंस और कुछ खिलाड़ियों को 14 दिसंबर को पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट समर शुरू होने से पहले आराम दिया गया। लेकिन फाइनल में भाग लेने वाले पांच खिलाड़ियों के लिए गुरुवार को भारत के खिलाफ शुरू होने वाली ऑस्ट्रेलिया की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए तैयारी करना कठिन काम होगा। मेलबर्न पहुंचे ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने मुस्कुराते हुए कहा, हेडी निश्चित रूप से चोटिल थे, मुझे यकीन नहीं है कि वह इस तरह का खेल खेलेगा। मैं कोई चयनकर्ता या कोच नहीं हूं लेकिन अगर वह इस तरह खेला है तो यह एक चमत्कार है।

## सार संक्षेप

### ओटोमेंडी के गोल से अर्जेंटीना ने ब्राजील को हराया

**रियो डि जेनेरियो।** मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने बुधवार को खेले गये फीफा विश्व कप 2026 के क्वालिफायर मुकाबले में ओटोमेंडी के गोल की बदौलत ब्राजील को हरा दिया। ब्राजील के मरकाना स्टेडियम में आज खेले गए मुकाबले में मेजबान ब्राजील को अर्जेंटीना के खिलाफ खेले गये मैच में 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना की ओर से मैच का एकमात्र गोल 63वें मिनट में निकोलस ओटामेंडी ने किया। हालांकि ब्राजील के खिलाड़ियों ने कई बार गोल करने के प्रयास किये लेकिन वे इसमें सफल नहीं हुए। इस जीत के बाद अर्जेंटीना टीम फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर के अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि ब्राजील 6 में से दो जीत के साथ छठे स्थान पर है। अर्जेंटीना 6 में से 5 मैच जीते हैं। अर्जेंटीना का अगला मुकाबला पांच सितंबर 2024 में चिली के साथ होगा। आज मैच शुरू होने से पहले आपस में भिड़े ब्राजील और अर्जेंटीना के प्रशंसक को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे मैच नहीं हुआ प्रभावित और मुकबला पूरे समय तक चला।

### दुनिया जीतने के लिये भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली रवाना

**मुंबई।** चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से दस दिसंबर के बीच खेली जाने वाली एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिये भारतीय टीम बुधवार को रवाना हो गयी। टूर्नामेंट के 2022 के संस्करण में भारत को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। भारत को 2022 के उपविजेता जर्मनी के साथ-साथ बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है, जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड को दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान चिली के साथ पूल ए में रखा गया है। अर्जेंटीना, कोरिया, स्पेन और जिम्बाब्वे को पूल बी में रखा गया है जबकि इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान पूल डी का हिस्सा हैं। कप्तान प्रीति के नेतृत्व में भारत क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के लिए पूल सी के शीर्ष दो में जगह बनाना चाहेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगा और उसके बाद 30 नवंबर को जर्मनी के खिलाफ मुकाबला होगा।

# डब्ल्यूपीएल के व्यस्त कार्यक्रम के कारण टेस्ट की तैयारी का मौका नहीं : हरमनप्रीत कौर



**नई दिल्ली** 22 नवंबर (एजेंसियां)। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूपीएल) के व्यस्त कार्यक्रम के कारण दिसंबर में तीन टी-20 और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच की तैयारी का मौका नहीं होगा। हरमनप्रीत दिसंबर के दो सप्ताह में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में दो टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली हैं। अपने 14 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने केवल एक ही टेस्ट भारत में खेला है। उन्होंने करियर का एकमात्र घरेलू टेस्ट 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उस टेस्ट में उन्होंने नौ विकेट हासिल किया था। साथ ही भारतीय टीम ने उस मैच में बड़ी जीत दर्ज की थी। उस टेस्ट के अलावा हरमनप्रीत ने अपने करियर में केवल दो और टेस्ट मैच खेले है।

ऑस्ट्रेलियाई टी-20 लीग डब्ल्यूपीएल खेलने के बाद जब हरमनप्रीत स्वदेश लौटेंगी तो उनके पास दो टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए केवल 10 दिन का समय होगा। पहले उन्हें तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलने है और फिर 14 दिसंबर को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच। हरमनप्रीत कौर ने 285 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल में खेलने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा, टेस्ट सीरीज का हम बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि मैंने (2014 से) घरेलू दर्शकों के सामने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसलिए मैं काफी उत्साहित हूं। हमारे लिए चुनौती यह है कि हमने काफी समय से लाल गेंद से नहीं खेला है। हम इतने सालों से सफेद गेंद से खेल रहे हैं। यहां तक कि घरेलू क्रिकेट में भी लाल गेंद की कोई सीरीज नहीं खेली जाती है। इसलिए हमारे लिए चुनौती यह है कि हमें स्वयं को इतने कम समय में तैयार करना होगा।

उन्होंने कहा, मैंने लाल गेंद से अभ्यास करने के बारे में सोचा था, लेकिन क्योंकि यह इतना व्यस्त कार्यक्रम है कि आप दो चीज़ों को एक साथ मिला ही नहीं सकते। हम टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं और टेस्ट खेल बिल्कुल अलग तरह का खेल है। इसलिए मैं इसमें किसी तरह का मिश्रण नहीं करना चाहती। जब मैं वापस भारत जाऊंगी तो मेरे पास खुद को तैयार करने के लिए दस दिन होंगे। उन्होंने कहा, यहां विश्व के सबसे अच्छे स्टेडियमों में से एक में खेलना हमेशा सम्मान की बात है। हमने यहां टी20 विश्व कप फाइनल खेला था और उससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुछ मैचों में हम यहां आए थे। यहां खेलने का अनुभव हमेशा अदभुत रहा है। अब इस सीज़न में हमें फिर से यहां खेलने का मौक़ा मिल रहा है।

# एलएसजी से अलग हुए गंभीर, केकेआर में वापसी

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और टीवी कमेंटेटर गौतम गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से अलग होने का ऐलान किया है।

गंभीर पिछले दो सालों से एलएसजी के मेंटर की भूमिका निभा रहे थे। अब वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ मेंटर के तौर पर काम करते दिखेंगे। इससे पहले वह केकेआर के कप्तान की भूमिका में नजर आ चुके हैं। विश्वकप के फाइनल में गंभीर और केकेआर के स्वामी शाहरुख खान के बीच मुलाकात के बाद इस बारे में अटकलें शुरु हो गयी थी।

गंभीर ने ट्वीट कर अपने इस्तीफे की जानकारी साझा की। उन्होने एक्स पर लिखा मैं लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ अपने बेहतरीन सफर के समापन का ऐलान करता हूं। मेरे कार्यकाल के दौरान मुझे सभी कोच, प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ से काफी प्यार मिला और मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। मैं संजीव गोयनका को धन्यवाद देना चाहता हूं जिनकी बेहतरीन लीडरशिप में इस टीम का निर्माण हुआ और उन्होंने मुझे काफी सपोर्ट भी किया। मुझे पूरा भरोसा है कि ये टीम आने वाले दिनों में काफी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी और लखनऊ सुपर जायंट्स के फैंस को गर्व महसूस कराएगी। एलएसजी ब्रिगेड को शुभकामनाएं।

बाद में केकेआर के आधिकारिक एक्स अकाउंट से गंभीर के टीम के साथ जुड़ने की पुष्टि भी की गयी। केकेआर ने लिखा वेलकम बैक मेंटर गौतम गंभीर। गौरतलब है कि आईपीएल की नयी फ्रेंचाइजी के तौर पर अस्तित्व में आने के बाद गंभीर को एलएसजी ने अपना मेंटर नियुक्त किया था। आईपीएल के पिछले दो संस्करणों में एलएसजी लीग के प्लेआफ में जगह बनाने में सफल रही है।

### सुडोकू 6384 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## मंहगाई पर नजर बनाये हुए हैं : दास



**मुंबई,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा किये गये नीतिगत उपायों से मुख्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय कमी आयी है लेकिन केन्द्रीय इसको लक्षित दायरे में लाने के लिए इस पर अर्जुन की नजर बनाये हुये है।

श्री दास ने आज यहां फिक्की और आईबीए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अनिश्चित समय में जीत विषय पर एफआईबीएसी 2023 को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में आरबीआई की मौद्रिक नीति में विकास से पहले मुद्रास्फीति को प्राथमिकता देना, तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) को कम करना, नीतिगत दरों विशेषकर रेपो को बढ़ाना शामिल है। 250 आधार अंकों की अतिरिक्त तरलता को खत्म करना - सरकार द्वारा आपूर्ति पक्ष के उपायों के साथ, अक्टूबर 2023 में मुख्य मुद्रास्फीति को 4.9 प्रतिशत तक नरम करने में मदद मिली है। मुख्य मुद्रास्फीति में कमी उल्लेखनीय है।

उन्होंने जोर देकर कहा, हम पूरी तरह से 4 प्रतिशत लक्ष्य पर केंद्रित हैं और हम मुद्रास्फीति लक्ष्य पर अर्जुन की नजर बनाए हुए हैं। श्री दास ने कहा कि हाल ही में घरेलू मुद्रास्फीति की उम्मीदों के और अधिक स्थिर होने के प्रमाण भी मिले हैं। हालाँकि, मुख्य मुद्रास्फीति, वैश्विक कारकों और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं से आने वाले आवर्ती और अतिव्यापी खाद्य मूल्य झटकों के प्रति संवेदनशील बनी हुई है। हाल के समय में ऐसे झटकों की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है। ऐसे परिदृश्य में मौद्रिक नीति को विकास का समर्थन करते हुए सतर्क रहने और सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति कम करने की आवश्यकता है।

न्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2020-21 में 5.8 प्रतिशत के संकुचन से 2021-22 में 9.1 प्रतिशत और 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूती से उभरी। भारत की वास्तविक जीडीपी 2023-24 और 2024-25 दोनों में 6.5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगी। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के मामले में भारत पहले से ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक मंदी के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है और घरेलू मांग पर अधिक निर्भरता के कारण इसका विकास जारी है, जिसने अर्थव्यवस्था को कई वैश्विक प्रतिकूलताओं का सामना करने में सक्षम बनाया है। यद्यपि भारत ने व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से बाहरी खुलेपन में तेजी से प्रगति की है और प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल की है, घरेलू मांग पर इसकी निर्भरता बाहरी झटकों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग, कराधान, मुद्रास्फीति प्रबंधन और विनिर्माण क्षेत्र आदि क्षेत्रों में लागू किए गए विभिन्न संरचनात्मक सुधारों ने टिकाऊ और उच्च विकास की नींव रखी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बैंकिंग प्रणाली में कोई नया तनाव नहीं बन रहा है, लेकिन ऋणदाताओं से तनाव परीक्षण जारी रखने का आग्रह किया। विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी और घरेलू मांग पर निर्भरता के साथ भारत की विकास यात्रा आने वाले वर्षों में आत्मनिर्भर हो सकती है। हम एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया में अत्यधिक अनिश्चित समय में रह रहे हैं और लचीलेपन को और बढ़ाने की जरूरत है जो झटके और अनिश्चितताओं के खिलाफ सबसे अच्छा बीमा होगा। भारत की संभावनाओं पर अंतर्राष्ट्रीय विश्वास नई ऊंचाई पर है; यह भारत के लिए एक उपयुक्त समय है और मजबूत, टिकाऊ और समावेशी विकास की दिशा में काम करने का एक उपयुक्त समय है।

## भारत के कैग संयुक्त राष्ट्र के लेखा परीक्षक पैनल के उपाध्यक्ष चुने गए



**नई दिल्ली,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू को वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया है।

कैग ने कहा, यह मान्यता बाहरी ऑडिट के उच्चतम मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक ऑडिट परिदृश्य को आकार देने में उसकी सक्रिय भागीदारी को रेखांकित करती है। मुर्मू ने 20-21 नवंबर 2023 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित बाहरी लेखा परीक्षकों के पैनल के 63वें सत्र में भाग लिया था।

बाहरी लेखा परीक्षकों का पैनल जिसमें वैश्विक स्तर पर 12 सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (एसएआई) के प्रमुख शामिल हैं, संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, निधियों और कार्यक्रमों और विशेष एजेंसियों के बाहरी लेखा परीक्षा की देखरेख करते हैं। इस स्वतंत्र निकाय में कनाडा, चिली, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, फिलीपींस, रूस, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं के वित्तीय, प्रदर्शन और अनुपालन का ऑडिट करता है।

वार्षिक बैठक ने विभिन्न मुद्दों पर सहयोगात्मक चर्चा के लिए एक अद्वितीय मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें पैनल पत्र पर महासचिव की प्रतिक्रिया पर फॉलोअप कार्रवाई और वित्तीय और प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण मसलों का समाधान करना शामिल है। बैठक में मुर्मू ने संयुक्त राष्ट्र संगठनों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण वित्तीय और प्रबंधन मुद्दों पर चर्चा का नेतृत्व किया।

एक अलग बैठक में, मुर्मू ने पैनल के सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की, जोखिम प्रबंधन, चुनौतीपूर्ण वित्तीय माहौल और अच्छी तरह से संरचित वित्त पोषण रणनीतियों की अनिवार्यता के क्षेत्रों में विचारों का आदान-प्रदान किया।

## ओपनएआई में लौट आए सैम ऑल्टमैन

**सैन फ्रांसिस्को,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। ओपनएआई कथा के अंतिम मोड़ पर सैम ऑल्टमैन ने बुधवार को कहा कि वह नए बोर्ड और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के समर्थन के साथ चैटजीपीटी विकासशील कंपनी में लौट रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, ऑल्टमैन ने कहा कि उन्हें ओपनएआई पसंद है और पिछले कुछ दिनों में उन्होंने जो कुछ भी किया है वह इस टीम और इसके मिशन को एक साथ रखने की सेवा में है। उन्होंने पोस्ट किया, जब मैंने रविवार शाम को माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने का फैसला किया, तो यह स्पष्ट था कि यह मेरे और टीम के लिए सबसे अच्छा रास्ता था। उन्होंने कहा, नए बोर्ड और नडेला के समर्थन के साथ, मैं ओपनएआई में लौटने और माइक्रोसॉफ्ट के साथ हमारी मजबूत साझेदारी को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा हूं। ओपनएआई ने कहा कि वह ब्रेट टेलर (अध्यक्ष), लैरी समर्स और एडम डी%एंजेलो के नए प्रारंभिक बोर्ड के साथ सीईओ के रूप में ओपनएआई में लौटने के लिए ऑल्टमैन के लिए सैद्धांतिक रूप से एक समझौते पर पहुंच गया है। नडेला ने कहा कि वे ओपनएआई बोर्ड में बदलाव से प्रोत्साहित हैं। नडेला ने एक्स पर पोस्ट किया, हमारा मानना है कि यह अधिक स्थिर, सुविज्ञ और प्रभावी शासन की राह पर पहला आवश्यक कदम है।

## ज़ोमैटो, स्विगी को 500 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस




**नई दिल्ली,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो और स्विगी को डिलीवरी शुल्क पर 500 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस मिले हैं। बुधवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई।

दोनों ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ग्राहकों से डिलीवरी फीस के नाम पर कुछ पैसे वसूलते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक टैक्स अधिकारियों और फूड डिलीवरी ऐप्स के बीच डिलीवरी फीस को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है, जिसमें करीब 1000 करोड़ रुपये का विवाद होता है। ज़ोमैटो ने संपर्क करने पर टिप्?पणी से इनकार कर दिया। स्विगी ने भी कोई टिप्पणी नहीं की।

ज़ोमैटो और स्विगी के अनुसार, %डिलीवरी चार्ज% कुछ और नहीं बल्कि डिलीवरी पार्टनर्स द्वारा वहन की जाने वाली लागत है जो घर-घर खाना पहुंचाने जाते हैं। कंपनियां बस ग्राहकों से वह लागत वसूलती हैं और इसे डिलीवरी पार्टनर्स को दे देती हैं। लेकिन, रिपोर्ट के मुताबिक टैक्स अधिकारी इससे सहमत नहीं हैं। पिछले महीने, स्विगी ने खाने के ऑर्डर के लिए प्लेटफ़ॉर्म शुल्क दो रुपये से बढ़ाकर तीन रुपये कर दिया था।

स्विगी के एक प्रवक्ता ने बताया प्लेटफ़ॉर्म शुल्क में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है। अधिकांश सेवा प्रदाता यह शुल्क लगाते हैं, और उद्योगों में यह एक आम बात है। अप्रैल में, कंपनी ने कार्ट मूल्य से स्वतंत्र प्रति ऑर्डर दो रुपये का प्लेटफ़ॉर्म शुल्क लागू किया था।

ज़ोमैटो ने अगस्त में अपना प्लेटफ़ॉर्म शुल्क भी शुरुआती दो रुपये से बढ़ाकर तीन रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया।

ज़ोमैटो ने ज़ोमैटो गोल्ड यूजरों से प्लेटफ़ॉर्म शुल्क लेना शुरू कर दिया, जिन्हें पहले छूट दी गई थी।

## सार संक्षेप

### कार्स24 ने लॉन्च की कार स्क्रैपिंग इनीशिएटिव

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में स्थायित्व को बढ़ावा देते हुए ऑटोटेक कंपनी कार्स 24 ने आज अपनी नई वाहन स्क्रैपिंग इनीशिएटिव लॉन्च किया करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि उसकी यह पहल भारत में कार स्क्रैपिंग के तरीके को पूरी तरह से बदल देगी और उन लोगों को वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराएगी जो पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अपनी कार को स्क्रैप करना चाहते हैं, साथ ही अपने डिपोज़िट सर्टिफिकेट को मोनेटाइज़ भी करना चाहते हैं। सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, कार्स24 कार मालिकों को वाहनों की स्क्रैपिंग के बारे में हर ज़रूरी जानकारी देना चाहती है ताकि उनके लिए कार स्क्रैप करने की प्रक्रिया बेहद आसान हो जाए। यह प्रक्रिया मिनटों में पूरी हो जाती है, इस तरह उपभोक्ताओं के लिए कार स्क्रैप करना बेहद आसान हो जाता है और साथ ही उन्हें फायदे भी मिलते हैं। कंपनी ने रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग युनिट के साथ साझेदारी भी की है, ताकि पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार को डिस्पोज़ किया जा सके। कार्स24 के साथ उपभोक्ता अपनी कार के स्क्रैप मूल्य के आधार पर 30,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक कीमत पा सकते हैं। इसके अलावा अगर कार मालिक नई गाड़ी खरीदने की योजना बना रहा है, तो उन्हें कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देना होगा, वे डिपोज़िट सर्टिफिकेट का उपयोग कर रोड़ टैक्स पर 25 फीसदी तक की बचत कर सकते हैं, जो नई कार की खरीद पर 50,000 रुपये या इससे अधिक होती है। इस तरह कंपनी की यह इनीशिएटिव नई कार की खरीद पर 2 लाख रुपये तक के फायदे देगी।

### डीजीसीए ने यात्री-केंद्रित मानदंडों की अनदेखी के लिए एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** देश के विमानन नियामक डीजीसीए ने यात्री-केंद्रित नियमों का अनुपालन न करने के लिए टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने कहा कि उसने नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सभी अनुसूचित विमान सेवा कंपनियों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं/मुआवजे से संबंधित दायित्वों के निर्वहन का पता लगाने के लिए के मई और सितंबर में दिल्ली, कोच्चि और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर निरीक्षण किया। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एयरलाइनों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि एयर इंडिया प्रासंगिक नागरिक उड्डयन आवश्यकता (सीएआर) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रहा था। तदनुसार, 3 नवंबर को एयर इंडिया को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसकी प्रतिक्रिया मांगी गई थी। एयर इंडिया द्वारा दिए गए जवाब के बाद यह पाया गया कि उसने सीएआर के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है। अन्य बातों के अलावा, विलंबित उड़ानों से प्रभावित यात्रियों के लिए होटल आवास प्रदान नहीं करना, उनके कुछ ग्राउंड कर्मियों को प्रशिक्षण नहीं देना, सीएआर में निर्धारित शर्तों और अनुपयोगी सीटों पर यात्रा करने के लिए मजबूर करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस क्लास के यात्रियों को मुआवजे का भुगतान न करना शामिल है।


## शेयर बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई** 22 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पावर, ऑटो, आईटी और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी जारी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 92.47 अंक चढ़कर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66023.24 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 29.40 अंक बढ़कर 19812.80 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में घटबढ़ रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 33517.21 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.63 अंक फिसलकर 39,577.98 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3830 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1622 में लिवाली जबकि 2067 में बिकवाली हुई वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां लाभ जबकि 20 नुकसान में रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के बारह समूहों में लिवाली हुई। इनमें सीडी 0.13, ऊर्जा 0.17, एफएमसीजी 0.34, हेल्थकेयर 0.54, आईटी 0.52, यूटिलिटीज 0.39, ऑटो 0.64, कैपिटल गुड्स 0.38, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, तेल एवं गैस 0.36, पावर 1.41 और टेक समूह के शेयर 0.52 प्रतिशत शामिल हैं।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.45 और जापान का निक्केई 0.29 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत गिर गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग स्थिर रहा।

सेंसेक्स की शुरूआत कमजोर रही और यह 91 अंक उतरकर 65,839.62 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर तक 65,664.85 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 66,063.43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,930.77 अंक के मुकाबले 0.14 प्रतिशत चढ़कर 66,023.24 अंक पर रहा।

वहीं, निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19,784.00 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,703.85 अंक के निचले जबकि 19,825.55 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,783.40 अंक की तुलना में 0.14 प्रतिशत मजबूत होकर 19,811.85 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एनटीपीसी 1.50, इंफोसिस 1.27, पावरग्रिड 1.24, टेक महिंद्रा 0.87, आईटीसी 0.84, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.65, एक्सिस बैंक 0.64, टीसीएस 0.56, रिलायंस 0.39, अल्ट्रासिमको 0.37, एलटी 0.27, एचसीएल टेक 0.22, सन फार्मा 0.13, टाटा मोटर्स 0.02 और एशियन पेंट 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 2.10, कोटक बैंक 1.16, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.07, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.00, मारुति 0.42, एसबीआई 0.41, आईसीआईसीआई बैंक 0.40, एचडीएफसी बैंक 0.35, भारती एयरटेल 0.21, नेस्ले इंडिया 0.17, टाटा स्टील 0.12 और विप्रो ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## स्थानीयकरण से लागत काम करने में मदद मिलती है : सियाम



**नई दिल्ली,** 22 नवंबर,(एजेंसियां)। ऑटोमोबाइल उद्योग की सर्वोच्च संस्था सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष और वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के सीईओ और एमडी विनोद अग्रवाल ने कहा है कि स्थानीयकरण की प्रक्रिया लागत को काफी हद तक कम करने, रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने और निर्यात को और बढ़ाने के लिए तैयार है। सियाम द्वारा टुवार्ड्स बिल्डिंग ए रेजिलिएंट सप्लाई चेन थीम पर आयोजित ऑटोमोटिव सोर्सिंग कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुये श्री अग्रवाल ने यहां कहा यह कॉन्क्लेव हमें एक मजबूत कार्य योजना तैयार करने में मदद करेगा, जिससे यह जानकारी मिलेगी कि हम अपने प्रयासों को भारत सरकार के उद्देश्यों के साथ कैसे स्थानीयकृत और संरेखित कर सकते हैं।

कॉन्क्लेव ने ईवी घटकों, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल्स, ट्रांसमिशन सिस्टम और धातुओं सहित आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित किया। कॉन्क्लेव में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, ऑटोमोबाइल कंपनियों के सोर्सिंग प्रमुखों और ऑटोमोबाइल आपूर्ति-श्रृंखला के विशेषज्ञों सहित कई प्रतिष्ठित वक्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। सियाम आत्मनिर्भर भारत सोर्सिंग ग्रुप के अध्यक्ष और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक सुनील कक्कड़ ने कहा, यह भारतीय ऑटो के लिए निवेश और स्थानीयकरण बढ़ाने का सबसे अच्छा समय है।

## सरसों, मूंगफली और पाम ऑयल सस्ता

**नई दिल्ली,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और पाम ऑयल सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3854 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.89 सेंट की गिरावट के साथ 50.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और



गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।


**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## रिफंड में स्वचालन और सरलीकरण से करदाताओं के बीच आयकर विभाग के प्रति विश्वास बढ़ा : सर्वे

**नई दिल्ली,** 22 नवंबर (एजेंसियां)। आयकर रिफंड की गति और दक्षता का आकलन करने के लिए सीआईआई द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में 87 प्रतिशत व्यक्तिगत उत्तरदाताओं और 89 प्रतिशत फर्मों ने कहा है कि आयकर रिफंड का दावा करने की प्रक्रिया सुविधाजनक है।

सीआईआई आयकर रिफंड सर्वेक्षण रिपोर्ट आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपी गयी। सीआईआई के अध्यक्ष आर दिनेश ने रिपोर्ट पर कहा कराधान व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सरल और स्वचालित करने के लिए सरकार द्वारा हाल के वर्षों में जो व्यापक उपाय किए गए हैं, उनसे भरपूर लाभ हुआ है, जैसा कि उत्साहित सर्वेक्षण से स्पष्ट है।



यह इस तथ्य से भी पुष्ट होता है कि व्यक्तियों और फर्मों/उद्यमों दोनों सहित उत्तरदाताओं का भारी बहुमत (90 प्रतिशत से ऊपर) यह बताता है कि आईटीआर दाखिल करने के बाद आईटीआर रिफंड स्वचालित रूप से उत्पन्न हो जाता है। सर्वेक्षण में पता चला कि 75.5 प्रतिशत व्यक्तियों और 22.4 प्रतिशत फर्म-स्तर के उत्तरदाताओं ने अपनी अनुमानित कर देनदारी से अधिक कोई अतिरिक्त टीडीएस का भुगतान नहीं किया। उत्तरदाताओं (व्यक्तियों - 84 प्रतिशत और फर्मों - 77 प्रतिशत) ने यह भी खुलासा किया कि रिफंड स्थिति की जांच करने की प्रक्रिया अब सुचारू थी।

विशेष रूप से आयकर रिफंड प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और कुशल बनाने के निरंतर प्रयासों के साथ, क्रमशः 89 प्रतिशत और 88 प्रतिशत व्यक्तियों और फर्मों का विचार था कि पिछले पांच साल 2018-2023 के बीच आयकर रिफंड प्राप्त करने के लिए प्रतीक्षा समय में अधिक कमी आई है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा पिछले 5 वर्षों में व्यक्तियों और फर्मों दोनों द्वारा आयकर रिफंड प्राप्त करने के लिए प्रतीक्षा समय में महत्वपूर्ण कमी उत्साहजनक है क्योंकि यह आयकर रिफंड प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सरकार के अथक प्रयासों को दर्शाता है और वर्षों से कुशल। व्यक्तिगत उत्तरदाताओं (53 प्रतिशत) और फर्म स्तर के उत्तरदाताओं (45 प्रतिशत) ने बताया कि आयकर रिफंड प्राप्त करने में एक महीने से भी कम समय लगता है। आयकर रिफंड की समग्र दक्षता गति और दक्षता को दर्शाते हुए, सर्वेक्षण किए गए व्यक्तिगत उत्तरदाताओं में से 83 प्रतिशत और सर्वेक्षण किए गए फर्म स्तर के उत्तरदाताओं में से 85 प्रतिशत ने आयकर विभाग के प्रति अपने विश्वास को बढ़ा हुआ बताया। सर्वेक्षण अक्टूबर 2023 में 3531 उत्तरदाताओं के बीच किया गया था, जिनमें से 56.4 प्रतिशत व्यक्तिगत उत्तरदाता थे और 43.6 प्रतिशत फर्म/उद्यम/संगठन स्तर के उत्तरदाता थे।

# क्षेत्र के मजदूर दंपत्ति कर्नाटक में बंधक मजदूरी की राशि लेकर दलाल फरार

## बंधक मजदूर देवनाथ गायकवाड़ के भाई ने कलेक्टर व एसपी को आवेदन देकर उन्हें छुड़ाने की गुहार लगाई

■ ललित सोनी

**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के गांवों के भोले भाले गरीब मजदूर परिवारों को अधिक मजदूरी राशि दिलाने का झांसा देकर उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश , तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि प्रदेशो में इस क्षेत्र के मशहूर भट्ठा दलाल सरदारों द्वारा बड़ी संख्या में पलायन कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत रोजाना मिल रही है। पुलिस प्रशासन एवं राजस्व प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। कई गांव के गरीब मजदूर परिवार यहां से बाहर प्रदेशो में काम करने पलायन कर चुके हैं। इस क्षेत्र के मशहूर भट्ठा दलाल सरदार मजदूरो को पलायन कराने सक्रिय हो गए है। तथा उनके दलाल गांव-गांव में घूम रहे हैं। इस तरह के मामले कोमाखान थाने के गांवों से आ रही हैं। वहीँ नरतोरा, पचरी, बरेकेल, गोड़पाली, भटगांव, सराईपाली, फरफौद, पथर्री, केरामुड़ा, बरभांठा, सिंघनपुर गांव के भोलेभाले गरीब मजदूर अधिक राशि मिलने के लालच में आकर भट्ठा दलाल सरदार के माध्यम से अन्य प्रदेशो में रोजाना पलायन कर रहे हैं। मजदूरो का पलायन रेलगाड़ी, बस एवं मालवाहक गाड़ियों से रोजाना पलायन हो रहे हैं। इस दिशा में पलायन को रोकने पुलिस प्रशासन एवं राजस्व प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही भट्ठा दलाल सरदारों के खिलाफ नहीं की जा रही है। जिसके कारण उनके हौसले बुलंद जान पड़ते हैं। वे दबंगई के साथ इस क्षेत्र में काम करते हैं। उन्हें किसी का भी डर नहीं हैं। तभी तो यह कार्य हर साल बेरोकटोक दलालो द्वारा खुलेआम किया जाता है। यह कार्य प्रशासन के नाक के नीचे रखकर किया जा रहा हैं।

अंचल के ग्राम नरतोरा के गरीब मजदूर युवा दंपत्ति को कर्नाटक के मुधोल तालुका के अंतर्गत ग्राम मतुर, जिला बगलकोट कर्नाटक में बंधक बनाकर रखने की शिकायत करते हुए उन्हे छुड़ाने की मांग महासमुंद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से उनके परिजन केजूराम गायकवाड़ ने की है। वहां इस दंपत्ति को काम के बदले मजदूरी की राशि भी नहीं दी जा रही है। काम करने वालो ने दंपत्ति को बताया कि उनकी मजदूरी की राशि उन्हें पहुंचाने वाला ठेकेदार दलाल परस राम ले जा चूका है। इस दंपत्ति के साथ वहां रायपुर एवं बिलासपुर जिले के ग्रामीण भी बंधक बने हुए हैं।

■ पत्नी ने फ़ोन पर आवेदक को बताया कि रायपुर व बिलासपुर जिले के अनेक मजदूर वहां बंधक हैं
■ मजदूरों के मोबाइल को मालिक ने छीन लिया है, पर्याप्त भोजन नहीं देते है, बाहर जाने नहीं दिया जाता है, उनके साथ मारपीट एवं गाली गलौच किया जाता है

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम नरतोरा निवासी देवनाथ गायकवाड़ 35 वर्ष अपनी पत्नी श्रीमती ललिता बाई गायकवाड़ 30 वर्ष के साथ 8 एवं 5 वर्ष की दो मासूम बच्चियों को अपने माता-पिता के पास छोड़कर कर्नाटक मजदूरी करने गया था। उसे परसराम नाम का व्यक्ति वहां लेकर गया था। ग्राम नरतोरा के केजूराम गायकवाड़ ने कलेक्टर एवं एसपी को सौंपे गए आवेदन में बताया है कि उसका बड़ा भाई एवं भाभी को कर्नाटक में बंधक बना लिया गया है। अधिक मजदूरी राशि देने के लालच में उन्हें ले जाकर मजदूरी राशि नहीं दी जा रही है। तथा उनके साथ बंधक बनाये हुए मालिक द्वारा मारपीट की जा रही है। यह भी जानकारी मिली है कि ग्राम नरतोरा निवासी देवनाथ गायकवाड़ और उसकी पत्नी श्रीमती ललिता बाई गायकवाड़ दो माह पूर्व कर्नाटक के के मुधोल तालुका के अंतर्गत ग्राम मतुर, पोस्ट धनतुर, जिला बगलकोट कर्नाटक में काम करने रायपुर का परसराम नाम का व्याकृ ले गया था। वहाँ गन्ना कटाई के लिए अधिक मजदूरी मिलने की बात कही थी। लगातार दो माह काम करने के बाद देवनाथ गायकवाड़ ने मजदूरी राशि की मांग की। जिस पर वहाँ के लोगो द्वारा मजदूरी की राशि नहीं दी गई। इसके बाद देवनाथ गायकवाड़ ने पत्नी के साथ वापस घर आने का निर्णय लिया। तथा काम नहीं करने की बात कही। जिस पर वहां उनके साथ मालिक के लोगों द्वारा मारपीट की जा रही है। तथा हम लोगो को बंधक बनाकर कमरे में बंद कर रखा जा रहा है। मजदूर युवक ने बताया कि उसके भाई का मोबाइल भी उक्त लोगों ने छीनकर रख लिया है। उपरोक्त बातों की जानकारी उसकी भाभी ने अपने पास छुपकर रखे एक अन्य मोबाइल से केजूराम गायकवाड़ को दी। भाभी ललिता बाई गायकवाड़ ने उसे बताया कि ज्यादा पैसे मिलने के लालच में ठेकेदार दलाल परसराम ट्रेन से उन्हें कर्नाटक ले गया था। वहां उन लोगो को बंधक बना लिया गया है। वहां पर सभी से जबरदस्ती काम कराया जा रहा है। मजदूरी राशि उन्हें नहीं दी जा रही है। खाने पीने को भी कम सामान दिया जा रहा है। तथा मारपीट एवं गाली गलौच भी रोजाना किया जा रहा है। शाम 6 बजे तक उनसे काम कराया जाता है। किसी दुकान पर सामान लेने भी नहीं जाने देते है। बाहर जाने की कोशिश करते हैं तो मारपीट किया जाता है। केजूराम ने अपने परिजनों को बचाने के लिए कलेक्टर एवं एसपी से गुहार लगाई है।

**मजदूर दलाल मजदूरी राशि लेकर हुआ फरार:** श्रीमती ललिता बाई गायकवाड़ ने केजूराम को मोबाइल पर बताया कि मजदूरी राशि की मांग करने पर उन्हें बताया गया कि उनकी मजदूरी की राशि ठेकेदार परसराम को दे दी गई है। लेकिन परसराम द्वारा उन्हें पैसा नहीं दिया गया है। वे केवल कर्नाटक तक ले जाने का खर्चा ही दिया था। अब वहां के लोगो द्वारा कहा जा रहा है कि जब तक पैसे की वसूली नहीं होगी। तब तक उन्हें वहां से जाने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार से मजदूर दंपत्ति को जबरदस्ती बंधक बनाकर रखा गया है। वे लोग अपने घर लौटना चाहते हैं। लेकिन वहां के मालिक ने उन्हें जबरदस्ती बंधक बनाकर रखा हुआ है। केजूराम को उसकी भाभी ललिता बाई ने फ़ोन पर बताया कि ग्राम मंतुर से अब उन्हें अन्य स्थान पर भेजने की तैयारी हो रही है। वहां गन्ना कटाई का काम पूरा हो गया है। अब उन्हें कहा भेजा जाएगा, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उनके साथ रायपुर एवं बिलासपुर जिले के और भी लोग है। जिन्हे बेवजह बंधक बनाकर मालिक द्वारा रखा गया है।

# ट्रक ने स्कूटी सवार दंपत्ति को रौंदा, मौके पर महिला की मौत



**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय नेहरू चौक पर घटित हृदयविदारक दुर्घटना से लोगों में यातायात व्यवस्था को लेकर आक्रोश फैल गया। हर कोई लचर यातायात व्यवस्था को कोसते हुए इसके लिए नेहरू चौक पर लगी यातायात सिग्नल को दोषी मान रहे है, जो करीब पखवाड़े भर से बंद है। बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे लालदाढ़ी पारा निवासी 60 वर्षीय हरिशंकर कृष्ण राव व उसकी पत्नी 55 वर्षीय श्रीमती उमा राव देवउठनी एकादशी त्यौहार के लिए सामान खरीदने बाजार आए थे। खरीददारी कर वापस अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 सीवाय 1462 से लौट रहे थे कि नेहरू चौक पर बागबाहरा से रायपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजी 7051 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दंपत्ति को चपेट में ले लिया और कुछ मीटर तक घसीटतें हुए आगे बढ़ गया इससे घटना स्थल पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला का एक तरफ नीचे का हिस्सा बुरी तरह से कुचल गया था। वही पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर के बाये नीचे का हिस्सा भी बुरीकदर कुचल गया है। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की ममद से गंभीर रूप से घायल कृष्ण राव को अस्पताल भेजा जहां वह जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर बाइपास सड़क की मांग जोर पकड़ने लगी है और लोग हृदयविदारक दृश्य देकर सोशल मिडिया में बाइपास सड़क के लिए एकजुट होने का आह्वान कर रहे है। दुर्घटना के बाद लोगों में यातायात व्यवस्था के प्रति आक्रोश देखा गया। यहां तैनात पुलिस कर्मचारी भी केवल खानापूर्ति ही करते है। ट्रेफिक सिंग्रल बंद है तो ऐसे समय में सार्वधिक मुस्दैती की जरूरत पुलिस जवानों से अपेक्षा रहती है।

■ पुरुष को ईलाज के लिए रायपुर ले जाते समय हुई मौत
■ दुर्घटना के बाद लोगों में यातायात व्यवस्था को लेकर आक्रोश

# अब तक 256 करोड़ रुपए की धान खरीदी



**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफविपणन वर्ष 2023.24 में जिले के धान खरीदी केन्द्रों पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन हेतु जिले के एक लाख 58 हजार 739 किसान पंजीकृत है, जिनका पंजीकृत रकबा 02 लाख 28 हजार 614,5506 हेक्टेयर है। तहसीलवार पंजीकृत कृषकों की संख्या कोमाखान में 18 हजार 255, पिथौरा में 32 हजार 863, बसना में 27 हजार 961, बागबाहरा में 15 हजार 666, महासमुंद में 36 हजार 901 एवं सरायपाली तहसील में 27 हजार 93 है। नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि आज बुधवार तक जिले में 26 हजार 594 किसानों से 11 लाख 75 हजार 521 क्विंटल धान राशि 256 करोड़ 82 लाख का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों द्वारा विक्रय की गई राशि उनके बचत खाते में 3 दिवस में भुगतान किया जा रहा है।

# एसपी-एएसपी ने ली पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की आनलाइन बैठक



**अपराधों पर अंकुश लाने के दिए निर्देश**

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। एसपी धर्मेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की आनलाईन विडियों कांफ्रेस के माध्यम से बैठक आयोजित किया और पेट्रोलिंग के साथ ही फिक्स पाईट पर टयूटी बढ़ाने के निर्देश दिए। एसपी ने जिले में घटित ताला टूटने और चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना और चौकी प्रभारियों को पट्रेलिंग गश्त बढ़ाने के साथ ही ट्रेफिक व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों से कहा कि अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण, थाना में शिकायतों का निराकरण और शहरी क्षेत्रों में बेहतरर ट्रेफिक के लिए यातायात टीम को निर्देशित किया। विडियों कांफ्रेस मिटिंग में जिले के सभी एसडीओपी, थाना-चौकी प्रभारी शामिल हुए। उन्होंने 2023 के अंत तक गंभीर अपराधों को निकालने कर रखने कहा।

# देवउठनी के लिए सजा गन्ने का बाजार, आज योग निद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु



**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी के लिए गन्ने का बाजार सज गया है। आसपास के ग्रामीण अंचलों के अलावा दूरदराज से भी गन्ना बेचने किसान पहुंचे है। गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी विवाह करने के कारण देवउठनी एकादशी पर प्राय: सभी सनातनी घरों में गन्ने की खरीदी की जाती है इसलिए इस दिन रेट महंगा रहता है। गन्ने के साईज के हिसाब से किसानों द्वारा दाम लिया जा रहा है। 30 से 100 रुपए तक की जोड़ी में गन्ने की बिक्री हो रही है। आसपास के पसौद, सिर्रीकला, लचकेरा,कनेकेरा, लाफिन, चिंगरौद, हथखोज के अलावा जांजगीर चांपा से भी चार-पांच किसान गन्ना बेचने पहुंचे है। मुख्य मार्ग बस स्टेंड के सामने अंबेडकर चौक, बग्गा स्टोर्स, नगरपालिका के सामने आदि स्थानों पर गन्ने की बिक्री हो रही है। बुधवार को भी गन्ने की खरीददारी करते लोग दिखे। गुरूवार को तुलसी विवाह के दिन भी इसकी जमकर खरीददारी की जाएगी। देवउठनी एकादशी में अन्न आहार त्याज्य है इसलिए फल के रूप में शकरकंद, सिघाड़ा जैसे कंदमूल भी बाजार में काफी संख्या में बिकने के लिए पहुंचा है। गुरूवार को भगवान सालिग राम व तुलसी विवाह होगा। भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी 29 जून से योगनिद्रा में है जो 148 दिन बाद योगनिद्रा से उठेगे। आम तौर पर चार माह का यह पर्व रहता है किंतु दो सावन माह के कारण इस बार पांच माह के योगनिद्रा में भगवान विष्णु चले गए थे। पंडितों के मुताबिक कार्तिक शुक्ल एकादशी तिथि बुधवार की रात 11.03 से शुरू होकर गुरूवार की रात 9.01 बजे समाप्त होगी। उदिया तिथि के अनुसा देवउठनी एकादशी व्रत 23 नवंबर गुरूवार को रखा जाएगा और व्रत का पारण शुक्रवार को सुबह किया जाएगा।

### शुरू होंगे मांगलिक कार्य

देवउठनी पर्व के साथ ही शुभ और मांगलिक कार्यक्रम पुन: शुरू हो जाएंगे। देव शैनी एकदशी के बाद से विवाह पर विराम लग गया था। अब पुन: मांगलिक कार्य शुरू हो सकेगा। पंडितों के अनुसार इस साल याने दिसंबर माह तक विवाह के 10 शुभ मुहूर्त है जिसमें नवंबर माह में 23, 28, और 29 को भी शुभ मुहूर्त है। दिसंबर में 4, 5,7,8,9,13 और 15 दिसंबर को शुभ मुहूर्त बताया गया है।

# नेशनल लोक अदालत 16 दिसंबर को

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा के निर्देषानुसार 09 दिंसबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था। जिसे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा द्वारा आयोजन तिथि में संषोधित कर आगामी 16 दिसंबर दिन शनिवार को प्रस्तावित किया गया है।

नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष भीष्म प्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्षन में प्री.लीटिगेशन प्रस्तुत करने वाले संबंधित अधिकारियों, बैक के शाखा प्रबंधकों, बीमा कंपनियों के संबंधित अधिवक्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं की बैठक ली गई है। बैठक में बैक के शाखा प्रबंधकों, बीमा कंपनियों के संबंधित अधिवक्ता तथा पैनल अधिवक्ता के साथ चर्चा के दौरान जिला न्यायाधीश द्वारा सिविल प्रकृति के वादों में प्री.लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए है। सिविल में धन संबंधी वाद, बी क्लाष सूट के प्रकरणों में भी राजीनामा के आधार पर लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण करने संबंधी मामले, चेकबाउस, बीमा कंपनी से संबंधित मामले रखे जाने हेतु निर्देश दिए है। आगामी 16 दिसंबर दिन शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में इस प्रकार के प्रकरणों को अधिक से अधिक प्रकरण प्रस्तुत कर प्रकरणों का आसानी से आपसी सुलह के माध्यम से निराकरण किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा के निर्देशानुसार जिले के आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ पैरालिगल वॉलेटिंयरों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों, हाट बाजार में विधिक जागरूकता कैम्प लगाकर आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जा रहा है।

# सार्वजनिक स्थानों पर लगा लोहे का चेयर



**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत तुमगांव में वार्ड नं 06 के पार्षद धर्मेन्द्र यादव व वार्ड नं 05 के पार्षद नंदनी लक्ष्मण पटेल द्वारा वार्ड वासियों की मांग पर वार्ड नं 05.06 में पार्षद निधि से वार्ड में वरिष्ठ जनों के बैठने हेतु गोविंदा पारा के सार्वजनिक स्थानों पर लोहे का चेयर लगवाया गया जिससे कि आम जनता को सार्वजनिक स्थानों पर बैठने की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। लगातार वार्ड वासियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने पार्षद निधि का उपयोग जनता के हित के लिए किया गया। जिस पर वार्ड वासियों ने दोनों पार्षदों का आभार व्यक्त किया।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन का सत्यापन, आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से होगा

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2023.24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संचालित पोर्टल में आवश्यक संशोधन किया गया है। जिसके तहत छात्रवृत्ति के लिए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2021.22 से आधार आधारित आवेदन पोर्टल पर विद्यार्थियों से लिया जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023.24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों द्वारा आवेदन करते समय आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर की प्रविष्टि करना आवश्यक है। उक्त पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीप्पी पोर्टल दर्ज करने के बाद ही विद्यार्थियों के आवेदन लॉक हो सकेगा तथा आवेदन स्वीकार होंगे। सहायक आयुक्त ने सभी शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य को अपने संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सूचित करने कहा है। यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है, तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी।

**वर चाहिए**

कन्या 25, 5.3" सुन्दर 12वी हिंदु ब्राम्हण माताजी का निधन, पिताजी मंदिर के पुजारी है। गरीब घर की लड़की के लिए शाकाहारी सर्वजातीय वर चाहिए।

मो. 8446068427
8378879264

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे. स्काई स्टील एण्ड प्राइवेट पावर लिमिटेड को ग्राम-केसदा, तहसील-सिमगा, जिला-बलोदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड स्टील उत्पादन इकाई जिसमें आयरन ओर बैनिफिकेशन इकाई (1.3 मिलियन टन/वर्ष) आयरन ओर पैलेट उत्पादन इकाई (1.0 मिलियन टन/वर्ष), स्पंज आयरन उत्पादन इकाई (3,30,000 टन/वर्ष), एल.एफ. तथा सी.सी.एम. युक्त इण्डक्शन फर्नेस इकाई (2,64,000 टन/वर्ष), रोलिंग मिल इकाई (2,97,000 टन/वर्ष), फैरो एलॉय उत्पादन इकाई (18 एम.व्ही.ए.) ब्रिकेटींग इकाई (200 किलो/घण्टा) डब्लू.एच.आर.बी. आधारित विद्युत उत्पादन इकाई (22 मेगावॉट) एफ.बी.सी. आधारित विद्युत उत्पादन इकाई (16 मेगावॉट) तथा ईट निर्माण इकाई (56000 नग/दिन) की स्थापना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, (MoEF&CC) भारत शासन के पत्र क्रमांक File No.: J-11011/339/2021-IA-II (IND-I) तथा ई.सी. संख्या: EC23A1001CG5855738N दिनांक 20.11.2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका अवलोकन मुख्य कार्यालय इंदिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली-3 तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन के वेबसाइट [parivesh.nic.in] पर किया जा सकता है एवं इसकी प्रतिलिपी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मुख्य कार्यालय पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, 9-11, न्यू. एच.आई.जी., टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) में भी उपलब्ध है।

हेतु, स्काई स्टील एण्ड प्राइवेट पावर लिमिटेड
(डायरेक्टर)

# एमसीएमसी टीम प्रिंट, रेडियो, सोशल और टीवी पर कर रही निगरानी



**निर्वाचन से जुड़े भ्रामक या झूठी खबर के साथ एक्जिट पोल पर नजर**

**बिलाईगढ़,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की आदेश में गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाईयों के द्वारा आदर्श आचरण संहिता प्रारंभ होने से अब तक लगातार मीडिया के सभी माध्यम - रेडियो, समाचार पत्र, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चैनलों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद पंचायत सारंगढ़ में इन टीमों का संचालन किया जा रहा है। इन टीमों के द्वारा मतदान के बाद निर्वाचन से जुड़े भ्रामक या झूठी खबर के साथ-साथ एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसार करने वाले पर निगरानी की जा रही है।

# बागबाहरा में देवउठनी एकादशी पर्व आज धूमधाम से मनाया जाएगा



**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा अंचल में छोटी दीवाली के नाम से चर्चित देवउठनी एकादशी पर्व आज गुरुवार 23 नवंबर को क्षेत्रवासियो द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी महिलाओ द्वारा एक दिन पूर्व से किया जा चुका है। इस साल गन्ने का एक जोड़ी का रेट बाजार में 100 रूपये चल रहा है। छोटी दीवाली देवउठनी पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। देवउठनी एकादशी पर्व के दिन महिलाएं अपने घर के लिए गन्ना, कोचई, आवला, अमरूद, श्रीफल, केला, सेवफल आदि सामान लेकर सूर्यास्त होने के बाद रात्रि में अपने घर के आंगन को रंगोली से सजाकर गन्ने के पेड़ को तुलसी माता के पास रखकर पूजा-अर्चना किया जाता है। तथा घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया जाता है। ताकि हमारे घर परिवार में खुशहाली एवं तरक्की बना रहे। वहीँ इस दिन यादव समाज के लोग कई किसानो के घरो में जाकर गाय को सोहई बांधते हैं। इस दौरान यादव समाज के लोग बाजे गाजे के साथ नाचते कूदते दोहा पारते हैं। तथा किसानो को आशीर्वाद देते हैं। इस दिन क्षेत्र के अनेक गांवों में रंगारंग सांस्कृतिक एवं नाचा गम्मत का कार्यक्रम ग्रामवासियो द्वारा कराया जाता है। जिसमे ग्रामीणजन बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।

**न्यायालय- कु. प्रतिभा मरकाम, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 01, दुर्ग जिला- दुर्ग (छ.ग.)**
**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु समन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**

उत्तराधिकार प्रकरण क्र.- 75/2023
पेशी तारीख-12/12/2023
कु. लिशा ठाकुर व अन्य
बनाम
आम जनता व अन्य
प्रति,
आम जनता

जोकि, आवेदक/गण- (1) कु. लिशा ठाकुर आ. स्व. मिथलेश कुमार ठाकुर, उम्र-06 वर्ष, (2) वरुण कुमार ठाकुर आ.स्व. मिथलेश (3) पल्टू राम आ. स्व. गुहाराम द्वारा मृतक मिथलेश कुमार ठाकुर आ.पल्टू राम ठाकुर के नाम से अनावेदक (1) आम जनता वगैरह के यहां जमा राशि को प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक- 12/12/2023 को प्रात:11:00 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं,जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोट-यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है या कार्य स्थगित होता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जाते हैं तब प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी।

यह सूचना आज दिनांक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर
( कु. प्रतिभा मरकाम )
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
दुर्ग जिला- दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईशतहार**

रा.प्र.कं. 202309210200082
अ/6 (अ) वर्ष 2022-23
पक्षकार कलीराम पिता रामायण जाति तेली साकिन व कास्तकार ग्राम ससहा प.ह.नं. 08

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कलीराम पिता रामायण जाति तेली निवासी ग्राम ससहा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ससहा प.ह.नं. 08 स्थित भूमि ख.नं. 350/2 रकबा 0.202 हे. भूमि बिशेषर पिता मुडिया जाति तेली से पंजीकृत बैनामा दिनांक 20.03.1967 को क्रय किया गया था। जिसका नामांतरण वर्ष 1967-68 में संशोधन पंजी क्रमांक 440 आदेश दिनांक 09.07.1968 है। उक्त भूमि का 25 टुकडा हो चुका है। जिसका संशोधन पंजी में पारित आदेश दिनांक 09.07.1968 का परिपालन करते हुए नायब तहसीलदार सण्डी द्वारा रा.प्र.कं. ब/121 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 12.05.2023 के अनुसार क्रेता के विधिक वारिसान कलीराम पिता रामायण जाति तेली के नाम पर ख.नं. 350/25 रकबा 0.202 हे. भूमि दर्ज किया गया है। किन्तु उक्त वादभूमि ख.नं. 350/25 रकबा 0.202 हे. भूमि ऑनलाईन खसरा पांचशाला में दर्ज नही हो पाया है। जिसे ऑनलाईन दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन पत्र माननीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किये जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय मे उपस्थित होकर अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 23.11.2023 को प्रतिवादी प्रस्तुत कर सकते है। मियाद समयावधि पश्चात प्राप्त प्रतिवाद पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईशतहार जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AYUSH SHARMA S/o ARUN KUMAR SHARMA resident of RAJIM, DIST. GARIYABAND (C.G.) PIN 493885 have changed my old name AYUSH SHARMA S/o ARUN KUMAR SHARMA., so in future I should be recognized by my new name that is AYUSH KUMAR SHARMA S/o ARUN KUMAR SHARMA in all Government and other documents.

**AYUSH KUMAR SHARMA**
CITY- RAJIM
DIST- GARIYABAND
PIN- 493885

# एक ही दिन में सड़क हादसे में 6 की मौत, तीन गंभीर

**मनेंद्रगढ़,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक ही दिन में अलग-अलग हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. वहीं तीन लोग गंभीर हैं. मनेन्द्रगढ़ के नागपुर चौकी क्षेत्र में खड़ी ट्रक में बाइक टकराने से बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई. दोनों मृतक मनेन्द्रगढ़ के चौघड़ा निवासी हैं. मृतक में एक मनेन्द्रगढ़ न्यायालय में चपरासी के पद पर पदस्थ था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची.



मनेन्द्रगढ़ जिले में ही कार और 2 बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई है. हादसे में 2 अलग-अलग बाइक में सवार 3 लोगों की मौत हो गई है. 1 गंभीर रूप से घायल है. मृतकों में 2 पुरुष और 1 युवती शामिल है. वहीं कार में सवार 2 युवक भी घायल हुए हैं और 2 मौके से फरार हो गए हैं. बता दें कि, नेशनल हाइवे 43 में स्थित ग्राम बरबसपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां कार और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई. हादसा इतना भयानक था कि, 3 लोगों की जान चली गई. बताया जा रहा है कि, कार ड्राइवर नशे में धुत्त था. जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त 4 युवक कार में सवार थे. जिसमें से 2 युवक घायल हुए हैं. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है.

### बस और कार में भिड़ंत से एक की मौत

उदयपुर पर अलकापुरी के पास रॉयल बस और कार में आमने-सामने भिड़ंत बस पलट गई. इस हादसे में एक की मौत हो गई. वहीं तीन लोग गंभीर हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. बताया जा रहा कि छठ पूजा कर बिहार से वापस रायपुर लौट रहे परिवार की कार सरगुजा के उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ में रायल बस से टकरा गई. बस से टकराने पर कार के परखच्चे उड़ गए. वहीं दूसरी ओर बस भी पलट गई. दुर्घटना में कार सवार एक की मौत हो गई. तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं यात्री बस में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं.

# गरियाबंद नगर में तेंदुआ ने दी दस्तक, दहशत का माहौल

**गरियाबंद,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर में एक बार फिर तेंदुआ ने दस्तक दी है। बीती रात 11ः30 बजे नगर के रावणभाटा वार्ड में एक तेंदुआ विचरण करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। घटना के बाद लोगों में दहशत है, लोगों ने रतजगा की।

जानकारी के मुताबिक गरियाबंद नगर के रावणभाटा वार्ड में मंगलवार रात तेंदुआ देखा गया है। तेंदुआ की हलचल सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। दरअसल रात करीब 11ः30 बजे आवारा कुत्तो के ज़ोर से भौंकने की आवाज के चलते वार्ड निवासी व्यापारी विकास साहू ने की नींद खुली। संशय के स्थिति में उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखी। जिसमें तेंदुआ मकान के बाहर बाउंड्रीवाल में बैठा नजर आया। कुछ देर बाद वह बाउंड्रीवाल में ही इधर उधर विचरण करता रहा। जिसके बाद विकास साहू ने इसकी सूचना वन अमले को दी। सूचना मिलते ही बन अमला मौके पर पहुंचा, तब तक तेंदुआ जा चुका था।

इधर, तेंदुआ के आमद के चलते बुधवार पूरे दिन वन अमले की टीम रावणभाटा वार्ड और आस पास तेंदुआ की खोजबीन करती रही। वार्डवासियों से बातचीत कर उन्हे सतर्क रहने की समझाइश दी। रात में अकेले बाहर न निकलने और घर के बाहर लाइट चालू रखने की अपील की है।



■ रावणभाटा में सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ विचरण करता तेंदुआ

व्यापारी विकास साहू ने बताया कि इसके पहले तेंदुआ उनके घर के पीछे तरफ पहले भी दिखा था। एक हफ्ते पहले तेंदुआ घर से एक बछड़े को ज़ख़्मी कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया कि रावणभाटा कालोनी में तेंदुआ के आ-जाने से वार्डवासियों में दहशत है। लोग घर से बाहर निकलने मे डरने लगे हैं। लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ा जाए। वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्रकार ने बताया कि तेंदुआ को लेकर सर्चिंग शुरू कर दी है। रावणभाटा के पास रहने वालों को अलर्ट किया है। साथ ही पूरे इलाक़े में आज रात से हमारी टीम गुस्त भी करेगी। सूचना है कि इसके पहले भी कई बार तेंदुआ पानी और भोजन के तलाश में रिहासी इलाक़े में विचरण करते आ चुका है।

# पुलिस कैंप और सड़क चौड़ीकरण के विरोध में सालभर से प्रदर्शन कर रहे अबूझमाड़ के ग्रामीणों ने मनाई धरने की वर्षगांठ

**नारायणपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। आपने विवाह का वर्षगांठ तो अक्सर सुना होगा, लेकिन धरना का वर्षगांठ आपने नहीं सुना होगा. ऐसा ही कुछ बीते एक साल से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे अबूझमाड़ के ग्रामीणों ने किया.



नारायणपुर जिले में अलग-अलग जगह पर धरने पर बैठे आदिवासी ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय से लगभग 26 किमी दूर इरकभट्टी धरना स्थल पर एकत्रित होकर धरना का पहला वर्षगांठ मनाया. कार्यक्रम की शुरुआत रैली निकालने के साथ हुई, जिसके बाद पूजा-अर्चना के बाद नाच-गाना किया गया.

दरअसल, जिले 5 अलग-अलग जगह इरकभट्टी, ब्रहबेड़ा, तोयामेटा, मड़ोनार एवं ओरछा में घने जंगलों के बीच अस्थायी झोपड़ी बना कर अबूझमाड़ के हजारों आदिवासी ग्रामीण पिछले एक वर्ष से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं. ग्रामीण मूल पेसा कानून लागू करना और वन संरक्षण अधिनियम 2022 को रद्द करने के अलावा नवीन पुलिस कैम्प स्थापना व सड़क चौड़ीकरण का विरोध कर रहे हैं. मांगों को लेकर दो से तीन दफा ग्रामीण अपने धरना स्थल से पैदल चलकर जिला मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा, परन्तु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मांगे पूरी नहीं होने सभी धरना स्थल के ग्रामीण इरकभट्टी धरना स्थल में अपने पारंपरिक हथियारों के साथ हजारों की संख्या एकत्रित होकर धरना का पहला वर्षगांठ मनाया.

# कड़ाके की ठंड के बीच रतजगा कर ईव्हीएम की रखवाली कर रहे कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशी

**जशपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में चुनाव के बाद अब 3 दिसंबर तक के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है. बाकायदा सुरक्षा बल के जवान पहरेदारी कर रहे हैं, लेकिन कांटे की टक्कर के बीच प्रत्याशियों के मन में श्वङ्करू की सुरक्षा को लेकर इस कदर खौफ पैदा हो गया है कि वे कड़ाके की ठंड में रतजगा कर स्ट्रांग रूम के बाहर पहरेदारी कर रहे हैं.



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में तीन विधानसभा सीटों ङ्क पत्थलगांव, जशपुर और कुनकुरी सीटों ङ्क पर चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है. प्रशासन ने इन ईवीएम को जिला मुख्यालय के मॉडल स्कूल में सुरक्षित रखा हुआ है. जहां जिला पुलिस बल के अलावा केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान ईवीएम की सुरक्षा में तैनात हैं. इसके बावजूद भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशियों को गड़बड़ी की आशंका सता रही है, जिसकी वजह से दोनों ही दलों के लोग 24 घंटे स्ट्रॉग रूम के बाहर निगरानी कर रहे हैं।

# ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, मौके पर युवक की मौत

**जशपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। पत्थलगांव शहर में तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है. शहर में तीन दिन में पांच सड़क हादसों के बाद आज फिर एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक का नाम संजय कुजूर बताया जा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है.



मिली जानकारी के अनुसार, हादसा शहर के लुड़ेग मार्ग पर पुरन तालाब के पास हुआ. वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी है.

बताया जा रहा है कि पत्थलगांव शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यहां इंदिरा चौराहा पर लगाएं स्वचालित सिग्नल लम्बे समय से ठप्प हो गया है. इस वजह से शहरी क्षेत्र में वाहनों की दुर्घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है.

# बस और कार में भिडंत, बस पलटी, कार के उड़े परखच्चे, एक की मौत

**अंबिकापुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उदयपुर के समीप बुधवार की सुबह ओवरटेक के चक्कर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। छठ पूजा कर बिहार से वापस रायपुर लौट रहे परिवार की कार सरगुजा के उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ में रायल बस से टकरा गई। बस से टकराने पर कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में बस भी पलट गई। दुर्घटना में कार सवार एक की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। यात्री बस में सवार लोग सुरक्षित हैं। छठ पूजा कर कार में सवार परिवार बिहार से वापस रायपुर लौट रहा था।



कार में श्रेयांश मिश्रा (20),अमित मिश्रा (40),पिंकी मिश्रा (35), नैंसी मिश्रा (15) सवार थे। उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ में ओवर टेक के चक्कर में कार की रायल बस से टक्कर हो गई।टक्कर के बाद बस भी पलट गई।दो घंटे की मशक्कत के बाद वाहन में फंसे एक व्यक्ति को निकाला जा सका। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। चालक व अन्य लोगों को हल्की चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को छुट्टी दे दी गई तथा दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

उदयपुर पुलिस 112 की टीम और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से दो घंटे की मशक्कत के बाद कार के घायल चालक को निकाला जा सका। दुर्घटना में कार सवार श्रेयांश मिश्रा उम्र लगभग 20 की मौत हो गई। अमित मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। पिंकी मिश्रा व नैंसी मिश्रा खतरे के बाहर बताए जा रहे हैं।

# ट्रेलर से बाइक सवार की मौत

**कोरबा-बालको,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। कल रात्रि 11 बजे बालको रिंग रोड के व्यस्ततम मार्ग में सड़क दुर्घटना हो गई। दुर्घटना से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं चालक ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया।



वाहनों के जाम की स्थिति चार दिन ठीक रहती है फिर वही स्थिति हो जाती है। बाजार के दिन भी भारी वाहन बीच बाजार से गुजरते हैं जबकि बाजार के दिन भारी भीड़ रहती है। पूर्व थाना प्रभारी के द्वारा बाजार के दिन शाम 4 से 8 बजे तक नो एंट्री लगाया था तब लोगो को राहत मिली थी लेकिन उनके जाने के बाद यह व्यवस्था पूरी तरह बंद हो गई। वर्तमान थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे इस पर प्रयास कर रहे हैं नो-एंट्री लग सके जिससे दुर्घटना पे लगाम कसी जा सके । दुर्घटना भी कल मंगलवार को बाजार के दिन ही घटी है। युवा बे मौत मर रहे हैं प्रशासन आंख बंद किए हुए है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एक्यू 6152 की दुर्घटना से फायर कालोनी बेलगिरी बस्ती में निवासरत प्रदीप मसीह पिता स्व. रामकुमार मसीह 28 वर्ष की सड़क दुर्घटना में कल रात्रि 11 बजे मृत्यु हो गई। दुर्घटना से मृतक का सिर फट गया और भेजा बाहर आ गया।

**लगा रहता है आए दिन जाम**- शहर की बालको रिंग रोड अब हादसे की सड़क के रूप में पहचाने जाने लगी है। इस रोड से गुजरना यानी मौत के रास्ते से गुजरना रहता है। कब कौन इन भारी वाहनों के नीचे आ जाए कोई भरोसा नहीं रह गया। लोग अब इस रास्ते से गुजरने में डरने लगे हैं, वाहनों का जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में मंत्री से लेकर पुलिस अधीक्षक तक फस चुके हैं। एसपी ने बालको के सुरक्षा कर्मचारियों को थाना में बुलाकर समझाईश भी दी थी।

# गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग -नौतनवा एक्सप्रेस को चलाए जाने का निर्णय लिया गया

**रायपुर, 22 नवंबर ( देशबन्धु )।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चंदिया रोड स्टेशन प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य दिनांक 25 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक किया जाने की घोषणा की गयी थी । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होने वाली गाड़ियों में गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी अपने निर्धारित समय सारणी अनुसार चलाई जाएगी रिस्टोर होने वाली गाडियां- गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस को दिनांक 30 नवंबर 2023 एवं 7 दिसंबर 2023 को चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा- दुर्ग एक्सप्रेस को दिनांक 2 एवं 9 दिसंबर 2023 को चलाने का निर्णय लिया गया है।

# बन रहा है बुद्ध की सबसे बड़ी मूर्ति

**रायपुर,** 22 नवम्बर। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर के कलाकार अशोक देवांगन यह कलाकृति झाँसी रेल्वे कारखाना में बना रहे हैं ज्ञात हो की देवांगन वेस्ट से बेस्ट बनाने वाले जादूगर है, वे बुद्ध की लोहे की वेस्ट मटेरियल से बने अब तक के सबसे बड़े मूर्ति का निर्माण कर रहे हैं जिसकी ऊंचाई 30 फीट ऊंची होगी 15 फीट चौड़ी बैठी हुई मुद्रा में रहेगी। यह 3,से 4 पार्ट में बन रही है जिसे असेंबल कर एक जगह स्थापित की जाएगी, इसके चेहरे की आकृति 6 से 7 फीट ऊंची बनी है ,कुछ ही दिनों में असेंबल करने के बाद आपको पूरी आकृति दिखाई देने लगेगी ।लगभग 5 टन रेल्वे के कबाड़ से इस कलाकृति को बनाया जा रहा है, अशोक देवांगन इससे पहले झाँसी में ही इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुबमीनार, नैशनल वार मेमोरियल की प्रतिकृति बना चुके हैं। रायपुर एयरपोर्ट मे अभी हाल ही में बनी विशालकाय घोड़े की आकृति भी अशोक देवांगन ने बनाई है।

# सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 16 दिसम्बर तक

**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 16 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक है। ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट पर भरे जा सकेंगे। प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी।

सैनिक स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की उम्र 31 मार्च 2024 को 10 से 12 वर्ष और कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की उम्र 13 से 15 वर्ष होनी चाहिए। सीट खाली रहने की स्थिति में छात्राओं के लिए कक्षा 6वीं और कक्षा 9वीं में प्रवेश ओपन रखा गया है। छात्राओं के लिए भी उम्र की सीमा छात्रों के समान है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

# एक किडनी के साथ पैदा हुआ बच्चा, एम्स में कर रहा डोनर का इंतजार

**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। एक मजदूर का 10 वर्षीय बेटा कृष्णा वर्मा एक किडनी के साथ पैदा हुआ था और आठ साल की उम्र में आते ही गुर्दे की बीमारी से पीड़ित हो गया, अब वह डोनर का इंतजार कर रहा है। फिलहाल बच्चा रायपुर एम्स में एडमिट है और उसका इलाज जारी है।



बच्चा बेमेतरा जिले के कुसमी गांव का रहने वाला है, एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि उनकी किडनी में धीरे ङ्क धीरे परेशानियां बढ़ रही है और तब से बच्चा डायलिसिस पर है। कृष्णा के पिता दिनेश वर्मा और मां अमृत वर्मा दिहाड़ी मजदूर हैं जो निर्माण स्थलों पर काम करते हैं और अब अपने बच्चे के स्वास्थ्य संकट से जुड़े भावनात्मक और वित्तीय बोझ से जूझ रहे हैं। उसके माता-पिता ने बातचीत के दौरान बताया कि दो साल हो गए हैं जब से मेरा बच्चा बहुत दर्द में है, हमने अपना सारा खर्च और बचत उसके इलाज में लगा दिया है लेकिन अब हमें वित्तीय सहायता की कमी है। इसके अलावा, हमें एक डोनर की बहुत जरूरत है। बच्चे के दादा ने शुरू में एक डोनर बनने की कोशिश की थी , लेकिन उनका ब्लड ग्रूप मेल नहीं हो पाया। वर्मा परिवार कृष्णा के लिए किडनी डोनर ढूंढने के लिए मदद मांग रहा है, जिसके लिए वे कृष्णा के लिए उपयुक्त किडनी डोनर ढूंढने के लिए एनजीओ और अन्य संगठनों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

## NECC

| 23.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.30 | 83 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 195 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

आप सभी प्रदेशवासियों को तुलसीपूजा, एकादशी, देवउठनी की बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...





विनीत- एक शुभचिंतक जनभागीदारी समिति खैरागढ़

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

संग्रहालय का इंचार्ज (गुस्से में): तुम्हें पता है जो मूर्ति तुमने तोड़ी है वह पांच सौ साल पुरानी थी..!!!
चिंटू : शुक्र है, मैंने तो सोचा था कि नई है!!!

संपादकीय

## पटरी पार करते लोगों की सुरक्षा का सवाल

छत्तीसगढ़ के जिन शहरों, कस्बों एवं गांवों से होकर ट्रेनें गुजरती हैं उनमें जनता की सुरक्षा का मसला बहुत गम्भीर है क्योंकि आसपास से या मध्य भाग से होकर गुजरती ट्रेनों के लिये बिछी पटरियों को जान जोखिम में डालकर जनता आवाजाही करती है। उसका कारण है फुटओवर ब्रिजों या अंडरग्राउंड पास का अभाव। इससे अनेक दुर्घटनाएं भी होती हैं।

बिलासपुर हाईकार्ट ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए रेल मंडल से तत्काल जवाब मांगा है। वह इसकी अगली सुनवाई 24 नवम्बर को करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ करीब 3 लाख लोग रहते हैं जिन्हें विभिन्न कामों के लिये कई बार इस तरफ आना पड़ता है। अक्सर उन्हें खड़ी ट्रेनों के डिब्बों से होकर आना-जाना पड़ता है या वे उनके नीचे से गुजरते हैं। खतरनाक ढंग से ट्रेनों के नीचे से गुजरने की कई तस्वीरें मीडिया में देखकर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने मंगलवार को ही सुनवाई की। यह निश्चित ही उनकी संवेदनशीलता एवं जनहित के प्रति सतर्कता का परिचायक है। बतलाया यह गया कि बिलासपुर स्टेशन पर एफओबी का निर्माण 4 वर्ष से लटका हुआ है। उन्होंने इस बाबत विस्तृत रिपोर्ट मांगी तथा अगली सुनवाई में उसे पेश करने के लिये उसे कहा है।

यह अनेक शहरों का आलम है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ आदि अनेक ऐसे शहर हैं जहां लोग बड़ी संख्या में इसी प्रकार पटरियां पार कर आना-जाना करते हैं। खासकर बुजुर्गों, बीमारों, विकलांगों तथा गर्भवती महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। साथ ही उनके जीवन को खतरा भी बना रहता है। बच्चों के लिये यह परिस्थिति बहुत ज्यादा खतरनाक होती है क्योंकि वे नासमझ होते हैं तथा उनमें वैसी सतर्कता नहीं होती जैसी बड़ों में होती है। चूंकि ये अक्सर बड़ी संख्या में होते हैं, खासकर स्कूलों से लौटते समय, तो वे मस्ती करते रहते हैं। ऐसे में उनका ध्यान न तो अन्य पटरियों पर होकर आती-जाती ट्रेनों पर होता है और न ही वे इस बात का ख्याल रखते हैं कि जिस ट्रेन के नीचे से होकर वे निकल रहे हैं वह कभी भी चल सकती है। स्टेशन पर खड़ी यात्री ट्रेनों से वे पार होने के लिये चढ़ते हैं परन्तु कई बार वे उनके भीतर रहते में चल पड़ती हैं। ऐसे में उन्हें उतरने में दिक्कत होती है। कई बार तो वे गिर भी जाते हैं।

इसके मद्देनज़र हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर समस्या को हल करने की पहल बहुत ही सराहनीय है। आशा है कि रेल मंडल न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पूरे प्रदेश में स्टेशनों के आसपास रहने वालों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। लोगों के ऐसे असुरक्षित तरीकों से पटरियां पार करने की नौबत ही नहीं आना चाहिये।

## आंगनबाड़ी भवन समय सीमा में पूर्ण नहीं करने वाले चार ठेकेदारों को निगम आयुक्त ने दिया ब्लैक लिस्ट



### निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें : मंडावी

**जगदलपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। आयुक्त हरेश मंडावी ने बुधवार को निगम कार्यालय में निगम पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यों की समीक्षा कर पुराने निर्माण कार्यों में धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते आंगनबाड़ी भवन एवं नाली निर्माण तय सीमा में नहीं करने वाले चार ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस जारी करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने निर्माण कार्यों की बैठक में देरी को लेकर सख्त कार्रवाई करते ठेकेदारों पर नोटिस देने के पश्चात भी आंगनबाड़ी भवन एवं नाली निर्माण नहीं करने वाले पीआरपी मार्केटिंग जगदलपुर, अरुण शाह, आरके कंस्ट्रक्शन एवं संदीप शुक्ला दोरनापाल चार ठेकेदारों पर ब्लैकलिस्ट नोटिस जारी करने की कार्रवाई किया, साथ ही समीक्षा बैठक में निगम के वार्डो मे चल रहे निर्माण कार्यों में धीमी गति को लेकर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते संबंधित उप अभियंतायों को कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने निगम पीडब्ल्यूडी विभाग की समीक्षा बैठक में शहर के 48 वार्डो में निर्माण कार्य संबंधित वार्ड बार संबंधित उप अभियंताओं से कार्यों की समीक्षा कर तय समय सीमा में कार्य नहीं कर रहे ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया, साथ ही सभी पुराने कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों कर्मचारियों को साफ शब्दों में कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य लेने वाले ठेकेदारों से चर्चा कर सभी कार्यों को प्रारंभ करते हुए कार्यों को पूर्ण करें। कार्य प्रारंभ न करने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में अन्य शहर में चल रहे निर्माणकारियों की भी समीक्षा कर सभी कार्य को समय सीमा में करने का निर्देश दिया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, सहायक अभियंता धर्मेंद्र मिश्रा, गोपाल भारद्वाज एवं उप अभियंता व कर्मचारी उपस्थित थे।

## कार में अवैध रूप से 40632 रुपए के अंग्रेजी शराब का परिवहन करते 2 आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिसा से सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 18 एल 9348 में अवैध अंग्रेजी शराब को छिपाकर छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए लाया जा रहा था, जिसे तत्काल थाना प्रभारी नगरनार खोमराज ठाकुर के द्वारा हमराह नगरनार पुलिस के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना नगरनार क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ में रेलवे फाटक चोकावाड़ा पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रूकवाने का प्रयास किया गया। वाहन चालक के द्वारा गाड़ी को बिना रोक गाड़ी सहित भागने का प्रयास किया गया, जिस दौरान गाड़ी सड़क से उतर गई एवं सड़क किनारे झाड़ी में फंस गई, जिसके बाद वाहन में सवार आरोपी जंगल का सहारा लेकर भागने में सफल हो गए। मौके से बरामद कार की तलाशी लेने पर किंग फिशर बियर 9 पेटी प्रत्येक पेटी में 24 नग केन बियर 108 लीटर कीमती रुपया /-, किंग फिशर प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बियर 11 पेटी प्रत्येक पेटी में 12 नग बोतल बियर 85.800 लीटर कीमती रुपया 19800/-, अंग्रेजी शराब मैकडॉल्स न. 01 पौवा कुल 96 नग 17.28 लीटर कीमती रुपया 18240/- कुल 211.8 लीटर कीमती रुपया 40632/- बरामद हुए, जिस पर थाना नगरनार में दिनांक 18/11/23 को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब को परिवहन करने वाले आरोपियों का पता- तलाश किया जा रहा था जो 22 नवंबर को नगरनार पुलिस को तस्करी करने वाले दो आरोपी - विवेक सरकार पिता बरो बिहारी निवासी यूवी 13 जामगुड़ा तहसील एवं थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर ओडिसा एवं सुब्रत मंडल पिता अनिल मंडल उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड न.01 अंबेडकर वार्ड दंतेवाड़ा थाना दंतेवाड़ा को पकड़ने में सफलता हासिल हुई। जिन्हे गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

## शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ली पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक

### बूथ, सेक्टर व जोन के प्रभारियों से चुनाव के सम्बंध में की चर्चा

**जगदलपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने संभाग मुख्यालय राजीव भवन में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित बूथ, सेक्टर व ज़ोन के प्रभारियों की समीक्षात्मक बैठक लेकर चुनाव के सम्बंध में चर्चा की। इस दौरान उत्तर, दक्षिण सहित नानगुर, नगरनार व दरभा ब्लॉक के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगणों ने आश्वत किया कि विधानसभा जगदलपुर में भारी बहुमत से कांग्रेस की जीत होगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री मौर्य ने कहा? कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 75 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। पिछले चुनाव में भी जनघोषणा पत्र का असर हुआ था। इस बार भी लोग हमारी बातों पर विश्वास कर रहे हैं, निश्चित रूप से हमारी सरकार बनेगी। क्योंकि हमने पिछली बार जो बातें कही उसे पूरा कर दिखाया, इसलिए जनता को विश्वास है हमने जो कहा है उसे आगे भी पूरा करेंगे। सुशील ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा जनसेवा के लिए कटिबद्ध रही है और आगे भी जनता का भरोसा और विकास की गति कांग्रेस सरकार बरकरार रखेगी। उन्होंने चुनाव में की गई सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक पश्चात शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित नाहटा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौनधारण कर श्रदांजलि दी गई। इस बैठक में सतपाल शर्मा, विक्रम सिंह डांगी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, कैलाश नाग, नीलूराम बघेल, लेखन बघेल, सुखराम नाग, शामु कश्यप, कविता साहू, सरला तिवारी, विनोद सेठिया, उमेश सेठिया, लोकेश सेठिया, मानसिंह बघेल, एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मोतियाबिंद मुक्त बस्तर के लिए पुन: सर्वे प्रारंभ



### प्रशासन की पहल से मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हाकित कर किया जा रहा उपचार

**जगदलपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। सभी जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले यह शासन-प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य रहा है इसी के तहत बस्तर जिले में नेत्र से संबंधित बीमारी मोतियाबिंद से जिले को निजात दिलाने के लिए 23 नवंबर से पुन: सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ-साथ नेत्र चिकित्सा के लिए विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार मिलने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुन: 23 नवम्बर से 30 नवम्बर 2023 से सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकत्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिर्पोटिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में आपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जिले में 23 से 30 नवम्बर 2023 तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के द्वारा सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान एवं आयुष्मान कार्ड बनाने से छूटे हुए व्यक्तियों का सर्वे किया जाना है। गांवों में सर्वे कार्य हेतु पंचायत सचिवों से भी समन्वय किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य का सफल क्रियान्वयन एवं सम्पूर्ण निगरानी खण्ड चिकित्सा अधिकारी व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक तथा शहरी क्षेत्र में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया जाएगा।

प्रशासन द्वारा इस सर्वे से पहले माह मई में भी विशेष सर्वे अभियान किया गया था जिसके तहत सातों विकासखंडों से 2859 मोतियाबिंद मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें मई से नवम्बर माह तक विकासखंड बस्तर से 298, बकावंड से 255, बास्तानार से 247, जगदलपुर से 382, लोहंडीगुड़ा से 230, तोकापाल से 230 और दरभा से 117 मरीजों को उपचार उपरांत स्वास्थ्य लाभ हुआ। मोतियाबिंद सर्वे अभियान का लाभ जिले के अंदरूनी इलाकों के मरीजों को भी मिला। जिनमें एक देवकी ठाकुर थी जो कलेक्टर विजय ने विकासखंड लोहड़ीगुड़ा के दूरस्थ ग्राम हर्राकोडेर दौरे के दरमियान उनकी माताजी ने मिलकर आपरेशन की गुहार की थी। कुछ ही दिन बाद देवकी का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया अब देवकी अपने आखों से देख सकती है। देवकी ने स्वस्थ होने के बाद कलेक्टर को पुष्प भेंटकर आभार व्यक्त भी की। प्रशासन द्वारा जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने और मरीजों को नेत्र से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में विशेष अस्पताल अंबक प्रारंभ किया गया, जिसमें अब तक लगभग 342 मरीजों का मोतियाबिंद इलाज किया गया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नेत्र से संबंधित बीमारियों की भी इलाज की सुविधा दी जा रही है।

## आयुक्त मंडावी ने किया सिटी ग्राउंड का निरीक्षण



### सिटी ग्राउंड के पीछे बाउंड्रीवॉल निर्माण संधारण एवं साफ सफाई के दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. निर्देश पर बुधवार को निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने सिटी ग्राउंड का निरीक्षण कर सिटी ग्राउंड की वस्तु स्थिति से अवगत होते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। गत मंगलवार को कलेक्टर के द्वारा लिए गए बैठक में शहर के सिटी ग्राउंड एवं हाता मैदान के स्थिति में आवश्यक कार्रवाई करने संबंधित निर्देश मिला था, जिसके तहत आज आयुक्त हरेश मंडावी ने सिटी ग्राउंड पहुंच निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर ग्राउंड की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मंडावी ने संबंधित अधिकारियों को ग्राउंड की स्थिति को सुव्यवस्थित करने का निर्देश देते ग्राउंड के पीछे बाउंड्रीवॉल का निर्माण, संधारण, नियमित साफ सफाई, उचित रखरखाव, मैदान में पानी की व्यवस्था, खेल मैदान की स्थिति में बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही मैदान में रात में असामाजिक तत्वों के द्वारा ग्राउंड मे नशाखोरी संबंधी शिकायत पर आयुक्त ने पुलिस विभाग को ग्राउंड में रात में नियमित रूप से गश्त करने संबंधी चर्चा किया। आयुक्त श्री मंडावी ने बताया कि सिटी ग्राउंड को व्यवस्थित करने के लिए उचित देखरेख की आवश्यकता है। उचित देखरेख नहीं होने की वजह से फुटबॉल मैदान खराब हो रहा है जिसका समुचित देखरेख करना आवश्यक है। सिटी ग्राउंड के लिए बनाई गई समिति व खिलाड़ियों के साथ जल्द चर्चा कर ग्राउंड को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अमर सिंह कश्यप, अशोक कोराम, स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नक्सलियों की बड़ी साजिश विफल, 4 आईईडी बरामद



### सीआईएसएफ और बीडीएस ने किया निष्क्रिय

**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। लोहा गांव पहाडी धोबी घाट और 11 सी माईनिंग के पास आईईडी की सूचना मिलते ही दन्तेवाड़ा बीडीएस और सीआईएसएफ किरंदुल की टीम ने मौके पर पहुंचकर नक्सलियों के द्वारा प्लांट किये गये सिरियल बम को मौके पर ही निष्क्रिय किया। दन्तेवाड़ा में सुरक्षा बलों ने एक बार फिर से नक्सलियों के मनसूबों पर पानी फेर दिया है। डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी गौरव राय निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन के नेतृत्व में चलाये जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत सीआईएसएफ की एक पार्टी इलाके में गश्त के लिए निकली थी कि धोबी घाट और 11 सी माईनिंग जाने वाले तिराहा के आगे लोहा गांव जाने वाले रास्ते में पहाडी पर नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहूंचाने के ईरादे से आईईडी लगा रखा था। जिस पर सीआईएसएफ की पार्टी को वायर जमीन से उपर निकला दिखाई दिया, जिससे तत्काल सूचना पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा को दिया गया। इस पर सीआईएसएफ पार्टी एवं बीडीएस दन्तेवाड़ा की टीम के द्वारा मौके पर पहूंच कर निरीक्षण किया तब घटना स्थल से 5 किलो का 1 नग, 2 किलो के 2 नग और 1 किलो का 1 नग कुल 10 किलो का कमांड आईईडी लगा रखा था, जिसे बरामद कर मौके पर ही दन्तेवाड़ा बीडीएस के द्वारा सुरक्षित तरीके से डिस्पोज कर दिया गया है।

## चुनावी झमेला से मुक्त होकर आदिवासी नेता कर रहे तीर्थ यात्रा

**जगदलपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में लंबे अरसे से 'महादेव' का प्रकोप छाया हुआ है। इस प्रकोप की जद में कांग्रेस के कई बड़े नेता भी आ गए हैं और इसकी तपन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक भी पहुंचने लगी है। 'महादेव' के इस प्रकोप के बीच छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज नेता महाकाल की शरण में पहुंच गए हैं और 'शांति' के लिए अनुष्ठान कर रहे हैं। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के लोग इस मुद्दे पर चटखारे ले लेकर किस्सागोई करने में लग गए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में सियासी तूफान लाने वाला महादेव ऑनलाइन सट्टा एप ने फैलाया है। महादेव एप की आड़ में इंफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) की टीम चुन चुनकर कांग्रेस नेताओं को निशाना बना रही है। ईडी की कार्रवाई की जद में कांग्रेस के कई बड़े नेता, कुछ आईपीएस अफसर, एक सिपाही व जनप्रतिनिधि आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह समेत भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने महादेव एप को बड़ा मुद्दा बनाने में जरा भी देरी नहीं की। हालिया निपटे छत्तीसगढ़ विधानसभा के दो चरणों के चुनावों की जंग में भाजपा ने महादेव एप वाले मुद्दे को सियासी हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी उंगली उठा दी। प्रधानमंत्री कई चुनावी सभाओं में बोलते रहे कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उनके साथियों ने रकम उगाही के लिए महादेव के नाम को भी नहीं बख्शा। प्रधानमंत्री का इशारा भगवान महादेव की ओर था, जबकि ऑनलाइन सट्टे का कारोबार करने वालों ने अपने सट्टा एप का नाम महादेव एप रखा है। यह भारत देश की प्राचीन परंपरा भी है। इसके पीछे मान्यता यह है कि देवी देवताओं के नाम पर नामकरण से संबंधित व्यक्ति या संस्थान खूब उन्नति करता है और विघ्न बाधाओं से सुरक्षित रहता है। ये अलग बात है कि ऑनलाइन सट्टा एप का नाम महादेव रखने पर भी इस एप के कर्ताधर्ता ईडी की वक्रदृष्टि ने बच नहीं पाए। महादेव एप का असल संचालक सौरभ चंद्राकर अभी भी ईडी की पहुंच से दूर दुबई में मौज मस्ती कर रहा है। आरोप प्रत्यारोप के बीच हुए चुनाव में राज्य के मतदाताओं ने सोच समझकर और उच्च विवेक से काम लिया। प्रदेश सरकार के कामकाज का मूल्यांकन करते हुए मतदान किया है। 3 दिसंबर की शाम तक दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।



**तीन बड़े नेता देवों की शरण में**

महादेव एप को लेकर छत्तीसगढ़ में मचे सियासी तूफान और ईडी की छापेमारी के बीच राज्य के तीन बड़े नेता महाकाल की शरण में पहुंच गए। ये नेता हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दीपक बैज, निवर्तमान आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा तथा बस्तर विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल। सबसे पहले कवासी लखमा अपनी धर्मपत्नी के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने महाकाल की पूजा अर्चना की। उनके बाद पीसीसी चीफ और सांसद दीपक बैज अपनी अर्धांगिनी पूनम बैज एवं पुत्र सूर्यांश के साथ महाकाल लोक पहुंचे और वहां ज्योतिर्लिंग की पूजा आराधना की। फिर बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल भी उज्जयनी नगरी जा धमके। श्री बघेल ने भी वहां देवपूजन किया। इन तीनों नेताओं ने भगवान महाकाल से छत्तीसगढ़ की तरक्की, खुशहाली, सुख शांति के लिए प्रार्थना की। कवासी लखमा महाकाल के दर्शन पूजन के बाद मध्यप्रदेश के ही ओंकारेश्वर धाम भी गए।

आदिवासी भगवान शंकर के उपासक होते हैं। वे भोलेनाथ का पूजन बड़ा देव और बूढ़ादेव के रूप में करते हैं। दीपक बैज, कवासी लखमा और लखेश्वर बघेल भी आदिवासी हैं। वे अपने आराध्य की आराधना करने गए हैं। विधानसभा चुनावों में दीपक बैज बस्तर जिले की चित्रकोट सीट से, कवासी लखमा सुकमा जिले की कोंटा सीट से और लखेश्वर बघेल बस्तर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे हैं। तीनों ही नेता बीते दो ढाई माह से चुनावी झंझावातों में उलझे रहे हैं। इस दौरान उनका चैन से खाना पीना, उठना बैठना, सोना सब हराम हो गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते दीपक बैज की चुनावी व्यस्तता कुछ ज्यादा ही रही। लिहाजा चुनाव के चक्कर में इन नेताओं में मानसिक और शारीरिक थकान आना लाजिमी है। इन नेताओं के करीबी सूत्र बताते हैं कि चुनावी झंझावातों से मुक्त होने के बाद फुरसत मिलते ही आदिवासी नेता दीपक बैज, कवासी लखमा और लखेश्वर बघेल अपने इष्टदेव भोले भंडारी के दर्शन के लिए निकले हैं। महादेव एप से उनके महाकाल दर्शन का कोई कनेक्शन नहीं है। वे तो बस्तर और छत्तीसगढ़ में सुख शांति की स्थापना की कामना के साथ तीर्थयात्रा पर निकले हैं। जल्द लौटकर तीनों नेता अपने रूटीन के कामकाज में फिर लग जाएंगे।

# सशिमं नवापारा में आंवला नवमी पर्व मनाया गया



**नवापारा राजिम,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में आंवला नवमी पर्व मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आंवला के पेड़ की पूजा विधि- विधान पूर्वक खीर-पूड़ी का भोग लगाकर श्रीफल अर्पित कर तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव ने आंवला नवमी का महत्व बताते हुए कहा की- कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा के साथ व्रत किया जाता हैं इसे आंवला नवमी कहते हैं ऐसा करने से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता इसलिए इसे अक्षय नवमी भी कहते हैं ।इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता व सुख -समृद्धि की कामना की जाती है ।धार्मिक मान्यता है कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं अर्थात इनका कभी क्षय नहीं होता हैं। भविष्य, स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर भोजन किया जाता है ऐसा करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती हैं इस दिन किया गया तप-जप दान इत्यादि व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है तथा सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है ।शिशु वाटिका प्रमुख बाल्मिकी धीवर ने बताया की- आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा और इसके वृक्ष के नीचे भोजन करने की प्रथा की शुरुआत करने वाली माता लक्ष्मी मानी जाती है । यह भी कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण अपनी बाल लीलाओं का त्याग करके वृंदावन की गलियों को छोड़कर मथुरा चले गए थे। आंवला भगवान विष्णु का सबसे प्रिय फल है और आंवले के वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का निवास होता हैं।आयुर्वेद के अनुसार आंवला आयु बढ़ाने वाला फल हैं यह अमृत के समान माना गया हैं इसीलिए हिन्दू धर्म में इसका ज्यादा महत्व है ।इस अवसर पर आचार्य संजय सोनी नरेंद्र साहू,नंद कुमार साहू धनेश्वरी साहू निकिता तराने, मोनिका मालवीय, मंजू साहू, ममता साहू परमेश्वर सिन्हा उपस्थित रहें।

# पुलिस की जांच पर परिजनों को संदेह, हत्या होने को लेकर जांच शुरू करने परिजनों ने लगाई गुहार

**राजनांदगांव** , 22 नवंबर (देशबन्धु)। हत्या या आत्महत्या को लेकर शहर मे चर्चा सरगर्म है ।विगत दिनों गुमशुदा होने की सूचना पर संदिग्ध परिस्थितियों मे युवा छात्र अंश खंडेलवाल की लाश मिली जिससे तरह तरह की चर्चा हो रही है ।गंज लाइन निवासी अंश खंडेलवाल की मौत का मामला अभी तक सुलझ नहीं पाया है। मंगलवार को मृतक के माता-पिता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने बेटे अंश की मौत पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। अंश के माता-पिता ने कहा कि पुलिस गुमराह कर रही है। बेटे की हत्या की गई है। पूरा मामला लालबाग ग्रामीण थाना का है ।अंश खंडेलवाल की मां अभिलाषा खंडेलवाल ने कहा कि मेरा बेटा होनहार था। अंश आत्महत्या नहीं कर सकता है, उसकी हत्या हुई है। पुलिस गुमराह कर रही है। पुलिस जरूर कुछ छिपा रही है। मां ने बताया कि अंश धार्मिक और सामाजिक एक्टिविटीज में हमेशा एक्टिव रहने वाला लड़का था। इसलिए बेटे की मौत का राज जानने पिता लगा रहा गुहार अंश के पिता राजेश खंडेलवाल ने कहा कि बेटे की मौत का राज जानने के लिए वे पुलिस से लगातार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन परिणाम कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। अभी तक पुलिस हत्या की जानकारी इकट्ठा नहीं कर पाई है। मौत की वजह का पता नहीं चला पाया है।



**मामला अंश के संदिग्ध मौत का**

**जांच को लेकर समाज में आक्रोश**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनांदगांव चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर और शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व महापौर अजीत जैन ने पुलिस प्रशासन से जल्द अंश खंडेलवाल मामले की सूक्ष्मता से जांच कर गुनहगारों को पकड़ने की अपील की है। पत्रकार वार्ता के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक से मिलने परिजन और उनके साथ आए हुए लोग कार्यालय पहुंचे उसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी जांच में तेजी और दोषीयो पर कार्यवाही को लेकर परिजन पहुंचे थे।

# अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने से मौत



**डोंगरगढ़,** 22 नवंबर। मगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति पुरूष उम्र- करीबन 50-55 साल का जो डोंगरगढ़ व पनियाजोब डाउन लाईन तथा ज्वाइन्ट लाईन के बीच टेऊन से कट जाने से मृत्यु हो गई है जिसकी सूचना पर थाना डोंगरगढ़ में मर्ग क्र0- 93/2023 धारा-174 जा0फौ0 कायम कर जांच में लिया गया है एवं उसके वरिसानों का पता तलाश किया जा रहा है। अज्ञात मृतक पुरूष के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होने पर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव् से संपर्क करें।

## डॉ बीके गुप्ता देंगे धर्मार्थ चिकित्सालय में सेवाएं

**डोंगरगढ़,** 21 नवंबर। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सक के पद पर डां बी के गुप्ता रूर जनरल सर्जन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे सेवाएं देंगे ।श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा समस्त नागरिक गणों से उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने अपील की गयी है। मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए फोन नं 9425205917 पर चिकित्सालय समय में काल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# नाम है श्यामला...! वजन, बढ़ाता है रोग प्रतिरोधक क्षमता

**भाटापारा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। अमरूद की खेती करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर। अब काले अमरूद की भी खेती की जा सकेगी। इस प्रजाति के अमरुद में भरपूर मेडिशनल प्रॉपर्टीज की मौजूदगी की प्रमाणित हुई है।

नाम है श्यामला। काम है पेट से संबंधित व्याधियां दूर करना। जी हां, अमरूद की यह नई प्रजाति, ऐसी कई विशेषताओं से भरपूर है, जिनकी मदद से आम हो चली कई व्याधियां दूर की जा सकेंगी। इस प्रजाति के अमरूद के बीज तो कुछ ज्यादा ही औषधिय गुणों से भरपूर है।

**इसलिए श्यामला**

अमरूद की इस नई प्रजाति के फल का आवरण काला और भीतरी हिस्सा, लाल होता है। फूल और पत्तियां ही नहीं, तना भी श्याम वर्ण का होता है। इसी वजह से इसे श्यामला नाम से पहचाना जाता है। अन्य प्रजातियों की तुलना में श्यामला अमरूद में कहीं ज्यादा औषधिय गुणों का होना पाया गया है।

**मिले यह मेडिशनल प्रॉपर्टीज**

अनुसंधान में श्यामला में आयरन, कैल्शियम, विटामिन ए, बी और सी की मात्रा भरपूर मिली है। इसके अलावा पोटेशियम का भी होना प्रमाणित हुआ है। यह सभी औषधिय गुण रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं।



**यह रोग काबू में**

कब्ज और बवासीर आम रोग है। इसे समूल नष्ट करती है श्यामला। अनुसंधान में इसके बीज में वजन कम करने, ब्लड प्रेशर को काबू में रखने के गुणों का होना प्रमाणित हुआ है। बीज में पोटेशियम और फाइबर की मात्रा होने से पेट की कई अन्य व्याधियां दूर की जा सकती हैं।

**औषधिय गुणों का खजाना है काला अमरूद**

काले अमरूद का सेवन जहां पौष्टिक तत्वों की कमी दूर करने में कारगर है, वहीं इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा बहुत अधिक होती है जो बुढ़ापा आने से रोकती है। काले अमरूद को खाने से लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

- **अजीत विलियम्स**, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

**जल ही जीवन है**

## निधन

### जितेंद्र ठाकरे

**राजनांदगांव,** 22 नवंबर। आशा नगर निवासी जितेन्द्र ठाकरे पिता जयराम ठाकरे 33 वर्ष का 21 नवंबर को रात्रि 9.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे गायत्री स्कूल में कार्यरत महेश ठाकरे के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 22 नवंबर को आशा नगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### संतोष वर्मा

**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर। ग्राम सेजा निवासी संतोष वर्मा का निधन हो गया उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे सोमेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, कमेश वर्मा के पापा व तिलक राम वर्मा, नन्दलाल वर्मा के भाई थे।



### जयसिंह नेताम

**बागबाहरा,** 22 नवंबर। जनपद पंचायत बागबाहरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरटकला निवासी ग्राम पंचायत टेका के सचिव जयसिंह नेताम का 21नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 51वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार खैरटकला गाँव में किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पंचायत सचिव संघ बागबाहरा के पदाधिकारियों ने श्री नेताम के निधन पर गहरा दु:ख व्यत करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# ग्रामीण चिकित्सा सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चैम्प प्रोजेक्ट के तहत ग्रामीण चिकित्सा सहायक का दो दिवसीय प्रशिक्षण नीमहंस बेंगलुरु के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है! प्रशिक्षण में डॉ पी माहेश्वरी मनोरोग चिकित्सक उपस्थित हुए। उनके द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के इलाज को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक को मानसिक रोग के जांच, निदान और परामर्श के बारे में रूबरू कराया गया।



मानसिक रोग में मुख्यत: दो प्रकार के बीमारी होते है, पहला समान्य मानसिक बीमारी और दुसरा गंभीर मानसिक बीमारी जिसे हम साइकोसिस और न्यूरोसीस के नाम से जाना जाता है इसमें सिजोप्रेनिया, मेनिया, बाईपोलर डिसऑर्डर, डिप्रेशन, ऐंजाइटी, सोमेटो फाम, ओसीडी, ऐलकोहल विथड्रॉल डिमेनेसिया, एपिलेपसी, बिहेवियरल, आर्टिस्म, एडीएचडी आदि डिसऑर्डर के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कौन से बीमारी में कितनी मात्रा में कब कब दवाई दी जानी है और कब कौन सी मरीज को कौन सी अवस्था में उच्च अस्पताल में रिफर किया जाना है आदि जानकारी दिया गया। मानसिक स्वास्थ्य के उदेश्य को पुरा करने के लिए डॉ पी कुदेशोसिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला महासमुन्द व श्रीमती नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल मानसिक स्वास्थ्य के समनवय से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में जिला महासमुंद और गरियाबंद के 40 ग्रामीण चिकित्सा सहायक ने भाग लिया गया। इसमें जिला महासमुन्द और गरियाबंध जिला से उपस्थित हुये थे। सभी को सर्टिफिकेट दिया गया। जिला महासमुंद से मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, टेकलाल नायक, देवकुमार डडसेना, जाग्रति साहू, टिकेश्वरी गोस्वामी, गौतम यादव उपस्थित हुए।

# मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतगणना कार्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली अंतर्गत जयदेव सतपति शासकीय महाविद्यालय बसना के सहायक प्राध्यापक विजय कुमार कठाने, नंदकिशोर प्रधान, डॉ सुरेंद्र कुमार साव एवं अजय कुमार जलक्षत्री को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना अंतर्गत बूढ़ानशाह जी शासकीय नवीन महाविद्यालय तेंदूकोना के सहायक प्राध्यापक आशीष एक्का, पंकज कुमार भोई, प्रवीण कुमार चंद्राकर एवं शिव गोपाल रात्रे सहायक प्राध्यापक शासकीय खेल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। 41 खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय पिथौरा के सहायक प्राध्यापक बी एस विशाल, पीरी सिंह ठाकुर एवं स्व. राजा विरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के सहायक प्राध्यापक उपेंद्र कुमार बरिहा, देवेंद्र कुमार मांझी तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र 42 अंतर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के सहायक प्राध्यापक मनबोध चौहान, दिलीप कुमार बढाई, प्रदीप कन्हेर एवं अजय कुमार देवांगन को मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

## इलेक्ट्रीशियन का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ 24 तक कर सकते है आवेदन

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबंधु)। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए 21 नवंबर से 30 दिवसीय इलेक्ट्रीशियन घरेलू विद्युत सेवा उपकरण का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है । जिसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2023 तक है। निदेशक बैंक ऑफबड़ौदा आरसेटी टुटु बेहरा ने बताया कि प्रतिभागियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बीपीएल राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। नि:शुल्क प्रशिक्षण पंजीयन के लिए एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07723.299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997.00673, प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402.81974 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते है।

# मुख्य नपा अधिकारी की निष्क्रियता के चलते नगर में गदंगी का साम्राज्य

## जगह-जगह नाली का गंदा पानी बह रहा सड़कों पर नागरिक परेशान



**सिमगा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के प्राय: सभी वार्डो में जगह जगह कूढ़े करकट एवं गंदगी का साम्राज्य है नगर की नालियां गंदगी से बजबजा रही है साफ सफाई के अभाव में नालियों का गंदा पानी सड़कों में बह रहा है । चारो और फैली गदंगी से मच्छर का प्रकोप फैल रहा है । नगर के वार्ड 15 में नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हैं उनके घर के समीप की नाली का गंदा बदबू दार पानी सड़क बहता है वहीं पास भैरवनंद विघामंदिर स्कूल संचालित होता है । जंहा छोटे छोटे बच्चे उस गंदे पानी में चलकर स्कूल पहुंचते है ।

नगर पंचायत द्वारा नालियों में फिनाइल एवं ब्लीचिंग पाउडर का कभी भी छिड़काव करते नहीं देखा गया है । वहीं प्रतिमाह सफाई सामग्री खरीदी के नाम पर फर्जी बिल पास कराने की चर्चा हो रही है।

सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । यह भी जानकारी मिली है कि सफाई कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के बावजूद भी लेनदेन कर फर्जी बीलिंग किया जा रहा है । खरीदी गई सफाई सामग्री का भौतिक सत्यापन आवश्यक है जिसका भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता उक्त कार्य में संबंधित आडिटर की भी मिलीभगत की चर्चा है । नगर पंचायत सिमगा में स्वच्छ भारत का नारा खोखला साबित हो रहा है । चारो ओर फैले गंदगी व बदबू से नागरिक परेशान है । इस बाबत् नागरिकों ने जिलाधीश से हस्तक्षेप की मांग किया है ।

# भागवत कथा के लिए जल कलश यात्रा से हुआ मंडल प्रवेश, 7 दिनों तक बहेगी ज्ञान की गंगा

**महासमुंद,** 22 नवंबर (देशबंधु)। सात दिनों तक भागवत महापुराण ज्ञान गंगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसकोल रोड व स्थानीय पुराना रायपुर नाका के पास बहेगी। इसके लिए दोनों स्थानों पर जल कलश यात्रा से मंडप प्रवेश हुआ और गौकर्ण की कथा से भागवत महापुराण कथा का बखान किया गया। हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसकोल रोड में विकास कुमार साहू की स्मृति में 21 से 27 नवंबर तक कार्यक्रम आयोजित है।

यहां व्यासपीठ से कान्हाजी महाराज प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम साढ़े 6 बजे तक हरिलीला का बखान करेंगे। 22 नवंबर को परिक्षित जन्म, 23 को कपिल अवतार, प्रहलाद चरित्र, 24 को समुद्र मंथन, वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 25 को माखन चोरी, छप्पन भोग, 26 को रास लीला, कृष्ण रूखमणी विवाह व 27 को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा से भागवत महापुराण का विराम होगा।

आयोजनकर्ता ओमप्रकाश हेमलता साहू ने पावन प्रसंग में धर्म प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है। इसी तरह स्थानीय पुराना रायपुर नाका के पास पण्डा परिवार द्वारा श्रीमती ननली पण्डा की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा व्यास में शुक के रूप में डा. श्री यशवंत शर्मा महाराज विराजमान होंगे। वरण के रूप में पं. चित्रेश शर्मा व पारायणकर्ता डा. राजेश शर्मा है। संध्या बेला में आज जल कलश यात्रा निकालकर मंडप प्रवेश हुआ। पोथी पूजन गौकर्ण कथा से भागवत भगवान की कथा प्रारंभ हुई। 22 को सृष्टिवर्णन, परीक्षित जन्म, वारह अवतार, 23 को कपिलो व्याख्यान, शिव विवाह, ध्रुव चरित्र, 24 को जड़ भरत प्रसंग, राम कृष्ण प्राकट्य प्रहलाद चरित्र का बखान करेंगे। आयोजनकर्ता सुनील, भास्कर, दिवाकर पंडा ने बताया कि कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा।



# आयुर्वेद के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करने आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम




**कोण्डागांव,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। आयुर्वेद के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करने के उद्देश्य से आयुर्विद्या- एक विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालनालय आयुष के दिशा निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बस्तर डॉ.जे.आर नेताम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम के तहत आयुर्विद्या-एक विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का शुभारंभ आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरगांव से हुआ।

कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम द्वारा आहार विधि, दिनचर्या, ऋतुचर्या, स्वस्थवृत, आचार रसायन, पोषण, वनौषधि, हस्तप्रक्षालन, स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य में आयुर्वेद, स्वास्थ्य जागरूकता, प्रकृति परीक्षण, योगाभ्यास आदि सभी घटकों को समाहित करते हुए आयुर्विद्या कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन किया गया।

डॉ.चंद्रभान वर्मा द्वारा बच्चों को दिनचर्या, ऋतुचर्या आहार आदि विषय में विस्तारपुर्वक जानकारी देकर आयुर्वेद पद्धति अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

डॉ.योगेश विश्वकर्मा द्वारा व्यक्ति की प्रकृति परीक्षण के साथ ही स्वस्थ वृत्त की जानकारी विस्तारपुर्वक दी गई। डॉ.पी.एल.बनपेला ने मुखरोग के साथ ही स्वच्छता के महत्व की बात बताई गई। डॉ.चंचल द्वारा एनीमिया के लक्षण एवं बचाव के उपायों के साथ ही बालिका स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत ही बच्चों को हाथ धुलाई के स्टेप बताते हुए भोजन के पहले और शौच के बाद अच्छी तरह हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया।

आयुर्विद्या अंतर्गत विद्यार्थियों को आयुर्वेद औषधालय बोरगांव के हर्बल गार्डन का भ्रमण कराकर वनौषधियों की पहचान गुणधर्म और उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए योग प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। कोंडागांव जिले में आयुर्विद्या कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला आयुष नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रभान वर्मा ने बताया कि आयुर्विद्या कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता के साथ स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करना है। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा, डॉ.पी.एल.बनपेला, डॉ.चंचल नाग सहित प्राचार्य अमरनाथ ध्रुव, शिक्षिका प्रतिभा साहू, अनिता मंडावी, रूनुप्रभा नंदी, रमा भद्र एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# शास. उमावि लुभा के विद्यार्थियों को दी गई विधिक जानकारी



**कोण्डागांव,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला के विकास खण्ड माकडी के अंतर्गत आने वाले ग्राम लुभा में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव अध्यक्ष/न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल अध्यक्ष श्रीमती अंजलि सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती अंबा साह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को विधिक सेवा से जुड़ी जानकारी/विधिक सलाह नि:शुल्क दी गई। जिसमें उपस्थित प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुभा राजेन्द्र वर्मा, रिटेनर अधिवक्ता श्रीमती मनीषा तिवारी, केशकाल पीएलवी अनिल कुमार मंडावी केशकाल, पीएलवी कु.लैला मरकाम विश्रामपुरी थाना के माध्यम से नि: शुल्क विधिक जानकारी दी गई।

अनिल कुमार मंडावी ने बताया कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो उन्हें बिना पैसे के या बहुत कम पैसे में कानूनी सहायता करना विधिक सहायता कहलाता है। कानूनी सहायता देना विधिक समता के लिए बहुत आवश्यक तत्व है, क्योंकि निर्धनता के कारण कोई न्याय न प्राप्त कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है। विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट अधिनियम 2012 यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल आफेंस एक्ट, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं नियम 2007, जिसमें मुख्य रुप से बाल विवाह और इससे जुड़े आकस्मिक मामलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, बाल श्रम एवं मानव तस्करी आदि से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई।

# अब सामने आएगा झीरम हमले का सच : छविन्द्र

**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया है। शीर्ष न्यायालय के फैसले के बाद अब छत्तीसगढ़ पुलिस षड़यंत्र के एंगल की जांच कर सकती है। इस हमले में बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, उनके सुपुत्र उमेश पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 32 कांग्रेस नेता व सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे। शहीद महेन्द्र कर्मा के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया है।



- सुप्रीम कोर्ट में एनआईए की अपील खारिज
- केन्द्र के दबाव में सही जांच नहीं कर रही थी एनआईए

शहीद कर्मा के सुपुत्र छविन्द्र कर्मा ने कहा है कि झीरम का सच अब सामने आ सकेगा। हमने पहले भी मांग की थी कि राज्य शासन को जांच का आदेश दिया जाए। एनआईए केन्द्र सरकार के दबाव में हेरफेर करती रही। अब राज्य पुलिस जांच करेगी। राज्य सरकार ने पहले ही एसआईटी का गठन किया था, लेकिन एनआईए ने सहयोग नहीं किया। वहीं विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने कहा है कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं। अब सच सामने आएगा। शहीद कर्मा की सुपुत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा है कि नक्सली हमला तो था, लेकिन इसमें कुछ षड़यंत्र भी था, इसका सच सामने आना ही चाहिए। राज्य सरकार अब जांच करेगी और पूरा भरोसा है, जो भी दोषी हैं वे बख्शे नहीं जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर झीरम घाटी में नक्सलियो ने बड़ा हमला किया था, जिसमें शहीद कर्मा सहित कांग्रेस का पूरा शीर्ष नेतृत्व खत्म हो गया था। इस मामले में एनआईए ने जांच की लेकिन षड़यंत्र के एंगल से जांच नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट में एनआईए की जांच अपील खारिज होने के बाद अब नये सिरे से राज्य सरकार जांच कर सकेगी।

# दंतेवाड़ा में 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देशानुसार जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के मार्गदर्शन में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत पखवाड़ा दो भागों में आयोजित होगा प्रथम चरण में 21 से 27 नवंबर तक संपर्क पखवाड़ा एवं 28 से 4 दिसंबर तक सेवा प्रदाता पखवाड़ा का आयोजन होगा।



- परिवार नियोजन में पुरूषों की सहभागिता बढ़ाने अभियान
- प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथ रवाना

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन माह नवंबर में किया जा रहा है इसके तहत प्रारंभिक गतिविधियां शुरू की गई है। इस वर्ष की थीम स्वस्थ मां स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा के थीम पर मनाया जाएगा। इस अभियान में जिले के समस्त विकासखंड में मोर मितान मोर संगवारी चौपाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुरुषों को परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे नागरिक जो नसबंदी के पश्चात सफलतापूर्वक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन निर्वाह कर रहे हैं उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत मानते हुए विभाग की ओर से मोर मितान मोर संगवारी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा

अभियान के प्रचार प्रसार हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक एवं सिविल सर्जन डॉक्टर कपिल देव कश्यप के द्वारा हरी झंडी दिखाकर व्रत को रवाना किया गया उक्त रथ के माध्यम से जिले के समस्त विकासखंड में नसबंदी हेतु प्रचार प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राजेश राय जिला आर एम एन सी एच सलाहकार अंकित सिंह जिला सलाहकार डब्लू एच ओ कुमार गौरव विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीवन नाग सुवेंदु मिस्त्री प्रियंका नेताम मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक दोहरीकरण के चलते भारी वाहनों पर दो दिन प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा दंतेवाड़ा ऑवराभाटा रेलवे कॉसिंग क्रमांक केके-103 में रेलवे ट्रैक दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु 23 नवंबर समय रात्रि 9 बजे से 24 नवंबर प्रात: 8 बजे तक एवं 24 नवंबर समय रात्रि 9 बजे से 25 नवंबर प्रात: 8 बजे तक वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। किरंदुल, बचेली एवं सुकमा से आने वाली वाहन जेल बॉडी चौक से चितालंका बाईपास चौक होते हुए आगे की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गीदम की ओर से आने वाली वाहन चितालंका बाईपास से जेल बॉडी चौक होते हुये आगे प्रस्थान करेगी। किरंदुल, बचेली एवं सुकमा की ओर से आने वाली यात्री बसें बस स्टैंड से यात्रियों को बैठा कर वापस जेल बाड़ी चौक से चित्तालका बाईपास मार्ग होकर निकलेगी तथा गीदम की ओर से आने वाली यात्री बसें बाईपास से जेलबाडी चौक होते हुए बस स्टैण्ड में यात्रियों को लेकर एवं उतारकर आगे की ओर प्रस्थान करेगी।

## 16 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत

**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर की तिथि को परिवर्तित करते हुए अब उक्त लोक अदालत 16 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा।

## ईश्वरी निषाद एशियन पैराएथलिट चैंपियनशिप में चतुर्थ स्थान पर रही

**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबंधु)। फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर की ईश्वरी निषाद एशियन पैराएथलिट चैंपियनशिप 2023 जो चाइना के हांगझाउ में 23 से 28 अक्टूबर तक सम्मपन्न हुआ उसमे चतुर्थ स्थान प्राप्त की। संस्था के संचालक एवम कोच निरंजन साहू ने बताया कि यद्यपि मेडल प्राप्त नहीं कर सकी किंतु खेल का अच्छा प्रदर्शन किया।

# एकीकृत रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण

## कर्मचारियों को दी गई अहम जानकारी



**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के निर्देश पर एकीकृत रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर कार्य कर्मचारियों को आईडीएसपी के अंतर्गत आई एच आई पी में होने वाली प्रतिदिन रिपोर्टिंग के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

इसमे सभी केंद्रों से स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर्स, सी एच ओ एम आर एच वो को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एपिडेमियोलॉजी डॉक्टर सीमा तिग्गा संस्था स्तर पर रिपोर्टिंग हेतु एस फॉर्म, पी फार्म एवं एल फॉर्म को भरने के संबंध में जानकारी दी साथ ही उक्त रिपोर्टिंग प्रतिदिन ऑनलाइन नियमित रूप से करने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह रिपोर्टिंग प्रतिदिन राज्य स्तर पर भेजी जाती है जिससे जिले से स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों के बीमारियों के संबंध में डाटा एकत्रित कर निगरानी की जा सके।

# न्याय सदन में नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक



**कोण्डागांव,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव के न्याय सदन में बैठक हुई। उक्त सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई जानकारी के अनुसार 22 नवम्बर 2023 को नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला कोण्डागांव के नगर पालिका अधिकारी, दूरसंचार विभाग के अधिकारी एवं समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के मार्गदर्शन में श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव के न्याय सदन में नगर पालिका परिषद अधिकारी कोण्डागांव, दूरसंचार विभाग अधिकारी कोण्डागांव एवं समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आगामी 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए नगर पालिका परिषद में लंबित जल कर, दुकान कर, मकान कर, अन्य कर से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग के बिल वसूली से संबंधित प्रकरण तथा समस्त बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को नेशलन लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

# आज देव उठनी एकादशी गन्ने से सजेगा मंडप



**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। देव दीवाली यानि देव उठनी एकादशी पर तुलसी पूजन और तुलसी विवाह का विधान है। इस बार 5 महीने के बाद देवता जाग रहे हैं। 23 नवंबर गुरूवार को यह पर्व मनाया जाएगा। गन्ने का मंडप सजाकर माता तुलसी और शालीग्राम का विवाह संपन्न होगा। इसके साथ ही विवाह और अन्य मांगलिक कार्यो की शुरूआत भी हो जाएगी। आज बाजार में गन्ने की काफी बिक्री हुई। 100 से 200 रूपए तक जोड़ी में गन्ने बिकते रहे।

# पहले मतदान फिर अंतिम संस्कार

**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधान सभा के बागबाहरा केसमीपस्थ ग्राम हरनादादर में नरेंद्र मांझी की माता शतायु प्राप्त श्रीमती मिथिला मांझी का निधन हो जाने से अंतिम संस्कार के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इस घटना की जानकारी होने पर स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंच कर सांत्वना दी । साथ ही परिवार जनों को समझाया कि अंतिम संस्कार के पहले मतदान जरूर करें । डॉ पाणिग्रही ने बताया कि शोक संतप्त परिवार के बीच ऐसे संवेदनशील अवसर पर जहां शव पड़ा हो ,मतदान की बात करना चुनौतीभरा था , फिर स्वीप कार्यक्रमों के मैदानी अनुभवों एवम च्च सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम च्च इस सूत्र वाक्य को लेकर साहस जुटा कर मैने परिवार जनों के बीच बात रखा । परिवार के मुखिया नरेंद्र मांझी ने परिवार के बीच चर्चा की। नरेंद्र मांझी ने बताया कि जगबंधु मांझी, कोई बाई मांझी, कृष्टो मांझी, सुभद्रा मांझी, नूरपति मांझी, नैन कुमार मांझी, जोगेश्वरी मांझी, मुकेश मांझी, प्रेम मांझी, वंदना मांझी, पहले मतदान करने निकले तथा बाकी लोग अंतिम संस्कार के बाद मतदान करने जायेंगे। अंतिम संस्कार पूर्ण कर लौटने के बाद मैं पुनः मांझी परिवार के घर पहुंचा। मुझे जानकार अच्छा लगा कि परिवार के सारे सदस्य मतदान करने गए हुए थे। मेरी मुलाकात नहीं हो सकी। मतदान समय समाप्त होने के बाद फिर मैं उनके पास गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी लोग मतदान करके आ चुके हैं। इस तरह नरेंद्र मांझी परिवार ने शोक के समय भी मतदान एक अनुकरणीय कार्य किया है।



# प्रेशर बम की चपेट में आकर जवान घायल

## बेहतर इलाज के लिए हेलीकाप्टर से भेजा गया रायपुर



**दंतेवाड़ा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा के अरनपुर थाना अंतर्गत कमारगुड़ा के आगे जगरगुंडा मार्ग पर प्रेशर बम की चपेट में आने से डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए। यहां सड़क निर्माण का कार्य जारी था। गंभीर रूप से घायल जवान रोशन नाग को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकाप्टर के माध्यम से रायपुर भेजा गया। दूसरे जवान को मामूली चोट आयी है। मंगलवार की रात डीआरजी व बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा का बल अभियान हेतु उरसांगल (थाना जगरगुण्डा) की ओर रवाना हुआ था। इस इलाके में जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था। सर्चिंग के दौरान ग्राम बैनपल्ली के पास बस्तर फाइटर के जवान रोशन नाग का पैर आईईडी पर आ गया।

CMYK

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मिंटू- चिंटू, भाई आज अपनी साइकिल आज मुझे दे दे।
चिंटू- नहीं, दे सकता।
मिंटू- तुम मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा।
चिंटू- तो चीनी डाल के खा लेना।

संपादकीय

## पटरी पार करते लोगों की सुरक्षा का सवाल

*छत्तीसगढ़ के जिन शहरों, कस्बों एवं गांवों से होकर ट्रेनें गुजरती हैं उनमें जनता की सुरक्षा का मसला बहुत गम्भीर है क्योंकि आसपास से या मध्य भाग से होकर गुजरती ट्रेनों के लिये बिछी पटरियों को जान जोखिम में डालकर जनता आवाजाही करती है। उसका कारण है फुटओवर ब्रिजों या अंडरग्राउंड पास का अभाव। इससे अनेक दुर्घटनाएं भी होती हैं।*

*बिलासपुर हाईकार्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रेल मंडल से तत्काल जवाब मांगा है। वह इसकी अगली सुनवाई 24 नवम्बर को करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ करीब 3 लाख लोग रहते हैं जिन्हें विभिन्न कामों के लिये कई बार इस तरफ आना पड़ता है। अक्सर उन्हें खड़ी ट्रेनों के डिब्बों से होकर आना-जाना पड़ता है या वे उनके नीचे से गुजरते हैं। खतरनाक ढंग से ट्रेनों के नीचे से गुजरने की कई तस्वीरें मीडिया में देखकर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने मंगलवार को ही सुनवाई की। यह निश्चित ही उनकी संवेदनशीलता एवं जनहित के प्रति सतर्कता का परिचायक है। बतलाया यह गया कि बिलासपुर स्टेशन पर एफओबी का निर्माण 4 वर्ष से लटका हुआ है। उन्होंने इस बाबत विस्तृत रिपोर्ट मांगी तथा अगली सुनवाई में उसे पेश करने के लिये उसे कहा है।*

*यह अनेक शहरों का आलम है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ आदि अनेक ऐसे शहर हैं जहां लोग बड़ी संख्या में इसी प्रकार पटरियां पार कर आना-जाना करते हैं। खासकर बुजुर्गों, बीमारों, विकलांगों तथा गर्भवती महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। साथ ही उनके जीवन को खतरा भी बना रहता है। बच्चों के लिये यह परिस्थिति बहुत ज्यादा खतरनाक होती है क्योंकि वे नासमझ होते हैं तथा उनमें वैसी सतर्कता नहीं होती जैसी बड़ों में होती है। चूंकि ये अक्सर बड़ी संख्या में होते हैं, खासकर स्कूलों से लौटते समय, तो वे मस्ती करते रहते हैं। ऐसे में उनका ध्यान न तो अन्य पटरियों पर होकर आती-जाती ट्रेनों पर होता है और न ही वे इस बात का ख्याल रखते हैं कि जिस ट्रेन के नीचे से होकर वे निकल रहे हैं वह कभी भी चल सकती है। स्टेशन पर खड़ी यात्री ट्रेनों से वे पार होने के लिये चढ़ते हैं परन्तु कई बार वे उनके भीतर रहते में चल पड़ती हैं। ऐसे में उन्हें उतरने में दिक्कत होती है। कई बार तो वे गिर भी जाते हैं।*

*इसके मद्देनज़र हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर समस्या को हल करने की पहल बहुत ही सराहनीय है। आशा है कि रेल मंडल न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पूरे प्रदेश में स्टेशनों के आसपास रहने वालों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। लोगों के ऐसे असुरक्षित तरीकों से पटरियां पार करने की नौबत ही नहीं आना चाहिये।*

# मतगणना के तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक




**रायपुर**, 22 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज मतगणना की तैयारियों के परिपेक्ष्य में कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि 03 दिसंबर को सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होनी है। इस दिन सुबह सात बजे आब्जर्वर, रिटर्निंग ऑफिसर और अभ्यर्थी या राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूम खोले जायेंगे। इसकी सूचना राजनैतिक दलों को पूर्व में अनिवार्य रूप से दे दी जाए। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जायेगी। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी। मतगणना स्थल में मोबाईल ले जाना पूर्णत: वर्जित है।

**■ आठ बजे से शुरू होगी मतों की गणना, मोबाईल ले जाना पूर्णतः वर्जित**

उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थियों को जारी किये गये पहचान पत्र और प्रारूप 8 में निर्वाचन अभिकर्ता को जारी पहचान पत्र मतगणना कक्ष में उनके प्रवेश के लिए मान्य होंगे। बिना पहचान पत्र के प्रवेश नही मिलेगा। अभ्यर्थी और निर्वाचन अभिकर्ता के अलावा मतगणना एजेंटों को टेबलवार अलग से मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा पृथक पास जारी किये गये हैं। मतगणना एजेंट इन पासों से ही मतगणना कक्ष में प्रवेश पा सकेंगे।

बैठक में बताया गया कि डाकमत पत्रों की गणना पहले प्रारंभ होगी। लगभग आधे घंटे पश्चात रिटर्निंग अधिकारी की घोषणा उपरांत ईवीएम के वोटो की गिनती प्रारंभ होगी जबकि डाक मतपत्रों की गणना जारी रहेगी। मतगणना में प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल ईवीएम के लिए और 2 टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाएं जाएंगे। प्रत्येक टेबल में एक सुपर वाईजर जो राजपत्रित अधिकारी रैंक का होगा साथ ही गणना सहायक भी होंगे। मतगणना दल की नियुक्ति तीन बार रैण्डमाईजेशन के बाद किया जाएगा। पहली रैण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में तथा दूसरा व तीसरा रेंडमाईजेशन ऑब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर तथा रिटर्निंग ऑफिसर, अधिकारीगण उपस्थित थे।

## हार-जीत का फैसला 14 राउंड में

**12 हजार कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी**

3 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ की जनता को यह पता चल जाएगा कि, सत्ता की कुर्सी पर कौन काबिज होगा और किसे 5 साल और इंतजार करना पड़ेगा। मतगणना को देखते 12 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रदेश भर के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं मतगणना को लेकर पुलिस भी चौकस है। स्ट्रांग रूम के बाहर हजारों बल तैनात होंगे। वहीं सेज बहार में 7 विधानसभा की काउंटिंग की जाएगी। जानकारी के अनुसार, मतगणना के दिन सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए प्रदेश भर में 1 हजार से अधिक बल तैनात रहेंगे। चुनाव का फैसला 14 राउंड के मतगणना के बाद आएगा।

## मतगणना के दौरान मंत्री, सांसद सहित वीआईपी एंट्री बैन

**प्रत्याशियों को बगैर गनमैन के मिलेगा प्रवेश**

छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर को मतगणना होनी है। इसके लिए निर्वाचन आयोग अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। इस बीच आयोग की तरफ से एक निर्देश जारी किया गया है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि प्रदेश के तमाम मतगणना केंद्रों में किसी भी वीआईपी की एंट्री बैन होगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केंद्रों में वीआईपी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। राज्य के मंत्री हो या फिर केंद्र के मंत्री मतगणना केंद्रों में उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मंत्री, सांसद, विधायक और महापौर गणना एजेंट भी नहीं बन सकेगें। साथ ही शासकीय कर्मचारी भी पार्टियों के एजेंट नहीं बन सकेगें। मंत्रीगण केवल उस स्थिति में ही मतगणना केन्द्रों में प्रवेश पा सकेंगे, जब वे खुद विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हों। वे केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तैनात सशस्त्र गार्डों को मतगणना केन्द्र के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

## पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य के लिए तिल्दा ब्लॉक के सरपंच सचिव का सम्मान

**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर जिले के जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ताराशिव के सरपंच मनीष कुमार वर्मा और सचिव श्रीमती मंथरा पाल का प्रधान महालेखाकर (लेखापरीक्षा) ऑडिट सप्ताह के उपलक्ष्य मे आयोजित कार्यशाला मे संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छ ग शासन रजत बंसल व महालेखाकर के डायरेक्ट के द्वारा प्रशस्ती पत्र व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया , यह सम्मान ताराशिव सरपंच मनीष वर्मा व सचिव मंथरा पाल को पंचायत स्तर पर उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सरपंच मनीष वर्मा लगातार पिछले 9 वर्षो से गाँव का सरपंच के रूप मे प्रतिनिधित्व कर रहे है और सचिव मंथरा पाल पिछले 3 वर्षो से ग्राम पंचायत ताराशिव मे पदस्थ है ।

# उत्तर से आ रही ठंडी हवाएं, अब और गिरेगा पारा



**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने वाला है और उत्तर से ठंडी हवाओं का आना शुरू हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि इसके चलते बुधवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठिठुरन भी बढ़ेगी। मंगलवार को प्रदेशभर में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद है।

मंगलवार को भी रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। सुबह-सुबह और रात में अब ठंड बढ़ने लगी है। हालांकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ है।

रायपुर के तो अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी रही। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी ठंड में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।

# यात्री गाडियों के निरस्त होने से व्यापारियों एवं आम जनता को हो रही परेशानीं : कैट




**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। कैट ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के रायपुर मंडल में यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने के कारण व्यापारियों एवं आम जनता को हो रही परेशानियों एवं सिनियर सिटीजन को मिलने वाली सुविधाओं को पुन: बहाल करनें की मांग हेतु पत्र जारी कर व्यवस्था को दुरूस्त करने का आग्रह किया है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया वर्तमान समय में यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने के मामले अत्यधिक हो रहे है। शादी का सीजन शुरू हो गया है। जिसके लिए व्यापारियों को खरीदारी करने अन्य शहरों मे जाना पडता है। यात्री गाडियों के लेटलतीफ एवं निरस्त होने के कारण आम जनता एवं व्यापारियों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कि उनके समय एवं व्यापार पर दुष्प्रभाव पडता है।

**■ सिनियर सिटीजन को मिलने वाली सुविधाओं को बहाल करनें की मांग**

कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह ने बताया कि सीनियर सिटीजन को यात्रा के दौरान किराया में छूट मिलती थी।करोना काल में रेल्वे प्रशासन ने उपरोक्त सुविधाओं को बंद कर दिया है। जो आज पर्यन्त तक बंद है। जिससे सिनियर सिटीजन को असुविधा हो रही है। सिनियर सिटीजन को मिलने वाली सुविधाओं का पुन: बहाल किया जाना चाहिए।

# किचन में गंदगी, न्यू दिल्ली स्वीट्स पर जुर्माना

**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। जनशिकायत मिलने पर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 एवं नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी जयनन्दन डहरिया, निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के वीरेन्द्र चंद्राकर, जोन स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में जोन 9 के तहत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्रमांक 31 के क्षेत्र में शंकर नगर में न्यू दिल्ली स्वीट्स में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने आकस्मिक निरीक्षण कर सफाई को प्रत्यक्ष देखा। वहाँ किचन में गन्दगी पायी गयी एवं गन्दगी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही पायी गयी। स्थल पर सम्बंधित दुकान के संचालक को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल 10000 रूपये का जुर्माना किया गया एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये। जोन के स्तर पर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।



## रायपुर में तैयारियां शुरू, 1 दिसंबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया की होगी भिड़ंत

**रायपुर**, 22 नवंबर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में क्रिकेट में दिलचस्पी रखने वालों के लिए खुशखबरी है. हाल ही में हुए वर्ल्डकप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है. अब भारत के पास इस हार का बदला लेने का मौका है. भारत और ऑस्ट्रेलिया एक बार फिर क्रिकेट के मैदान में भिड़ते नज़र आएंगे. यह मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जायेगा। आपको बता दें कि, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 दिसंबर को 5 टी20 मैचों की सीरीज की शुरुआत होने वाली है. इस मैच के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मिल चुकी है. आज इस मैच के लिए प्रशासन की टीम स्टेडियम का निरीक्षण करेगी.



छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने भी इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। जानकारी हो की भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टी20 मेचों की सीरीज 23 नंवबर से शुरू हो रही है।

**टी20 सीरीज का पूरा शेड्यूल**

- पहला टी20- 23 नवंबर विशाखापतनम शाम 7 बजे से
- दूसरा टी20- 26 नवंबर तिरुवनंतपुरम शाम 7 बजे से
- तीसरा टी 20- 28 नवंबर गुवाहाटी शाम 7 बजे से
- चौथा टी 20- 01 दिसंबर रायपुर शाम 7 बजे से
- पांचवां टी20- 03 दिसंबर बेंगलुरु शाम 7 बजे से

# बस्तर से सरगुजा तक के नेताओं का राजधानी में डेरा

**रायपुर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। पिछली बार के मंत्रिमंडल के गठन से सीख लेते हुए इस बार कई विधायक प्रत्याशी अभी से लाबिंग करने में जुट गए हैं। रायपुर में पार्टी नेताओं के बंगलों पर कई प्रत्याशियों ने डेरा जमा लिया है। दिल्ली में पार्टी हाईकमान के पास उठने-बैठने वाले नेताओं से नियमित संवाद कर अपने मंत्री बनने के लिए जुगाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिले भारी बहुमत ने विजयी हुए बहुत से कांग्रेस के विधायकों की महत्वाकांक्षाओं को अधूरा कर दिया था। मुख्यमंत्री का एक ही पद है, मंत्रियों की संख्या भी सीमित है। इसलिए कई वरिष्ठ विधायक भी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हो पाए थे। कहा जा रहा है कि वरिष्ठ प्रत्याशियों के साथ, दूसरी बार चुनाव जीतने की आशा लेकर बैठे प्रत्याशी मंत्री पद से नीचे समझौता ही नहीं करना चाह रहे हैं। सबसे अधिक लाबिंग यही प्रत्याशी कर रहे हैं। कांग्रेस के साथ ही भाजपा प्रत्याशियों की भी यही स्थिति है। वहां भी जीत से पहले मंत्री पद का जुगाड़ करने वाले प्रत्याशियों की भीड़ है।

पहली बात टिकट का था। किसी तरह टिकट मिला तो प्रत्याशी प्रचार में भिड़ गया। अब मतदान हो चुका है। तीन दिसंबर को यह तय हो जाएगा कि किसके सपनों को उड़ान मिलनी है, लेकिन बात अब विधायक पद से आगे बढ़ती जा रही है। भाजपा-कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी मंत्री बनने के लिए अभी से अपना पूरा जोर लगा रहे हैं।

माना यही जा रहा है कि यदि पिछली बार की तरह किसी दल को एकतरफा सीटें न मिलें तो ही कई वरिष्ठों को मंत्री पद का सुख मिल पाएगा। विशेष रूप से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी इस गुणा-भाग में जुटे हैं कि अभी से मंत्री पद के लिए वरिष्ठ नेताओं की सहमति ले ली जाए। परिणाम आ गया तब विधायकों को बहुत सारे समीकरणों के आधार पर मंत्री बनाया जाएगा। तब नंबर लगे या न लगे, इसलिए अभी से प्रयास शुरू कर दिया गया है।



चुनाव परिणाम के पहले ही लाबिंग शुरू

**रात तक बैठक बंगलो में भीड़**

राजधानी में राजनीतिक के दिग्गजों के बंगले में रात तक बैठक चल रही है। कभी रात्रि भोज के बहाने तो कभी अनौपचारिक मुद्दे को लेकर पार्टी के प्रमुखों से प्रत्याशी मुलाकात कर रहे हैं। कुछ प्रत्याशियों ने बंगले में ही शक्ति प्रदर्शन कर दिया। वे अपने आपको बड़े नेताओं का भी करीबी बता रहे हैं। साथ ही यह समीकरण समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि चुनाव जीतने के बाद वे पार्टी को कितना बड़ा फायदा पहुंचा सकते हैं। कुछ बागियों का उदाहरण भी इन बैठकों में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**भाजपा में भी लाबिंग**

वहीं, भाजपा प्रत्याशी रायमुनि भगत, विष्णुदेव साय, गोमती साय का रायपुर दौरा हो चुका है। भाजपा में ज्यादातर प्रत्याशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह व प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव से संपर्क साधने में लगे हैं। कोंडागांव प्रत्याशी व पूर्व खेल मंत्री लता उसेंडी सहित नारायणपुर प्रत्याशी व पूर्व शिक्षा मंत्री केदार कश्यप, बीजापुर प्रत्याशी व पूर्व मंत्री महेशा गागड़ा लाबिंग में जुट चुके हैं।

कुरूद से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर राजधानी में डटे हुए हैं। धमतरी प्रत्याशी रंजना साहू सहित धमतरी से कांग्रेस प्रत्याशी ओंकार साहू, सिहावा से अंबिका मरकाम, कुरूद से तारिणी चंद्राकर का रायपुर दौरा हो चुका है। मतगणना के पहले दोनों पार्टियों के प्रमुख प्रत्याशियों की बड़ी बैठक रायपुर में होने वाली है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. मोतीलाल वोरा के पुत्र व दुर्ग से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा का भी रायपुर का लगातार दौरा जारी है।

CMYK

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का 9 राज अधिवेशन की तारीख तय



**पलारी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय बैठक केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा के अध्यक्षता में स्वर्गीय अनंतराम बर्झिहा भवन में सम्पन्न हुआ । जिसमें दिसंबर जनवरी फरवरी में होने वाला सामाजिक राज अधिवेशन की तारीख तय किया गया है । इस बैठक में 09 राज के राजअधिवेशन और एक महाधिवेशन जो धमधा राज में होना है उसके लिए केंद्रीय कार्यक्रणीय की विशेष बैठक में निर्णय लिया गया वही बैठक में शामिल सभी राजप्रधानों और केंद्रीय कार्यकरणीय की आम सहमति से तारीख तय किया गया।ज्ञात हो की कुर्मी समाज सामाजिक राज अधिवेशन में राज की समस्त गतिविधियों और आय व्यय एवम सामाजिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जाता है वैसे ही महाधिवेशन जो दो दिनों का होता है उसमे पूरे दस राज्यों का सभी राज प्रधान अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते है ।जिससे अधिवेशन मौजूद हजारों सामाजिक बंधुओ को

## अधिवेशन की तैयारी में सब जुट जाए चोवा राम

उसकी जानकारी मिलती है । जहा पर आम सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है जिसमे अधिवेशन का मुख्य हिस्सा खुला मंच होता है ।जो सामाजिक पदाधिकारियों के क्रिया कलाप को खुला मंच के माध्यम से रखते है वही समाज के लिए आवश्यक सुझाव और विचार प्रस्तुत करते है जिन्हे उक्त विचारो को लिपिब्ध किया जाता ।

राज अधिवेशन में आए सुझाव के आधार पर महाधिवेशन में संशोधन और कानून बनाया जाता है।

समाज में नया कानून या संशोधन के लिए राज अधिवेशनों में विषय आना जरूरी होता है जिन्हे महाधिवेशन में बहुत के आधार पर पारित किया जाता है और इसी लिए कुर्मी समाज का संविधान की मान्यता सभी जगह है।

**कब कब कहा कहा होगा राज अधिवेशन तारीख तय**

वही केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने राज प्रधान एवम केंद्रीय कार्यकारणी सदस्यों की बैठक में आम सहमति से जो राज अधिवेशन की तारीख तय किया है उसके अनुसार 31दिसंबर 23से राज अधिवेशन प्रारंभ होगा जिसमे बलौदा बाजार राज में इसकी शुरुवात होगी वही 7जनवरी को तिल्दा राज ,14जनवरी पाटन राज, 21जनवरी पलारी राज,28जनवरी चंद्रखूरी राज,4फरवरी धरसीवां राज,11फरवरी अर्जुनी राज ,18फरवरी रायपुर राज और 25फरवरी दुर्ग राज में राज अधिवेशन सम्पन्न होगा इसके बाद ही महाधिवेशन होगा जिसकी तारीख अभी तय नहीं हुआ है चुकी धमधा राज के राज प्रधान चंद्रशेखर परगनिया उक्त बैठक में उपस्थित नही होने से उनकी तारीख तय नहीं हो पाई है। वही केंद्रीय अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि राज अधिवेशन और महाधिवेशन से हम अपने साल भर के गतिविधि को समाज के सामने रख पाते है इसके लिए आप सभी अपनी बातो और कामों को समाज के सामने अच्छे से रख सके इसके लिए तैयारी में अभी से जुट ताकि अपनी बात को अच्छे से रख सके।

बैठक में डीसी वर्मा ,केंद्रीय महामंत्री रघुनंदन लाल वर्मा,केंद्रीय उपाध्यक्ष के,के नायक,अपील प्रभारी तोरण नायक, ऋषि वर्मा प्रवक्ता,राज प्रधान दशरथ वर्मा, ठाकुर राम वर्मा ,दुलारी वर्मा, जागेश्वर वर्मा, हरीराम वर्मा,भुनेश्वरी वर्मा, धर्मेंद्र सरसिहा, ओमप्रकाश वर्मा,चिंता राम वर्मा, शेखर वर्मा, गज्जू वर्मा आदि मौजूद थे।

# महामाया के तेवर तीखे, विष्णुभोग पहुंचा 3500 पर

## कमजोर आवक के बीच प्रतिस्पर्धी खरीदी का दौर



**भाटापारा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली अवकाश और चुनावी दिनों की विदाई के बाद चावल और पोहा मिलें संचालन में आने लगीं हैं लेकिन जो भाव खुल रहे हैं उससे इकाइयां हैरत में हैं। जैसे संकेत मिल रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता नजर आ रहा है कि भाव में तेजी का दौर दीर्घ अवधि तक बना रहेगा।

महामाया नया 2200 से 2250 रुपए और पुराना 2000 से 2050 रुपए चिंटल। दोनों में अब तेजी का सिलसिला चालू हो चुका है। कमजोर आवक के बीच पोहा मिलों की जैसी लिवाली निकल रही है, उससे एक बात तो जाहिर हो चली है कि समर्थन मूल्य की खरीदी की अवधि के दौरान महामाया और सरना में तेजी बनी रहेगी।

**संचालन में आने लगीं इकाईयां**

दीपावली और चुनावी दिनों की विदाई के बाद चावल और पोहा मिलें संचालन में आने लगी हैं। उपभोक्ता मांग भी निकलने लगीं हैं। लिहाजा प्रयास है कि नियमित मांग की आपूर्ति, नियमित होती रहे।दिक्कत केवल पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की उपलब्धता नही होने को लेकर देखी जा रही है।

**महामाया में उबाल**

अवकाश के बाद समर्थन मूल्य पर खरीदी ने मंडी प्रांगण में मोटा धान की आवक कमजोर कर दी है जबकि खरीदी, पूर्ववत स्तर पर आ चुकी है। लिहाजा महामाया नया 2200 से 2250 रुपए चिंटल और पुराना में 2000 से 2050 रुपए चिंटल पर सौदे हो रहे हैं। सरना में नई फसल की आवक फिलहाल नहीं हुई है जबकि पुराना में आवक नहीं के बराबर है।

**शिखर पर विष्णुभोग**

लेट वैरायटी धान में एचएमटी, सियाराम और विष्णुभोग की फसल फिलहाल कटाई के दौर से गुजर रही है, ऐसे में एचएमटी पुराना 2700 से 2800 रुपए चिंटल और सियाराम पुराना 3000 से 3100 रुपए चिंटल पर मजबूत है। हमेशा शिखर पर रहने वाला विष्णु भोग 3500 रुपए चिंटल की कीमत के साथ शीर्ष पर है। कमजोर आवक के बीच धान की इन तीनों किस्म में गर्मी बने रहने के आसार हैं।

# धान खरीदी व भुगतान प्रक्रिया को गंभीरता से जांच करें : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 22 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी और भुगतान के संबंध में बैठक ली। इस बैठक में सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, नायब तहसीलदार रूपाली मेश्राम, अपेक्स बैंक और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सहकारी प्राथमिक समितियों में किसानों द्वारा किए गए पूर्व पंजीयन और आगामी पंजीयन में दर्ज ''भूमि स्वामी और संलग्न सदस्यों की जांच'' करने के लिए संबंधित तहसीलदार और सहकारिता पंजीयक को गहनता से जांच करने और संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध विधि सम्मत एफआईआर या जुर्माना आदि की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक पंजीयक श्री साहू ने जानकारी दिया कि जिले में अब तक 64 धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें 3026 किसानों द्वारा कुल एक लाख दो हजार 192 चिंटल धान की खरीदी की गई है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त खाता में जमीन दर्ज होने पर धान खरीदी भुगतान राशि पंजीयन में दर्ज व्यक्ति के बैंक खाता में आता है और पारिवारिक सदस्यों के मध्य समान या बराबर बंटवारा नहीं किए जाने की स्थिति में विवाद की स्थिति निर्मित होती है।

# सर्वोच्च न्यायालय का आदेश स्वागत योग्य : विजय झा

**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ की माटी को कलंकित करने वाले 10 साल पुराने झीरम घाटी घटना की जांच के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को सक्षम होने तथा पुलिस से जांच कराने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय का आदेश स्वागत योग्य है। किंतु भाजपा कांग्रेस फिर इस घटना पर राजनीति कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा ने कहा है कि भारत का इतिहास एवं छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद इतिहास गवाह है कि राजनीतिक दलों ने जांच एजेंसियों का सदा दुरुपयोग किया है। चाहे एएनआई, सीबीआई या स्थानीय पुलिस हो उसे दबाव में सत्तारूढ़ दल दुरूपयोग कर जांच अपने पक्ष में कर देती है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की हत्या झीरम घाटी में हुई। क्या पुलिस निष्पक्ष जांच कर वरिष्ठ सक्षम लोगों को घेरेगा। अभी सबसे बड़ा प्रश्न 3 दिसंबर के बाद किसकी सरकार बनेगी। जिसकी सरकार बनेगी उसकी पुलिस जांच करेगी। ऐसी स्थिति में यह सुनिश्चित होना चाहिए कि राज्य सरकार पुलिस पर अपना दबाव बनाकर निष्पक्षता लागू न करने पर पुनः झीरमघाटी का जांच शून्य बटे सन्नाटा हो जाएगा। यह दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में इतनी बड़ी घटना हुई। पीड़ित परिवार आज भी न्याय के लिए भटक रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय का स्थाई निर्णय है कि विलंब से किया गया न्याय अन्याय की श्रेणी में आता है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ की इतनी बड़ी घटना जिसमें छत्तीसगढ़ माटी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की हत्या हुई है। आज भी किंतु परंतु व आरोप प्रत्यारोप के झंझावात में फंसा हुआ है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ की जनता को यह संदेह है कि जब बड़े-बड़े नेताओं की हत्या जिसमें केंद्र और राज्य सरकार लगी हुई है, उसमें यदि 10 वर्ष तक आरोपी गिरफतारी से बाहर है, तो क्या छत्तीसगढ़ की जनता के साथ हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, राजनीतिक विद्वेश से घटित आपराधिक घटनाओं में आरोपी राजनीतिक संरक्षण के कारण बेनकाब होंगे। ऐसी स्थिति में जनता न्याय के प्रति सरकारों पर विश्वास करने की स्थिति में नहीं है।

# ईश्वरी निषाद एशियन पैराएथलिट चैंपियनशिपमें चतुर्थ स्थान पर रही



**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबंधु)। फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर की ईश्वरी निषाद एशियन पैराएथलिट चैंपियनशिप 2023 जो चाइना के हांगझाउ में 23 से 28 अक्टूबर तक सम्मपन्न हुआ उसमे चतुर्थ स्थान प्राप्त की। संस्था के संचालक एवम कोच निरंजन साहू ने बताया कि यद्यपि मेडल प्राप्त नहीं कर सकी किंतु खेल का अच्छा प्रदर्शन किया । संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि ईश्वरी निषाद ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर चाइना पहुंचकर एशियन पैरालंपिक चैंपियनशिप में भाग लेकर तथा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर संस्था तथा छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं । इस कड़ी में तुलसीराम बरीहा, भेखलाल साहू, धनंजय त्रिपाठी, ललित चक्रधारी, विष्णु महानंद दिलेश्वर चंद्राकर, भोजराम वर्मा, प्रीतम चंद्राकर, गुरुबक्स जी, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, लक्ष्मीप्रिया साहू, मंजू कुंजेकार, शुशीला ठाकुर ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए ईश्वरी निषाद को बधाई दी है।

## जल ही जीवन है

## निधन

### जितेंद्र ठाकरे

**राजनांदगांव,** 22 नवंबर। आशा नगर निवासी जितेन्द्र ठाकरे पिता जयराम ठाकरे 33 वर्ष का 21 नवंबर को रात्रि 9.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे गायत्री स्कूल में कार्यरत महेश ठाकरे के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 22 नवंबर को आशा नगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### संतोष वर्मा

**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर। ग्राम सेजा निवासी संतोष वर्मा का निधन हो गया उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे सोमेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, कमेश वर्मा के पापा व तिलक राम वर्मा, नन्दलाल वर्मा के भाई थे।



### जयसिंह नेताम

**बागबाहरा,** 22 नवंबर। जनपद पंचायत बागबाहरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरटकला निवासी ग्राम पंचायत टेका के सचिव जयसिंह नेताम का 21नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 51वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार खैरटकला गाँव में किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पंचायत सचिव संघ बागबाहरा के पदाधिकारियों ने श्री नेताम के निधन पर गहरा दुःख व्यत करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# पहले मतदान फिर अंतिम संस्कार



**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधान सभा के बागबाहरा केसमीपस्थ ग्राम हरनादादर में नरेंद्र मांझी की माता शतायु प्राप्त श्रीमती मिथिला मांझी का निधन हो जाने से अंतिम संस्कार के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इस घटना की जानकारी होने पर स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंच कर सांत्वना दी । साथ ही परिवार जनों को समझाया कि अंतिम संस्कार के पहले मतदान जरूर करें । डॉ पाणिग्रही ने बताया कि शोक संतप्त परिवार के बीच ऐसे संवेदनशील अवसर पर जहां शव पड़ा हो ,मतदान की बात करना चुनौतीभरा था , फिर स्वीप कार्यक्रमों के मैदानी अनुभवों एवम च्च सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम च्च इस सूत्र वाक्य को लेकर साहस जुटा कर मैने परिवार जनों के बीच बात रखा । परिवार के मुखिया नरेंद्र मांझी ने परिवार के बीच चर्चा की। नरेंद्र मांझी ने बताया कि जगबंधु मांझी, कोई बाई मांझी, कृष्टो मांझी, सुभद्रा मांझी, नूरपति मांझी, नैन कुमार मांझी, जोगेश्वरी मांझी, मुकेश मांझी, प्रे म मांझी, वंदना मांझी, पहले मतदान करने निकले तथा बाकी लोग अंतिम संस्कार के बाद मतदान करने जायेंगे। अंतिम संस्कार पूर्ण कर लौटने के बाद मैं पुनः मांझी परिवार के घर पहुंचा। मुझे जानकार अच्छा लगा कि परिवार के सारे सदस्य मतदान करने गए हुए थे। मेरी मुलाकात नहीं हो सकी। मतदान समय समाप्त होने के बाद फिर मैं उनके पास गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी लोग मतदान करके आ चुके हैं। इस तरह नरेंद्र मांझी परिवार ने शोक के समय भी मतदान एक अनुकरणीय कार्य किया है।

# केंद्र के समान 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग

**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में दो चरण में मतदान संपन्न हो चुका है। आदर्श आचार संहिता यद्यपि मतगणना तिथि 3 दिसंबर तक प्रभावी है। इस बीच आज 22 नवंबर को राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीनाबाबाखंगाले ने सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को महंगाई भत्ता भुगतान हेतु लिखित अनुमति प्रदान कर दी है। ऐसी स्थिति में व्यवहारिक एवं वैधानिक रूप से प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के सम्मान लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने में कोई बाधा नहीं है। कर्मचारी नेता एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता का मूल उद्देश्य मतदान अथवा मतदान के पूर्व मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन देकर मत प्राप्त न किया जावे। प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ता को छोड़कर सभी प्रकार के प्रलोभन मतदाताओं को दिए गए हैं। अब चूंकि मतदान संपन्न हो चुका है। इसलिए महंगाई भत्ता देकर सरकार या कोई राजनीतिक पार्टी मतदाताओं को प्रलोभीत नहीं कर सकती है। इसी आधार पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को 4त्न महंगाई भत्ता दिए जाने की अनुमति लिखित रूप से प्रदान कर दी है।इसलिए प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ता, प्रदेश में व्याप्त महंगाई व त्यौहारों को देखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को उनके वेतन के अंश व मौलिक अधिकार महंगाई भत्ता को देने का शीघ्र पहल किये जाने पर अनुमति प्राप्त हो जाने के बाद अब औपचारिक रूप से महंगाई भत्ता की घोषणा शीघ्र किया जावे। ताकि मतगणना में भी कर्मचारी उत्साहित होकर अपने राष्टीय कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

# नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से पार्षद भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी



**सरायपाली,** 22 नवंबर (देशबंधु)। नगर पालिका परिषद सरायपाली के वार्ड क्र. 6 में ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माणके लिए 13जून 2023को जे सी बी से गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है पुरानी नाली को तोड़ दिया गया है जिससे गंदा पानी गड्ढे में भर रहा है मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है ठेकेदार के द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है कार्य अधूरा छोड़ देने पर वार्ड पार्षद गुंजन अग्रवाल के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से ठेकेदार की शिकायत करते हुए जल्द कार्य शुरू नहीं करवाने पर आगामी 29 नवम्बर से नगर पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति से मिली जानकारी अनुसार पार्षद गुंजन अग्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए पत्र में उल्लेख किया है कि वार्ड क्र.6 गुप्ता गली में आरसीसी नाली निर्माण का कार्यादेश 14 फरवरी 2022 को जारी किया गया है। उक्त कार्य हेतु ठेकेदार द्वारा कुछ मीटर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया और अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। गड्ढा कर छोड़ दिए जाने के कारण वहां रहने वाले एवं आने जाने वालों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के इस कृत्य से वार्डवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए यदि सप्ताह भर के भीतर उक्त नाली निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाए जाने पर उन्होंने 29 नवम्बर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने की बात कही है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, एस डी एम, व थाना प्रभारी को सौंपा गया है।

# राजभाषा परीक्षा में ऐश्वर्या तिवारी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

## पुणे में मेडल प्रदान कर किया सम्मान



**बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रचार संस्था पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी बोधिनी परीक्षा में नगर बलौदाबाजार की ऐश्वर्या तिवारी ने परीक्षा में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिस पर हिंदी प्रचार संस्था पुणे के द्वारा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थानीय सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल में कक्षा छठवीं में अध्यनरत ऐश्वर्या तिवारी ने वर्ष 2022 में आयोजित की गई परीक्षा में भाग लिया था इस महत्वपूर्ण सफ्लता पर शाला परिवार एवं सहपाठी विद्यार्थियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि ऐश्वर्या तिवारी नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के कर्मचारी गुरूदत्त तिवारी की सुपुत्री है। जो कि पढाई के साथ साथ बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों मे भी अग्रणी है।

# सांकरा व बसना के बाद कौवा कूड़ा में चोरों का धावा




**पिथौरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय थाना क्षेत्र में बीती रात एक बार फिर चोरों ने पुलिस को खुली चुनोती देते हुए समीप के ग्राम कौहकूड़ा में राजमार्ग की कोई छह दुकानों के शटर तोड़ कर लाखो के समान एवम नगद ले भागे। बहरहाल स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुच कर मुआयना कर रही है।ज्ञात हो कि इस सप्ताह जिले के बसना सांकरा एवम पिथौरा थानांतर्गत कोई तीन दर्जन दुकानों में शटर तोड़ कर चोरी की घटनाएं हो चुकी है।इसमें से कुछ मामलो के अलावा पुलिस ने अधिकांस चोरियों में एफआईआर तक दर्ज नही की है।

मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा बागबाहरा मार्ग पर स्थित ग्राम कौहकूड़ा में मुख्य मार्ग में स्थित पूर्व सरपंच गयाराम की हार्डवेयर दुकान सहित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान,एक कृषि दुकान,एक कपड़ा दुकान एवम मोबाइल दुकान सहित एक मेडिकल दुकान के शटर चोरों ने तोड़ दिए।चोर इतने शातिर थे कि वे घटना को अंजाम देने के बाद जाते जाते सीसी टीवी कैमरा का डीवीआर भी ले गए और कुछ दुकानों के क्षतिग्रस्त कर गए है।ज्ञात हो कि नगर में थाना परिसर स्थित मंदिर में 15 हजार नगद चोरी, थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में 16 बकरों की सेंधमारी कर चोरी की घटित घटनाओं के बाद बीती रात हुई उक्त घटना जिला पुलिस के लिए चुनोती बन गयी है।

**80 हजार की चोरी : थाना प्रभारी**

दूसरी ओर पिथौरा थाना प्रभारी अमित शुक्ला ने मीडिया को बताया कि ग्राम कौहकूड़ा में कोई 70 से 80 हजार की चोरी हुई है।जिले भर की पुलिस सायबर टीम शहीत विशेषज्ञ चोरों को पकड़ने के प्रयास में जुटे है।जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

# कामधेनु करेगी छ.ग. में अपनी बाजार हिस्सेदारी को मजबूत

**रायपुर,** 22 नवंबर। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में अपने स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी अगले एक वर्ष में राज्य में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की वितरण क्षमता को 204000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 348000 मीट्रिक टन करने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी राज्य में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में 100 और डीलर और वितरक जोड़ने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की विस्तार नीति पर बोलते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, छ.ग.कामधेनु लिमिटेड के विकास के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। इस राज्य में इंफ्रास्ट्रक्टर और निर्माण उद्योग के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं।

# देवउठनी एकादशी आज, 5 माह बाद जागेंगे देव



## चारों तरफ सुनाई देगी शहनाइयों की गूंज

**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। इस बार पांच महीने बाद गुरुवार को देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होंगे। इसके साथ ही शुभ मुहूर्त का इंतजार खत्म होने जा रहा है और इसके साथ ही चारों तरफशहनाइयों की गूंज सुनाई देनी शुरु हो जाएगी। इस बार अधिकमास होने के कारण एक महीने देरी से देव जागृत हो रहे हैं इसलिए लोगों को देवउठनी एकादशी आने का इंतजार करना पड़ा।ऐसी मान्यता है कि इसी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं और साधु.संतों का चातुर्मास भी समाप्त होता है।देवउठनी एकादशी पर दो शुभ योग बन रहे हैं जिसमें सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग में रात 8७46 बजे से माता तुलसी के विवाह की धूम घर.घर में होगी। देवउठनी एकादशी से मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। देव तिथि होने से इस दिन कई परिवारों में शादियां होंगी । इसलिए बाजारों में एक बार फिर दिवाली जैसी रौनक रहेगी।

### इन तारीखों में विवाह के शुभ मुहूर्त

इस साल देश भर में 23 नवंबर गुरुवार को देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। लेकिन इसके शुभ मुहूर्त की शुरुआत 22 नवंबर रात 11 बज कर 3 मिनट से ही शुरू हो जाएगी। देवउठनी के साथ ही पिछले पांच महीनो से रुके मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत होने जा रही है। ए इस वर्ष और 2024 में विवाह के कई शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर 27, 28, 29, दिसंबर 04, 07, 08 जनवरी 16, 18,20, 21, 22, 30, 31 फरवरी 01, 04, 06, 14, 18, 19, 28 मार्च 02, 03, 04, 05, 06, 07 अप्रैल 18, 21, 22,23 जुलाई 09, 11।

**खरमास के बाद बनेंगे शादी के मुहूर्त:** 16 दिसंबर से खरमास की शुरुआत हो रही ह जो 14 जनवरी 2024 संक्रांति के दिन समाप्त होगी। इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य करना निषेध माना गया है। 14 जनवरी के बाद विवाह के शुभ मुहूर्त मिलेंगे। वहीं 28 अप्रैल से 5 जुलाई तक शुक्र का तारा अस्त होने की वजह से विवाह के मुहूर्त नहीं हैं। 17 जुलाई 2024 को देवशयनी एकादशी के बाद से विवाह नहीं हो सकेंगे।

### गन्ना से सजा बाजार, प्रति जोड़ी 100 रुपए बिक रहा

राजधानी में देवउठनी एव तुलसी विवाह कल मनाया जायेगा ।इसे देखते हुए गन्ना से बाजार सज चुका हैं ।गन्ने बेचने के लिये लोगों के द्वारा जगह जगह दुकान लगाई गई हैं शिवनगर आमापारा निवासी सुनील शर्मा ने बताया कि उनका मुख्यत व्यवसाय ठेला को किराये पर चलाने का हैं वे इस बार देवउठनी एकादशी में गन्ना की दुकान लगाई है उन्होंनें बताया कि उनके द्वारा 13000 रूपये गन्ना खरीदा गया गन्ना चन्दखुरी फार्म खरीद कर लाए है और वे कल दिन भर वे इस ब्रिकी करेंगें कीमत पूछने पर उन्होंनें बताया प्रति जोड़ी 100 रूपये रखी हैं कल शाम तक इसकी ब्रिकी करेगें वही आमापारा निवासी एक महिला ने भी गन्ने दुकान लगाई है उनका कहना था उन्होनें गन्ने की खरीदी भिलाई से की है उन्होंनें बताया कि भिलाई में इसकी मण्डी हैं वही से सब जगह गन्ना बिकने के लिये जाता है उन्होनें बताया कि वे भी 10से 12 हजार का गन्ना खरीद कर मंगाई है उन्होंनें गन्ने की प्रति जोडी कीमत 120 रूपये रखी है उनका कहना था यदि कोई मोलभाव करेगा तो 100 रूपये जोड़ी में बेच देगी इसके अलावा आमापारा के रहने एक अन्य व्यक्ति ने भी गन्ने की दुकान लगाई है उन्होनें बताया कि गन्ना विशेषत नासिक से बिकने के लिये आता है भिलाई और दुर्ग में इसकी मण्डी है वही से सब लोग खरीद कर इसका व्यवसाय करते हैं उन्होने बताया कि उनके द्वारा गन्ने प्रति जोड़ी कीमत 100 रूपये दर्ज की गई हैं

### लाई बताश कंद सिघाडा फूल की भी दुकानें

राजधानी के आमापारा में देवउठनी पूजा के लिये पूजन सामाग्री की दुकानें भी जगह जगह लगाई हैं जिसमें लाई बताशा फूल कांदा और सिघाडा के साथ अन्य पूजन सामाग्रियों की ब्रिकी की जा रही है आमापारा निवासी चंदन धीवर ने दुकान लगाई हैं और उन्होंनें लाई बताश के पैकेट तैयार कर रखे हैं लोगों जैसी मांग होगी उसके अनुरूप पूजन सामाग्री ब्रिकी करेगें ।उनकी दुकान में लाई बताशा सिघाड़ा जाम फूल के साथ अन्य पूजन सामाग्री देखने को मिली ।

# बेटी बचाओ मंच ने आंवला नवमी में श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)।महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र बेटी बचाओ मंच ने महादेव घाट स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आंवला पूजन, आरती तथा लक्ष्मी माता के स्तुति गान के साथ आंवला नवमी मनाया ।मुख्य अतिथि ललित मिश्रा तथा विशेष अतिथि रत्ना शर्मा व शिखा शर्मा थे ।आवला पूजन के पश्चात पदाधिकारियो ने अपने घर से तैयार किए लजीज व्यंजन खीर, पूडी, पुलाव ,छोले , पीडिया आदि को एक साथ मिल बैठकर भोजन किया ।प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी भाईचारा व अपनापन बढ़ता है, जो जीवन भर एक अटूट रिश्ते का निर्माण करता है। उक्त अवसर पर सरस्वती साहू ,शारदा मिश्रा व इमला ठाकरे को लगातार सक्रियता के लिए श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया।अतिथियों ने सम्मान पत्र तथा आकर्षक गिफ्ट प्रदान किया। संचालन गीता विश्वकर्मा तथा आभार धनेश्वरी दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीषा मिश्रा , सरला इंग्ले, विनीता शर्मा, सविता दुबे, प्रमिला कोपुलवार ,कल्याणी यदु, गीता विश्वकर्मा, शालिनी सागर, वैजयंती चतुर्वेदी, मधु ननवरे, मनीषा बघेल, प्रियंका सिंह, लक्ष्मी धीवर ,अनीता यदु , सीमा धीवर, कनकलता चुली , सुमन ठाकुर, हेमलता धीवर, शोभा मिश्रा, सुकेशा तिवारी, सरिता तिवारी, माधुरी तिवारी, अनिता केसररवानी, आशा दुबे सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे।

# सतनामी समाज की बैठक रविवार को आयोजित

**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)।सतनामी समाज के समस्त संगठनो, विभिन्न समितियों एवं महिला मंडल की संयुक्त बैठक 26 नवंबर (रविवार) को दोपहर 01 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित 'मिनीमाता स्मृति भवन' में आयोजित की गई है।इस बैठक में आगामी दिसम्बर मांह में आयोजित होने वाली सतनामी समाज के सबसे बड़े महापर्व गुरु घासीदास जयंती, शोभायात्रा,महिलाओं एवं बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्यक संगोष्ठी, अलंकरण समारोह आदि विषयों पर चर्चा कर सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी।गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष के.पी. खण्डे, महासचिव डॉ.जे.आर. सोनी, सुंदरलाल जोगी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने इस बैठक में सतनामी समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों को उपस्थित होकर अपना अमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया है।बैठक पश्चात दीपावली मिलन तथा संविधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा।

# असीम दास की वायरल चिट्ठी की हो जांच

## भाजपा प्रवक्ता ने की मांग



**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)।महादेव एप मामले में गिरफ्तार आरोपी असीम दास के वायरल चिट्ठी को लेकर भाजपा नेता केदार गुप्ता ने चिट्ठी की जांच की मांग की है उन्होंने कहा कि चिट्ठी में असीम दास के हस्ताक्षर हैं कि नही असीम दास जेल में है चिट्ठी में असीम दास की हैंड राइटिंग हैं कि नहीं किसके दबाव में वो पत्र लिख रहा है ये जांच का विषय है केदार गुप्ता ने कहा कि ईडी ने पूछताछ की उसके बाद बयान जारी किया है इसी आधार पर न्यायलय ने भी उन्हें जेल में भेजा है चिट्ठी की जांच होनी चाहिए महादेव एप मामले में गिरफ्तार आरोपी असीम दास का प्रवर्तन निदेशालय के संचालक को लिखा एक कथित हस्तलिखित पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है कथित पत्र में उसने शुभम सोनी उर्फपिंटू और उसके साथियों द्वारा षड़यंत्रपूर्वक फंसाए जाने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्मा या कांग्रेस पार्टी के किसी नेता.कार्यकर्ता को पैसे या अन्य किसी तरीके से पैसे या अन्य प्रकार से सहयोग पहुंचाने से इंकार किया है असीम दास के कथित पत्र के अनुसार उसने जेल दाखिल होने के बाद अखबार में जब खुद से संबंधित खबर पढ़ी तो वह हैरान हो गया दास के अनुसार शुभम् सोनी के वह दुबई में मिला था और सोनी ने उसे छत्तीसगढ़ में कंस्ट्रक्शन कारोबार में मदद का वादा कर वापस छत्तीसगढ़ भेजा था पत्र में लिखता है कि अखबारों में जो बात लिखी गई है कि उसके पास से जप्त की गई नगद राशि को वह छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को देने आया था वह पूर्णत: असत्य है उसे बहुत बड़े षड्यंत्र में फंसाया जा रहा है असीम दास के कथित पत्र ने अनुसार वह शुभम् सोनी के साथ वह बचपन में क्रिकेट खेलता था 8 अक्टूबर 23 को वह उससे मिलने दुबई गया दुबई में सोनी के सहयोगियों ने उसे दुबई घुमाया पर सोनी से मुलाक़ात नहीं हुई और वह भारत वापस आ गया इसके बाद 25 अक्टूबर 23 को वह फिर से दुबई गया अबकी बार उसकी शुभम सोनी से मुलाकात हुई सोनी ने उसे छत्तीसगढ़ में कंस्ट्रक्शन कारोबार में मदद का वादा कर वापस भेजा और समय आने पर यूरोप शिफ्ट करने का आश्वासन दिया शुभम् सोनी इस दौरान दुबई छोड़कर ऐम्सटर्डम या लंदन में शिफ्ट होने की बात कर रहा था पत्र के अनुसार सोनी के लोगों ने असीम दास को एप्पल कंपनी का फ़ोन दिया उसे बताया गया कि रायपुर एयरपोर्ट पर एक काली इनोवा गाड़ी उसे मिलेगी जिसे लेकर उसे ट्राइटन होटल जाना है होटल जाने के बाद रात 2 बजे उसे मेन रोड आने बोला गया रोड में एक आदमी ने उसे कार्बन कंपनी का मोबाइल दिया थोड़ी देर में उसकी गाड़ी में किसी ने नोट से भरे बैग रखे गाड़ी पार्किंग करने के बाद वह रूम चला गया जहां अचानक उसे ईडी के अधिकारियों ने गिरफ़्तार कर लिया और अंग्रेज़ी बयान पर उससे साइन कराया गया चिट्ठी में असीम दास ने अपनी गिरफ़्तारी को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है और उसने पूरे प्रकरण की जाँच की माँग की है। असीम दास ने खुद के द्वारा इस्तेमाल किए गए सिम की काले रंग की बाइक में बिना हेलमेट और मास्क के आए व्यक्ति की सीसीटीवी के माध्यम से शिनाख्त के साथ होटल ट्राइटन के सीसीटीवी समेत अनेक बिन्दुओं पर जांच की मांग की गई है

# पंडित विष्णु कृष्ण जोशी जयंती समारोह का आयोजन 24 को

**रायपुर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। महाकौशल संगीत समिति अपने संस्थापक पंडित विष्णु कृष्ण जोशी जी की स्मृति में प्रतिवर्ष 24 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर के संगीत- कलाकारों के कार्यक्रम का आयोजन करती है.

इसी कड़ी में इस वर्ष यह आयोजन सिविल लाईन्स स्थित वृंदावन सभागार में शाम 6.30 बजे से संपन्न होगा. कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे पुणे के अनिरुद्ध जोशी (सितार) एवं कोलकाता के देबोर्षी भट्टाचार्य ( गायन) संगतीकार होंगे पार्थसारथी मुखर्जी ( तबला) भिलाई, ज्योतिर्मय बॅनर्जी ( हार्मोनियम) तथा अशोक मुखर्जी ( तबला) दोनों ही कलाकार कोलकाता से हैं.

कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुषमा मिश्रा तथा राजेश गनोदवाले. संरक्षक डॉ. विजय वि. जोशी ने सभी संगीत रसिको को सादर आमंत्रित किया है कार्यक्रम नि:शुल्क है.

# प्रदेश के 2723 शिक्षक तीन महीने से स्कूलों से बाहर

## कार्यालयों में लगा रहे चक्कर, पढ़ाई प्रभावित

**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)।राज्य के 2,723 शिक्षक पिछले तीन महीने से स्कूलों से बाहर हैं। न वह स्कूल में पढ़ा पा रहे हैं और न ही विभाग उनको ज्वाइन कराने में कोई पहल कर पा रहा है। नतीजा यह हो रहा है कि जिन बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी इन शिक्षकों पर हैए उनका भविष्य भी दांव पर लगा हुआ है।स्कूलों में सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति के बाद पदस्थापना पोस्टिंग में हुई गड़बड़ी का खामियाजा प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है। शिक्षा सत्र के बीच में दो हजार से अधिक शिक्षक स्कूलों से बाहर हो गए हैं। मामले में कोर्ट ने राहत देते हुए नवंबर के पहले सप्ताह स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सभी संयुक्त संचालकों को सदस्य बनाते हुए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे।इसके साथ ही कमेटी को इन शिक्षकों से अभ्यावेदन लेकर मामला निपटाने के लिए कहा है। शिक्षकों का दावा है कि कोर्ट ने विवाद थमने तक पिछले स्कूलों में ज्वाइन करने और शिक्षकों की सैलरी निकालने के लिए निर्देशित किया है मगर अफसर कोर्ट के आदेश की अपने तरीके से व्याख्या कर रहे हैं। इससे उनकी ज्वाइनिंग नहीं हो पाई है।

### दीवाली गई फीकी तीन महीने से सैलरी नहीं

स्कूलों से बाहर हुए शिक्षकों के सामने समस्या हो गई है। बच्चों का भविष्य भी गेहूं के साथ घुन की तरह पिस रहा है मगर अफसरों को इनका विवाद सुलझाने की फुर्सत नहीं है। मामले में स्कूल शिक्षा सचिव डा एस भारतीदासन और स्कूल शिक्षा संचालक सुनील कुमार जैन से बात करने की कोशिश की गई मगर उनसे संपर्क नहीं हो पाया।ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने चार सितंबर को उन शिक्षकों की पदस्थापना आदेश को निरस्त कर दिया था जिनकी पदस्थापना को संशोधित किया गया था। जारी आदेश के मुताबिक इन शिक्षकों को 10 दिन के भीतर उन स्कूलों में ज्वाइनिंग देनी थी जहां पदोन्नति के बाद पहली पदस्थापना हुई थी।सरकार के आदेश को 700 से ज्यादा शिक्षकों ने चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट ने भी शिक्षकों की सुनने के लिए राज्य शासन को निर्देशित किया है मगर मामला सुलझ नहीं पा रहा है।

गौरतलब है कि विभाग पदस्थापना आदेश संशोधित कर गड़बड़ी करने के आरोप में रायपुर, दुर्ग, सरगुजा और बिलासपुर के संयुक्त संचालकों समेत 12 अधिकारी.कर्मचारियों को निलंबित भी कर चुका है।इनके खिलाफविभागीय जांच चल रही है।

### यह है पूरा मामला

प्रदेश के शिक्षा संभागों के संयुक्त संचालकों ने सहायक शिक्षकों की शिक्षक के पद पर पदोन्नति की थी। इसमें 9,749 शिक्षकों ने काउंसिलिंग के लिए विकल्प भरा था और 867 ने सहमति नहीं दी थी। बिलासपुर संभाग में 2,785, दुर्ग संभाग में 1,505, रायपुर संभाग में 1,283 सरगुजा संभाग में 2,997 और बस्तर संभाग में 2206 शिक्षकों को पदोन्नति मिली थी। इनमें ज्यादातर शिक्षकों ने पदोन्नति के बाद पदस्थ किए गए स्कूलों में ज्वाइनिंग दे दी है।बाकी 2,723 शिक्षकों ने अपनी पदस्थापना में संशोधन कराया था।इन्हीं शिक्षकों के संशोधन आदेश को सरकार ने निरस्त कर दिया है।

# रायपुर में आईएएस अधिकारी के घर लगी आग

## दो कार समेत दो चारपहिया और एसी जलकर खाक



**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी आईएएस अधिकारी सुधाकर खलखो के बंगले में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया टाटा नेक्सन ईवी कार में चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट होने से बंगले में आग लग गई जिससे 1 इनोवा 1 ईवी कार समेत 2 चारपहिया और घर में लगा एसी जलकर खाक हो गया यह घटना गंज थाना क्षेत्र की है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची आग पर काबू पा लिया गया है बता दें कि आईएएस अधिकारी खलखो तेलंगाना चुनाव के दौरान ऑब्जर्वर के पद पर तैनात हैं उनका परिवार कार को चार्जिंग में लगाकर बाजार गया हुआ था इस दौरान यह हादसा हो गया गंज थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया कि आग पर क़ाबू पा लिया गया है कार को चार्जिंग में लगाकर परिवार के सदस्य मार्केट गए थे इस दौरान आगजनी की घटना हुई है दमकल की टीम मौक़े पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया

# राजधानी के बेबीलान होटल में लगी आग



**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के जेल रोड स्थित होटल बेबीलान इन में बुधवार की शाम साढ़े सात बजे अचानक आग लग गई। आनन फानन में होटल को खाली कराया गया। वहीं आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई है। इस आगजनी में अबतक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# शहर में गुण्डे-बदमाश बेखौफ, राहगीरों से मारपीट, चाकूबाजी

**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में फिर गुंडे बदमाशों का खौफ देखने को मिली है। ये बदमाश शाम होते ही सड़ाक किनारे चौक चौराहों पर अड्डेबाजी करने लगे हैं। नशे में धुत इन बदमाशों से राहगीर परेशान हो गए हैं। बदमाश आए दिन किसी न किसी के साथ जबरन मारपीट और करते हैं कभी कभी विवाद इतना बढ़ जाता है की इनके बीच चाकूबाजी भी हो जाती है।

ऐसा ही मामला टिकरापारा थाना इलाके में हो गई।अड्डाबाजी कर कर रहे बदमाशों ने अभय शर्मा के साथ जबरन मारपीट की। विरोध करने पर आदिल खान और उसके साथी ने अभय को किसी धारदार चीज से मारकर घायल कर वहां से भाग निकले। अभय ने पुलिस को बताया कि वह जलगृह कालोनी मार्ग में रहता है। जो रविवार की शाम को टहलने सरजू बांधा तालाब के पास गया हुआ था।जहां वहीं पास में बैठे आदिल खान और उसके साथी वहां आ गए। और अभय को यहां क्यो घुम रहा है कह कर गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर मारपीट होने लगा। इसी बीच आदिल ने अपने पास रखे किसी धारदार चीज से वार कर घायल कर दिया।पुलिस ने शिकायत पर आदिल और उसके साथी के खिलाफ धारा 294ए 506ण् 323 का अपराध दर्ज किया है।

### मामूली बात पर कुकर कढ़ाई से मारपीट

इधर मौदहापारा के जोरापारा में पड़ोसियों के बीच मारपीट हो गई। दीपक विश्वकर्मा ने इसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक दीपक विश्वकर्मा और पवन गुप्ता जोरापारा में रहते है।21 की शाम को दीपक विश्वकर्मा की पत्नि का पवन गुप्ता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस बात से नाराज पवन गुप्ता बजरन गाली गलौज करने लगा।इसे देख दीपक विश्वकर्मा वहां आ गया और गाली गलौज करने से मना करने लगा। इस बात से नाराज पवन गुप्ताए दीपक के बिच कुकरए कढ़ाई से एक दूसरे को मारने लगे। इस बीच दीपक को चोट आई है।पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर दोनों पक्षों को थाना में पूछताछ कर रही है

# पूरे प्रदेश में घोषित होंगे साइलेंस जोन



**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। कोर्ट द्वारा स्वतरू संज्ञान में ली गई ध्वनि प्रदूषण से संबंधित जनहित याचिका की सुनवाई 20 नवंबर को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की युगल पीठ के समक्ष हुई। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाली छत्तीसगढ नागरिक संघर्ष समिति की तरफसे कोर्ट को बताया गया की साउंड बॉक्स और डीजे के अलावा मध्य रात्रि में भी शहर के बीच में म्यूजिक सिस्टम बजाए जाते हैं।40.40 फीट लंबे टेलर ट्रक गणेश विसर्जन में पुलिस के द्वारा दिए गए परमिट रूट से निकले। कोर्ट को कुछ फोटो भी बताए गए जिसमें शंकर नगर चौक पर रात को 10.30 तक ट्रेलर ट्रक में डीजे बजाए गए और एम्स अस्पताल में में 4 नवंबर 2022 को कैंपस में देर रात तक ध्वनि प्रदूषण किया गया। समिति द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका के जवाब में शासन द्वारा कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई मीटिंग आयोजित की और बताया कि क्या.क्या कदम उठाए गए हैं।शासन द्वारा कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए वे स्पेशल हॉर्न, स्पीकरए लाउडस्पीकर को अस्पताल शैक्षणिक संस्था और कोर्ट के पास प्रतिबंधित करने के लिए कार्यवाही कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने संवेदनशील एरिया चिन्हित करने के लिए निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इस पर आदेशित किया की मुख्य सचिव साइलेंस जोन घोषित करने के संबंध में शपथ पत्र दें।शासन ने कोर्ट से कहा कि हाईकोर्ट परिसर जिस पॉइंट से चालू होता है और जिस पॉइंट पर खत्म होता है उसे भी साइलेंस जोन घोषित किया जावेगा प्रकरण की अगली सुनवाई 31 दिसंबर 2022 को रखी गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ नागरिक संघर्ष समिति की ओर से डॉ राकेश गुप्ता व विश्वजीत मित्रा द्वारा दी गई।

# घर में नॉनवेज की बात पर दो भाईयों के बीच मारपीट

**रायपुर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। घर में नॉनवेज बनाने की बात पर दो भाईयों के बीच मारपीट हो गई।मुकेश निषाद ने अपने बड़े भाई को लाठी डंडे से पीटा।आजाद चौक थाना की घटना।पुलिस के मुताबिक रवि निषाद ने बताया कि वह शिवनगर आजाद चौक में रहता है।और मुकेश उसका छोटा भाई है जो साथ में ही रहता है। मंगलवार को रवि और परिवार के सभी सदस्य रात का खाना खा कर घर में थे। इसी दौरान उसका छोटा भाई मुकेश घर में आकर चिकन बनाने की बात करने लगा।जिस पर रवि के मना करने पर मुकेश भड़क गया और चिकन आज ही बनेगाए तू कौन होता है मना करने वाला कहकर गाली गलौज करने लगा।जिसे रवि के विरोध करने पर दोनों भाईयों के बीच विवाद बढ़ गया और मुकेश ने लात घूसे और डंडे से अपने भाई को मारने लगा। इसकी रिपोर्ट रवि ने आजाद चौक थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने मुकेश के खिलाफधारा 2940 506, 323 का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की। इधर मौदहापारा इलाके में पुराना पैसा की मांग को लेकर मारपीट हो गई। मोहम्मद ईलियास ने अफरोत बाड़ी निवासी मोहम्मद सब्बीर को जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से पीटा।पुलिस ने शिकायत पर मोहम्मद ईलियास के खिलाफ294,506, 323 का अपराध दर्ज किया है।

उल्टा पुल्टा

मिंटू- चिंटू, भाई आज अपनी साइकिल आज मुझे दे दे।
चिंटू- नहीं, दे सकता।
मिंटू- तुम मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा।
चिंटू- तो चीनी डाल के खा लेना।

## संपादकीय

## पटरी पार करते लोगों की सुरक्षा का सवाल

*छत्तीसगढ़ के जिन शहरों, कस्बों एवं गांवों से होकर ट्रेनें गुजरती हैं उनमें जनता की सुरक्षा का मसला बहुत गम्भीर है क्योंकि आसपास से या मध्य भाग से होकर गुजरती ट्रेनों के लिये बिछी पटरियों को जान जोखिम में डालकर जनता आवाजाही करती है। उसका कारण है फुटओवर ब्रिजों या अंडरग्राउंड पास का अभाव। इससे अनेक दुर्घटनाएं भी होती हैं।*

*बिलासपुर हाईकार्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रेल मंडल से तत्काल जवाब मांगा है। वह इसकी अगली सुनवाई 24 नवम्बर को करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ करीब 3 लाख लोग रहते हैं जिन्हें विभिन्न कामों के लिये कई बार इस तरफ आना पड़ता है। अक्सर उन्हें खड़ी ट्रेनों के डिब्बों से होकर आना-जाना पड़ता है या वे उनके नीचे से गुजरते हैं। खतरनाक ढंग से ट्रेनों के नीचे से गुजरने की कई तस्वीरें मीडिया में देखकर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने मंगलवार को ही सुनवाई की। यह निश्चित ही उनकी संवेदनशीलता एवं जनहित के प्रति सतर्कता का परिचायक है। बतलाया यह गया कि बिलासपुर स्टेशन पर एफओबी का निर्माण 4 वर्ष से लटका हुआ है। उन्होंने इस बाबत विस्तृत रिपोर्ट मांगी तथा अगली सुनवाई में उसे पेश करने के लिये उसे कहा है।*

*यह अनेक शहरों का आलम है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ आदि अनेक ऐसे शहर हैं जहां लोग बड़ी संख्या में इसी प्रकार पटरियां पार कर आना-जाना करते हैं। खासकर बुजुर्गों, बीमारों, विकलांगों तथा गर्भवती महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। साथ ही उनके जीवन को खतरा भी बना रहता है। बच्चों के लिये यह परिस्थिति बहुत ज्यादा खतरनाक होती है क्योंकि वे नासमझ होते हैं तथा उनमें वैसी सतर्कता नहीं होती जैसी बड़ों में होती है। चूंकि ये अक्सर बड़ी संख्या में होते हैं, खासकर स्कूलों से लौटते समय, तो वे मस्ती करते रहते हैं। ऐसे में उनका ध्यान न तो अन्य पटरियों पर होकर आती-जाती ट्रेनों पर होता है और न ही वे इस बात का ख्याल रखते हैं कि जिस ट्रेन के नीचे से होकर वे निकल रहे हैं वह कभी भी चल सकती है। स्टेशन पर खड़ी यात्री ट्रेनों से वे पार होने के लिये चढ़ते हैं परन्तु कई बार वे उनके भीतर रहते में चल पड़ती हैं। ऐसे में उन्हें उतरने में दिक्कत होती है। कई बार तो वे गिर भी जाते हैं।*

*इसके मद्देनज़र हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर समस्या को हल करने की पहल बहुत ही सराहनीय है। आशा है कि रेल मंडल न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पूरे प्रदेश में स्टेशनों के आसपास रहने वालों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। लोगों के ऐसे असुरक्षित तरीकों से पटरियां पार करने की नौबत ही नहीं आना चाहिये।*

# कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों को सरकार बना लेने का भरोसा

**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। कई आधुनिक कालोनियों, औद्योगिक, श्रमिक बस्तियों, शहरी बसाहट के अलावा बड़ी संख्या में निपट परम्परागत गांवों से मिलकर गठित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक पखवाड़े तक चुनावी शोरगुल के बाद अब शांति है। इसके बावजूद सभी वर्गो के दिलों दिमाग में एक उधेड़बुन चल रही है कि उनका अगला विधायक कौन बनेगा। कांग्रेस से ताम्रध्वज साहू विगत 5 वर्षो से प्रदेश शासन के मंत्री है।

जाहिर है कि जनता ने उनका काम देखा है। उनका व्यवहार स्वभाव सभी कुछ परखा है। इसके विपरीत भाजपा प्रत्याशी के रूप में ललित चंद्राकर चुनावी राजनीति में पहली बार जोर आजमाईश कर रहे है। सगठन की राजनीति में लगभग 30 वर्षो तक मेहनत कर पार्टी को तैयार करने में उन्होंने बेजोड़ मेहनत की है। दुर्ग ग्रामीण में भी उनकी पूरी टीम है। देशबन्धु प्रतिनिधि ने दोनों ही उम्मीदवारों से अलग अलग चर्चा की। दोनों ही अपनी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है।

ताम्रध्वज साहू को अपनी जीत के साथ ही प्रदेश में कांग्रेस का सरकार कायम रखने का पूरा भरोसा है तो भाजपा प्रत्याशी भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का दावा कर रहे है। किसका दावा खरा उतरेगा 3 दिसंबर को मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### कांग्रेस का 75 पार का नारा होगा साकार : ताम्रध्वज



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे है। उनके लिये न तो यहां के मतदाता नये थे और न मतदाताओं के लिये वे नये थे। क्षेत्र में अक्सर भ्रमण करते रहने से पूरे क्षेत्र में जान पहचान व पारिवारिक संबंध ऐसे हो गये है कि लोग उनसे कभी कोई सवाल नहीं पूछते और न ही कोई फरमाईश करते है।

चुनाव प्रचार के दौरान आप गांव गांव में गये है और लोगों से मिले है तो उन्हें जनता का मूड कैसा लगा। क्या वह बदलाव के मूड में है या यही स्थिति बनाये रखने के पक्ष में है। बेहतरी कार्य हर कोई चाहता है, कांग्रेस भी जनता की बेहतरी के बारे में कार्य करती है। जनता कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों को समझती है और वह कहीं से बदलाव के मूड में नहीं है। दुर्ग ग्रामीण जनता ही नहीं पूरे प्रदेश की जनता फिर से कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनाने जा रही है। यदि कांग्रेस ही चुनाव जीत रही है तो भाजपाई जीत को लेकर इतना माहौल क्यों बना रहे है। इस पर ताम्रध्वज साहू ने बताया कि वे अपनी संभावित हार से इस तरह सहमें है कि माहौल बनाकर उसे दबाने की कोशिश कर रहे है।

आम तौर पर चर्चा रही कि कांग्रेस सुव्यवस्थित तरीके से चुनाव नहीं लड़ी है। इसे खारिज करते हुए गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस सभी जगह पूरी ताकत व गंभीरता से लड़ी है। मतदाता पर्चियां भी समय पर मतदाताओं तक बंटी है। आपकी मुख्य प्रतिस्पर्धी किस पार्टी से है। निश्चित ही भाजपा से। भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर एकदम नये है। आपको उनके सामने मैदान में कैसा महसूस हुआ। इस पर ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वे प्रत्याशी पहली बार बनाये गये है मगर वर्षो से भाजपा के लिये कार्य कर रहे है। श्री साहू ने कहा कि वे कभी किसी भी प्रतिस्पर्धी प्रत्याशी को कमजोर नहीं मानते।

ईडी एवं महादेव एप को लेकर जिस तरह भाजपा ने जगह जगह माहौल बनाया उसका चुनाव में क्या असर देखा गया। इस पर श्री साहू ने कहा कि ये सभी बातें पुरानी पड़ गई है। यह पूछने पर कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां तक कहा कि कांग्रेस साहूओं से नफरत क्यों करती है ? यह सवाल कितना उचित है। इस पर ताम्रध्वज साहू ने कहा कि यह सवाल तो पत्रकारों को चाहिए कि वे स्वयं प्रधानमंत्री से पूछे कि पीएम ऐसे सवाल क्यों उठाते है जिससे अलगाव को प्रश्रय मिलता है। उन्होंने कहा कि आज उनके साथ यहां दर्जनभर से ज्यादा साहू बैठे हुए है। प्रधानमंत्री द्वारा जाति समाज को लेकर उठाया जाने वाला सवाल क्या औचित्यपूर्ण व उनके पदगरिमा के अनुरूप है। श्री साहू ने स्पष्ट कर दिया कि वे इस तरह का कोई प्रश्न स्वयं प्रधानमंत्री मोदी से नहीं करेगें। वे ऐसी जातिपोथ थिरकापरस्ती पर विश्वास नहीं करते।

जिस तरह से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ईडी विभिन्न मामलों में घेर रही है यदि उनकी मुख्यमंत्री पद से विदाई हो जाती है तो वे किसे मुख्यमंत्री के उपयुक्त समझते है। इस पर भी साहू ने कहा कि यह प्रश्न काल्पनिक है। अभी कोई विषय ही नहीं है। जब विधायक दल गठित होगा तब बैठक होगी। पार्टी हाईकमान तय करेगा । अभी हमारे नेता भूपेश बघेल है।1 अभी हम सभी उन्हीं के नेतृत्व में चुनाल लड़ रहे है।

### दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र : 50+ से भाजपा छग में सरकार बनायेगी : ललित चंद्राकर



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर ने कहा कि उनमें मतदाताओं के मध्य जाने पर नई ऊर्जा का संचार हुआ। दुर्ग ग्रामीण की जनता काफी शोषित पीड़ित थी। अपनी बात कहीं कह नहीं पाती थी। भाजपा प्रत्याशी के रूप में जब मैं उनसे मिला तो उनके अंदर भी उत्साह का संचार हुआ, जोश आया। पूरा चुनाव अभियान पर सहयोग से चला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ही पूरे अभियान को अपने हाथ में ले लिया। इसे देखते हुए वे दुर्ग ग्रामीण का यह चुनाव भाजपा प्रत्याशी के रूप में 25 हजार से भी ज्यादा वोट से जीतने का दावा करते है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण की जनता अपने क्षेत्र में शांति और विकास चाहती है। क्षेत्र में जगह जगह चोरी, हत्या डकैती, लूटपाट, बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। गृहमंत्री का गृह जिला है मगर इस अपराधों पर कोई नियंत्रण नहीं है। आप दुर्ग ग्रामीण से चुनाव जीत रहे है तो प्रदेश में सरकार के बारे में क्या सोच रहे है, इस पर ललित चंद्राकर ने दावा किया कि 50 प्लस के बहुमत से भाजपा प्रदेश में सरकार बना रही है। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री के रूप में आपकी पसंद कौन है। इस पर भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर ने कहा कि यह पार्टी का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा।

चुनाव प्रचार में आपका मुद्दा क्या था ? इस पर श्री चंद्राकर ने बताया कि उनका मुद्दा क्षेत्र का विकास है। क्षेत्र का विकास रूका पड़ा है। साथ ही क्षेत्र की जनता आतंक से मुक्ति चाहती है। कांग्रेस के लोगों ने भय फैला रखा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनकी लोक लुभावन घोषणाओं से भी जनता प्रभावित हुई है। इसकी नतीजा 3 दिसंबर को सामने आ जायेगा।

# निगम के 36 अधिकारी-कर्मचारी पाये गये अनुपस्थित

**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज सुबह 10 बजे कार्यालय खुलते ही नगर निगम के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

**■ आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण**



निरीक्षण के दौरान 36 अधिकारी एवं कर्मचारी एवं प्लेसमेंट के कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों के प्रभारी अधिकारियों को अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी, अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

इस संबंध में आज जब कमीश्नर श्री चंद्राकर से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि त्यौहार अवकाश और मतदान के बाद आज कार्यालय खुलने पर उन्होंने नगर निगम के सभी विभागों में कामकाज में गतिशीलता लाने का सभी विभागों के कार्यालयों का निरीक्षणकिया था। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान ही 36 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गए। आज निरीक्षण के दौरान कमीश्नर के साथ ही उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, एवं आयुक्त के पीए शुभम गौईर उपस्थित रहें।

# दीपावली मनाने गांव गये परिवार के घर में लाखों की चोरी

**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली मनाने अपने गृह ग्राम गंधरी जिला बालोद गये राजस्व निरीक्षक नजूल मूलचंद सोनबोईर के ग्राम बघेरा दुर्ग निवास से लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात की चोरी हो गई।

चोरी गये सामान में साढ़े 4 तोले सोने के गहने और 30 तोले के आभूषण शामिल है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने श्री सोईबोईर की रिपोर्ट में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घटना के एक सप्ताह बाद भी अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार श्री सोनबोईर सपरिवार 13 नवंबर को दीवाली मनाने अपने गांव गंधरी जिला बालोद गये थे। 15 नवंबर को लौटे तो देखा कि घर कृष्णा नगर बघेरा लौटे तो पाया कि घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात तत्वों ने सोने चांदी के जेवरात गायब कर दिये है।

# तुलसी विवाह को लेकर फिर सजे बाजार

### गन्ना सौ रुपये जोड़ी से ऊपर बिका



**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में कल 23 नवंबर को तुलसी विवाह मनाया जायेगा। तुलसी विवाह में पूजन के रूप में उपयोग किये जाने वाले गन्नों से न सिर्फ इंदिरा मार्केट व अन्य बाजार सजा रहा। इस बार बाजार में गन्ने की आवक काफी कम देखी गई और रेट भी काफी ज्यादा एक सौ रूपये जोड़ी रहे। मंहगा होने की वजह से उठाव भी अभी तक कम है। विक्रेताओं का मानना है कि कल त्यौहार के दिन उठाव बढ़ सकता है।

तुलसी विवाह के अलावा देवउठनी एकादशी, बड़ी एकादशी जेठौनी के नाम से परिचित इस त्यौहार के बाद से ही हिन्दू समाज में शादी विवाह इत्यादि के मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जायेगें। अब इस त्यौहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शादी विवाह जैसे मांगलिक अवसरों के लिये आवश्यक जेवर, कपड़ों इत्यादि की खरीदी भी बढ़ गई है। तुलसी विवाह पर पूजन में चढ़ने वाले सामान भी 20 से 50 रूपये कूढ़ा में उपलब्ध रहें।

# विधायक ने मनाया जन्मदिन, वोरा निवास में बिखरी खुशियां

**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर के विधायक अरूण वोरा ने आज अपने जीवन के 62 वर्ष पूरे कर 63 वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर पूरे दिन वोरा निवास पद्मनाभपुर में बाजे गाजे, फटाकों के साथ ही त्यौहारों जैसी धूम रही। बधाईयां व शुभकामनाएं देने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। श्री वोरा को बधाईयां देने वालों में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे, पूर्व साडाध्यक्ष लक्ष्मण चंद्राकर सहित अनेक शामिल रहे तो दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव, पार्षद शिवेन्द्र परिहाल, सतीश समर्थ भी पहुंचे।



श्री वोरा ने अपने जीवन के आज नये वर्ष की शुरूआत आज सुबह माता शांति वोरा के चरण स्पर्श से की तथा घर के सामने स्थित महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद व अपने पिता स्व. मोती लाल वोरा की समाधि स्थल पर गये व पिता का आर्शीवाद ग्रहण किया। वहां से लौटने के बाद वे बधाईयां शुभकामनाएं देने के लिये पहुंचने वालों से मिलना शुरू कर दिया जो शाम तक लगातार चलता रहा। महापौर धीरज बाकलीवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, नगर निगम के लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, हामिद खोखर, संजय कोहले, सभी प्रभारीगण कांग्रेस के साथ भाजपा पार्षदगण विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने वोरा निवास में शिरकत की। पूरे दिन केक काटने, चाय काफी, कोल्ड ड्रिंक्स, एवं नाश्तों का दौर चलता रहा। श्री वोरा को बधाईयां व शुभकामनाएं देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम शर्मा, रमेश कुमार जैन, जिला कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अलख नवरंग, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, फतेह सिंह भाटिया, मनदीप भाटिया, राजू भाटिया, बृजमोहन तिवारी, अंशुल पाण्डेय, दीपक साहू, दिलीप ठाकुर, अय्यूब खान सहित सैकड़ों मित्र शुभचिंतक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वोरा परिवार के सदस्यों में अरविंद वोरा, सुमित एवं संदीप वोरा पूरी व्यवस्था बनाने में लगे रहे। महिलाओं की भीड़ पूरे दिन आती रहीं जिनका स्वागत मंजू वोरा एवं बहुओं व परिवार की अन्य महिला सदस्यों ने किया।

**मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं :** विधायक अरूण वोरा के आज जन्मदिन पर बधाईयां देने वालों का तांता लगा रहा। बधाईयां व शुभकामनाएं देने के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ मंत्री रविन्द्र चौबे, जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी बधाईयां दी।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, एक घायल

### दो नाबालिग सहित 9 के विरूद्ध मामला दर्ज, 7 गिरफ्तार

**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। उतई चौक में गत रात्रि किसी पुरानी रंजिश को लेकर 9 लड़कों ने एक युवक गौतम कन्नौज की राड, चाकू और डंडे से पिटाई कर दी। इस मारपीट में गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंगोत्री हास्पिटल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 2 नाबालिग सहित 9 लोगों के विरूद्ध धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इन सभी आरोपियों को जेल भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। संभवतया कल 23 नवंबर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

जिन 7 बालिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है उनके नाम गणेश, निक्कू, कलश, शम्भु, फिरोज, रोशन है। इनके अलावा घटना में शामिल 2 नाबागिल बच्चों को सुधार गृह भेजने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

# शहडोल में डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेस संतोषम का आयोजन

**बेमेतरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। शहडोल में डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संतोषम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सोनाली ओसवाल के द्वारा किया गया जिसकी एरिया ऑफिसर लता चौधरी थी जिसमें लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा को भी आमंत्रित किया गया एवं लीनस क्लब 18 और 19 को रखी गई थी प्रेरणा की अध्यक्ष श्रीमती विनोद राघव को क्लब प्रेरणा का संचालन सर्वोच्च ढंग से करने हेतु प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं बेस्ट माइक्रो चेयरपर्सन उमा तिवारी को प्रतीक चिन्ह देकर व सभी माइक्रो चेयरपर्सन श्रीमती शारदा तिवारी को भी सम्मानित किया गया शशि तिवारी रामेश्वरी साहू एवं वर्षा गौतम को रक्तदान के लिए सम्मानित किया गया तथा भविष्य में समाज संस्था का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया । कॉन्फ्रेंस संतोषम में सम्मिलित होने के लिए अध्यक्ष विनोद राघव शारदा तिवारी उमा तिवारी वर्षा गौतम शहडोल में सम्मिलित हुए।



# पार्रीनाला के पास लाश मिलने से सनसनी सुसाइड नोट भी मिलने की खबर



**राजनांदगांव,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। पारीनाला के पास आज अचानक मृत व्यक्ति के शव को देख कर क्षेत्र मे सनसनी फ़ैल गई लोगो की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने भी पता करने पर उस व्यक्ति को अरिहंत एजेंसी में कार्यरत होने की खबर मिली जिस व्यक्ति का ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# जिला जु जित्सु मार्शल आर्ट स्पर्धा का समापन



**दुर्ग,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। जिला जू जित्सु मार्शल आर्ट चैम्पियनशीप का आयोजन हनुमान नगर इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस चैम्पियनशीप में दुर्ग -भिलाई से कुल 50 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, वार्ड पार्षद अरूण सिंह, संजय साहू, आशीष चंद्राकर, आशीष इंटोफेक उदय शर्मा, तरूण वाकड़े ने सभी खिलाड़ियों को मेडल, सार्टिफिकेट वितरण किया।

दुर्ग-भिलाई डिस्ट्रिक्ट लेवल चैम्पियनशीप में देवा साहू, रंजय डे सुषमा जांगड़े के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे है।

ये सभी खिलाड़ी अगले माह दिसंबर में राजनांदगांव में होने वाले राज्य स्तरीय चैम्पियनशीप में भाग लेगें।

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत, जिला न्यायाधीश ने ली बैठक

**बेमेतरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर 2023 के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार शास्त्री द्वारा जिला न्यायाधीश विश्राम कक्ष में न्यायाधीशगण की बैठक ली। उक्त बैठक में साथी न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों में मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हांकित राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण करने में विशेष कर चेक बाउंस प्रकरण, घरेलू हिंसा अधिनियम प्रकरण भरण पोषण प्रकरण एवं अन्य दांडिक प्रकरणों में आपसी सुलह समझौते से शांति पूर्ण निपटारे के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही लीड बैंक, बीएसएनएल, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारीगण एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण की भी बैठक ली गई। उक्त बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारीगण से अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रकरण के पक्षकारों को नोटिस तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने एवं समय सीमा पर प्री-लिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुतीकरण पंजीयन करने पर चर्चा की गई।



बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 श्रीमती तनुश्री गवेल, श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती अनिता रावटे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भुपेन्द्र उपाध्याय, एसडीओ बीएसएनएल कमल नारायण पात्रे, विद्युत विभाग, डीई जे. एस. भटनागर, लीड बैंक मैनेजर संतोष आयाम एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण नितिन बक्शी, सोहन निषाद, विजय पांडेय, हेमंत वर्मा सम्मिलित हुये। इस नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है।

# जया को मिली पीएचडी की उपाधि

## आईपी मिश्रा की पुत्रवधु



**भिलाईनगर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में श्रीमती जया मिश्रा को डॉक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. जया मिश्रा श्रीमती मीनाक्षी पाठक एवं स्वर्गीय राजेन्द्र नारायण पाठक की पुत्री हैं एवं श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैंपस भिलाई के चेयरमैन आई. पी. मिश्रा की पुत्रवधु हैं। यह उपाधि उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशंस ब्रांच की प्रोफेसर डॉ. जसपाल बग्गा एवं कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ चौबे के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। डॉ. जया मिश्रा ने अपने विषय पर पूर्ण किया है। डॉ. जया मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि के लिए श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैंपस भिलाइ के चेयरमैन आई पी मिश्रा, वॉइस चेयरमैन रुद्रांश मिश्रा, संस्था के डायरेक्टर पी. बी. देशमुख ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविश्य की कामना की है। अवार्ड के पश्चात् श्रीमती जया मिश्रा ने श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैंपस के समस्त स्टाफ के साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये हैं। उन्होंने अपने जीवन के इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए अपने मार्गदर्शकों सहित माता-पिता, परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया है।

# गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**नशे के कारोबारी पर पुलिस की कार्यवाही, थाना सुपेला क्षेत्र मे 4 कि.ग्राम गांजा आरोपी से बरामद, तकरीबन 38,000 रूपये का गांजा बरामद, सुपेला चौक में आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया, 1 आरोपी गिरफ्तार, एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना सुपेला की संयुक्त कार्रवाई।**

**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ मुहिम चलाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व उप पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा नशे के सौदागरों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीसीयू अनुराग झा , नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर व्ही.डी. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल व संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में ए.सी.सी.यू व थाना सुपेला की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुये पूर्व के आदतन नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि संजय नगर मैदान के पास एक व्यक्ति काले रंग की पिट्ठू बैग में मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से लाभ अर्जित करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति से पूछताछ में अपना नाम विनोद 32 वर्ष निवासी ग्राम सिनापाली नुआपाड़ा उड़िसा बताया। आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा जुमला तकरीबन कीमती 38,000 रुपया को बरामद कर अरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अग्रिम कार्यवाही थाना सुपेला से की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सहायक उप निरीक्षक पूर्णबहादूर कर्की, आरक्षक जुगनू सिंह, पन्ने लाल, संतोष गुप्ता, षिव मिश्रा, उपेन्द्र यादव, समीम खान थाना सुपेला से सहायक उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, आरक्षक सुरेन्द्र पटेल, श्यामजी, सूर्यप्रताप सिंह, रवि साव, महात्मा साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपी विनोद 32 वर्ष निवासी ग्राम सिनापाली नुआपाड़ा उड़िसा से पुलिस पुछताछ कर रही है। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी किसके लिये इतनी मात्रा में गांजा लेकर भिलाई आया था।

# आवासीय-व्यवसायिक भवनों की हो रही जांच



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों की जॉच की जा रही है। भवन मालिक द्वारा भरे गये स्व विवरणी एवं जॉच में मौके पर अंतर पाये जाते है तो संपत्तिकर की राशि पर दण्ड स्वरूप 5 गुना शास्ति राशि की वसूली की जायेगी। निगम क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों से राजस्व वसूली हेतु एजेंसी को अधिकृत किया गया है। एजेंसी द्वारा संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जल कर, भू.भाटक, दुकान किराया वसूली का कार्य राजस्व वसूली ठेका प्राप्त एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि भवनों में पहुॅचकर निर्मित तलो की जॉच कर रहे है। ताकि भवन मालिक द्वारा प्रस्तुत स्व विवरणी के साथ मिलान कर वास्तविक संपत्तिकर की गणना हो सके। निगम क्षेत्र के सभी भवनों का जांच किया जा रहा है जिसकी शुरूआती जॉच में भवनो एवं उसके भरे गये स्व विवरणी में भिन्नता पाई जा रही है। ऐसे प्रकरणो में भवन मालिक के उपर संपत्तिकर की राशि पर 5 गुना शास्ति राशि दण्ड स्वरूप देय होगा। भवन मालिक अंतर की राशि को निगम कोष में जमा कर अर्थदण्ड से बच सकते है। आयुक्त ने निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि मालिको से अपील किये है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के देय संपत्तिकर राशि का एकमुस्त भुगतान कर 30 नवम्बर तक 2 प्रतिशत छूट उठाये।

# सेंट थॉमस कॉलेज में सर्टिफिकेट प्रोग्राम



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। पीजी अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंट्रोडक्शन टूइकोनोमैट्रिक्स विषय पर तीस घंटे का सर्टिफिकेट कार्यक्रम का उदघाटन सत्र आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डा. रवींद्र ब्रह्मे थे। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ जोशी वर्गीस एवं प्राचार्य डॉ. एम.जी. रोईमोन ने हुए कार्यक्रम की सराहना की। सत्र की प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंदा वर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक और दूसरी पाली प्रभारी डॉ. देबजानी मुखर्जी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रारंभ में कार्यक्रम संयोजक एवं अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने मुख्य अतिथि एवं सत्र के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। डॉ. ब्रह्मे ने विज्ञान अर्थशास्त्र और अन्य क्षेत्रों में इकोनो मैट्रिक्स के विभिन्न अनुप्रयोगों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इकोनो मैट्रिक्स उपकरणों के बिना अर्थशास्त्र में वैज्ञानिक अनुसंधान नहीं किया जा सकता है। 20 नवंबर से शुरू होने वाले 30 घंटे का सर्टिफिकेट प्रोग्राम 1 दिसंबर 2023 को समाप्त होगा। सर्टिफिकेट प्रोग्राम मे विभिन्न मॉड्यूल निर्धारित किए गए हैं और बाहर से विभिन्न विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देनेके लिए आ रहे हैं। सेंट थॉमस कॉलेज और के.के. मोदी विश्वविद्यालय के पचास से अधिक यूजी और पीजी विद्यार्थियों उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और अपनी सभी शंकाओं का समाधान भी कर रहे हैं। एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हर्षिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र संकाय कीसहायक प्राध्यापक डॉ. किरण बाला दास द्वारा किया गया। संकाय की सहायक प्राध्यापक अपर्णा दत्ता, इकोनॉमिक एसोसिएशन दविजार्डष् के सभी छात्र प्रतिनिधियों न`सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# स्कार्पियो की चपेट में एक की मौत

**भिलाईनगर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग उतई रोड पर एम पॉकेट के सामने कल रात लगभग 10 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटर साइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो भी पलट गई जबकि गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्कार्पियो चालक को भी चोंटे आई हैं। नेवई थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि कल रात को 9 से 10 बजे के मध्य निजी सुरक्षा गार्ड रुआबांधा निवासी चंदन कुमार 49 वर्ष अपने बाइक से दुगआ उतई मार्ग से गुजर रहा था इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार ठोकर मार दी इस दुर्घटना में चंदन कुमार के सिर पर गंभीर चोटे आई थी जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना मं स्कॉर्पियो भी पलट गई थी। सचालक को भी चोंटे आई हैं। नेवई पुलिस के द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 304,के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया है।



# सड़क सुरक्षा को लेकर हटाए गए अवैध दुकानें




**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवांए विभाग, इंफोर्समेंट विभाग द्वारा ट्रैफिक पुलिस व पुलिस विभाग के साथ मिलकर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सड़क के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध, सेंट्रल एवेन्यू में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दूसरे दिन 22 नवम्बर को भी कई अवैध दुकानों को हटाया गया। उन्हें समझाइश देकर छोड़ा गया हैं कि आगे से वे यहाँ दुकानें नहीं लगाएंगे और आधा दर्जन कुल्फी ठेलों का पंचनामा बनाकर जप्ती किया गया। इन ठेलों की वजह से सडको मे खरीदी हेतु भीड़ लगती है। जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनायें हो जाने का खतरा बना रहता है। नगर सेवांए विभाग द्वारा ठेले खोमचो के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा मवेशी पकड़ने का अभियान भी निरंतर जारी है। इस वित्त वर्ष में टाउनशिप व संयंत्र के भीतर से लगभग 700 आवारा मवेशी पकड़ कर निगम द्वारा संचालित कोसा नाला गौठान में सौंपा गया है। प्रति सप्ताह इसकी रिपोर्ट सम्बंधित विभाग को प्रेषित की जाती है। विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठेले खोमचे व आवारा मवेशियों को हटाने का कार्य, संयंत्र द्वारा समय दृसमय पर किया जाता रहा है। इसी अभियान के तहत संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मार्गदर्शन में विगत 2 दिनों से यह कार्य किया जा रहा है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकोंए ठेले खोमचे व व्यवसाय करने वालों से अपील की जाती है, कि सड़कों व सड़कों के किनारे आवश्यक भीड़ ना लगाएं।

# बीएसपी ठेकेदार की डंडे से पिटाई, मामला दर्ज

**भिलाई नगर,** 22 नवंबर। बीएसपी ठेकेदार अनिल सुकुमारन को जान से मारने की धमकी देते हुए तालपुरी निवासी एक युवक ने डंडे से मारपीट की है। आरोपी शराब के नशे में था तथा ठेकेदार द्वारा कुछ दिन पहले उसके खिलाफ की गयी पुलिस में शिकायत से नाराज़ था। घायल अनिल सुकुमारन की रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। एएसआई सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि तालपुरी बी ब्लॉक डहेलिया 473 निवासी अनिल सुकुमारन बीएसपी में ठेकेदार रहे हैं। वो कल शाम तालपुरी बी ब्लॉक मेन गेट के पास चौकीदार शत्रुघन सिन्हा के साथ बैठे थे तभी बी ब्लॉक निवासी राबिन उर्फगोल्डी गेट के पास आया और मेरे खिलाफरिपोर्ट लिखवाते हो कहकर अनिल से गाली गलौज करने लगा। राबिन ने शराब पी रखी थी।

### राजमिस्त्री से मारपीट

**भिलाईनगर।** पेशे राजमिस्त्री डी श्याम 31 वर्ष ने सुंदर नगर के एक घर में पलस्तर का काम किया। उसकी एवज में मोहल्ले का ही दूसरा युवक उससे जबरिया इस काम का कमीशन मांगने लगा। जब श्याम ने मना किया तो धारदार हथियार से हमला कर आरोपी वहां से भाग निकला। घटना छावनी थाना अंतर्गत क्षेत्र की है। घायल राजमिस्त्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छावनी पुलिस ने बताया कैम्प 1 सुंदर नगर गुरूद्वारा के सामने निवासी डी श्याम कल सुंदर नगर गुरूद्वारा के सामने खड़ा था तभी मोहल्ले का गौतम आया और बोला कि नंदू के घर में जो पलस्तर किया है उसका कमीशन मुझे भी दे। श्याम बोला कमीश्न देने गौतम उसे जान से मारने की धमकी देते मारपीट कर भाग गया। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506बी के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क दुर्घटना में वाहन चालक घायल ईलाज जारी

**भिलाईनगर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-1 बीएसएनएल चौक पर मोपेड से दूध बांटने गए व्यक्ति को बाईक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी। जिससे दूधवाले को गंभीर चोट आई है। उसकी मोपेड भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ठोकर बाद बाईक चालक वाहन समेत भाग निकला जबकि दूधवाला गंभीर हालत में सड़क पर ही अचेत पड़ा रहा। जिसे बीएम शाह अस्पताल सुपेला मे भर्ती कराया है। भिलाई भट्टी पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल संतोष यादव 45 वर्ष निवासी शारदा पारा केम्प 2 किशन चौक अपने घर शारदा पारा से बीती शाम मोपेड क्रमांक सीजी 07 बीपी 6468 से दूध बांटने पावर हाउस ओव्हर ब्रिज, सेक्टर-1, मुर्गा चौक होते हुए बीएसएनएल चौक से सेक्टर 1 के पास पहुचा था तभी मोटर साईकल चालक अपनी मोटर साईकल को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोपेड को बायें तरफ से ठोकर मार दिया। जिससे संतोष यादव वहीं गिर गये। गिरने से संतोष को गंभीर चोटें आईं हैं। घायल को बीएम शाह अस्पताल सुपेला में भर्ती किया गया है। आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना जारी है। टाउनशिप में सड़क दुर्घटना में वृद्धि हुई है। तेज रफ्तार वाहन का नियंत्रण खो देने से सड़क दुर्घटना

### सूने घर में चोरी

**भिलाईनगर।** एसीसी जामुल में साढ़े तीन घंटे के भीतर ताला तोड़ लाखों के जेवरात पार करने का मामला प्रकाश में आया है। हैरत की बात यह है कि दुर्गा मंदिर वार्ड-4 जामुल के एक बड़े मोहल्ले में सुबह 5 बजे के बाद यह चोरी हुई है। अज्ञात चोर ने नागेंद्र सिंह 56 वर्ष के मकान का ताला तोड़ सोने की लेडिस चैन, कान की बाली व झुमका, 2 चांदी की पायल, 20 चांदी का सिक्का, सोने की अंगूठी, 5 नग चांदी की बिछिया, नाक की फुल्ली, सोने की जेंटस चैन, दो जेंटस सोने की अंगूठी, 5 जोड़ी बिछिया चांदी की, 2 पायल चांदी की, दो कान का झुमका सोने का और नगद लगभग एक हजार रुपये समेट कर निकल भागा है। जामुल पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर वार्ड-4, आईटी कालेज के पास एसीसी जामुल निवासी नागेंद्र सिंह 20 नवंबर की सुबह 5 बजे अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने हाउसिंग बोर्ड सूर्य कुण्ड तालाब गये थे। पूजा खत्म होने के बाद साढ़े 8 बजे घर लौटे तो सामने गेट व दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलग अलग कमरे में रखी दोनों आलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारे जेवरात गायब थे। चोर गहने और नगदी समेत बैंक एटीएम और जेवरात का बिल भी उठा ले गए हैं। घटना की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ज्ञान प्रकाश मेघालय में नेशनल बॉक्सिंग में हिस्सा लेने रवाना



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज ज्ञानप्रकाश का सीलांग मेघालय में आयोजित 7वाँ मैन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप स्टार बॉक्सिंग क्लब के सचिव व कोच कुलदीप सोनकर ने जानकारी दी कि उक्त बॉक्सिंग चैंपियनशिप 25 नवम्बर स 1 दिसम्बर तक किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सेक्टर.1 स्टार बॉक्सिंग क्लब का मुक्केबाज ज्ञानप्रकाश का चयन 67 किलो वर्ग में हुआ हैं। उनके इस उपलब्धि पर महापौर नीरज पाल, राज्य मुक्केबाज़ी एसो. के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन, स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष पी.के.राय, नेशनल रेफ्री कुलदीप सोनकर, चेयरमेन वीरेंद्र यादव, आर.एन. बनेर्जी, जी.पी. तिवारी, नंदू रामटेके, तीरथ रावत ने बधाइयाँ दी हैं।

### आज भजन संध्या का आयोजन

**भिलाईनगर।** भजन संध्या संगठन भिलाई द्वारा श्री सत्य साई बाबा की 98 जन्मोत्सव के उपलक्ष पर 23 नवंबर को प्रशांति मंदिर सेक्टर 8 सड़क 23 में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें विख्यात गायक शैलेंद्र सतपति एवं उनके साथियों की प्रस्तुति संध्या 6 बजे से रखी गई है तत्पश्चात भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस के अहलूवालिया डायरेक्टर अहलूवालिया हॉस्पिटल रायपुर रहेंगे जो की विश्व प्रसिद्ध एंट सर्जन, लेखक एवं कवि भी हैं। यह जानकारी डॉ हरीश शर्मा ने दी है।



## रिसेल वाहन विक्रेताओं की बैठक आज

**भिलाईनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए सर्विस रोड पर रिसेल में वाहन बिक्री हेतु खड़े कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले व्यवसायियों के साथ यातायात पुलिस की उपस्थिति में निगम सभागार में 23 नवंबर को 12 बजे बैठक रखी गई है। बैठक में सभी वाहन विक्रेता जो सेकंड हैंड गाड़ी का विक्रय करते है उन्हें निगम के जोन कार्यालय की ओर से बैठक की सूचना पत्र भेजा गया है। बता दे कि जीई रोड के नीचे निगम के सर्विस रोड पर दक्षिण गंगोत्री, साक्षारता चौक, अन्नपूर्णा मार्केट, जोन 3 कार्यालय पानी टंकी के आस पास, शिवनाथ परिसर में सेकंड हैंड वाहन विक्रेता अपने वाहनों के प्रदर्शन के लिए सर्विस रोड पर खड़े करते है। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। इस समस्या के निराकरण हेतु निगम सभागार में पुलिस विभाग, दुकान संचालक एवं निगम प्रशासन का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया है।

# दिसम्बर अंतिम तक तैयार हो जाएगा सुपेला अंडरब्रिज



## आकाशगंगा व दक्षिण गंगोत्री के व्यवसायी परेशान

**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। सुपेला अंडर ब्रीज का कार्य लगभग पुरा हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार इस ब्रिज का काम लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है। दिसम्बर तक सुपेला रेलवे क्रासिंग का कार्य पुरा कर दिया जायेगा। इस ब्रिज के बॉक्स में से मिट्टी हटाना का काम पुरा हो चुका है। टाउनशिप में अंड़रब्रिज को जोडने वाली सड़क का काम पुरा हो चुका है। निगम क्षेत्र में सड़क का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आज इस ब्रिज के नीचे लगे बॉक्स से मिट्टी हटाने का काम पुरा हो चुका है। ज्ञात हो कि 16 अगस्त 2022 को इस अंड़रब्रिज का निर्माण कार्य शुरु किया गया था। जिसे एक वर्ष में बनाया जाना था। किन्तु तकनीकि खामियों को कारण इसमें विलंब हो गया है। नये वर्ष में लोग इसमें से आना-जाना कर सकते है। इस अंडर ब्रिज निर्माण के लिए 6 बॉक्स और तीन गर्डर है। इस अंड़रब्रिज के कारण आकाश गंगा परिसर की एक दुकान को भी हटाया गया है। इस अंड़रब्रिज के शुरु होने से आकाशगंगा व दक्षित्र गंगोत्री के व्यवसाय में फर्क पड़ सकता है।

# आज एक भी डेंगू का प्रकरण नहीं हुआ दर्ज

**भिलाईनगर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाइ निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 22 नवंबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। सभी डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर.घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाईए चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर खाली कराये गये। सभी कटेनरों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा।

# भिलाई में होगी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग स्पर्धा



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा तीसरी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग चैम्पियनशिप 2023-24 के आयोजन 9 व 10 दिसंबर तक भिलाई में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग चैम्पियनशिप में सीनियर पुरुष एवं महिला में पुरुष जूनियर बालक एवं बालिका, सबजूनियर बालक एवं बालिका तथा यूथ बालक एवं बालिका के मुकाबले खेले जाएंगे। उक्त प्रतियोगिता के आधार पर नेशनल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव वीआर चन्नावार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। प्रत्येक खिलाड़ी को पंजीयन फॉर्म के साथ राइडर लाइसेंस फीस 300 जमा करना होगा। पंजीयन एवं प्रवेश शुल्क, नि:शुल्क है। पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता वाले दिन 9 दिसंबर को सुबह 5. 30 बजे के पहले स्टेशन मरौदा रोड छत्तीसगड स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के सामने उपस्थित होना है। प्रतियोगिता का आरंभ सुबह 6 बजे से होगा। ऑनलाईन एंट्री के लिए एवं राइडर लाइसेंस फीस जमा कर सकते हैं। महासचिव चन्नावर ने बताया कि प्रतियोगिता के बाद चयनित खिलाड़ी 28 से 31 दिसंबर तक विजयापुर कर्नाटकाद्ध में आयोजित होने वाली 28वीं सीनियर पुरूष एवं महिला, पुरुष, जूनियर बालक एवं बालिका, सबजूनियर बालक एवं बालिका तथा यूथ बालक एवं बालिका राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2023-24 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता से संबंधित अन्य जानकारी के लिए वीआर चन्नावार महासचिव साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तथा प्रिंस कुमार सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

**निर्वाचन कर्मियों के इमरजेंसी इलाज के लिए रायपुर में एयर एंबुलेंस की गई तैनाती**

**बिलाईगढ़,** 22 नवंबर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा द्वितीय चरण के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के आकस्मिक आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायपुर में एयर एंबुलेंस की तैनाती की गई है।



# 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कवर्धा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति नृत्य और राजकीय गीत के साथ बुधवार को चार दिवसीय 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रवज्जलित कर शुभारंभ किया गया। इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन 25 नवम्बर को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 05 खेल क्षेत्रों के 300 बालक और 300 बालिका कुल 600 खिलाडी एवं 150 ऑफिसियल्स शामिल हुए है।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल ध्वजरोहण करते छत्तीसगढ़ राजकीय गीत के साथ प्रतियोगियों द्वारा व्यायाम शिक्षक राकेश नाथ, महेश साहू और अजय कुमार साहू के नेतृत्व में मार्चपास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान करस्तुबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अधीक्षक संगीता ठाकुर के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी। इसके साथ ही मार्चपास्ट में सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डतराई के स्काउट छात्रों ने प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.के. गुप्ता ने कहा कि 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आप सभी खिलाड़ियों, ऑफिसियल्स का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा खिलाड़ियों एवं ऑफिसियल्स को अच्छी सुविधाएँ दी जाए, इसके लिए आवश्यक टीम का गठन किया गया है। जिसके द्वारा निरंतर अवलोकन किया जाएगा। आगंतुक प्रतिभागी एवं उनके कोच मैनेजर से अपेक्षा की जाती है कि इस प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराने में आप सबका सहयोग रहेगा। आभार प्रदर्शन सहायक संचालक डी.जी.पात्रा ने समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों एवं कोच मैनेजर का अपने बहुमुल्य समय में से कार्यक्रम के लिए समय देने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने बताया कि विभिन्न खेल क्षेत्रों के लिए शासकीय एवं निजी विद्यालयों में आवास व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बालकों के लिए आवास व्यवस्था स्वामी करपात्री जी शा.उ.मा.विद्यालय, विवेकानंद हाईस्कूल, सत्तीवार्ड हाईस्कूल एवं शास.हाईस्कूल कैलाश नगर कवर्धा में किया गया है। इसी प्रकार बालिकाओं के लिए शा.प्रमुख प्राथमिक पाठशाला कवर्धा, होलीक्रास स्कूल कवर्धा एवं सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.विद्यालय कवर्धा एवं अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जिला ग्रंथालय कवर्धा में आवास व्यवस्था निर्धारित की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्ष सेवानिवृत्त सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी हाफिज कुरैशी, विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक यू. आर. चन्द्राकर, डी.जी. पात्रा, आई.एस.प्रशासक सतीष यदुएम., पूर्व.से.नि.सहा.जिला खेल अधिकारी एम.आर. महोबिया, राष्ट्रपति पुरस्कृत व्याख्यता से.नि. आदित्य श्रीवास्वत, वाय.के. कुलमित्र, संजय जायसवाल, प्रभात गुप्ता, से.नि.व्याख्याता पंकज ठाकुर सहित अधिकारी, कर्मचारी तथा राज्य भर से आए हुए समस्त खिलाड़ियों, सभी 05 खेल क्षेत्र से आये हुए जनरल मैनेजर, कोच-मैनेजर एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे।23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 5 खेल क्षेत्रों के लगभग 600 खिलाड़ी और 150 ऑफिसियल्स भाग लेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 5 खेल क्षेत्रों के लगभग 600 खिलाड़ी और 150 ऑफिसियल्स शामिल हुए है।22 से 25 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में व्हॉलीवाल बालक,बालिका 19 वर्ष (पुलिस ग्राउंड कवर्धा), सॉफटबाल बालक-बालिका 17 वर्ष, बेसबाल बालक-बालिका 14 वर्ष (स्वामी करपात्री जी स्टेडियम कवर्धा), सॉप्टबाल बालक-बालिका 19 वर्ष (छिरपानी कॉलोनी मैदान कवर्धा) में खेल प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। अलग-अलग खेलों के लिए मैदान निर्माण कार्य वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अजीज खान के नेतृत्व में व्यायाम शिक्षकों ने पूरा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अवधेश नंदन श्रीवास्तव एवं मीरा देवागन, शिवेन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग से आये प्रतिनिधिगण लाल बहादूर सोनकर, पुष्पेन्द्र, वरूण पाण्डेय, व्रजभुषण सिंह, भूपेन्द्र साहू, दुर्ग जोन के दल प्रबंधक-अश्वनी चन्द्राकर, रायपुर जोन के दल प्रबंधक अरूण धुव्र, बिलासपुर जोन-अखतर खान, सरगुजा जोन-कमल निकुंज, बस्तर जोन-सतीष श्रीवास्तव एवं खेल प्रतियोगिता में वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अजीज खान, दिनेश साहू, एल.एन.चन्द्राकर, दिनेश वर्गीश, आदित्य कुमार द्विवेदी कंट्रोल रूम मैनेजर संगीता साहू, शिवानी वर्गीश, जेवियर एक्का, मो. गनी, राजा जोशी, तामेंश्वर सिहं ठाकुर, जितेन्द्र जागंडे, अरविन्द कुंजाम, मनहरण देवांगन, उत्तम वर्मा, मुकेष साहू,रमेष चन्द्राकर, अजय कुमार साहू, साजिद खान, कुमार चन्द्रवंशी, राकेश चन्द्रवंशी, राजेन्द्र वैष्णव, दिनमुधर वर्मा, राजेश शुक्ला, श्रीमती सुशमा धुर्वे, अरविन्द पाण्डेय, जे.पी. बर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# यदि आपकी शून्य है आय तो भी मिलेगा न्याय : चंद्रकांत यादव

**कवर्धा,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना कुकदूर के अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुई कुकदूर में माननीया श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार माह नवंबर के प्लान ऑफ एक्शन में बाल संरक्षण सप्ताह के तहत बाल अधिकारों के लिए विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बच्चों के लिए निबंध, लघु फिल्म प्रदर्शन कहानी नसीहत भरी नाबालिक, प्रश्नोत्तरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, नि: शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009, किशोर न्याय बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2016, साइबर क्राइम अधिनियम एवं मोटर अधिनियम अन्य बच्चों से जुड़े विभिन्न कानून की जानकारी विविध गतिविधियों के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को सैफ टच, अनसैफ टच व नालसा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित चंद्रकांत यादव पैरालीगल वालेंटियर ने कहा कि यदि आपकी शून्य हो आय तो भी मिलेगा न्याय। उन्होंने विधिक सहायता अधिनियम के प्रावधान अनुसार नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विधिक सेवा के पात्रता एवं मिलने वाली विधिक सहायता की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सालिक राम बांधवे पैरालीगल वालेंटियर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, हम सब की जिम्मेदारी के उद्देश्य से आयोजित हो रहा है बाल संरक्षण सप्ताह के तहत विधिक जागरूकता शिविर। कार्यक्रम में सालिक राम बाँधवे, चन्द्रकान्त यादव ,सुश्री चित्रारेखा राडेकर, मानस पटेल पैरालीगल वालेंटियर्स, विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रमेश सिंह पोर्ते, शिक्षक के ए एस राजपूत, डी के कुंभकार, आर के इजारदार, के के मेहर , आर माठले, बी एल पाटले, ए लहरे, एल के चंद्राकर एवं श्रीमति प्रीति शोरी सहित लगभग 600 से अधिक बालक - बालिका की उपस्तिथि रही।

# ब्लाक के ठेमाबुजुर्ग गांव में प्रथम देव मड़ाई आयोजित

## ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए दंतेश्वरी मां से की कामना

**डौण्डी,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। रविवार को डोडी क्षेत्र के ठेमाबुजुर्ग गाँव के दंतेश्वरी माई मंदिर प्रांगण में डोंडी ब्लॉक की प्रथम देव मड़ई संपन्न हुआ। जिसमें ठेमाबुजुर्ग के आसपास 17 गांव के देवी देवता डांग डोरी के रूप में मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए थे।पश्चात सभी देवता मड़ई परधौनी मे भाग लिए जिसके बाद लोगों ने मंदिर में जाकर अपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर मंदिर में आसपास के ठेमाखुर्द घोरदा गांगुलीडीह ठेमाबुजुर्ग भरीटोला बरबटीपारा मढ़ियाकट्टा परसोदा ढोरीठेमा कुंजकनहर कुरुतोला उरझे पटेली पचेड़ा पेंड्री घोटिया भिमाटोला बोरगांव चिखली कामता आवराटोला सल्हाई टोला बेलरगोड़ी आकोला छिंदगाँव उकारी अवारी कुआगोन्दी झुरहातोला सुरडोगर मरकाटोला आदि गाँवो से मंदिर समिति के पदाधिकारी शिवप्रसाद बारला भरत विश्वकर्मा गणेश राम बघेल सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई सालों से उनके गांव के दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में देव मडाई का आयोजन होते आ रहा है।लोगों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर देवी माँ के सामने आ कर मन्नत मांगने से पूर्ण होती है। जिसके वजह से माता के प्रति आस्था दिनों दिन बढ़ रही हैं।यहां पर इकट्ठा हुए लोग क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और मडई में आए व्यापारियों की धंधा व्यापार में वृद्धि के लिए कामना दंतेश्वरी माँ से करते हैं मड़ई मे हजारों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए माँ दंतेश्वरी की दरबार में थाना वाली मतिहारिन भंगाराम अन्य देवी देवता विराजमान है।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया नवागढ़ क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

**बेमेतरा,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के चारों विकासखंड मे शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने जिला शिक्षा अधिकारी का सभी स्कूलों मे निरिक्षण जारी है। इसी क्रम मे डीईओ द्वारा आज 22 नवम्बर 2023 को नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दा, शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदनारा, शासकीय प्राथमिक शाला चमारी, शासकीय प्राथमिक शाला खैरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहरबोड़, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मरदेही एवं शासकीय हाई स्कूल नांदल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दा के प्राचार्य को सभी उपलब्ध शिक्षकों में कालखण्ड का वितरण कर कार्यालय को अवगत कराने तथा सभी विषयों का सुचारू अध्यापन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला खैरी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहरबोड़ में मध्यान्ह भोजन में मीनू का पालन नहीं किया जाना पाया गया। डीईओ श्री मिश्रा द्वारा संबंधित मध्यान्ह भोजन संचालन समूह को कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगे जाने हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदनारा में भौतिक विषय के प्रायोगिक कार्य प्रारंभ नहीं हुए है जबकि माह जुलाई 2023 से ही प्रायोगिक कार्य प्रारंभ कराए जाने के निर्देश थे। उच्च कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता के कारण संबंधित व्याख्याता श्री भानू सत्यम को कारण बताओ सूचना जारी किया गया। वहीं विद्यालय के एक व्याख्याता श्रीमती ज्योति श्रीवास 05 सितम्बर 2023 से बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गई। डी.ई.ओ. द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को इस संबंध में लिखित में कार्यालय को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय हाई स्कूल नांदल में कुल कार्यरत शिक्षकों की संख्या 07 पाई गई। निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षकों के बीच कालखण्डों का समान रूप से आबंटन नहीं किया गया है।उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि सभी शिक्षकों की बीच कालखण्डों का समान रूप से बंटवारा कर पालन प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध करावें।



**लापरवाही बरतने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी**

## जल ही जीवन है

## निधन

### जितेंद्र ठाकरे

**राजनांदगांव,** 22 नवंबर। आशा नगर निवासी जितेन्द्र ठाकरे पिता जयराम ठाकरे 33 वर्ष का 21 नवंबर को रात्रि 9.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे गायत्री स्कूल में कार्यरत महेश ठाकरे के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 22 नवंबर को आशा नगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### संतोष वर्मा

**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर। ग्राम सेजा निवासी संतोष वर्मा का निधन हो गया उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे सोमेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, कमेश वर्मा के पापा व तिलक राम वर्मा, नन्दलाल वर्मा के भाई थे।



### जयसिंह नेताम

**बागबाहरा,** 22 नवंबर। जनपद पंचायत बागबाहरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरटकला निवासी ग्राम पंचायत टेका के सचिव जयसिंह नेताम का 21नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 51वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार खैरटकला गाँव में किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पंचायत सचिव संघ बागबाहरा के पदाधिकारियों ने श्री नेताम के निधन पर गहरा दु:ख व्यत करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# आने वाले समय में नगर से भी निकलेंगे अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी : फिरोज अंसारी

**राजनांदगांव,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। 17 से 28 नवम्बर तक चेन्नई (तमिलनाडु) में 13वी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। चैंपियनशिप में राज्य के हॉकी टीम भी भाग लेगी। भाग लेने वाले सीनियर पुरुष टीम को अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष श्री फ़िरोज़ अंसारी के मुख्य आतिथ्य एवं श्री वीरेंद्र सिंह भाटिया सहसचिव जिला हॉकी संघ की अध्यक्षता तथा सीनियर हॉकी खिलाड़ि किशोर धीवर की उपस्थिति में प्लेइंग किट ,हॉकी स्टिक,हॉकी बॉल एवं अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री फ़िरोज़ अंसारी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि आज सभी चयनित खिलाड़ी एक राष्ट्रीय स्तर के खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने जा रही है यह बड़ा ही हर्ष का विषय है हमे हमेशा आशा लगी रहती है की हम अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करें कभी हार का भी सामना करना पड़ता है किंतु हम निराश न होकर आगे बड़े और लगातार प्रयाशरत रहे जिससे अपने खेल में निखार ला सके और अगर हम जीत हासिल करते है तो हम आने वाले समय मे और इससे भी ज्यादा का उमीद रख कर लगातर प्रयास करते रहे उन्हने कहा कि उन्होंने चयनित सभी खिलाड़ियो को सुभकामनाये दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते छत्तीसगढ़ हॉकी को भी बधाई दी कि उन्होंने ऐसे जिलो में हॉकी को पहुचाया है जंहा के लोग ऐसे खेलो से वंचित रहते है। आज हॉकी इंडिया का यह निर्णय खिलाड़ियो के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।इसकें लिए उन्होंने हॉकी इंडिया को धन्यवाद दिया ,और राष्ट्रीय खेल हॉकी के विकास के लिए हॉकी इंडिया द्वारा किये जा रहे प्रयास की सराहना की, ।

आज हॉकी को बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ हॉकी लगातार प्रयास कर रही है,आज हॉकी स्टेडियम में प्रतिदिन लगभग 150 से 200 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तथा हमारे नगर के ही 2 हॉकी खिलाड़ी जूनियर इंडिया कोर टीम के कैम्प के लिए चयनित हुए है यह हमारे जिले के लिए बड़ी ही गौरव की बात है जिस प्रकार से मैं देखता हूं कि खिलाड़ी यंहा रोज़ प्रशिक्षण प्राप्त करने आ रहे है तो वो दिन दूर नही जब हमारे नगर व जिले से भी हॉकी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाएंगे। ज्ञात हो कि राज्य की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के पश्चात अंतिम 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने, चेन्नई पहुँच चुकी है छत्तीसगढ़ सीनियर पुरुष टीम हॉकी हरयाणा,व गुजरात हॉकी के साथ मैच खेलेगी, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव,, किशोर धीवर, शकील अहमद, योगेश दिवेदी, अभिनव मिश्रा, सचिन खोब्रागडे, अनीस अहमद, विजय यादव आदि उपस्थित थे।

उक्त चैम्पियंशिप में भाग ले रहे राज्य के सीनियर पुरुष हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ियो में दीपेश चौबे, जुनैद अहमद, अजय तांडी, खोगेस्वर बाघ,टिकेंद्र सेन,गुलशन कौशिक,अरबाज अली, रोहित रजक,सागर सूर्यवंशी, ओमकार गुप्ता,अतुल महिलांगे,सचिन डड़सेना, सुरेश कुमार तिर्की, तौफीक अहमद,खुशाल यादव,कार्तिक यादव,पीयूष वर्मा,सुखदेव निर्मलकर, जहाँगीर खान (कोच) एवं राशिद अली, मैनेजर के रूप में शामिल है।



**हॉकी इंडिया द्वारा प्रदत्त अंतराष्ट्रीय स्तर की खेल सामाग्री का वितरण**

# प्रथम कलर बेल्ट परीक्षा संपन्न पदक धारक बच्चों का हुआ सम्मान



**कुम्हारी,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। प्रथम जिला कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन श्री रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी में अंम्पन्न हुआ। जिसमे करीब 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं अपनी कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें रायगढ़ में हुए राज्य स्तरीय ताईकण्डो प्रतियोगिता में पदक धारक बच्चों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जितेंद्र वर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष, राकेश पाण्डेय, पीएन दुबे, केशव, केवल देवांगन भाजपा नेता रहे । कार्यक्रम के आयोजक शिवानी वैष्णव जिला ताईकांडो सह सचिव एवं संयोजक मिंटू साव उपस्थित रहे।

## टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि निर्वाचन मानदेय पर किया चर्चा

**कवर्धा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन मानदेय भुगतान में हो रहे विलंब को दृष्टिगत रखते हुई छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन शाखा में निर्वाचन सुपरवाइजर संतोष चन्द्राकर से मुलाकात कर मतदान कार्य में संलग्न अधिकारियों के मानदेय भुगतान पर चर्चा किया. चर्चा के दौरान एसोसिएशन को प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान अधिकारियों का मानदेय 22 नवम्बर को बैंक में जमा कर दिया गया है. एक-दो दिनों में संबंधित अधिकारियों के खाते में राशि चला जायेगा. ज्ञातव्य हो कि कबीरधाम जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 प्रथम चरण में विगत सात नवम्बर को ही सम्पन्न हो गया है, जिसमें प्रत्येक मतदान केन्द्रों में चार मतदान अधिकारियों का ड्यूटी लगाया गया था, इनमें ज्यादातर शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं. पीठासीन सहित मतदान अधिकारी-एक, दो व तीन में लगभग चार हजार अधिकारियों का ड्यूटी लगा था।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पारीनाला के पास लाश मिलने से ...

शव पारीनाला के पास मिला मृतक का नाम सुरेश कुमार जोशी बताया जा रहा है।कल दोपहर से कार्य पर नही आया था।मृतक के पास से मिला है सुसाइड नोट होने की जानकारी लगी है पर चौकाने वाली बात यह सामने आ रही है की मृतक व्यक्ति ने स्टांप पेपर लेकर अपनी आपबीती का जिक्र कर मरने की वजह भी लिखी जाने की जानकारी सूत्र बता रहे है। पुलिस की जांच मे अनेक लोग आयेंगे जांच के घेरे में मृतक ने सुसाइड नोट में प्रताड़ना का लगाया है , जांच में बड़ा खुलासा होने की संभावना और कई चीजे भी सामने आ सकती है।

# 4 दिसम्बर तक आयोजित होगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**बेमेतरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। ''छोटा परिवार खुशहाल परिवार'' के संदेश को जिला बेमेतरा के लोग साकार कर रहे है। एक निश्चित पैमाने पर जनसंख्या समाज की उपलब्धि है। इसी क्रम मे कलेक्टर पी. एस. एल्मा के मार्गदर्शन में जिले मे पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवंबर से 04 दिसम्बर 2023 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया है। यह पखवाड़ 02 चरणों में आयोजित किया जाएगा, पहला चरण मोबलाईजेशन एवं द्वितीय चरण सेवा वितरण चरण के रूप में मनाया जाएगा। गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ''मोर मितान मोर संगवारी'' सम्मेलन के माध्यम से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बार पुरूष नसबंदी पखवाड़े को ''स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा'' की थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गणेशलाल टंडन के द्वारा जागरूकता हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। डॉ. टंडन ने बताया कि पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात् सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते है।

जिला बेमेतरा में पखवाड़े के दौरान जिला चिकित्सालय बेमेतरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा में पुरूष नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी जिसके लिए जिले के बाहर से सर्जन उपलब्ध रहेंगे। पखवाड़े के दौरान अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही को लेकर आने एवं जागरूकता के उद्देश्य से मोर मितान मोर संगवारी चौपाल के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा लक्ष्य दंपत्ति की ग्रामवार सूची तैयार कर आयोजन किया जा रहा है। जिला सलाहकार परिवार कल्याण शोभिका गजपाल ने बताया कि पुरूष नसबंदी के पश्चात् हितग्राही के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रू. दिये जाते है एवं प्रेरक को 300 रू. दिये जाते है। पुरूष नसबंदी सरल, सुरक्षित और आसान विधि है, इसलिए योग्य और इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव करें और लाभ उठायें।



# सेक्टर लेवल क्रिकेट में दिग्विजय महाविद्यालय बना विजेता

**डोंगरगढ़,** 22 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का फाइनल मैच 22 नवंबर को शास नेहरु महाविद्यालय डोंगरगढ़ और शास दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के बीच खेला गया जिसमें डोंगरगढ़ महाविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 75 रन बनाए। दिग्विजय महाविद्यालय ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर एव 5 गेंदों में 76 रन बनाकर फाइनल मैच में विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईटीबीपी के कमांडेड तरुण कुमार बंजारी एव अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राभारी प्राचार्या डॉ ई वी रेवती की उपस्थिति में विजेता एवम उपविजेता टीम को संवाददाता ऋषि शर्मा के द्वारा दोनों विजेता टीम को प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से क्रीड़ा अधिकारी परेश वर्माए अनिता पोसार्याए मोरध्वज सोनवानी खेलन महुलेएराकेश बघेलए प्रकाश महानदीए खिलेश परमार आदि की उपस्थिति रही और सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच के एम्पायर मोरध्वज सोनवानी एव खिलेश परमार व स्कोरर असलम थे। पूरे मैच में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी करने का खिताब नेहरू महाविद्यालय के आलम एव सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का खिताब परमानंद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष सहयोग हेतु खिलेश परमारए ऋषि शर्मा एवं व्यवस्था देखने हेतु रामशरण वैष्णवए रमन साहू आदि को इस प्रतियोगिता में सहयोग एवं सफल बनाने हेतु महाविद्यालय की ओर से विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उक्ताशय की जानकारी क्रीड़ाधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने दी।



# विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कुम्ही के आदिवासी महिला को घर बनाने लिए मिला 1,00,000 की राशि

■ नरबदिया का पूरा परिवार विधिक सेवा प्राधिकरण का किया धन्यवाद ज्ञापित

**खैरागढ़,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम कुम्ही में गरीब आदिवासी महिला नरबदिया कंवर अपने कच्ची, मिट्टी के घर को बनवाने के लिए उनके पास पैसा नहीं था. बारिश के दिनों में घर के अंदर पानी भर जाता था. जहरीले कीड़ी मकोड़े भी घर के अंदर घुस जाता था. नरबदिया कंवर आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने मिट्टी के घर को नही बना पा रही थी. मामले की जानकारी पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू को होने पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष नरबदिया कंवर की बात को रखी गई राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में 22 नवम्बर को पैरालीगल वालंटियर गोलूदास के सहयोग से आदिवासी महिला को घर बनाने लिए 1,00,000 एक लाख की सहयोग प्राप्त हुई है. प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता होती है. रोटी, कपड़ा, मकान नरबदिया कंवर का भी सपना था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर बन जाए लेकिन किन्हीं कारण वश उनका नाम पास नहीं हो पा रहा था. सूची में नाम नहीं आ पा रहा था. जिसकी जानकारी पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू को होने पर तत्काल संबंधित सरपंच सचिव से मिलकर इस बारे में जानकारी ली गई तब पता चला कि सरकार द्वारा सभी पात्र लाभार्थी निर्माण श्रमिकों को 1,00,000/- लाख रूपये की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना में घर बनाने या नया घर खरीदने के लिए प्रदान करता है. इसके पहले भी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस योजना में 50,000/- रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी.आवेदिका का श्रम कार्ड बना हुआ था. जिसका नवीनीकरण करवाया गया आधार कार्ड, पासबुक, श्रम कार्ड, शपथ पत्र बनवा कर उसका फॉर्म मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के अंतर्गत फार्म भरकर जमा किया था. जो पास हो गया है. एक लाख रूपए की सहायता राशि घर बनाने या घर खरीदने के लिए प्राप्त हुआ है. इस राशि का उपयोग अपने नए घर बनाने के लिए कर रहे हैं. आवेदिका का दस्तावेज दुरुस्त नही होने के कारण प्रधानमंत्री आवास पास नहीं हो पा रहा था. तब पीएलव्ही गोलूदास के द्वारा सभी दस्तावेजों को एकत्रित करने के बाद आवेदिका का खाता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में खुलवाया गया है. मकान का निर्माण कार्य प्रारंभ है. वही कच्ची घर होने के कारण जो भी समस्याएं उत्पन होती थी. उससे बहुत ही जल्द निजात मिल जाएगा नरबदिया का पूरा परिवार बहुत प्रसन्न है. इस पूरे कार्य में सहयोग के लिए आवेदिका व उसके पूरे परिवार ने पैरालीगल वालंटियर गोलूदास को खूब आशीर्वाद दिया है. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का धन्यवाद किया इस पूरे कार्य को करने के लिए समय जरूर लगा पर कार्य संपन्न हुआ.



# आसरा में ढाई वर्षीय बालक की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत

**डोंगरगांव,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम आसरा में 22 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे एक नैनी हॉल भरत पिता सतीश कवर ढाई वर्षीय बालक ग्राम आसरा के आंगनबाड़ी केंद्र के सेफ्टीक टैंक में गिरने से मौत हो गई है दोपहर की घटना में ढाई वर्षीय बालक भरत खेलते खेलते आंगनबाड़ी केंद्र की ओर गया जहां पर एक सेफ्टी टैंक खुला हुआ था जिसमें ढक्कन गायब था आंगनबाड़ी केंद्र में सेफ्टी टैंक के ढक्कन कुछ दिनों पहले ही गायब होने की खबर मिली थी तब से वह सेप्टिक टैंक खुला था ऐसी लापरवाही से एक बालक की मौत से कवर परिवार का चिराग बुझ गया इस लापरवाही के पीछे ग्राम पंचायत या आंगनबाड़ी केंद्र कौन है दोषी जो खुले जो सेफ्टीक को खुले रहने के बाद सेप्टिक टैंक के ढक्कन को लगा नहीं पाई जिसका अंजाम एक बड़े हादसे के रूप में आज एक बालक की मौत हो गई है आखिर ग्राम पंचायत ने इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया जबकि आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बालक बालिका ही पढ़ने जाते हैं घटना के दौरान मृतक भरत के दादा नरोत्तम ने पास ही से घटना को देखा है जब भरत सेप्टिक टैंक के पास नीचे गिरा तो उनके दादा देखते ही आसपास के लोगों को आवाज दिया लोग एकत्र होकर सेफ्टीक टैंक में अंदर पानी में उतरकर बालक को बाहर निकाल कर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर ले जाकर ईलाज कराया डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उक्त बालक को मृत घोषित कर दिया गया घटना की सूचना पुलिस थाना डोंगरगांव में दर्ज कराया गया है

**त्योहार के पहले ही दो बड़ी घटनाएं हुई**

पिछले सप्ताह दीपावली पर आसरा से लगे गांव ग्राम बमनीभाटा में भी पिता पुत्र की मौत सड़क दुर्घटना में हुई थी आने वाले 23 नवंबर गुरुवार को देवउठनी त्यौहार भी है जो कवर परिवार में खुशी की जगह मातम छा गया है ऐसी लापरवाही भी किस काम का जिसमें एक बालक काल के काल में समा गया आखिर दोसी कौन है कब से टैंक ढक्कन गायब था और खुला क्यों रखा गया है इसकी सूचना गांव वालो और सरपंच को क्यों नहीं दिया गया ये कब से खुला था ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्र को पूरी जानकारी होनी चाहिए घटना के बाद गांव में कई प्रकार की अलग-अलग चर्चा हो रही है अब घटनाक्रम की पूरी जांच पड़ताल डोंगरगांव पुलिस शुरू कर दी है

# 21 वर्षीय प्रार्थीया के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को छुईखदान पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी भूपेश वर्मा को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में जेल

**खैरागढ़,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। छुईखदान थाने में 21 वर्षीय प्रार्थीया के द्वारा 19 नवम्बर को लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. 8 नवम्बर को जब वह अपने ससुराल के घर मे थी उसी समय भूपेश वर्मा मोटर साइकिल में आकर उसके घर के अंदर जबरदस्ती घुस गया मना करने के बावजूद भी जबरदस्ती दुष्कर्म किया है. इसके पहले भी शादी करके पत्नी बनाकर रखूंगा करके विश्वास में लेकर पूर्व में भी भूपेश वर्मा ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया है. लगातार धमकी देता रहा. अब शादी करने से मना कर दिया प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में भारतीय दण्ड संहिता की धारा के तहत 450, 376, 376 (2) , छु,506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया मामले की जानकारी एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डे एसडीओपी लालचंद मोहले को जानकारी दिया गया महिला से संबंधित संवेदनशील मामला होने के कारण महत्तवपूर्ण दिशा निर्देश देकर आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया जिसके परिपालन में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी भूपेश वर्मा पिता जितेन्द्र वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी भेंडरवानी थाना साजा जिला बेमेतरा छ.ग. के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने पर 20 नवम्बर को आरोपी भूपेश को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरी. प्रियंका पैंकरा, आर. अमित श्रीवास, मुनेन्द्र ठाकुर, हेमनाथ योगी, मआर आरती चंद्राकर का सराहनीय भूमिका रही.




# 25 नवम्बर को राजनांदगांव के जिला पंचायत सभाकक्ष में दिया जाएगा मतगणना का प्रशिक्षण

## कलेक्टर ने मतगणना कार्य के लिए अधिकारियों को जारी किया आदेश

**खैरागढ़,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना के संबंध में निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण 25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा विधानसभा क्षेत्र कमांक 73 खैरागढ़ के छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊस पिपरिया, खैरागढ़, को मतगणना केन्द्र बनाया गया है. केसीजी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य को सुगम व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण का आदेश जारी किया है. मतगणना का विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण 25 नवंबर को सुबह 10 बजे से जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित होगा कलेक्टर ने सभी अधिकारियों, सुरक्षा नोडल अधिकारी व प्रोग्रामर सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है. कि निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि जिले में सुगम व शांतिपूर्ण रूप से मतगणना का कार्य संपादित किया जा सके उक्त प्रशिक्षण में जिले से उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर डी.एस.राजपूत, रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाश राजपूत, रेणुका रात्रे पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, टंकेश्वर साहू ईवीएम नोडल अधिकारी सहित समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, टेवुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी सम्मिलित होंगे।



# स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अनदेखा करने वाले सभी कर्मचारियों पर कार्यवाही होंगी: बीएमओ

**सहसपुर लोहारा,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति में कमी को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई थी। और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गति लाने के निर्देश दिये गये थे। इसी बात को लेकर बीएमओ डॉ संजय खरसन के द्वारा लगातार पीएचसी प्रभारियों,सेक्टर सुपरवाइजर, सी एच ओ , आर एच ओ कि ब्लाक मुख्यालय में बैठक आहूत कर निर्देशित करते हुए राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अलावा एच डब्लू सी में मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा सतत प्रदान करने अपूर्ण रिकार्ड्स को पूरा करने ,समय पर में उपस्थिति की बात कही गई थी पर बी एम ओ के औचक निरीक्षण में गंगीबहरा में गर्भवती महिलाओ को एम सी पीं कार्ड उपलब्ध नही कराया गया था। कुआ में टीकाकर्मी अनुपस्थित पाए गये इसी प्रकार डुलिस्ट की अनुपलब्धता सत्रों में निरीक्षण के दौरान पाई गई। ए एन सी कार्ड में एमसीटीएस नंबर का अंकित न होना एवं आर सी एच, रजिस्टर अपूर्ण पाया गया। चारभांठा में सी एच ओ अनुपस्थित पाई गई जबकि सेंटर खुला था।एक मरीज सेंटर से वापस जाते मिला। सब सेंटर गौरमाटी पूर्णतः बंद पाया गया।समस्त स्टाफ अनुपस्थित पाए गये जिस पर बी एम ओ ने नराजगी प्रकट किया और रणवीरपुर हाट बाजार शिविर का बीएमओ द्वारा निरीक्षण किया गया जहाँ सभी चिकित्सक दल उपस्थित पाए गए। उच्च अधिकारियो से मिले कड़े निर्देश के परिपालन में बी एम ओ डॉ संजय खरसन अपनी टीम के साथ लगातार स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति को देखकर मैदानी अमला को निर्देशित कर रहे है।



# बालोद कॉलेज की अतिथि व्याख्याता डिगेशवरी देवांगन को मिली पीएचडी



**बालोद,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय धनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की वाणिज्य विभाग की अतिथि व्याख्याता डिगेशवरी देवांगन को पीएचडी की उपाधि दी गई है। डिगेशवरी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, शोध केन्द्र शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्ना. स्वा. महाविद्यालय दुर्ग के शोधनिर्देशक डॉ. शशि कश्यप, सह शोध निर्देशक डॉ. एसएन झा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के कृषि उपज भंडारण प्रबन्धन सम्भावनाएं एवं चुनौतियों विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने माता पिता भाई एवं बहन, परिवारों, कार्यरत संस्था शासकीय धनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद (छ.ग.) एवं ग्राम को गौरवांवित किया है। डिगेशवरी के पिता नारद कुमार देवांगन , माता निर्मला देवांगन, ग्राम भाठागांव (बी), तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद के एक लघु कृषक परिवार से हैं। शासकीय धनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के समस्त स्टाफ ने डॉ डिगेशवरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कार्तिक एकादशी को आज रौशनी शर्मा के भजनों से होगा श्याम दरबार रौशन

■ खाटूवाले श्याम प्रभु का आज मनाया जाएगा जन्मोत्सव
■ अद्भुत, अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करेंगे भक्त
■ भक्तो के ऊपर होगी इत्र की वर्षा



**राजनंदगांव,** 22 नवम्बर (देशबन्धु) । खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी को संपूर्ण विश्व में बड़ी श्रद्धा - भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाता है । संस्कारधानी नगरी में भी श्री हनुमान श्याम मंदिर में विराजित श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन संपन्न हुआ करते हैं । इस वर्ष पंच दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत 20 नवंबर को श्याम नाम की मेहंदी एवं श्री सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम संपन्न हुआ , द्वितीय दिवस श्याम कुटी से निकली निशान यात्रा नगर भ्रमण कर श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंची , तृतीय दिवस दौसा राजस्थान के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक अजय शर्मा ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से भक्ति भाव भरे भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित की । जिसमे भक्त झूमकर नृत्य करने लगे । महोत्सव के चतुर्थ दिवस आज कार्तिक शुक्ल एकादशी 23 नवंबर गुरुवार को श्याम प्रभु का अद्भुत अलौकिक श्रृंगार किया गया है , रात्रि 8:15 बजे से बांदीकुई ( राजस्थान ) निवासी श्याम दीवानी रोशनी शर्मा के सुमधुर भजनों की रोशनी से श्री हनुमान श्याम मंदिर आलोकित होगा ।

श्री श्याम भरोसे परिवार की ओर से राजेंद्र भावेश अग्रवाल, सुजीत सिंघानिया, सारिका अजय अग्रवाल, नीलू शर्मा, अर्चना दुष्यंत दास , नारायण खंडेलवाल, विजय नीतीश अग्रवाल जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्याम प्रभु के वर्ष में दो महोत्सव प्रमुख हैं । कार्तिक शुक्ल एकादशी को श्याम प्रभु का जन्म उत्सव होता है , वही फागुन शुक्ल एकादशी को युवक बर्बरीक द्वारा भगवान कृष्ण को अपने शीश का दान दिए जाने एवं श्याम नाम प्राप्त करने पर उत्सव मनाया जाता है । संस्कारधानी नगरी में भी अनेक वर्षों से श्याम प्रभु के दोनों उत्सवों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । आज कार्तिक शुक्ल एकादशी को भव्य भजन संध्या आयोजित है जिसमें बांदीकुई राजस्थान की सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी रोशनी शर्मा के सुमधुर भजनों का आनंद अंचल की भक्त माता - बहनों एवं बंधुओ को प्राप्त होगा । भजन के दौरान अखंड ज्योत प्रज्वलित रहेगी , 56 भोग लगाया जाएगा एवं भक्तों के ऊपर इत्र की वर्षा की जाएगी । आयोजन समिति ने नगर एवं अंचल के श्रद्धालु भक्त माता- बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचकर श्याम प्रभु के दर्शन कर भजनों का आनंद लेते हुए धर्म लाभ प्राप्त करें ।

# जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को

**बालोद,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर निर्देशानुसार इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 16 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसी अनुक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद एवं जिले के तहसीलों में स्थित व्यवहार न्यायालय डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही एवं दल्लीराजहरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण वर्चुवल एवं फिजिकल मोड के माध्यम से किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाडा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत सबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारें, कब्जे के आधार पर बटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामलें, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।

# राजनांदगांव में सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 29 तक

**राजनांदगांव,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में बास्केटबॉल की एक और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 23 से 29 नवम्बर तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि ये प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता एवं 27 से 29 नवंबर तक पुरुषों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल में कई गई है, कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में भी रूकी है। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग लेने की आशा है। 20019 के पश्चात व्हीलचेयर बास्केटबॉल में कोई नेशनल आयोजित नही हुआ है। पिछली प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की महिला और पुरूष टीम स्वर्ण पदक विजेता है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था।

सुशील कोठारी ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी की बैठक भी होगी एवं व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन का चुनाव भी होना प्रस्तावित है। इस चुनाव के लिए विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी भी राजनांदगांव आ रहे है।

इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, फेडरेशन के टेक्निकल कमिश्नर अब्राहम पोलोस, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक वरूण एहलावत, श्रीमती सुवर्णा लिमये, कालवा राधा राव, कालवा राजेश्वर राव, अमित कुमार, गोविंद सेन, राजन सहित कई अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भी भाग लेने आ रहें है।

सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का चयन भी किया जाएगा जो बेंकाक थाईलैंड में 09 21 जनवरी 2024 तक आयोजित एशिया ओशियाना जोन चेम्पियनशीप में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता से चयनित भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी राजनांदगांव में आयोजित होगा।

श्री गोलछा ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के स्पांसर, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के मैचेस 23 नवंबर से खेले जायेंगे।



# जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने किया तीन नये तहसील अध्यक्ष बनाने की घोषणा

■ जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक एवं दिपावली मिलन समारोह सम्पन्न
■ सभी के सहयोग के लिए जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने जताया आभार

**राजनांदगांव,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ की आज एक वर्ष पूर्ण होने पर बसंतपुर स्थित साहू सदन में जिला कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक एवं दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

प्रारंभ में भक्त शिरोमणि कर्मा माता जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दिपावली मिलन समारोह एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई।सभी सामाजिक जनों ने जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के कार्यकाल के एक साल पूरी होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समाज को और अधिक उंचाईयों पर ले जाने की कामना करते हुए बधाई दी।अपने उदगार में भागवत साहू ने कहा कि आज से एक साल पहले हम लोगों ने निर्वाचित होने के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के आतिथ्य में शपथग्रहण समारोह आयोजित कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई थी।जिसके साक्षी स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। भागवत साहू ने अपने कार्यकाल के एक साल पूर्ण होने पर नए राजस्व तहसील अंतर्गत घुमका-लालबहादुर नगर-कुर्मदा तहसील में तीन नये सामाजिक अध्यक्षों की घोषणा कि गई, जिसमें मंथीर साहू, मिलन साहू एवं नोबल साहू का मनोनयन किया गया।भागवत साहू ने इस दौरान कहा कि समाज में आप सभी के सहयोग से एक वर्ष में कई किर्तिमान स्थापित किए हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण मां भानेश्वरी जयंती समारोह एवं आदर्श विवाह का आयोजन किया गया जो कि वर्षों से एक सपना देखा था जो पूर्ण हुआ।इसी प्रकार प्रदेश स्तरीय कर्मा जयंती एवं युवक-युवती परिचय कराया गया।अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा सभी समाज के लोगों के होनहार विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय निःशुल्क कोचिंग संस्थान की स्थापना कर प्रतिभागियों को उनके प्रतिभा के अनुसार कोचिंग दी जा रही है और सबसे खाश बात तो यह है कि इस कोचिंग से लाभान्वित होने वाले आज विभिन्न शासकीय सेवक बन शासन के सेवा में सेवार्थ है। साथ ही आगमी दिनों में होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने की सहमति बनी इस दौरान बड़ी संख्या में हो रहे धर्मांतरण पर गहन चिंतन मनन किया गया।कार्यक्रम का संचालन नीलमणी साहू ने किया।इस गरिमामय दिपावली मिलन समारोह में संरक्षक डॉ.नीरेन्द्र साहू, सलाहकार नंदू साहू महामंत्री नीलमणी साहू, महिला उपाध्यक्ष नीरा साहू,,वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू मीडिया प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अंकालू साहू सहित जिले -तहसील व परिक्षेत्र के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जनों की उपास्थि रही।



उल्टा पुल्टा

**संग्रहालय का इंचार्ज (गुस्से में):** तुम्हें पता है जो मूर्ति तुमने तोड़ी है वह पांच सौ साल पुरानी थी..!!!
**चिंटू :** शुक्र है, मैंने तो सोचा था कि नई है!!!

संपादकीय

## पटरी पार करते लोगों की सुरक्षा का सवाल

छत्तीसगढ़ के जिन शहरों, कस्बों एवं गांवों से होकर ट्रेनें गुजरती हैं उनमें जनता की सुरक्षा का मसला बहुत गम्भीर है क्योंकि आसपास से या मध्य भाग से होकर गुजरती ट्रेनों के लिये बिछी पटरियों को जान जोखिम में डालकर जनता आवाजाही करती है। उसका कारण है फुटओवर ब्रिजों या अंडरग्राउंड पास का अभाव। इससे अनेक दुर्घटनाएं भी होती हैं।

बिलासपुर हाईकार्ट ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए रेल मंडल से तत्काल जवाब मांगा है। वह इसकी अगली सुनवाई 24 नवम्बर को करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ करीब 3 लाख लोग रहते हैं जिन्हें विभिन्न कामों के लिये कई बार इस तरफ आना पड़ता है। अक्सर उन्हें खड़ी ट्रेनों के डिब्बों से होकर आना-जाना पड़ता है या वे उनके नीचे से गुजरते हैं। खतरनाक ढंग से ट्रेनों के नीचे से गुजरने की कई तस्वीरें मीडिया में देखकर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने मंगलवार को ही सुनवाई की। यह निश्चित ही उनकी संवेदनशीलता एवं जनहित के प्रति सतर्कता का परिचायक है। बतलाया यह गया कि बिलासपुर स्टेशन पर एफओबी का निर्माण 4 वर्ष से लटका हुआ है। उन्होंने इस बाबत विस्तृत रिपोर्ट मांगी तथा अगली सुनवाई में उसे पेश करने के लिये उसे कहा है।

यह अनेक शहरों का आलम है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ आदि अनेक ऐसे शहर हैं जहां लोग बड़ी संख्या में इसी प्रकार पटरियां पार कर आना-जाना करते हैं। खासकर बुजुर्गों, बीमारों, विकलांगों तथा गर्भवती महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। साथ ही उनके जीवन को खतरा भी बना रहता है। बच्चों के लिये यह परिस्थिति बहुत ज्यादा खतरनाक होती है क्योंकि वे नासमझ होते हैं तथा उनमें वैसी सतर्कता नहीं होती जैसी बड़ों में होती है। चूंकि ये अक्सर बड़ी संख्या में होते हैं, खासकर स्कूलों से लौटते समय, तो वे मस्ती करते रहते हैं। ऐसे में उनका ध्यान न तो अन्य पटरियों पर होकर आती-जाती ट्रेनों पर होता है और न ही वे इस बात का ख्याल रखते हैं कि जिस ट्रेन के नीचे से होकर वे निकल रहे हैं वह कभी भी चल सकती है। स्टेशन पर खड़ी यात्री ट्रेनों से वे पार होने के लिये चढ़ते हैं परन्तु कई बार वे उनके भीतर रहते में चल पड़ती हैं। ऐसे में उन्हें उतरने में दिक्कत होती है। कई बार तो वे गिर भी जाते हैं।

इसके मद्देनज़र हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर समस्या को हल करने की पहल बहुत ही सराहनीय है। आशा है कि रेल मंडल न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पूरे प्रदेश में स्टेशनों के आसपास रहने वालों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। लोगों के ऐसे असुरक्षित तरीकों से पटरियां पार करने की नौबत ही नहीं आना चाहिये।

# विप्र समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**सदस्यों ने किया सुंदरकांड का पाठ व भजन समारोह**

**बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के गार्डन चौक स्थित विप्र भवन में 21 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के मातृशक्ति के मार्गदर्शन में समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला द्वारा सुंदर कांड का पाठ व भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया था। समाज की महिलाओं ने शाम 5 से 7 बजे तक सुंदर कांड का पाठ कर भगवान परशुराम व बजरंगबली की पूजा अर्चना व आरती की। इसी के बाद भजन संध्या का विशेष कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। ग्राम बरदा (कसडोल) की सुश्री कमलेश्वरी वर्मा जो अंचल की प्रसिद्ध भजन गायिका है को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उनके द्वारा गाये गए भजन एक राधा एक मीरा, राम तेरी गंगा मैली पापियों के पाप ढोते ढोते, सत्यम शिवम सुंदरम जैसे गीतों ने श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने अपने उद्बोधन में गायिका कमलेश्वरी वर्मा का परिचय देते हुए बताया कि वे जन्मांध हैं और इसी अवस्था मे उन्होंने संगीत की शिक्षा ब्रेल लिपि में ग्रहण की है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना से हुआ। समाज की महिलाओं ने तन्मयता से सुंदरकांड का पाठ व आरती की। अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने उपस्थित विप्र मंडली को दीपावली की शुभकामनाएं दीं व बड़ी संख्या में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कमलेश्वरी जी पर मां सरस्वती की विशेष कृपा है जो दिव्यांग होकर भी अपने हुनर का जलवा बिखेर रहीं हैं मैं उनकी कला को नमन करता हूँ। उन्होंने उनकी भजन मंडली के प्रति भी आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम शुक्ल, महिला विंग अध्यक्ष शैलजा मिश्र, युवा विंग अध्यक्ष आदित्य बाजपेई, वरिष्ठ सदस्य सुरेश चंद्र द्विवेदी, रमाकांत झा, प्रदीप बाजपेई, डॉ उमाकांत मिश्र, विजेंद्र मिश्र, प्रो एस एम पाध्ये, राजकमल मिश्र, रजनीकांत मिश्र, लल्लू ठाकुर, सुरेंद्र बाजपाई, अरविंद शुक्ल, डॉ निशा झा, ऋचा द्विवेदी, प्रभा तिवारी, सरस्वती तिवारी, बबली दुबे, कमला दुबे, ममता शर्मा, गायत्री त्रिपाठी व मनीष शुक्ला सहित भारी संख्या में विप्र पुरुष और महिलाएं उपस्थित थीं।

# सड़क हादसे में राजिम के इलेक्ट्रिशियन की मौत



**राजिम,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नवापारा क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। मृतक राजिम का रहने वाला है और किसी काम से अपनी ससुराल परसपोल गया था। वहां से लौटते वक्त यह हादसा हो गया। मामला नवापारा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार राजिम पथर्रा का रहने वाला जितेन्द्र साहू रविवार को पत्नी और बच्चे के साथ बाइक में ससुराल परसपोल गया था। वहां से लौटते समय देर शाम ग्राम तोरला के पास एक सांड से टकरा गया। इस हादसे में जितेन्द्र के सीने में गंभीर चोंट लगी। उसे तत्काल नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में जितेन्द्र की पत्नी और बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि जितेन्द्र इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# राजभाषा परीक्षा में ऐश्वर्या तिवारी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**पुणे में मेडल प्रदान कर किया सम्मान**

**बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रचार संस्था पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी बोधिनी परीक्षा में नगर बलौदाबाजार की ऐश्वर्या तिवारी ने परीक्षा में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिस पर हिंदी प्रचार संस्था पुणे के द्वारा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थानीय सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल में कक्षा छठवीं में अध्यनरत ऐश्वर्या तिवारी ने वर्ष 2022 में आयोजित की गई परीक्षा में भाग लिया था इस महत्वपूर्ण सफलता पर शाला परिवार एवं सहपाठी विद्यार्थियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि ऐश्वर्या तिवारी नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के कर्मचारी गुरूदत्त तिवारी की सुपुत्री है। जो कि पढाई के साथ साथ बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों मे भी अग्रणी है।

# शासकीय अवकाश नहीं होने की वजह से हरिहर स्कूल की प्राचार्य और शिक्षिकाओं ने स्कूल परिसर में भोजन अवकाश के दौरान मनाया आवंला त्योहार



**नवापारा-राजिम,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को आंवला नवमी पर्व के अवसर पर नवापारा नगर के हरिहर हाईस्कूल मे प्राचार्य और शिक्षिकाओ ने बड़े ही उत्साह के साथ आंवला नवमीं का त्योहार मनाया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन आंवले पेड़ की पूजा करके उसकी छांव में बैठकर सात्विक भोजन करने की परंपरा है। शाला में अवकाश नहीं होने के कारण प्राचार्य सहित सभी शिक्षिकाओं ने भोजन अवकाश के दौरान शाला के बगीचे में लगे आंवले पेड़ की पूजा करके सामूहिक भोज किया।

प्राचार्य संध्या शर्मा ने बताया कि दिवाली, चुनाव के लंबे अवकाश के बाद शाला प्रारंभ हुई है। त्योहारों का सिलसिला भी जारी है। छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ अपनी संस्कृति द् परंपरा का भी ज्ञान होना चाहिए। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए शाला में हर त्योहार मनाया जाता सामूहिक भोज के आयोजनकर्ता शिक्षिकाओं ने बताया कि अवकाश लेना संभव नही हो पाता इसलिए सबने शाला में ही आंवला नवमी का पर्व मनाया। शाला में भी दिन का आधा समय गुजरता है यहां भी हम सब एक परिवार है। इस सामूहिक भोज मे सभी शिक्षिकाओं ने अपने अपने घरो से अलग अलग व्यंजन जैसे पुलाव, सब्जी, रायता, सेवई बनाकर लाया। शिक्षिकाओं का यह उत्साह देखकर शिक्षक भी उन्हे सहयोग करते हुए इस भोज में शामिल हुए।

आयोजन को सफल बनाने में लता साहू, सुषमा यादव, नीलम साहू, लीना देवांगन, सुनीता वर्मा, प्रवीण पटेल, मधुमिता मंडल, ज्योतिबाला साहू, काजल चंद्राकर, संध्या पटेल, सोमा शर्मा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर प्राचार्य संध्या शर्मा सहित वरिष्ठ व्याख्याता एफके दानी. एसएन देवांगन शामिल थे ।

# छरछेद स्कूल कसडोल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा कानूनी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, छरछेद, कसडोल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मौलिक अधिकार, दहेज उत्पीड़न, मोटर वाहन एक्ट, पॉस्को एक्ट, साइबर अपराध, ई-कोर्ट सर्विस, एसिड अटैक, बाल विवाह, बाल मजदूरी, भ्रूण हत्या, लिंग परीक्षण कानून, चाइल्ड ट्रेफिकिंग आदि की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट मयूरा गुप्ता, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण ने कहा कि स्कूली बच्चों को निरूशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, छरछेद, कसडोल में शिविर लगाकर सराहनीय कार्य किया गया है। इस शिविर पर विद्यालय के प्राचार्य भुवनेंद्र सिंह ने इसे छात्रों के सम्पूर्ण विकास एवं विधिक साक्षरता के दृष्टिकोण से शिविर को बेहद लाभकारी बताया एवं समयकृसमय पर इस तरह के शिविर लगाए जाने की जरूरत जताई। शिविर के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षकों को कानूनी जागरूकता दी गई। इसमें सुलह समझौते के आधार पर बहुत से विवादों को निपटाने की सलाह इस शिविर के माध्यम से दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री गुप्ता ने बताया कि विवादों से बचने, आपसी वैमनस्यता को खत्म करने तथा मेलजोल से रहने पर ही देश शशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों एवं निसहाय को निशुल्क एवं सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्य कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस शिविर में विद्यालय के शिक्षक समीर मंडल, पार्थ वैष्णव, पैरा लीगल वालियंटर बलौदाबाजार दुर्गेश वर्मा, पैरा लीगल वालियंटर कसडोल पीयूष साहू तथा विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सभी एलपीजी उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य

**एजेंसियों में हो रहा नि:शुल्क ई केवायसी**

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी आयल कंपनियों द्वारा एलपीजी उपभोक्ताओं का ई केवायसी कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत हिन्दूस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अर्जुनी के मारुति एचपी गैस एजेंसी द्वारा भी ई केवायसी कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

इस संबंध में चर्चा करते हुए मारुति एचपी गैस एजेंसी के संचालक मिथिलेश सेन, अशोक पांडे ने बताया कि ई केवायसी का मंत्रालय के आदेश पर आयल कंपनी के निर्देशानुसार रायपुर रोड स्थित मारुति एचपी गैस एजेंसी में एलपीजी उपभोक्ताओं का ई केवायसी कार्य किया जा रहा है। कार्यालीन समय में उपभोक्ता उपस्थित होकर ई केवायसी करा सकते है। इसके लिए कनेक्शनधारी को स्वयं उपस्थित होना होगा। उनके अंगूठे के बायोमेट्रिक से ई केवायसी सम्पन्न होगा। इसके लिए उपभोक्ता को गैस उपभोक्ता कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की कॉपी लाना होगा। यह कार्य गैस एजेंसी में नि:शुल्क हो रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द सभी उपभोक्ता ई केवायसी कराकर असुविधा से बचे। इसके अतिरिक्त हिन्दूस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ऐसे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# मतगणना की तैयारी हुई प्रारंभ



**बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा के मतगणना की तैयारी तेज हो गई है। इस सिलसिले में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के एनाईसी कक्ष में मतगणना ड्यूटी हेतु अधिकारी कर्मचारियों की प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसके तहत आज मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के लिए चयनित किया गया है। इस दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, डीआईओ सत्यनारायण प्रधान, सभी विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भीं उपस्थित रहे।

# हीरोइन लापता, तलाश में पहुंचा हीरो राजिम



**मामला छत्तीसगढ़ी फिल्म 'नोनी के अनहोनी' का अनोखा प्रमोशन**

**राजिम,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। फिल्मों के प्रमोशन के कई तरीके होते हैं लेकिन राजिम में अनोखा तरीका अपनाया गया। दरअसल, मीडिया को सूचना मिली कि 24 नवंबर को रिलीज होने वाली फिल्म ष् नोनी के अनहोनीष्की टीम भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन करने आ रही है। टीम में फिल्म की लीड एक्ट्रेस अनिकृति चौहान का भी नाम था। जैसे ही टीम पहुंची मीडिया की नजर हीरोइन को तलाशने लगी। पूछने पर प्रोड्यूसर होमन देशमुख ने बताया कि हीरोइन तो लापता है। अभिनेता एवरग्रीन विशाल ने कहा उसी की तलाश में तो हम यहां आए हैं। फिर जैसे ही फिल्म का पोस्टर मीडिया के सामने रखा गया तो लोगों की हंसी छूट पड़ी। दरअसल, फिल्म में एक्टर्स के लापता होने का जिक्र है। समझते देर न लगी कि ऐसा जानबूझकर किया गया है। प्रोड्यूसर और एक्टर के अलावा श्याम सिनेमा रायपुर के ओनर लाभांश तिवारी ने भी भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

**लाखों का पैकेज छोड़ आए फिल्म मेकिंग में:** होमन ने बताया, मैंने कई बैंक में नौकरी की। एक निजी बैंक में इंश्योरेंस सेक्टर में सीनियर मैनेजर था। मोटी तनख्वाह थी। एक मीटिंग में मुंबई गया था। वहां कुछ दोस्तों से मुलाकात हुई जो बॉलीवुड में एक्टिव थे। मुझे भी फिल्म मेकिंग की इच्छा जागी। जब मैं लौटा तो गौरव रत्नाकर से मिला जो क्राइम पेट्रोल के कई एपिसोड लिख चुके हैं। यहीं से गौरव के निर्देशन मेंष्नोनी के अनहोनीष् की नींव पड़ी।

**स्कूल में किया था सरपंच का रोल, तब से जारी है यात्रा:** एक्टर एवरग्रीन विशाल ने बताया, जब मैं क्लास थ्री में था, एनुअल फंक्शन के प्ले में सरपंच बना था। मुझे काफी सराहा गया। पढ़ाई के बाद मैंने मुंबई का रुख किया। वहां ओटीटी के अलावा कुछ फिल्में की। पहली सीजी फिल्म वैदेही थी। और दूसरी नोनी के अनहोनी है। इसमें कॉमेडी, रोमांस और फैमिली ड्रामा है।

# देव दीवाली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन






**धमतरी,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। देव दीवाली के उपलक्ष्य में ढोल बाजे गरबा ग्रुप द्वारा बोर्ड रंगोली प्रतियोगिता मकई गार्डन में किया गया। इसमें 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उम्र के आधार पर प्रतियोगिता, तीन वर्गों में रखी गई थी। 8 से 12 वर्ष ए ग्रुप, 13 से 20 वर्ष बी ग्रुप एवं 20 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागियों को सी ग्रुप में रखा गया था।

ए ग्रुप में प्रथम सुगम गुप्ता, द्वितीय आहना साहेब, एवं तृतीय संजना बघेल रहे। राधिका शर्मा और जीनल शाह को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। बी ग्रुप में डॉली साहू प्रथम, खुशी फुटान द्वितीय, आकांक्षा साहू तृतीय रहे एवं रुचि कुंभकार और गुंजा शर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

20 वर्ष से ऊपर सी ग्रुप में जागृति विजय गोयल प्रथम मेकेंद्र यादव द्वितीय, अनीशा ग्वाल तृतीय पुरस्कार के विजेता रहे। कुमुदिनी साहू, निकिता साहू तथा अंकिता रोहित अग्रवाल को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार ?2100 द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार ?1000 तीनों वर्गों के प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं को दिया गया। धनराज लुनिया, दिव्या सौरभ नंदा एवं हर्षा गंगवानी ने सभी विजेताओं को पुरस्कार की राशि भेंट की। प्रोत्साहन पुरस्कार सुभाष मलिक के सौजन्य से विजेताओं को दिए गए। बोर्ड रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में अमित जायसवाल एवं जानकी गुप्ता थे। विशेष अतिथि के रूप में का सुरेश गोयल मौजूद रहे।

सार्थक स्कूल के मानसिक दिव्यांग बच्चों देवश्री, यज्ञदत्त, मनीषा एवं हर्षिता ने भी अपने प्रशिक्षक गीतांजलि गुप्ता एवं स्वीटी सोनी के निर्देशन में सुंदर रंगोली बनाई जिसे दर्शकों की बहुत सराहना मिली और उन्हें500- 500 रुपयों की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। उल्लेखनीय बात ये रही कि अनीशा ग्वाल ने अपने पुरस्कार की1000 की राशि सार्थक स्कूल के लिए भेंट कर बच्चों के लिए शुभकामनाएं दीं।

**खूबसूरत रंगोली ने मन मोह लिया:** किसी ने रंगोली में मां और बेटी की खूबसूरत बनाकर सेव गर्ल का संदेश दिया। भगवान बुद्ध की शांत मुद्रा में आकर्षक रंगोली बनाई तो किसी ने कृष्ण की मोहक अदा को कलात्मक अभिव्यक्ति दी। किसी प्रतिभागी ने चंद्रयान की अच्छी रंगोली बनाई। राम मंदिर, तुलसी विवाह, राधा कृष्ण, प्राकृतिक सौंदर्य के दृश्यों एवं मोर की मनोरम छवि की जीवंत रंगोली बनाई गई।

बोर्ड रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन के अवसर पर ढोल बाजे ग्रुप के संरक्षक दीपक लखोटिया संयोजिका डॉ. सरिता दोशी ने विजयी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# क्षेत्र का ऐसा कोई भी गांव नहीं बचा है जहां शराब कोचिये न हो



**कोचिए उंची रेट पर शराब बेचकर हो रहे आबाद**

**राजिम,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली और विधानसभा चुनाव लगभग एक साथ हो गया। इस दौरान शराब की खपत इतनी बढ़ गई कि सरकारी दुकानें पूर्ति नही कर पाई। पियक्कड़ो की माने तो 14 नवंबर की भीड़ राजिम शराब दुकान के लिए ऐतिहासिक माना गया क्योंकि दारू लेने वालो का सैलाब उमड़ पड़ा था। शराब दुकान के बंद होते तक लोग न केवल डटे रहे बल्कि भारी मशक्कत का सामना उन्हें करना पड़ा। 15 की शाम से 17 की शाम तक चुनाव के वजह से भट्ठी बंद रही। आज की तारीख में भी शराब दुकान में आपूर्ति नही होने की बात शराबप्रेमियो ने जाहिर किया हैं। बहरहाल इस दौर में बिना शराब के नही रह पाने वाले नशेड़ियो को कोचियों का सहारा लेना पड़ा हैं और अभी भी पड़ रहा हैं। क्षेत्र में ऐसे-ऐसे नशेड़ी हैं जिनकी माने तो जितने भी कोचिया हैं वे ऊंची रेट में शराब बेचकर आबाद हो गए। 110 रूपए के प्लेन को 300 रूपए तक लेने विवश हो गए। इसी तरह नं वन अंग्रेजी शराब के 710 रूपए बोतल को 15 सौ से 2 हजार रूपए तक में लिया गया हैं। मतलब मौके का नाजायज फायदा कोचिया लोग भरपूर उठाए हैं। वैसे भी राजिम शहर सहित क्षेत्र के ऐसा कोई भी गांव साबुत नही बचा हैं जहां शराब कोचिये न हो। बारहो माह ये कोचिये ओवर रेट में शराब बेचते हैं। इनके पास आसानी के साथ शराब मिल जाता हैं। लोग ये सोचकर भी ओवर रेट में लेते हैं क्योंकि उन्हें भट्ठी में लाइन लगाने से राहत मिल जाता हैं। दूसरी बात यह हैं कि भट्ठी आते-जाते भी कोई न देख ले यह भी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

**निर्वाचन कर्मियों के इमरजेंसी इलाज के लिए रायपुर में एयर एंबुलेंस की गई तैनाती**

**बिलाईगढ़,** 22 नवंबर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा द्वितीय चरण के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के आकस्मिक आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायपुर में एयर एंबुलेंस की तैनाती की गई है।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का 9 राज अधिवेशन की तारीख तय



**पलारी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय बैठक केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा के अध्यक्षता में स्वर्गीय अनंतराम बर्झिहा भवन में सम्पन्न हुआ । जिसमें दिसंबर जनवरी फरवरी में होने वाला सामाजिक राज अधिवेशन की तारीख तय किया गया है । इस बैठक में 09 राज के राजअधिवेशन और एक महाधिवेशन जो धमधा राज में होना है उसके लिए केंद्रीय कार्यक्रणीय की विशेष बैठक में निर्णय लिया गया वही बैठक में शामिल सभी राजप्रधानों और केंद्रीय कार्यकरणीय की आम सहमति से तारीख तय किया गया ।ज्ञात हो की कुर्मी समाज सामाजिक राज अधिवेशन में राज की समस्त गतिविधियों और आय व्यय एवम सामाजिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जाता है वैसे ही महाधिवेशन जो दो दिनों का होता है उसमे पूरे दस राज्यों का सभी राज प्रधान अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते है ।जिससे अधिवेशन मौजूद हजारों सामाजिक बंधुओ को उसकी जानकारी मिलती है । जहा पर आम सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है जिसमे अधिवेशन का मुख्य हिस्सा खुला मंच होता है ।जो सामाजिक पदाधिकारियों के क्रिया कलाप को खुला मंच के माध्यम से रखते है वही समाज के लिए आवश्यक सुझाव और विचार प्रस्तुत करते है जिन्हे उक्त विचारो को लिपिब्ध किया जाता ।

## अधिवेशन की तैयारी में सब जुट जाए चोवा राम

राज अधिवेशन में आए सुझाव के आधार पर महाधिवेशन में संशोधन और कानून बनाया जाता है।

समाज में नया कानून या संशोधन के लिए राज अधिवेशनों में विषय आना जरूरी होता है जिन्हे महाधिवेशन में बहुत के आधार पर पारित किया जाता है और इसी लिए कुर्मी समाज का संविधान की मान्यता सभी जगह है।

**कब कब कहा कहा होगा राज अधिवेशन तारीख तय**

वही केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ने राज प्रधान एवम केंद्रीय कार्यकारणी सदस्यों की बैठक में आम सहमति से जो राज अधिवेशन की तारीख तय किया है उसके अनुसार 31दिसंबर 23से राज अधिवेशन प्रारंभ होगा जिसमे बलौदा बाजार राज में इसकी शुरुवात होगी वही 7जनवरी को तिल्दा राज ,14जनवरी पाटन राज, 21जनवरी पलारी राज,28जनवरी चंद्रखूरी राज,4फरवरी धरसीवां राज,11फरवरी अर्जुनी राज ,18फरवरी रायपुर राज और 25फरवरी दुर्ग राज में राज अधिवेशन सम्पन्न होगा इसके बाद ही महाधिवेशन होगा जिसकी तारीख अभी तय नहीं हुआ है चुकी धमधा राज के राज प्रधान चंद्रशेखर परगनिया उक्त बैठक में उपस्थित नही होने से उनकी तारीख तय नहीं हो पाई है। वही केंद्रीय अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि राज अधिवेशन और महाधिवेशन से हम अपने साल भर के गतिविधि को समाज के सामने रख पाते है इसके लिए आप सभी अपनी बातो और कामों को समाज के सामने अच्छे से रख सके इसके लिए तैयारी में अभी से जुट ताकि अपनी बात को अच्छे से रख सके।

बैठक में डीसी वर्मा ,केंद्रीय महामंत्री रघुनंदन लाल वर्मा,केंद्रीय उपाध्यक्ष के,के नायक,अपील प्रभारी तोरण नायक, ऋषि वर्मा प्रवक्ता,राज प्रधान दशरथ वर्मा, ठाकुर राम वर्मा ,दुलारी वर्मा, जागेश्वर वर्मा, हरीराम वर्मा,भुनेश्वरी वर्मा, धर्मेंद्र सरसिहा, ओमप्रकाश वर्मा,चिंता राम वर्मा, शेखर वर्मा, गज्जू वर्मा आदि मौजूद थे।

# महामाया के तेवर तीखे, विष्णुभोग पहुंचा 3500 पर

## कमजोर आवक के बीच प्रतिस्पर्धी खरीदी का दौर



**भाटापारा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली अवकाश और चुनावी दिनों की विदाई के बाद चावल और पोहा मिलें संचालन में आने लगीं हैं लेकिन जो भाव खुल रहे हैं उससे इकाइयां हैरत में हैं। जैसे संकेत मिल रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता नजर आ रहा है कि भाव में तेजी का दौर दीर्घ अवधि तक बना रहेगा।

महामाया नया 2200 से 2250 रुपए और पुराना 2000 से 2050 रुपए चिंटल। दोनों में अब तेजी का सिलसिला चालू हो चुका है। कमजोर आवक के बीच पोहा मिलों की जैसी लिवाली निकल रही है, उससे एक बात तो जाहिर हो चली है कि समर्थन मूल्य की खरीदी की अवधि के दौरान महामाया और सरना में तेजी बनी रहेगी।

**संचालन में आने लगीं इकाईयां**

दीपावली और चुनावी दिनों की विदाई के बाद चावल और पोहा मिलें संचालन में आने लगी हैं। उपभोक्ता मांग भी निकलने लगीं हैं। लिहाजा प्रयास है कि नियमित मांग की आपूर्ति, नियमित होती रहे।दिक्कत केवल पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की उपलब्धता नही होने को लेकर देखी जा रही है।

**महामाया में उबाल**

अवकाश के बाद समर्थन मूल्य पर खरीदी ने मंडी प्रांगण में मोटा धान की आवक कमजोर कर दी है जबकि खरीदी, पूर्ववत स्तर पर आ चुकी है। लिहाजा महामाया नया 2200 से 2250 रुपए चिंटल और पुराना में 2000 से 2050 रुपए चिंटल पर सौदे हो रहे हैं। सरना में नई फसल की आवक फिलहाल नहीं हुई है जबकि पुराना में आवक नहीं के बराबर है।

**शिखर पर विष्णुभोग**

लेट वैरायटी धान में एचएमटी, सियाराम और विष्णुभोग की फसल फिलहाल कटाई के दौर से गुजर रही है, ऐसे में एचएमटी पुराना 2700 से 2800 रुपए चिंटल और सियाराम पुराना 3000 से 3100 रुपए चिंटल पर मजबूत है। हमेशा शिखर पर रहने वाला विष्णु भोग 3500 रुपए चिंटल की कीमत के साथ शीर्ष पर है। कमजोर आवक के बीच धान की इन तीनों किस्म में गर्मी बने रहने के आसार हैं।

# धान खरीदी व भुगतान प्रक्रिया को गंभीरता से जांच करें : कलेक्टर



**बिलाईगढ़,** 22 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी और भुगतान के संबंध में बैठक ली। इस बैठक में सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, नायब तहसीलदार रूपाली मेश्राम, अपेक्स बैंक और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सहकारी प्राथमिक समितियों में किसानों द्वारा किए गए पूर्व पंजीयन और आगामी पंजीयन में दर्ज "भूमि स्वामी और संलग्न सदस्यों की जांच" करने के लिए संबंधित तहसीलदार और सहकारिता पंजीयक को गहनता से जांच करने और संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध विधि सम्मत एफआईआर या जुर्माना आदि की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक पंजीयक श्री साहू ने जानकारी दिया कि जिले में अब तक 64 धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें 3026 किसानों द्वारा कुल एक लाख दो हजार 192 चिंटल धान की खरीदी की गई है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त खाता में जमीन दर्ज होने पर धान खरीदी भुगतान राशि पंजीयन में दर्ज व्यक्ति के बैंक खाता में आता है और पारिवारिक सदस्यों के मध्य समान या बराबर बंटवारा नहीं किए जाने की स्थिति में विवाद की स्थिति निर्मित होती है।

# सांकरा व बसना के बाद कौवा कूड़ा में चोरों का धावा




**पिथौरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय थाना क्षेत्र में बीती रात एक बार फिर चोरों ने पुलिस को खुली चुनोती देते हुए समीप के ग्राम कौहकूड़ा में राजमार्ग की कोई छह दुकानों के शटर तोड़ कर लाखो के समान एवम नगद ले भागे। बहरहाल स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुच कर मुआयना कर रही है ।ज्ञात हो कि इस सप्ताह जिले के बसना सांकरा एवम पिथौरा थानांतर्गत कोई तीन दर्जन दुकानों में शटर तोड़ कर चोरी की घटनाएं हो चुकी है ।इसमें से कुछ मामलो के अलावा पुलिस ने अधिकांस चोरियों में एफआईआर तक दर्ज नही की है।

मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा बागबाहरा मार्ग पर स्थित ग्राम कौहकूड़ा में मुख्य मार्ग में स्थित पूर्व सरपंच गयाराम की हार्डवेयर दुकान सहित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान,एक कृषि दुकान,एक कपड़ा दुकान एवम मोबाइल दुकान सहित एक मेडिकल दुकान के शटर चोरों ने तोड़ दिए ।चोर इतने शातिर थे कि वे घटना को अंजाम देने के बाद जाते जाते सीसी टीवी कैमरा का डीवीआर भी ले गए और कुछ दुकानों के क्षतिग्रस्त कर गए है ।ज्ञात हो कि नगर में थाना परिसर स्थित मंदिर में 15 हजार नगद चोरी, थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में 16 बकरों की सेंधमारी कर चोरी की घटित घटनाओं के बाद बीती रात हुई उक्त घटना जिला पुलिस के लिए चुनोती बन गयी है।

**80 हजार की चोरी : थाना प्रभारी**

दूसरी ओर पिथौरा थाना प्रभारी अमित शुक्ला ने मीडिया को बताया कि ग्राम कौहकूड़ा में कोई 70 से 80 हजार की चोरी हुई है ।जिले भर की पुलिस सायबर टीम शहीत विशेषज्ञ चोरों को पकड़ने के प्रयास में जुटे है ।जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

# ईश्वरी निषाद एशियन पैराएथलिट चैंपियनशिपमें चतुर्थ स्थान पर रही



**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबंधु)। फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर की ईश्वरी निषाद एशियन पैराएथलिट चैंपियनशिप 2023 जो चाइना के हांगझाउ में 23 से 28 अक्टूबर तक सम्मपन्न हुआ उसमे चतुर्थ स्थान प्राप्त की। संस्था के संचालक एवम कोच निरंजन साहू ने बताया कि यद्यपि मेडल प्राप्त नहीं कर सकी किंतु खेल का अच्छा प्रदर्शन किया । संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि ईश्वरी निषाद ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर चाइना पहुंचकर एशियन पैरालंपिक चैंपियनशिप में भाग लेकर तथा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर संस्था तथा छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं । इस कड़ी में तुलसीराम बरीहा, भेखलाल साहू, धनंजय त्रिपाठी, ललित चक्रधारी, विष्णु महानंद दिलेश्वर चंद्राकर, भोजराम वर्मा, प्रीतम चंद्राकर, गुरुबक्स जी, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, लक्ष्मीप्रिया साहू, मंजू कुंजेकार, शुशीला ठाकुर ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए ईश्वरी निषाद को बधाई दी है।

**जल ही जीवन है**

## निधन

### जितेंद्र ठाकरे



**राजनांदगांव,** 22 नवंबर। आशा नगर निवासी जितेन्द्र ठाकरे पिता जयराम ठाकरे 33 वर्ष का 21 नवंबर को रात्रि 9.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे गायत्री स्कूल में कार्यरत महेश ठाकरे के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 22 नवंबर को आशा नगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### संतोष वर्मा



**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 22 नवम्बर। ग्राम सेजा निवासी संतोष वर्मा का निधन हो गया उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे सोमेश्वर वर्मा, दीपक वर्मा, कमेश वर्मा के पापा व तिलक राम वर्मा, नन्दलाल वर्मा के भाई थे।

### जयसिंह नेताम

**बागबाहरा,** 22 नवंबर। जनपद पंचायत बागबाहरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरटकला निवासी ग्राम पंचायत टेका के सचिव जयसिंह नेताम का 21नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 51वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार खैरटकला गाँव में किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पंचायत सचिव संघ बागबाहरा के पदाधिकारियों ने श्री नेताम के निधन पर गहरा दुःख व्यत करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# पहले मतदान फिर अंतिम संस्कार



**बागबाहरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधान सभा के बागबाहरा केसमीपस्थ ग्राम हरनादादर में नरेंद्र मांझी की माता शतायु प्राप्त श्रीमती मिथिला मांझी का निधन हो जाने से अंतिम संस्कार के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इस घटना की जानकारी होने पर स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंच कर सांत्वना दी । साथ ही परिवार जनों को समझाया कि अंतिम संस्कार के पहले मतदान जरूर करें । डॉ पाणिग्रही ने बताया कि शोक संतप्त परिवार के बीच ऐसे संवेदनशील अवसर पर जहां शव पड़ा हो ,मतदान की बात करना चुनौतीभरा था , फिर स्वीप कार्यक्रमों के मैदानी अनुभवों एवम च्च सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम च्च इस सूत्र वाक्य को लेकर साहस जुटा कर मैने परिवार जनों के बीच बात रखा । परिवार के मुखिया नरेंद्र मांझी ने परिवार के बीच चर्चा की। नरेंद्र मांझी ने बताया कि जगबंधु मांझी, कोई बाई मांझी, कृष्टो मांझी, सुभद्रा मांझी, नूरपति मांझी, नैन कुमार मांझी, जोगेश्वरी मांझी, मुकेश मांझी, प्रे म मांझी, वंदना मांझी, पहले मतदान करने निकले तथा बाकी लोग अंतिम संस्कार के बाद मतदान करने जायेंगे। अंतिम संस्कार पूर्ण कर लौटने के बाद मैं पुनः मांझी परिवार के घर पहुंचा। मुझे जानकार अच्छा लगा कि परिवार के सारे सदस्य मतदान करने गए हुए थे। मेरी मुलाकात नहीं हो सकी। मतदान समय समाप्त होने के बाद फिर मैं उनके पास गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी लोग मतदान करके आ चुके हैं। इस तरह नरेंद्र मांझी परिवार ने शोक के समय भी मतदान एक अनुकरणीय कार्य किया है।

# प्राथमिक विद्यालय केशला में मनाया गया आंवला नवमीं



**खरोरा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में आज आंवला नवमीं मनाया गया ।कहा जाता कि आंवला में आज से कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान श्रीहरि विष्णुजी का वास होता है एवं आंवला से अमृत गिरता है इसलिए आंवला पेड़ के नीचे बैठकर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन विकास समिती के अध्यक्ष श्रीमती शांतिबाई देवांगन एवं उपस्थित समिति के सदस्यों द्वारा घी की दीपक प्रज्वलित कर गौरी गणेश जी का पूजन किया,तत्पश्चात आंवला का पूरे विधि-विधान से पूजन किया ।खीर,केला,मिठाई एवंश्री फल का भोग लगाया गया ।शाला परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा बारी बारी से पूजन किया गया । पूजन कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों एवं बच्चों को प्रसाद बैठाकर खिलाया गया ।आज के कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिती अध्यक्ष श्रीमती शांति देवांगन,उपाध्यक्ष श्रीमती रेवती देवांगन,रानी देवांगन,सुरुचि देवांगन,मधु देवांगन,संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा,लता देवांगन,प्रियंका सिदार,अंजनी गिलहरे,गणेश्वरी नवरंगे,रेखा देवांगन,जयप्रकाश टंडन,किरण वर्मा,अरुणा वर्मा,इंदु देवांगन,रसोईया श्रीमती लक्ष्मी बंजारे,भुखैईया निर्मलकर एवं सभी छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सभी एलपीजी उपभोक्ताओं को...

उपभोक्ता जो बुजुर्ग है, बीमारी या अन्य कारणों से चलने फिरने में असक्षम है उनके लिए डिलीवरी ब्याय द्वारा घर पर ही ई केवायसी कराने की सुविधा हेतु प्रयास किया जा रहा है। तब तक शेष उपभोक्ता अनिवार्य रुप से एजेंसी में आकर ई केवायसी कराए। बता दे कि ई केवायसी उज्वल्ला योजना अन्तर्गत गैस कनेक्शनधारियों एवं सामान्य घरेलु गैस कनेक्शनधारियों के लिए है। केंद्र शासन का उद्देश्य यह पता करना है कि एलपीजी कनेक्शन जिस नाम व पते पर है उसका उपयोग उसी व्यक्ति या पते पर ही किया जा रहा है या नहीं। साथ ही शासन की योजनाओं के तहत सब्सिडी के मिलने वाले लाभ को और बेहतर तरीके से अनवरत प्रदान किये जाने व उपभोक्ताओं का डाटा अपटेड करना है संचालक ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि असुविधा से बचने जल्द से जल्द ई केवायसी कराये। यह उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि डीलर है बलौदा बाजार जिला में जिनमें लगभग 80 से 85 हजार उपभोक्ता है। इसी प्रकार जिले में 6 डीलर है जिनमें 50 हजार से अधिक उपभोक्ता है। इनमें अधिकांश घरेलु उपभोक्ता है।

### देव दीवाली के उपलक्ष्य में ढोल बाजे....

प्रतिभागियों को बधाई दी।

आयोजन को संपन्न करने में ग्रुप के ममता अग्रवाल, सुभाष मलिक, मनीष चंद्राकर, गौरव लोहाना, आसीत त्रिवेदी, धनराज लुनिया, संजय शांडिल्य, लक्ष्मी सोनी, रंजना साहू, रीना शांडिल्य, युगल साहू, तनिषा गंगवानी का विशेष सहयोग रहा।

### क्षेत्र का ऐसा कोई भी...

डर बना रहता हैं। समय की कोई पाबंदी नही।

मध्यम और उच्च कहे जाने वाले शराबप्रेमियों को इस बात की शिकायत रही कि उनके मनपसंद ब्राण्ड नवापारा और राजिम के दुकान में मिल ही नहीं रहा है। जो डिमांड रहती है, उसके ठीक विपरीत दारू दी जाती है। जिसे मजबूरी में लेना बताते हैं।

# आज भगवान विष्णु जागेंगे : पं. शास्त्री



**नवापारा-राजिम,** 22 नवम्बर। आज देव प्रबोधिनी एकादशी है, आषाढ़ शुक्ल एकादशी को देव शयन करने के 147 दिन बाद आज गुरुवार को भगवान विष्णु जागेंगे, नगर के ज्योतिष भूषण पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने कहा कि वैसे तो जगत के पालनहार भगवान विष्णु कभी सोते नहीं हैं किंतु यथा देहे तथा गेहे के अनुसार चार माह विष्णु शयन एकादशी से वर्षा काल में साधु, संत, योगी, यति सन्यासी एक स्थान पर ठहरकर अपना जप, तप, व्रत बढ़ाते हैं और आम गृहस्थ लोगों को प्रवचन, उपदेश देकर उनके जीवन को सन्मार्ग दिखाते हैं,इस बार अधिक मास के कारण दो सावन महीने के कारण पांच महीने देव सोते रहे और आज 23 नवम्बर गुरुवार को उनके जागरण का विधान कराया जावेगा, ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः स्नान आदि से निवृत्त होकर, शंख बजाकर यह विधि की जाती है।

# नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से पार्षद भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी



**सरायपाली,** 22 नवंबर (देशबंधु)। नगर पालिका परिषद सरायपाली के वार्ड क्र. 6 में ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माणके लिए 13जून 2023को जे सी बी से गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है पुरानी नाली को तोड़ दिया गया है जिससे गंदा पानी गड्ढे में भर रहा है मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है ठेकेदार के द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है कार्य अधूरा छोड़ देने पर वार्ड पार्षद गुंजन अग्रवाल के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से ठेकेदार की शिकायत करते हुए जल्द कार्य शुरू नहीं करवाने पर आगामी 29 नवम्बर से नगर पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति से मिली जानकारी अनुसार पार्षद गुंजन अग्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए पत्र में उल्लेख किया है कि वार्ड क्र.6 गुप्ता गली में आरसीसी नाली निर्माण का कार्यादेश 14 फरवरी 2022 को जारी किया गया है। उक्त कार्य हेतु ठेकेदार द्वारा कुछ मीटर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया और अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। गड्ढा कर छोड़ दिए जाने के कारण वहां रहने वाले एवं आने जाने वालों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के इस कृत्य से वार्डवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए यदि सप्ताह भर के भीतर उक्त नाली निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाए जाने पर उन्होंने 29 नवम्बर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने की बात कही है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, एस डी एम, व थाना प्रभारी को सौंपा गया है।

# मुख्य नपा अधिकारी की निष्क्रियता के चलते नगर में गदंगी का साम्राज्य

## जगह-जगह नाली का गंदा पानी बह रहा सड़कों पर नागरिक परेशान



**सिमगा,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के प्रायः सभी वार्डो में जगह जगह कूढ़े करकट एवं गंदगी का साम्राज्य है नगर की नालियां गंदगी से बजबजा रही है साफ सफाई के अभाव में नालियों का गंदा पानी सड़कों में बह रहा है । चारो और फैली गदंगी से मच्छर का प्रकोप फैल रहा है । नगर के वार्ड 15 में नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हैं उनके घर के समीप की नाली का गंदा बदबू दार पानी सड़क बहता है वहीं पास भैरवनंद विघामंदिर स्कूल संचालित होता है । जंहा छोटे छोटे बच्चे उस गंदे पानी में चलकर स्कूल पहुंचते है । नगर पंचायत द्वारा नालियों में फिनाइल एवं ब्लीचिंग पाउडर का कभी भी छिड़काव करते नहीं देखा गया है । वहीं प्रतिमाह सफाई सामग्री खरीदी के नाम पर फर्जी बिल पास कराने की चर्चा हो रही है। सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । यह भी जानकारी मिली है कि सफाई कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के बावजूद भी लेनदेन कर फर्जी बीलिंग किया जा रहा है । खरीदी गई सफाई सामग्री का भौतिक सत्यापन आवश्यक है जिसका भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता उक्त कार्य में संबंधित आडिटर की भी मिलीभगत की चर्चा है । नगर पंचायत सिमगा में स्वच्छ भारत का नारा खोखला साबित हो रहा है । चारो ओर फैले गंदगी व बदबू से नागरिक परेशान है । इस बाबत् नागरिकों ने जिलाधीश से हस्तक्षेप की मांग किया है ।

# जया को मिली पीएचडी की उपाधि

## आईपी मिश्रा की पुत्रवधु



**भिलाईनगर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में श्रीमती जया मिश्रा को डॉक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. जया मिश्रा श्रीमती मीनाक्षी पाठक एवं स्वर्गीय राजेन्द्र नारायण पाठक की पुत्री हैं एवं श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैंपस भिलाई के चेयरमैन आई. पी. मिश्रा की पुत्रवधु हैं। यह उपाधि उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशंस ब्रांच की प्रोफेसर डॉ. जसपाल बग्गा एवं कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ चौबे के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। डॉ. जया मिश्रा ने अपने विषय पर पूर्ण किया है। डॉ. जया मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि के लिए श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैंपस भिलाइ के चेयरमैन आई पी मिश्रा, वॉइस चेयरमैन रुद्रांश मिश्रा, संस्था के डायरेक्टर पी. बी. देशमुख ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविश्य की कामना की है। अवार्ड के पश्चात् श्रीमती जया मिश्रा ने श्री शंकराचार्य टेक्नीकल कैंपस के समस्त स्टाफ के साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये हैं। उन्होंने अपने जीवन के इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए अपने मार्गदर्शकों सहित माता-पिता, परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया है।

# गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**नशे के कारोबारी पर पुलिस की कार्यवाही, थाना सुपेला क्षेत्र मे 4 कि.ग्राम गांजा आरोपी से बरामद, तकरीबन 38,000 रूपये का गांजा बरामद, सुपेला चौक में आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया, 1 आरोपी गिरफ्तार, एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना सुपेला की संयुक्त कार्रवाई।**

**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ मुहिम चलाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व उप पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा नशे के सौदागरों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीसीयू अनुराग झा , नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर व्ही.डी. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल व संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में ए.सी.सी.यू व थाना सुपेला की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुये पूर्व के आदतन नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि संजय नगर मैदान के पास एक व्यक्ति काले रंग की पिट्ठू बैग में मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से लाभ अर्जित करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति से पूछताछ में अपना नाम विनोद 32 वर्ष निवासी ग्राम सिनापाली नुआपाड़ा उड़िसा बताया। आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा जुमला तकरीबन कीमती 38,000 रुपया को बरामद कर अरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अग्रिम कार्यवाही थाना सुपेला से की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सहायक उप निरीक्षक पूर्णबहादूर कर्की, आरक्षक जुगनू सिंह, पन्ने लाल, संतोष गुप्ता, षिव मिश्रा, उपेन्द्र यादव, समीम खान थाना सुपेला से सहायक उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, आरक्षक सुरेन्द्र पटेल, श्यामजी, सूर्यप्रताप सिंह, रवि साव, महात्मा साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपी विनोद 32 वर्ष निवासी ग्राम सिनापाली नुआपाड़ा उड़िसा से पुलिस पुछताछ कर रही है। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी किसके लिये इतनी मात्रा में गांजा लेकर भिलाई आया था।

# आवासीय-व्यवसायिक भवनों की हो रही जांच



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों की जॉच की जा रही है। भवन मालिक द्वारा भरे गये स्व विवरणी एवं जॉच में मौके पर अंतर पाये जाते है तो संपत्तिकर की राशि पर दण्ड स्वरूप 5 गुना शास्ति राशि की वसूली की जायेगी। निगम क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों से राजस्व वसूली हेतु एजेंसी को अधिकृत किया गया है। एजेंसी द्वारा संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जल कर, भू.भाटक, दुकान किराया वसूली का कार्य राजस्व वसूली ठेका प्राप्त एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि भवनों में पहुँचकर निर्मित तलो की जॉच कर रहे है। ताकि भवन मालिक द्वारा प्रस्तुत स्व विवरणी के साथ मिलान कर वास्तविक संपत्तिकर की गणना हो सके। निगम क्षेत्र के सभी भवनों का जांच किया जा रहा है जिसकी शुरूआती जॉच में भवनो एवं उसके भरे गये स्व विवरणी में भिन्नता पाई जा रही है। ऐसे प्रकरणो में भवन मालिक के उपर संपत्तिकर की राशि पर 5 गुना शास्ति राशि दण्ड स्वरूप देय होगा। भवन मालिक अंतर की राशि को निगम कोष में जमा कर अर्थदण्ड से बच सकते है। आयुक्त ने निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि मालिको से अपील किये है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के देय संपत्तिकर राशि का एकमुस्त भुगतान कर 30 नवम्बर तक 2 प्रतिशत छूट उठाये।

# सेंट थॉमस कॉलेज में सर्टिफिकेट प्रोग्राम



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। पीजी अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंट्रोडक्शन टूइकोनोमैट्रिक्स विषय पर तीस घंटे का सर्टिफिकेट कार्यक्रम का उदघाटन सत्र आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डा. रवींद ब्रह्मे थे। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ जोशी वर्गीस एवं प्राचार्य डॉ. एम.जी. रोईमोन ने हुए कार्यक्रम की सराहना की। सत्र की प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंदा वर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक और दूसरी पाली प्रभारी डॉ. देबजानी मुखर्जी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रारंभ में कार्यक्रम संयोजक एवं अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने मुख्य अतिथि एवं सत्र के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। डॉ. ब्रह्मे ने विज्ञान अर्थशास्त्र और अन्य क्षेत्रों में इकोनो मैट्रिक्स के विभिन्न अनुप्रयोगों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इकोनो मैट्रिक्स उपकरणों के बिना अर्थशास्त्र में वैज्ञानिक अनुसंधान नहीं किया जा सकता है। 20 नवंबर से शुरू होने वाले 30 घंटे का सर्टिफिकेट प्रोग्राम 1 दिसंबर 2023 को समाप्त होगा। सर्टिफिकेट प्रोग्राम मे विभिन्न मॉड्यूल निर्धारित किए गए हैं और बाहर से विभिन्न विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देनेके लिए आ रहे हैं। सेंट थॉमस कॉलेज और के.के. मोदी विश्वविद्यालय के पचास से अधिक यूजी और पीजी विद्यार्थियों उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और अपनी सभी शंकाओं का समाधान भी कर रहे हैं। एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हर्षिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र संकाय कीसहायक प्राध्यापक डॉ. किरण बाला दास द्वारा किया गया। संकाय की सहायक प्राध्यापक अपर्णा दत्ता, इकोनॉमिक एसोसिएशन दविजार्डष् के सभी छात्र प्रतिनिधियों न`सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# स्कार्पियो की चपेट में एक की मौत

**भिलाईनगर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग उतई रोड पर एम पॉकेट के सामने कल रात लगभग 10 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटर साइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो भी पलट गई जबकि गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्कार्पियो चालक को भी चोंटे आई हैं। नेवई थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि कल रात को 9 से 10 बजे के मध्य निजी सुरक्षा गार्ड रुआबांधा निवासी चंदन कुमार 49 वर्ष अपने बाइक से दुगआ उतई मार्ग से गुजर रहा था इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार ठोकर मार दी इस दुर्घटना में चंदन कुमार के सिर पर गंभीर चोटे आई थी जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना मं स्कॉर्पियो भी पलट गई थी। सचालक को भी चोंटे आई हैं। नेवई पुलिस के द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 304,के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया है।



# सड़क सुरक्षा को लेकर हटाए गए अवैध दुकानें




**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवांए विभाग, इंफोर्समेंट विभाग द्वारा ट्रैफिक पुलिस व पुलिस विभाग के साथ मिलकर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सड़क के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध, सेंट्रल एवेन्यू में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दूसरे दिन 22 नवम्बर को भी कई अवैध दुकानों को हटाया गया। उन्हें समझाइश देकर छोड़ा गया हैं कि आगे से वे यहाँ दुकानें नहीं लगाएंगे और आधा दर्जन कुल्फी ठेलों का पंचनामा बनाकर जप्ती किया गया। इन ठेलों की वजह से सडको मे खरीदी हेतु भीड़ लगती है। जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनायें हो जाने का खतरा बना रहता है। नगर सेवांए विभाग द्वारा ठेले खोमचो के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा मवेशी पकड़ने का अभियान भी निरंतर जारी है। इस वित्त वर्ष में टाउनशिप व संयंत्र के भीतर से लगभग 700 आवारा मवेशी पकड़ कर निगम द्वारा संचालित कोसा नाला गौठान में सौंपा गया है। प्रति सप्ताह इसकी रिपोर्ट सम्बंधित विभाग को प्रेषित की जाती है। विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठेले खोमचे व आवारा मवेशियों को हटाने का कार्य, संयंत्र द्वारा समय दृसमय पर किया जाता रहा है। इसी अभियान के तहत संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मार्गदर्शन में विगत 2 दिनों से यह कार्य किया जा रहा है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकोंए ठेले खोमचे व व्यवसाय करने वालों से अपील की जाती है, कि सड़कों व सड़कों के किनारे आवश्यक भीड़ ना लगाएं।

# बीएसपी ठेकेदार की डंडे से पिटाई, मामला दर्ज

**भिलाई नगर**, 22 नवंबर। बीएसपी ठेकेदार अनिल सुकुमारन को जान से मारने की धमकी देते हुए तालपुरी निवासी एक युवक ने डंडे से मारपीट की है। आरोपी शराब के नशे में था तथा ठेकेदार द्वारा कुछ दिन पहले उसके खिलाफ की गयी पुलिस में शिकायत से नाराज़ था। घायल अनिल सुकुमारन की रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। एएसआई सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि तालपुरी बी ब्लॉक डहेलिया 473 निवासी अनिल सुकुमारन बीएसपी में ठेकेदार रहे हैं। वो कल शाम तालपुरी बी ब्लॉक मेन गेट के पास चौकीदार शत्रुघन सिन्हा के साथ बैठे थे तभी बी ब्लॉक निवासी राबिन उर्फगोल्डी गेट के पास आया और मेरे खिलाफरिपोर्ट लिखवाते हो कहकर अनिल से गाली गलौज करने लगा। राबिन ने शराब पी रखी थी।

### राजमिस्त्री से मारपीट

**भिलाईनगर।** पेशे राजमिस्त्री डी श्याम 31 वर्ष ने सुंदर नगर के एक घर में पलस्तर का काम किया। उसकी एवज में मोहल्ले का ही दूसरा युवक उससे जबरिया इस काम का कमीशन मांगने लगा। जब श्याम ने मना किया तो धारदार हथियार से हमला कर आरोपी वहां से भाग निकला। घटना छावनी थाना अंतर्गत क्षेत्र की है। घायल राजमिस्त्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छावनी पुलिस ने बताया कैम्प 1 सुंदर नगर गुरूद्वारा के सामने निवासी डी श्याम कल सुंदर नगर गुरूद्वारा के सामने खड़ा था तभी मोहल्ले का गौतम आया और बोला कि नंदू के घर में जो पलस्तर किया है उसका कमीशन मुझे भी दे। श्याम बोला कमीश्न देने गौतम उसे जान से मारने की धमकी देते मारपीट कर भाग गया। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506बी के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क दुर्घटना में वाहन चालक घायल ईलाज जारी

**भिलाईनगर,** 22 नवंबर (देशबन्धु)। बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-1 बीएसएनएल चौक पर मोपेड से दूध बांटने गए व्यक्ति को बाईक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी। जिससे दूधवाले को गंभीर चोट आई है। उसकी मोपेड भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ठोकर बाद बाईक चालक वाहन समेत भाग निकला जबकि दूधवाला गंभीर हालत में सड़क पर ही अचेत पड़ा रहा। जिसे बीएम शाह अस्पताल सुपेला मे भर्ती कराया है। भिलाई भट्टी पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल संतोष यादव 45 वर्ष निवासी शारदा पारा केम्प 2 किशन चौक अपने घर शारदा पारा से बीती शाम मोपेड क्रमांक सीजी 07 बीपी 6468 से दूध बांटने पावर हाउस ओव्हर ब्रिज, सेक्टर-1, मुर्गा चौक होते हुए बीएसएनएल चौक से सेक्टर 1 के पास पहुचा था तभी मोटर साईकल चालक अपनी मोटर साईकल को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोपेड को बायें तरफ से ठोकर मार दिया। जिससे संतोष यादव वहीं गिर गये। गिरने से संतोष को गंभीर चोटें आई हैं। घायल को बीएम शाह अस्पताल सुपेला में भर्ती किया गया है। आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना जारी है। टाउनशिप में सड़क दुर्घटना में वृद्धि हुई है। तेज रफ्तार वाहन का नियंत्रण खो देने से सड़क दुर्घटना

### सूने घर में चोरी

**भिलाईनगर।** एसीसी जामुल में साढ़े तीन घंटे के भीतर ताला तोड़ लाखों के जेवरात पार करने का मामला प्रकाश में आया है। हैरत की बात यह है कि दुर्गा मंदिर वार्ड-4 जामुल के एक बड़े मोहल्ले में सुबह 5 बजे के बाद यह चोरी हुई है। अज्ञात चोर ने नागेंद्र सिंह 56 वर्ष के मकान का ताला तोड़ सोने की लेडिस चैन, कान की बाली व झुमका, 2 चांदी की पायल, 20 चांदी का सिक्का, सोने की अंगूठी, 5 नग चांदी की बिछिया, नाक की फुल्ली, सोने की जेंटस चैन, दो जेंटस सोने की अंगूठी, 5 जोड़ी बिछिया चांदी की, 2 पायल चांदी की, दो कान का झुमका सोने का और नगद लगभग एक हजार रुपये समेट कर निकल भागा है। जामुल पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर वार्ड-4, आईटी कालेज के पास एसीसी जामुल निवासी नागेंद्र सिंह 20 नवंबर की सुबह 5 बजे अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने हाउसिंग बोर्ड सूर्य कुण्ड तालाब गये थे। पूजा खत्म होने के बाद साढ़े 8 बजे घर लौटे तो सामने गेट व दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलग अलग कमरे में रखी दोनों आलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारे जेवरात गायब थे। चोर गहने और नगदी समेत बैंक एटीएम और जेवरात का बिल भी उठा ले गए हैं। घटना की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ज्ञान प्रकाश मेघालय में नेशनल बॉक्सिंग में हिस्सा लेने रवाना



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज ज्ञानप्रकाश का सीलांग मेघालय में आयोजित 7वाँ मैन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप स्टार बॉक्सिंग क्लब के सचिव व कोच कुलदीप सोनकर ने जानकारी दी कि उक्त बॉक्सिंग चैंपियनशिप 25 नवम्बर स 1 दिसम्बर तक किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सेक्टर.1 स्टार बॉक्सिंग क्लब का मुक्केबाज ज्ञानप्रकाश का चयन 67 किलो वर्ग में हुआ हैं। उनके इस उपलब्धि पर महापौर नीरज पाल, राज्य मुक्केबाज़ी एसो. के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन, स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष पी.के.राय, नेशनल रेफ्री कुलदीप सोनकर, चेयरमेन वीरेंद्र यादव, आर.एन. बनेर्जी, जी.पी. तिवारी, नंदू रामटेके, तीरथ रावत ने बधाइयाँ दी हैं।

### आज भजन संध्या का आयोजन

**भिलाईनगर।** भजन संध्या संगठन भिलाई द्वारा श्री सत्य साईं बाबा की 98 जन्मोत्सव के उपलक्ष पर 23 नवंबर को प्रशांति मंदिर सेक्टर 8 सड़क 23 में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें विख्यात गायक शैलेंद्र सतपति एवं उनके साथियों की प्रस्तुति संध्या 6 बजे से रखी गई है तत्पश्चात भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस के अहलूवालिया डायरेक्टर अहलूवालिया हॉस्पिटल रायपुर रहेंगे जो की विश्व प्रसिद्ध एंट सर्जन, लेखक एवं कवि भी हैं। यह जानकारी डॉ हरीश शर्मा ने दी है।



### रिसेल वाहन विक्रेताओं की बैठक आज

**भिलाईनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए सर्विस रोड पर रिसेल में वाहन बिक्री हेतु खड़े कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले व्यवसायियों के साथ यातायात पुलिस की उपस्थिति में निगम सभागार में 23 नवंबर को 12 बजे बैठक रखी गई है। बैठक में सभी वाहन विक्रेता जो सेकंड हैंड गाड़ी का विक्रय करते है उन्हें निगम के जोन कार्यालय की ओर से बैठक की सूचना पत्र भेजा गया है। बता दे कि जीई रोड के नीचे निगम के सर्विस रोड पर दक्षिण गंगोत्री, साक्षारता चौक, अन्नपूर्णा मार्केट, जोन 3 कार्यालय पानी टंकी के आस पास, शिवनाथ परिसर में सेकंड हैंड वाहन विक्रेता अपने वाहनों के प्रदर्शन के लिए सर्विस रोड पर खड़े करते है। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। इस समस्या के निराकरण हेतु निगम सभागार में पुलिस विभाग, दुकान संचालक एवं निगम प्रशासन का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया है।

# दिसम्बर अंतिम तक तैयार हो जाएगा सुपेला अंडरब्रिज



## आकाशगंगा व दक्षिण गंगोत्री के व्यवसायी परेशान

**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। सुपेला अंडर ब्रीज का कार्य लगभग पुरा हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार इस ब्रिज का काम लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है। दिसम्बर तक सुपेला रेलवे क्रासिंग का कार्य पुरा कर दिया जायेगा। इस ब्रिज के बॉक्स में से मिट्टी हटाना का काम पुरा हो चुका है। टाउनशिप में अंड़रब्रिज को जोडने वाली सड़क का काम पुरा हो चुका है। निगम क्षेत्र में सड़क का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आज इस ब्रिज के नीचे लगे बॉक्स से मिट्टी हटाने का काम पुरा हो चुका है। ज्ञात हो कि 16 अगस्त 2022 को इस अंड़रब्रिज का निर्माण कार्य शुरु किया गया था। जिसे एक वर्ष में बनाया जाना था। किन्तु तकनीकि खामियों को कारण इसमें विलंब हो गया है। नये वर्ष में लोग इसमें से आना-जाना कर सकते है। इस अंडर ब्रिज निर्माण के लिए 6 बॉक्स और तीन गर्डर है। इस अंड़रब्रिज के कारण आकाश गंगा परिसर की एक दुकान को भी हटाया गया है। इस अंड़रब्रिज के शुरु होने से आकाशगंगा व दक्षित्र गंगोत्री के व्यवसाय में फर्क पड़ सकता है।

# आज एक भी डेंगू का प्रकरण नहीं हुआ दर्ज

**भिलाईनगर**, 22 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाइ निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 22 नवंबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। सभी डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर.घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाईए चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर खाली कराये गये। सभी कटेनरों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा।

# भिलाई में होगी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग स्पर्धा



**भिलाईनगर,** 22 नवम्बर (देशबन्धु)। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा तीसरी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग चैम्पियनशिप 2023-24 के आयोजन 9 व 10 दिसंबर तक भिलाई में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग चैम्पियनशिप में सीनियर पुरुष एवं महिला में पुरुष जूनियर बालक एवं बालिका, सबजूनियर बालक एवं बालिका तथा यूथ बालक एवं बालिका के मुकाबले खेले जाएंगे। उक्त प्रतियोगिता के आधार पर नेशनल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव वीआर चन्नावार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। प्रत्येक खिलाड़ी को पंजीयन फॉर्म के साथ राइडर लाइसेंस फीस 300 जमा करना होगा। पंजीयन एवं प्रवेश शुल्क, नि:शुल्क है। पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता वाले दिन 9 दिसंबर को सुबह 5. 30 बजे के पहले स्टेशन मरौदा रोड छत्तीसगड स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के सामने उपस्थित होना है। प्रतियोगिता का आरंभ सुबह 6 बजे से होगा। ऑनलाईन एंट्री के लिए एवं राइडर लाइसेंस फीस जमा कर सकते हैं। महासचिव चन्नावर ने बताया कि प्रतियोगिता के बाद चयनित खिलाड़ी 28 से 31 दिसंबर तक विजयापुर कर्नाटकाद्ध में आयोजित होने वाली 28वीं सीनियर पुरूष एवं महिला, पुरुष, जूनियर बालक एवं बालिका, सबजूनियर बालक एवं बालिका तथा यूथ बालक एवं बालिका राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2023-24 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता से संबंधित अन्य जानकारी के लिए वीआर चन्नावार महासचिव साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तथा प्रिंस कुमार सिंह से संपर्क कर सकते हैं।